RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 339
लखनऊ, बुधवार, 30 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पालोमा फेथ पोस्टपार्टम डिप्रेशन को लेकर मुखर
विविध-12

www.dailypioneer.com

# काली कमाई बंद हुई इसलिए कर रहे कृषि बिल का विरोध

## विपक्ष पर बरसे मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



उत्तराखंड में कई परियोजनाओं के डिजिटल लोकार्पण के बाद बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**विपक्ष पर** किसानों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और किसानों को अपनी उपज कहीं भी बेचने की आजादी, दोनों रहेगी। विपक्षी दलों का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री ने कहा, एमएसपी लागू करने का काम स्वामीनाथन आयोग की इच्छा के अनुसार हमारी सरकार ने किया। वे एमएसपी पर ही किसानों में भ्रम फैला रहे हैं। देश में एमएसपी भी रहेगी और किसानों को अपनी उपज कहीं भी बेचने की आजादी भी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह आजादी कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इनकी काली कमाई का एक और जरिया समाप्त हो गया है और इसलिए इन्हें परेशानी है। कृषि विधेयक पर केवल विरोध के लिए विरोध करने का विपक्ष पर आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से देश के किसानों को अनेक बंधनों से मुक्त किया गया है और अब देश का किसान कहीं पर भी किसी को भी अपनी उपज बेच सकता है। मोदी ने कहा, आज जब केंद्र सरकार किसानों को उनके अधिकार दे रही है तो भी वे विरोध पर उतर आए हैं। ए लोग चाहते हैं कि देश का किसान खुले बाजार में अपनी उपज नहीं बेच सके। ये चाहते हैं कि किसानों की गाड़ियां जब्त होती रहें, उनसे वसूली होती रहे, उनसे कम कीमत पर अनाज खरीदकर बिचौलिए मुनाफा कमाते रहें।

महत्त्वाकांक्षी परियोजना नमामि गंगे के तहत उत्तराखंड में हरिद्वार, ऋषिकेश, मुनि की रेती और बद्रीनाथ में सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) और गंगा संग्रहालय का नई दिल्ली से डिजिटल माध्यम से लोकार्पण के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि विधेयकों को लेकर विपक्ष पर करारा हमला बोला और कहा, जिन सामानों और उपकरणों की किसान पूजा करते हैं, उन्हें आग लगाकर ये लोग किसानों को अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरसों तक ए लोग एमएसपी लागू करने की बात कहते रहे, लेकिन किया नहीं और जब उनकी सरकार ने ऐसा किया तो वे उस पर ही किसानों में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, आज देश उस दौर से बाहर निकल चुका है जब पैसा पानी की तरह बह जाता था लेकिन नतीजे नहीं मिलते थे। आज पैसा न पानी की तरह बहता है, न पानी में बहता है, बल्कि पाईपाई पानी पर लगाया जाता है।

मोदी ने कहा कि बीते दशकों में गंगा की निर्मलता को लेकर बडेबडे अभियान शुरू किए गए जिनमें न तो जनभागीदारी थी और न ही दूरदर्शिता और उसका नतीजा यह हुआ कि गंगा का पानी कभी साफ ही नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, अगर गंगाजल की शुद्धता को लेकर वही पुराने तौर तरीके अपनाए जाते तो आज भी हालत उतनी ही बुरी रहती। लेकिन हम नई सोच से आगे बढ़े। हमने नमामि गंगे मिशन को केवल गंगा की साफसफाई तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे देश का सबसे बडा और विस्तृत नदी संरक्षण कार्यक्रम बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने चारों दिशाओं में एक साथ काम आगे बढाया। पहला, गंगा में गंदा पानी रोकने के लिए एसटीपी का जाल बिछाना शुरू किया, दूसरा, ऐसे एसटीपी बनाए जो अगले 1015 साल की जरूरत भी पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि तीसरा कार्य गंगा के किनारे बसे 100 बड़े शहरों और 5000 गांवों को खुले में शौच से मुक्त करना और चौथा गंगा की सहायक नदियों में भी प्रदूषण रोकने के लिए पूरी ताकत लगाना है।

# ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 1,888 रुपए निर्धारित

## कल से चार हजार क्रय केंद्रों के माध्यम से की जाएगी खरीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 1 अक्टूबर, 2020 से पूरे प्रदेश में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत प्रारम्भ हो रही धान की खरीद के लिए सभी प्रबन्ध करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि आवश्यकतानुसार धान क्रय केन्द्र स्थापित करते हुए किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार उनकी उपज की खरीद की पूरी व्यवस्था की जाए।

यह जानकारी आज यहां देते हुए राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि धान खरीद वर्ष 2020-21 हेतु धान कॉमन का समर्थन मूल्य 1,868 रुपए प्रति कुन्तल तथा ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 1,888 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। धान क्रय हेतु खाद्य विभाग की विपणन शाखा, एसएफसी, पीसीएफ, पीसीयू, मण्डी परिषद उप्र, एनसीसीएफ, नैफेड, भारतीय खाद्य निगम, उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस) एवं उप्र राज्य कृषि एवं औद्योगिक निगम (यूपी एग्रो) द्वारा कुल-4000 क्रय केन्द्र खोले जाएंगे। उपरोक्त क्रय एजेन्सियां अपनी संस्था के क्रय केन्द्रों के अतिरिक्त पंजीकृत सोसाइटी व मल्टी स्टेट को-आपरेटिव सोसाइटी, एफपीओ/ एफपीसी को सम्बद्ध कर उनके माध्यम से भी धान क्रय कर सकेंगी।

खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान क्रय 55 लाख मीट्रिक टन व आवक के दृष्टिगत अधिक क्रय किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लखनऊ सम्भाग के जनपद लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर तथा बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी मण्डलों में 01 अक्टूबर, 2020 से 31 जनवरी, 2021 तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के लखनऊ सम्भाग के जनपद लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव तथा चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, विन्ध्यांचल एवं प्रयागराज मण्डलों में 15 अक्टूबर, 2020 से 28 फरवरी, 2021 तक क्रय होगी। सरकार के इस निर्णय से किसानों को धान की ब्रिकी में बहुत आसानी होगी।

## धान खरीद के लिए क्रय संस्थाओं को ऋण उपलब्ध कराएगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंत्रिपरिषद** ने खरीफ वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय के लिए क्रय संस्थाओं को अग्रिम, ऋ ण उपलब्ध कराने सम्बन्धी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत धान खरीद 1 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। धान क्रय की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने, किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए क्रय संस्थाओं को धनराशि तत्काल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। उप्र राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम द्वारा धान क्रय के लिए कुल 3000 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा के अन्तर्गत कैश क्रेडिट लिमिट, अल्पकालिक ऋण उन राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया जाएगा जिनकी ब्याज दर न्यूनतम हो। उक्त कार्यशील पूंजी के रूप में कैश क्रेडिट लिमिट, अल्पकालिक ऋण लिये जाने के लिए एसएफसी को अधिकृत किया जाएगा। एसएफसी द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग की विपणन शाखा को उनकी आवश्यकतानुसार अल्पकालिक ऋण, अग्रिम दिया जाएगा। संबंधित ऋण लिए जाने तथा ऋ ण की वापसी की शर्तें आदि निर्धारित करते हुए एसएफसी द्वारा ऋण की वापसी सुनिश्चित करायी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा नामित अन्य क्रय संस्थाओं के द्वारा धान क्रय के लिए कार्यशील पूंजी की व्यवस्था अपने वित्तीय स्रोतों से की जाएगी। उस पर आने वाले भारित ब्याज की प्रतिपूर्ति भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त ब्याज प्रतिपूर्ति को समायोजित करते हुए राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। राष्ट्रीयकृत बैंकों से एसएफसी द्वारा लिये जाने वाले ऋण की राज्य सरकार द्वारा शासकीय गारण्टी स्वीकृत की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य एवं आवश्यक वस्तु निगम को ऋण की अदायगी होने तक ब्याज का भुगतान किये जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी।

# हाई रिस्क ग्रुप के अधिक से अधिक टेस्ट करें: योगी

## अस्पतालों में मरीजों को मिलें सभी सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी कोविड अस्पतालों में दवाई तथा ऑक्सीजन की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी मरीज को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को यहां लोक भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कोविड अस्पतालों में दवाई तथा ऑक्सीजन की सुचारु व्यवस्था बनाई रखी जाए। कोविड 19 के टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। हाई रिस्क ग्रुप के अधिक से अधिक टेस्ट किए जाएं। सर्विलांस सिस्टम को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग और सर्विलांस व्यवस्था जितनी सुदृढ़ होगी, कोविड 19 के प्रसार को नियंत्रित करने में उतनी अधिक सफलता मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केजीएमयू को स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों से और एसजीपीजीआई को चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत मेडिकल कॉलेजों व चिकित्सा संस्थानों से वचुर्अल आईसीयू के माध्यम से जोड़ा जाए। इससे गंभीर रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से बेहतर इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि जब तक कोरोना की कोई कारगर दवा अथवा वैक्सीन विकसित नहीं हो जाती, तब तक सावधानी व बचाव ही एक मात्र उपाय है। इसके मद्देनजर लोगों को जागरूक किए जाने की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए। जनता को विभिन्न प्रचार माध्यमों से संक्रमण से बचाव के बारे में जानकारी दी जाए। योगी ने कहा कि ई-संजीवनी एप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही ओपीडी सुविधा काफी उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसके मद्देनजर ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे लोग घर पर रहते हुए चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर सकें। उन्होंने चिकित्सकों तथा पैरामेडिक्स का प्रशिक्षण कार्य निरन्तर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ और कानपुर नगर में विशेष ध्यान देते हुए रिकवरी दर को बेहतर बनाया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राजधानी में कोरोना के 544 नए मामले, 14 लोगों की मौत

## प्रदेश में 4069 नए मरीज मिले, 63 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** में कोरोना संक्रमण में कमी आ रही है। मंगलवार को 544 नए मामले सामने आए। साथ ही 14 मरीजों की मौत हुई। राजधानी में अब तक 51580 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 788 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में 7259 केस एक्टिव हैं। अभी तक राजधानी में 700 मरीजों की मौत हो चुकी है।

आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के संबंध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 10201 लोगों के सैम्पल लिये गये। जिनमें प्रमुख रूप से आज आशियाना 12, इंदिरा नगर 48, आलमबाग में 13, ठाकुरगंज में 14, तालकटोरा में 28, हसनगंज में 16, गोमती नगर में 42, हजरतगंज में 10, मड़ियांव में 21, रायबरेली रोड 14, अलीगंज में 32, जानकीपुरम 36ए महानगर 14, कैण्ट में 15, चौक 22, चिनहट 20, विकासनगर में 19, सरोजनीनगर में 10, हुसैनगंज में 10 पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 149 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 149 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 103 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 46 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

वहीं दूसरी ओर सूबे में मंगलवार को कोरोना वायरस के 4069 नए मरीज पाए गए हैं, 63 की मौत हुई है। 52160 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 5715 मरीजों की (शेष पेज 9)

# अयोध्या विवादित ढांचा ढहाए जाने के मामले में आज आएगा फैसला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अयोध्या** के विवादित ढांचा को ढहाए जाने के आपराधिक मामले में सीबीआई की विशेष अदालत (अयोध्या प्रकरण) बुधवार को अपना फैसला सुनाएगी। हाईकोर्ट के पुराने परिसर में सीबीआई की यह विशेष अदालत स्थित है। सीबीआई के विशेष जज सुरेंद्र कुमार यादव अपना फैसला सुनाएंगे। विशेष जज ने लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व कल्याण सिंह समेत इस मामले के सभी 32 मुल्जिमों को अदालत में उपस्थित होने को कहा है। हालांकि कोरोना के चलते कुछ मुल्जिमों के उपस्थित होने की संभावना नहीं है। इधर, सेंट्रल बार एसोसिएशन ने सुरक्षा के मद्देनजर वकीलों से गुजारिश की है कि हाईकोर्ट के पुराने परिसर में जाने से बचें। साथ ही पुराने परिसर में वाहन की पार्किंग से भी मना किया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पार्किंग दूरसंचार भवन के सामने होगी। बीते एक सितंबर को इस मामले में बचाव व अभियोजन (शेष पेज 9)

# हाथरस गैंगरेप पीड़िता ने तोड़ा दम, उग्र विरोध-प्रदर्शन

## चारों आरोपी गिरफ्तार, चौदह दिन तक जूझने के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हाथरस में विलाप करते पीड़िता के परिजन

**उत्तर** प्रदेश के हाथरस जिले के एक गांव में दो सप्ताह पहले सामूहिक बलात्कार की शिकार 19 वर्षीय महिला की मंगलवार सुबह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। बीते 14 सितंबर को अपनी मां के साथ खेतों में गई युवती लापता हो गई थी। बाद में वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। आरोपियों ने उसका गला घोंटने की कोशिश की थी। आरोप है कि अपराधियों ने उसकी जीभ भी काट दी थी। गंभीर हालत में उसे रविवार की रात दिल्ली इलाज के लिए लाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। हाथरस के एसपी के मुताबिक अपराध में शामिल सभी चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और सभी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

पीड़ित युवती की मौत की खबर फैलते ही दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के साथ-साथ विजय चौक और हाथरस में उग्र विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दलित समुदाय के सभी लोगों से सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करने और दोषियों को मृत्युदंड देने (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,973 | ↓ 8 | |
| निफ्टी | 11,222 | ↓ 5 | |
| सोना | 51,367 | ↑ 663 | /10g |
| चांदी | 61,919 | ↑ 1321 | /kg |

## क्विक न्यूज

### शेखर कपूर एफटीआईआई के अध्यक्ष बनाए गए

**पुणे।** मशहूर फिल्मकार शेखर कपूर को मंगलवार को पुणे के भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) सोसायटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कपूर को संस्थान की शासकीय परिषद (गवर्निंग काउंसिल) का चेयरमैन भी बनाया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संस्थान के निदेशक भूपेंद्र कैंथौला ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कपूर को इन पदों पर नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। अधिकारी ने कहा कि उनका कार्यकाल तीन मार्च,2023 तक का होगा। पाकिस्तान के लाहौर में छह दिसंबर 1945 को जन्म लेने वाले कपूर को उनकी फिल्म एलिजाबेथ (1998), बैंडिट क्वीन (1994) और द फोर फैदर्स (2002) के बेहतरीन निर्देशन के लिए खासतौर पर पहचाना जाता है।

# एम्स का खुलासा, सुशांत को नहीं दिया गया जहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने कहा है कि अभिनेता को जहर नहीं दिया गया था। हालांकि एम्स ने मुम्बई के कूपर अस्पताल द्वारा की गई ऑटोप्सी रिपोर्ट पर कुछ सवाल उठाए हैं।

डॉ. सुधीर गुप्ता की अगुवाई में एम्स के डॉक्टरों के पांच सदस्यीय बोर्ड ने अभिनेता राजपूत के पोस्टमार्टम और विसरा रिपोर्ट का पुनर्मूल्यांकन किया और इसकी रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी। अभी तक दावा किया जा रहा था कि पहले सुशांत को जहर दिया गया और फिर फांसी साबित करने के लिए फंदे पर लटका दिया गया, लेकिन एम्स की रिपोर्ट ने उन्हें बड़ा झटका दिया है। सीबीआई जांच में भी अभी तक हत्या का मामला साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला है। एम्स टीम ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जांच एजेंसी के मुख्यालय में सीबीआई अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट सौंपी। सीबीआई राजपूत की मौत के मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हत्या थी या आत्महत्या। सूत्रों के मुताबिक, एम्स पैनल ने राजपूत की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर कूपर अस्पताल के निष्कर्षों के बारे में संदेह जताया है, जिसमें मौत के समय जैसे बुनियादी विवरण का भी जिक्र नहीं किया गया है। इससे पहले, एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कूपर अस्पताल से पूछा था कि अभिनेता की मौत हत्या क्यों नहीं हो सकती और इस पर भरोसा करने का क्या आधार है। युवा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत 14 जून को मुंबई में अपने उपनगरीय बांद्रा फ्लैट में मृत पाए गए थे।

# सूबे में सात सीटों पर उप चुनाव तीन नवंबर को

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** की आठ विधान सभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सात सीटों पर निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें रामपुर की स्वार सीट पर उप चुनाव नहीं होगा। उप चुनाव तीन नवंबर को होगा। चुनाव परिणाम 10 नवंबर को आएगा।

उप चुनाव के लिए अधिसूचना नौ अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर तय की गई है जबकि 17 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 19 अकटूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि होगी। यूपी में यह पहला मौका होगा जब कोविड को देखते हुए नई गाइड लाइन के अनुसार ही चुनाव कराएं जाएंगे। माना जा रहा है कि बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं लगभग वही दिशा निर्देश यूपी में होने वाले उप चुनाव के (शेष पेज 9)

# हंसमुख अटल की 9 फुट ऊंची प्रतिमा गढ़ रहे सुतार

## बेमिसाल मूर्तिकार राम वनजी सुतार ने ही बनाई है पटेल की अद्भुत स्टेच्यू ऑफ यूनिटी

**रिंकू यादव।** नोएडा



फाइल फोटो

**लौह** पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशाल-भव्य प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) बनाने वाले नोएडा के बेजोड़ शिल्पी राम वनजी सुतार इन दिनों पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति गढ़ रहे हैं।

कांसे (ब्रांज) धातु से निर्मित 9 फुट ऊंची अटल की प्रतिमा उनके पसंदीदा राज्य रहे हिमाचल प्रदेश के शिमला में लगाई जाएगी। मूर्तिकार के बेटे अनिल राम सुतार ने पायनियर संवाददाता को यह जानकारी दी। अनिल स्वयं भी शिल्पकार हैं और उन्हें यह हुनर अपने पिता से विरासत में मिला है। अनिल सुतार ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी की इस खूबसूरत मूर्ति को अगले महीने के आखिर तक तैयार कर हिमाचल सरकार के सुपुर्द कर दिया जाएगा। हिमाचल सरकार ही अटल की प्रतिमा तैयार करवा रही है। इसके निर्माण में कांसे का इस्तेमाल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि, यह ऐसी धातु है जिसमें हजारों साल तक जंग नहीं लगती। सिंधु सभ्यता से लेकर दुनिया भर की प्राचीन सभ्यताओं में कांसे की प्रतिमा बनाई जाती थी जिनके प्रमाण भी मिले हैं। अटल की प्रतिमा की खासियतें गिनाते अनिल राम सुतार ने बताया कि इसमें पूर्व प्रधानमंत्री के हंसमुख स्वभाव की झलक मिलेगी।

मूर्ति को तैयार करते समय वाजपेयी जी की वेशभूषा यानी धोती पहनने के तरीके से लेकर कुर्ते की स्टाइल और खादी की जैकेट में पड़ी सिलवटों तक का बारीकी से ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा अभिवादन करने के अटल के अंदाज, चेहरे पर बिखरी रहने वाली मधुर स्मित, उनके हाथ की खास मुद्रा को भी जस का तस छेनी-हथौड़ी से गढ़ने की कोशिश होगी ताकि यह जीवंत लगे। अपने पिता के साथ वाजपेयी के मधुर संबंधों का उल्लेख करते अनिल सुतार ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अपने काम के प्रति पिताजी की लगन और निष्ठा का सम्मान करते थे और उन्हें बेहद मानते थे। ऐसी ही एक घटना के बारे में उन्होंने बताया कि वाजपेयी जी दिल्ली के शहीद पार्क का उद्घाटन करने गए थे। पार्क में लगीं मूर्तियां पिताजी ने ही बनाई थीं लेकिन उनके पास कार्यक्रम के लिए कोई निमंत्रण पत्र नहीं था। इस कारण, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें प्रवेश द्वार के बाहर ही रोक दिया। पूर्व प्रधानमंत्री जब मंच पर पहुंचे तो उन्होंने पिताजी का नाम पुकारा जिसे सुनते ही सुरक्षा कर्मी तत्काल उन्हें साथ लेकर वहां हाजिर हो गए। इसके बाद, अटल जी ने पिताजी को अपने हाथों से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पिताजी की कोशिश है कि यह प्रतिमा उनके इसी उदारमना व्यक्तित्व को दर्शाए।

# हाथरस की घटना को लेकर सियासत गरमायी

## सपा महिला सभा ने निकाला कैंडल मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर मंगलवार को प्रदेश के सभी जनपदों में हाथरस की घटना के विरोध में महिलाओं ने कैण्डल मार्च निकाला। महिलाओं के मार्च को कई जगह पुलिस ने रोकने की कोशिश भी की। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी की जिला एवं महानगर महिला सभा की ओर से हाथरस काण्ड और सरकार की दलित विरोधी नीति के खिलाफ कैण्डल मार्च निकाला गया। पार्टी के लखनऊ जिला कार्यालय कैसरबाग से महिलाओं का बड़ा जुलूस महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव तथा महानगर अध्यक्ष किरन पाण्डेय के नेतृत्व में ज्योंही शुरू हुआ पुलिस ने कार्यालय के गेट पर ही घेराबंदी शुरू कर दी।

लखनऊ में महिलाओं के कैण्डल मार्च में कामिनी पटेल,



उर्मिला रावत, सुधा यादव, ममता रावत, कहकशां, कीर्ति सिंह, पूजा शुक्ला, वंदना चतुर्वेदी, कल्पना रस्तोगी, शीला यादव आदि मुख्य रूप से शामिल थीं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा के बेटी बचाओ, महिला सम्मान के नारे दिखावटी और जनता को बहकाने वाले हैं। पीड़िता युवती के साथ 14 सितम्बर 2020 को दबंगों ने गैंगरेप किया जिसकी रिपोर्ट लिखने में पुलिस को 8 दिन लग गए। पुलिस ने छेड़खानी में केस दर्ज किया।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर आरोपियों को सजा दिलाई जाएः मायावती

**लखनऊ।** हाथरस में गैंगरेप की शिकार हुई दलित युवती की मौत के बाद सूबे में सियासत भी शुरू हो गई है। पीड़िता की मौत पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने दुख जताते हुए मांग की है कि सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर अपराधियों को सजा दिलाए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यूपी के हाथरस में गैंगरेप के बाद दलित पीड़िता की आज हुई मौत की खबर अति दुःखद। सरकार पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करे व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर अपराधियों को जल्द सजा सुनिश्चित करे, बीएसपी की यह माँग है।

### यूपी में महिलाओं की सुरक्षा का नामो निशान नहींः प्रियंका

**लखनऊ।** हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार लड़की की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत को लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने आज ट्वीट किया कि हाथरस में हैवानियत झेलने वाली दलित बच्ची ने सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि दो हफ्ते तक वह अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझती रही। हाथरस, शाहजहांपुर और गोरखपुर में एक के बाद एक रेप की घटनाओं ने राज्य को हिला दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा का नामोनिशान नहीं है। प्रियंका ने लड़की के साथ दरिंदगी करने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा की जवाबदेही सरकार की बनती है।

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, दी गिरफ्तारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हाथरस** गैंगरेप पीड़िता की मौत के बात घटना के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जीपीओ पर प्रदर्शन किया। विधान भवन की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें बाद में रिहा भी कर दिया गया। वहीं शाम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर पीड़िता की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और न्याय दिलाने की मांग की। लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने जबरदस्त प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की गिरती कानून व्यवस्था और महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर योगी सरकार के



खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हाथरस की दलित बेटी को न्याय देने की मांग की। वहीं लल्लू ने वर्चुअल प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि स पूरे प्रकरण का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दोषियों को अविलम्ब सजा दिलाई जाए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 8 दिनों तक पीड़िता की एफआईआर दर्ज नहीं की गयी और पीड़िता को समुचित इलाज के लिए एयरलिफ्ट करके एम्स भी नहीं ले जाया गया।

# निकायों में बड़ी संख्या में भर्ती की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● **अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता के 455 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव अधीनस्थ चयन आयोग को भेजा गया**

**योगी** सरकार निकायों में बड़ी संख्या में नयी भर्ती करने की तैयारी में है। स्थानीय निकाय निदेशालय ने रिक्त पदों की भर्ती का प्रस्ताव बनाकर अधीनस्थ चयन आयोग को भेजा दिया है। यह भर्तियां अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता के पदों पर होंगी। ईओ के 204 और जेई के 209 पदों समेत कुल 455 पद भरे जाने हैं। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इन पदों पर भर्ती के लिए जल्द विज्ञापन निकालकर छह माह में भर्ती पूरी करने की तैयारियों में जुट गया है। प्रदेश में मौजूदा समय में 490 नगर पंचायतें हैं। इनमें से 204 नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारी के पद खाली हैं। स्थानीय निकाय निदेशालय ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजे प्रस्ताव में कहा है कि रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए, जिससे कि जरूरत के आधार पर निकायों में ईओ की तैनाती की जा सके। जानकारों का कहना है कि बड़ी संख्या में रिक्त पदों के चलते कुछ अधिकारियों को दो-दो नगर पंचायतों की जिम्मेदारी देकर काम चलाया जा रहा है। इससे निकायों में विकास का काम भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में इन पदों के लिए आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। निकायों में रिक्त पदों उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग करेगा। भर्ती विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। इन पदों पर भर्ती वालों को केंद्रीयत सेवा का कर्मचारी माना जाएगा और इनका तबादला भविष्य में किसी भी निकाय में किया जाएगा।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अक्टूबर से

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी जनपदों में पहली अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। साथ ही इस बार सभी 75 जनपदों में दस्तक अभियान के साथ पूरे प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। मंगलवार को यह जानकारी निदेशक संचारी रोग विभाग डा राजेन्द्र कुमार ने दी है। डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इस अभियान हेतु अन्य विभागों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान, रोगियों की उपचार व्यवस्था, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोगियों की निगरानी एवं सर्विलांस जैसी गतिविधियां की जायेगीं। उन्होंने बताया है कि अभियान में ग्राम्य एवं नगर विकास विभाग द्वारा समन्वय रखते हुए नियंत्रण की गतिविधियों में सहयोग किया जायेगा।

# पूर्वांचल डिस्काम का निजीकरण रोकने के लिए ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

● **उपभोक्ता परिषद ने कहा कि व्यापक सुधार से हो सकता है बदलाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण की प्रक्रिया सरकार ने तेज कर दी है। इधर विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से मुलाकात करके पूर्वांचल डिस्काम में व्यापक सुधार करके निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। परिषद ने सुझाव दिया है कि पूर्वाचल डिस्काम एक ऐसी कंपनी है जहां पर अच्छा राजस्व प्राप्त किया जा सकता है। शक्ति भवन में श्रीकांत शर्मा से मुलाकात के दौरान उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कारपोरेशन ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए अगले पांच सालों के जो कार्य योजना सौपी है अगर उसे सख्ती से लागू किया जाए तो बिना निजीकरण किए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को सुधारा जा सकता है। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए की विगत में उपभोक्ताओं को व्यापक सुधार का लाभ होगा के नाम पर टोरेंट पावर कंपनी व नोएडा पावर कंपनी को निजी हाथों में सौंपा गया आज वह फेल साबित है। ऐसे में पुनः इस प्रकार का आत्मघाती कदम उपभोक्ताओं को तबाह कर देगा इसलिए इस पर विराम लगाना बहुत जरूरी है। श्रीकांत शर्मा ने उपभोक्ता परिषद को आश्वासन दिया है कि सरकार उपभोक्ता हित में इस पर गम्भीरता से विचार करेगी।

### कर्मचारियों ने शक्ति भवन पर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को शक्ति भवन पर प्रदर्शन किया। नाराज अभियंताओं ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की वीडियों कांफ्रेंसिंग का बहिष्कार किया। इस मौके पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने वाराणसी में शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकाल रहे बिजली कर्मियों पर नामजद एफआईआर कराने की निन्दा की। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी से बिजली कर्मियों खिलाफ एफआईआर को तत्काल वापस लेने की मांग की और कहा कि ऐसा न हुआ तो बिजलीकर्मी पूरे पूर्वांचल में कामकाज ठप करने को बाध्य होंगे।

# बीते एक माह में 636 पुलिसकर्मियों पर हुई अनुशासनात्मक कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** के संकट काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जहां उन्हें सम्मानित किया गया वहीं भ्रष्टाचार लापरवाही और दुर्व्यवहार करने वालों को सजा भी मिली। बीते अगस्त माह के दौरान भ्रष्टाचार की शिकायतों एवं पुलिस दुर्व्यवहार व विवेचना में जानबूझकर लापरवाही बरतने पर दोषी 636 पुलिसकर्मियों के खिलाफ 42 मुकदमे दर्ज कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई।

पुलिस विभाग के लिए कोविड-19 संकमण आदि के दृष्टिगत एक बहुत ही चुनौती पूर्ण समय रहा। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में पुलिस कर्मियों द्वारा उच्चस्तर के कर्तव्य बोध का प्रदर्शन करते हुए लॉकडाउन का अनुपालन व उक्त अवधि में जरूरतमंद व्यक्तियों तथा प्रदेश के बाहर से आने वाले श्रमिकों की सहायता की गयी। साथ ही इस वर्ष में पड़ने वाले समस्त त्योहारों आदि को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न कराया गया। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि इन उत्कृष्ट कार्यो एवं व्यवहार की आम जनता के साथ-साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा भी प्रशंसा की गयी। मुख्यमंत्री द्वारा भी पुलिस बल के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। जिससे पुलिस बल का मनोबल और बढ़ा है तथा कर्तव्य बोध से प्रेरित होकर और अधिक उत्साह के साथ कर्तव्यरत है। प्रवक्ता ने कहा कि डीजीपी हितेश चंद अवस्थी ने उत्तर प्रदेश पुलिस बल का मनोबल बढ़ाये रखने के लिए उन पुलिस कर्मियों को जिनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए गए, उनको प्रशंसा चिन्ह व सराहनीय सेवा चिन्ह, उत्कृष्ट सेवा चिन्ह आदि से सम्मानित किया गया।

### रेल यूजर चार्ज बढ़ाने पर रालोद ने उठाए सवाल

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने केन्द्र सरकार और रेल मंत्रालय की कार्यशैली पर आश्चर्य व्यक्त करते हुये कहा है कि सम्पूर्ण देश वैश्विक महामारी कोविड.19 के फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर हुआ है। देश के 90 प्रतिशत लोगों की आय आधी भी नहीं रह गयी है और उसमें से भी लगभग एक तिहाई लोग 2 जून की रोटी जुटाने में परेशान है। इन परिस्थितियों में रेल मंत्रालय रेल भाड़े में यूजर चार्ज के नाम पर दस रुपये से लेकर 35 रुपये प्रति यात्री के हिसाब से बढ़ोत्तरी करने जा रही है। जबकि देश के लगभग 95 प्रतिशत लोग रेल मार्ग से ही यात्रा करते हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ**

संख्या–503 / न0पं0म0 / नि0सू0 / 2020–21 दिनांक सितम्बर 28, 2020

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत महोना में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा दिनांक 30.09.2020 को अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 07.10.2020, 2.00 बजे तक ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्य की निविदा दिनांक 07.10.2020 का 3.30 बजे खोली जायेगी, जिसे सम्बन्धित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं दो प्रतिशत धरोहर धनराशि NEFT/RTGS के रूप में नगर निधि, नगर पंचायत महोना, खाता संख्या 251201000006000 IFSC-IOBA 0002512 इण्डियन ओवरसीज बैंक शाखा महोना लखनऊ में करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का आगणन, नियम व शर्तें कार्यालय नगर पंचायत महोना में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का भुगतान बजट की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

(श्रीश मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोना
लखनऊ

(एन0 इशरत बेग)
अध्यक्ष
नगर पंचायत महोना
लखनऊ



पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

एक रजिस्टर्ड बैनामा जो कि रामप्रकाश पुत्र सरनम सिंह ने सरोज कुमारी पत्नी अशोक कुमार को जिल्द संख्या 1 पृष्ठ क्रमांक 181 / 204 पत्र संख्या 1402 दिनांक 31.10.2001 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय जसवंतनगर में विक्रय किया था जो कि खो गया है इसकी सूचना थाना जसवंतनगर को भी दी जा चुकी है। इसका दुरुपयोग अवैध होगा। उपेंद्र पुत्र रमेश सिंह गुलाब बाड़ी जसवंतनगर मोबाइल नंबर 9756 04026 पर सूचना दें।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी पुत्री सुमेधा राज के विद्यालय अभिलेखों में पिता का नाम त्रुटिवश Brejendra Kumar दर्ज हो गया है, जबकि सही नाम Brajendra Kumar है। अतः अब से मेरी पुत्री के पिता का नाम Brajendra Kumar ही जाना व पहचाना जाये। ब्रजेन्द कुमार पुत्र श्री झब्बूराम, निवासी – 639, रोटी–गोदाम, तहसील व जनपद सीतापुर।

**सूचना**

सर्वविदित हो कि मैंने अपने पुत्र प्रवीन कुमार मल्होत्रा को उसका व्यवहार ठीक ना होने के कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है इसके द्वारा किए गए व्यापार संबंधी लेनदेन में यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी–जगदीश चंद्र मल्होत्रा नि–C-471 एफ, इंदिरानगर, लखनऊ

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

**नवली इण्टर कालेज नवली गाजीपुर** में सम्बद्ध प्राइमरी विद्यालय में दो सहायक अध्यापक की जिसमें एक पद (सामान्य) तथा एक पद (पिछड़ी) जाति के लिए आरक्षित है। योग्यता– स्नातक के साथ बीटीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण आयु एवं वेतन शासन के नियमानुसार / इच्छुक अभ्यर्थी प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अन्दर आवेदन पत्र प्रबन्धक से प्राप्त कर भर सकते हैं। लिखित परीक्षा 1 नवम्बर 2020 को तथा साक्षात्कार 22 नवम्बर 2020 को सम्पन्न होगा। लिखित परीक्षा का केन्द्र डाक से सूचित किया जायेगा। परीक्षा व साक्षात्कार के लिये कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

**दिनेश चन्द्र पाण्डेय**
**प्रबन्धक**
**नवली इण्टर कालेज नवली, गाजीपुर**


### जिला प्रशासन की लापरवाही से जेलों में बढ़ा कोरोना संक्रमण

**लखनऊ।** सूबे की जेलों में कोरोना संक्रमण बढ़ने के पीछे जिला प्रशासन की लापरवाही भी एक बड़ी वजह है। डीजी जेल आनंद कुमार का मानना है कि प्रदेश की अस्थाई जेलों में जिला प्रशासन द्वारा कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पालन ठीक तरह से न कराए जाने की वजह से स्थाई जेलों में भी कोरोना संक्रमण के मामले काफी बढ़ गए हैं। उन्होंने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी जिलाधिकारी व पुलिस कप्तानों को पत्र लिखा है। अपने पत्र में डीजी जेल ने कहा है कि कुछ जिलों की जेलों में बंदियों का कोरोना टेस्ट बहुत कम हुआ है जबकि अधिक से अधिक टेस्टिंग से ही कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। इसी तरह कुछ जिलों में अस्थाई जेलों में बंद बंदियों को निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किए बिना स्थाई जेलों में भेज दिया गया। जिससे स्थाई जेलों में कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रोटोकॉल की अनदेखी से अस्थाई जेल जिस उद्देश्य से बनाई गई थी, उसे आघात पहुंचा है।

### दुर्गा पूजा पंडाल पर रोक आस्था पर हमलाः रामगोविन्द

**लखनऊ।** नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार पंडालों में आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा पर रोक का आदेश वापस ले। यह आदेश कानून सम्मत नहीं है। उन्होंने कहा है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट पहुंचेगी। इसे लेकर अनिष्ट की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लाखों स्थानों पर आदि शक्ति मां दुर्गा के भक्त पंडाल लगाकर और मन्दिरों को सजाकर विधिवत पूजा करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का पंडालों में पूजा पर रोक का आदेश इन भक्तों की आस्था पर हमला है। नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि जिस प्रकार से प्रदेश सरकार ने भगवान राम की रामलीला के लिए सामाजिक दूरी और सौ की संख्या की शर्त के साथ भक्तों को इक्कठा होकर दर्शन और पूजा की छूट दिया है, उसी प्रकार से सरकार मां दुर्गा की पूजा के मामले में भी छूट दे।

# भाजपा की नीति और नीयत दोनों किसान विरोधीः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2022 में किसानों को कारपोरेट घरानों का गुलाम बनाने वाला कानून अहंकारी भाजपाई सत्ता के विरूद्ध जनआंदोलन का मुख्य कारण बन गया है। अब किसान हर गांव में भाजपा का खेत खोदकर उन्हें जड़ से उखाड़ कर बताएंगे कि कैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य के धोखे के बदले वह इनके विरूद्ध अधिकतम विरोध कर भाजपा का ही दानापानी बंद कर देगा। भाजपा ने बहुमत के बल पर विपक्ष की अनदेखी कर जो किसान विरोधी काला कानून पास किया है उसके विरूद्ध देशभर में हो रही प्रतिक्रिया को नज़र अंदाज करना उसे बहुत भारी पड़ेगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों किसान हितों के विरोध की है। उसने



किसानों की 2022 तक आय दुगनी करने, लागत से डयोढ़ा गुना ज्यादा फसल की कीमत देने तथा कर्जमाफी के वादे किए थे। इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। जब आलू, प्याज जैसी जरूरी सब्जियों की जमाखोरी होती थी तो सरकारों के हाथों में कार्रवाई की शक्ति थी। भाजपा सरकार ने यह व्यवस्था खत्म कर दी। अब जमाखोर चाहे जितनी कालाबाजारी कर सकते हैं, जनता को लूटने की उन्हें आजादी मिल गई है। यदि इस किसान विरोधी कानून से किसानों को राहत मिली होती तो अध्यादेश लागू होने के बाद भी मक्का की कीमत एक हजार रुपये प्रति कुंटल क्यों होती जबकि पिछले वर्ष यह 2200 रुपये प्रति कुंटल थी। भाजपा के झूठे प्रचार की अब हर दिन पोल खुल रही है। उन्होंने कहा कि मंडियों में काम करने वाले लाखों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। किसान मारा मारा घूम रहा है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियां और कुछ उद्योगपति घात लगाए बैठे हैं कि किसान की उपज औने पौने दाम देकर खरीद लें। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की सरकारें इसका ही इंतजार कर रही है। भाजपा सरकार को गन्ना किसानों के बकाये की चिंता नहीं है। चीनी मिल मालिकों की मनमानी पर रोक नहीं है। किसानों से भाजपा राज में जबरन जमीनें छीनी जा रही है। उन्हें उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। भाजपा सरकार को भू-अधिग्रहण पर सर्किल रेट बढ़ाकर 6 गुना दाम किसानों को देना चाहिए।

# बिहार में रालोसपा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● **यूपी-एमपी में उपचुनाव अपने बलबूते लड़ेगी पार्टी**

**बिहार** में होने वाले विधानसभा आम चुनाव में बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन की जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने देश के कुछ राज्यों में लोकसभा व विधानसभा की खाली हुई सीटों पर उपचुनाव कराने का भी ऐलान किया है। जिनमें से हमारी पार्टी केवल दो राज्यों उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश में खाली हुई सभी विधानसभा की सीटों पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ यह उपचुनाव अकेले अपने बलबूते पर लड़ेगी। बाकी राज्यों में होने वाले उपचुनावों में बीएसपी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। मायावती ने कहा कि अन्य प्रांतों में पार्टी के लोग, बिहार को छोड़कर, किसी भी सही आजाद उम्मीदवार को अपना वोट दे सकते हैं। लेकिन बिहार में पार्टी के लोग अपने गठबन्धन के उम्मीदवार को ही वोट देंगे। मायावती ने कहा कि यदि इस नए बने गठबन्धन को बिहार की जनता का भी पूरा आर्शीवाद प्राप्त हो जाता है तो फिर इस गठबन्धन की ओर से उपेन्द्र कुशवाहा ही मुख्यमंत्री बनेंगे, जो इस गठबन्धन का नेतृत्व भी कर रहे हैं। उन्होंने बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि कोरोना प्रकोप को लेकर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों व पाबन्दी आदि के कारण ही मैं स्वयं उपस्थित नहीं हो पाई हूँ, लेकिन मीडिया की मार्फत अपनी अपील के माध्यम से मैं आप लोगों के करीब हूँ।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हमीरपुर**

पत्रांक – UF/382/S.F.C./2020-21 दिनांक : 21–09–2020

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, हमीरपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग से वित्तीय वर्ष 2020–21 में पालिका एवं अन्य विभागों में लोक निर्माण विभाग की गाइड लाइन्स के अनुसार पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in में अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**ई–निविदा विवरण**

| S.No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publishing | 28/09/2020 | 5:00 PM |
| 2 | Bid Submission Start Date | 28/09/2020 | 6:00 PM |
| 3 | Bid Submission End Date | 05/10/2020 | 5:00 PM |
| 4 | Opening of e Bid | 06/10/2020 | 11:00 AM |

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्यस्थल का नाम | कार्य की श्रेणी | BOQ की धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 001 | राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का निर्माण एवं स्थापना कार्य, घास लगाने का कार्य | महात्मा गांधी पार्क। | A to D | 6,52,164.00 | 13,000.00 | 1,000.00 | 15 Days |
| 002 | बाउण्ड्रीवाल एवं गेट का कार्य | महात्मा गांधी पार्क। | A to D | 4,77,637.00 | 9,600.00 | 1,000.00 | 15 Days |

कार्य के नियम एवं शर्तें https://etender.up.nic.in में देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, हमीरपुर



**कार्यालय नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर**

पत्रॉक–मेमो / न0पं0त0–आसरा योजना / 2020–21 दिनॉक–28.09.2020

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद में निवास कर रहे अल्प–संख्यक बाहुल्य व मलिन बस्तियों के रहने वाले अल्प आय मेहनतकश परिवार जिनके पास आवासीय सुविधा का अभाव हो तथा जिनकी आय रुपया 6,000.00 प्रतिमाह से अधिक न हो सम्बन्धित निकाय में पंजीकृत रिक्शा चालकों, अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति के ऐसे आवासहीन व्यक्ति जो बी0पी0एल0 कार्ड धारक हों, अवमुक्त स्वच्छकार जिनके पास रहने की समुचित व्यवस्था न हो को सूचित किया जाता है कि आसरा योजना के अन्तर्गत आवास प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र नगर पंचायत तम्बौर अहदमदाबाद से निःशुल्क प्राप्त कर दिनॉक 05.10.2020 तक समस्त अभिलेख संलग्न कर अपना आवेदन पत्र जमा कर दें, निर्धारित समय के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र जमा नहीं किया जायेगा।

**(पात्रता की शर्ते)**

**आवास आवंटन हेतु निम्नलिखित व्यक्ति पात्र होंगे**

1. अल्पसख्यक बाहुल्य व मलिन बस्तियों में रहने वाले अल्प आय मेहनतकश परिवार जिनके पास आवासीय सुविधा का अभाव हो तथा जिनकी आय रुपया 6,000.00 प्रतिमाह से अधिक न हो।
2. सम्बन्धित नगरीय निकाय में पंजीकृत रिक्शा चालक हों।
3. अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति के ऐसे आवासहीन व्यक्ति जो बी0पी0एल0 कार्ड धारक हो।
4. अवमुक्त स्वच्छकार जिनके पास रहने की समुचित व्यवस्था न हो।

**आवेदन के साथ संलग्नक**

1. स्व प्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो आवेदन पत्र तथा शपथ पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा करें।
2. निवास प्रमाण पत्र हेतु वोटर कार्ड / आधार कार्ड / राशन कार्ड / सामान्य निवास प्रमाण पत्र में से कोई एक की प्रमाणित प्रति।
3. बी0पी0एल0 राशन कार्ड / तहसील से प्रदत्त आय प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति।
4. जाति प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति।
5. यदि रिक्शा चाहक हो तो स्थानीय निकाय में पंजीकृत रिक्शा चालक का पंजीयन प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति।
6. यदि विमुक्त स्वच्छकार है तो सम्बन्धित स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र मूलरुप में।
7. वर्तमान में जहाँ निवास कर रहे हैं उस आवास / स्थल का नवीनतम फोटोग्राफ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत तम्बौर**
**सीतापुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत तम्बौर**
**सीतापुर**


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाएं महाकुंभ को ध्यान में रखकर पूरी की जाएं

## मुख्यमंत्री ने की प्रयागराज मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वर्ष 2024-25 में प्रयागराज में होने वाला महाकुंभ पूरी दुनिया के लिए भव्यता, दिव्यता और सुव्यवस्था का मानक बनेगा। उन्होंने कहा है कि अभी से तैयारी शुरू कर दी जाए और कोई भी तैयारी अपूर्ण और अस्थायी नहीं होनी चाहिए। सीएम योगी ने कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अगले साल जनवरी माह में माघमेला के दौरान कल्पवासियों के संकल्प को सफल करने के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रयागराज मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना भविष्य की ज़रूरतों के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आगामी महाकुंभ जब प्रयागराज में होगा, तब स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं से बहुत मदद मिलेगी। सारी परियोजनाएं इस आयोजन को ध्यान में रखकर पूरी की जाएं।

उन्होंने कहा कि गंगा जी के तटवर्ती क्षेत्रों में फ्लोराइड और आर्सेनिक प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए नियोजित प्रयास किये जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल से जुड़ी सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता के साथ किया जाए। घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। कोई गांव न छूटे। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल का मतलब है कि आम आदमी के मेडिकल बिल को आधा कर देना।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रयागराज मण्डल के पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। भगवान बुद्ध की तपोस्थली कौशाम्बी के साथ-साथ, भगवान राम और निषाद की मित्रता की स्थली श्रृंगवेरपुर सामाजिक समरसता की प्रतीक भी है। प्रभु राम वन गमन का मार्ग भी यहीं से होकर जाता है। इससे जुड़े हुए कई स्थल हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पर्यटन क्षेत्र में विकास की सम्भावनाओं के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इस संबंध में कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत कृषि के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की असीम संभावनाएं हैं। हर ब्लाक में एफपीओ का गठन करें। गोदामों के लिए प्रस्ताव तैयार करें। बैंकों से समन्वय बनाकर लोगों को मुद्रा योजनाए एमएसएमई के लिए ऋण योजना आदि से लाभान्वित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के लम्बित रहने से लागत के पुनरीक्षण की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे उसकी लागत बढ़ती है और जनता को उसका लाभ भी समय से नहीं मिल पाता। सभी परियोजनाएं समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से मानकों के अनुसार पूर्ण की जाएं। परियोजना के संबंध में प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए।

योगी ने कहा कि प्रयागराज मंडल ने कोविड.19 संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने लिए अच्छा प्रयास किया है लेकिन अब और सतर्कता की ज़रूरत है। पिछले एक सप्ताह से संक्रमण की दर घटी है, रिकवरी रेट सुधरा है, लेकिन प्रयागराज में डेथ रेट और रिकवरी रेट प्रदेश के औसत से अधिक है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

समीक्षा के दौरान विकास कार्यों के संबंध में फीडबैक देते हुए सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने औद्योगिक नगरी नैनी के पुनर्जीवन की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि बेहतर हो यदि महत्वाकांक्षी डिफेंस कॉरिडोर परियोजना को चित्रकूट से बढ़ाकर नैनी तक लाया जाए। सरकार में मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रदेश में माफियाओं के खिलाफ जारी अभियान की तारीफ की। उन्होंने प्रयागराज मण्डल में कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता भी बताई। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिया कि वह स्थानीय प्रशासन के जरिए अपने प्रस्ताव बनवाकर शासन के संबंधित विभाग को भिजवाएं और उसकी प्रति मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेज दें।

## बेंती हत्याकाण्ड: चार टीमें बनाकर हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता। सरोजनीनगर

**केन्द्रीय** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के गोद लिये गांव बेंती में रविवार की रात बदमाशों ने महिला पुजारी दीपिका त्रिवेदी की हत्या गला दबाकर कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस अब चार टीमें बनाकर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

दीपिका हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस ने सोमवार को बेंती गांव के आधा दर्जन ग्रामीणों से उनके घर जाकर पूछताछ करने के बाद चार लोगों को हिरासत में लिया था। मंगलवार को पुलिस दो अन्य ग्रामीणों को थाने उठा लाई और उनसे भी पूछताछ कर रही है। पुलिस बदमाशों की तलाश के साथ ही मृतक दीपिका के करीबियों की हरकतों पर भी नजर गड़ाए है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पुलिस को दीपिका के करीबियों पर ज्यादा आशंका है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह चौहान व पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अमित तिवारी ने पुलिस से किसी निर्दोष को पूछताछ के नाम पर परेशान न करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बंथरा थाना क्षेत्र के बेंती गांव में रविवार की रात बदमाश यहां रहने वाले पुरोहित दीपनरायण त्रिवेदी के घर नकब लगाकर दाखिल हुए थे। इस दौरान बदमाशों ने घर के अन्दर सो रही दीप नरायण की पहली पत्नी दीपिका (46) त्रिवेदी की गला दबाकर हत्या कर दी थी और घर में रखी नकदी व जेवरात उठा ले गये थे।

# फोन न उठाने की कार्यशैली न सुधरी तो होगी कड़ी कार्रवाई

## नगर निगम की समीक्षा बैठक में आरआर विभाग के मुख्य अभियंता की उदासीनता से महापौर नाराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महापौर** द्वारा नगर निगम की कर्मियों पर अधिकारियों के पेंच कसें गए। आरआर विभाग की शिकायतों और विभाग के मुख्य अभियंता की उदासीनता से नाराज महापौर ने चेतावनी देते हुए कार्यशैली में सुधार लाने को कहा। वहीं अपर नगर आयुक्त को लंबित टेंडरों को निस्तारित करने का आदेश दिया। कूड़ा गाड़ियों में खराब जीपीएस सिस्टम को दुरुस्त कराने के साथ वाशिंग लाइन बनाने का आदेश दिया है। मंगलवार को नगर निगम की समीक्षा बैठक में महापौर संयुक्ता भाटिया ने मुख्य अभियंता (वि/यां) राम नगीना त्रिपाठी को चेतावनी देते हुए कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें आरआर विभाग से ही आती हैं, पार्षदों से लेकर जनता तक आपके द्वारा फोन न उठाने की शिकायत करते हैं। महापौर ने उन्हें चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। महापौर को आरआर विभाग के कई टेण्डरों को समय बीत जाने के बाद भी न निस्तारित करने की शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिस पर महापौर ने प्रभारी अपर नगर आयुक्त अमित कुमार को समस्त टेंडरों की समीक्षा कर नियमानुसार निस्तारित कराने के लिए निर्देशित किया। विभाग की गाड़ियों पर गंदगी से महापौर नाराज दिखीं। उन्होंने खस्ताहाल गाड़ियों को दुरुस्त करने साथ वाशिंग लाइन बनाने के निर्देश दिए। महापौर संयुक्ता भाटिया ने किराए पर चल रही गाड़ियों और उनके एक्सपेंसेज की सूची तलब की, साथ ही साथ खर्चों में कटौती करने के लिए किराए पर चल रही गाड़ियों की जगह विभाग की गाड़ियां खरीदने की अनुमति प्राप्त करने के लिए शासन को पत्र लिखने के लिए निर्देशित किया। साथ ही आरआर विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी गाड़ियों की मेंटेनेंस की श्रेणी के अनुसार सूची भी तलब की। विभाग में महापौर ने अपर नगर आयुक्त अमित कुमार को आरआर विभाग की व्यवस्थाओं को सुधार कर कंप्यूटरीकृत कर अप टू डेट करने के लिए निर्देशित किया।

**गाड़ियों के जीपीआरएस सिस्टम को और मजबूत करें:** आरआर विभाग में तेल चोरी की घटनाओं और शिकायतों पर महापौर ने नाराज हुई। उन्होंने कंपनी के खराब सिस्टम को सुधार कर तेल चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही गाड़ियों की मोनेटरिंग की ठीक से व्यवस्था की जाए। पेट्रोल डीजल के आवंटन में पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए। वहीं आरआर विभाग का दूसरी वर्कशॉप खोलने का प्रस्ताव पास होने के बाद भी अभी तक कार्यवाही आगे न बढ़ने पर महापौर ने नाराजगी जताई। साथ ही मुख्य अभियंता को इस कार्य मे तेजी लाने के लिए निर्देशित किया।

**बन्द लाइटों के सही न होने पर पड़ी फटकार:** जगह जगह बंद पड़ी एलईडी लाइटों के समय से सही न होने पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने ईईएसएल के प्रभारी अधिकारी को फटकार लगायी, पार्को एवं मार्गों की लाइट्स बंद होने और शिकयत प्राप्त होने के शीघ्र बाद लाइट ठीक करने के लिए निर्देशित किया। हाइ मास्क बंद होने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने वार्ड वॉर सर्वे करा लाईट ठीक करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही शिकायत सेल का लिंक कैंप आफिस से करने के लिए भी कहा।

**14वें वित्त के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश:** महापौर संयुक्ता भाटिया ने 14 वे वित्त आयोग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही कार्यों से स बंधित वर्कऑर्डर सहित विभागीय कार्यों को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए। विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

**जांच के लिए बनाई जाएगी टेस्टिंग लैब:** महापौर ने बैठक के दौरान कार्यों को गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए नगर निगम की टेस्टिंग लैब बनाने के लिए निर्देश दिए हैं। अभी पीडब्लूडी के टेस्टिंग लैब में गुणवत्ता की जांच की जाती है। लेकिन नगर निगम में टेस्टिंग लैब बनने पर अधिक जांचे की जा सकेंगी।

**रोड कटिंग से हटी रोक:** बैठक में बरसात के बाद महापौर ने रोड कटिंग पर लगी रोक हटाने का निर्देश दिया है। 31 सितंबर को अवधि खत्म होने के बाद अब 1 अक्टूबर से रोड कटिंग की अनुमति प्राप्त की जा सकती है।



हजरतगंज चाराहै पर मंगलवार को धरना-प्रदर्शन के चलते घंटों जाम लगा रहा

# आपरेशन कर मरीज की किडनी से निकालीं 16 पथरियां

## बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सकों को मिली सफलता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पिछले** कई वर्ष से पेट की समस्या और इंफेक्शन से जूझ रहे एक 50 वर्षीय मरीज को बलरामपुर अस्पताल के सर्जन ने उसे समस्या से निजात दिलाने में सफलता पाई है। आपरेशन के दौरान डाक्टरों ने मरीज की किडनी से एक 4 इंच के बड़े स्टोन सहित 15 अन्य छोटे स्टोन्स निकाल कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। आपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। राजाजीपुरम निवासी 50 वर्षीय विष्णुदत्त तिवारी को पिछले कई साल से पेट मे दर्द की समस्या, इंफेक्शन, खून आने की समस्या थी। उन्होंने इसका इलाज भी कराया मगर कोई राहत नहीं मिली। जिसके बाद मरीज ने बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में दिखाया।

मामला सर्जरी से जुड़ा होने के चलते फिजिशियन ने उन्हें सर्जन डॉ एसके पांडेय को दिखाने का परामर्श दिया। जिसके आधार पर वह डॉ एसके पांडेय से मिले और उन्हें अपनी समस्या बताई। समस्या जानने के बाद डॉ पांडेय ने आवश्यक जांच कराई। जांच में पता चला कि किडनी में स्टोन है। जिसके बाद आपरेशन का निर्णय लिया गया। आपरेशन अस्पताल के निदेशक डॉ राजीव लोचन के निर्देशन में डॉ एसके पांडेय ,डॉ धर्मदेव और एनेस्थेसिया के डॉ पीयूष के सहयोग से पूरा किया गया। तकरीबन डेढ़ घण्टे चले आपरेशन के दौरान उनकी किडनी से 4 इंच की बड़ी पथरी सहित 15 अन्य छोटी छोटी पथरी निकाली गयी। आपरेशन के बाद मरीज स्वास्थ्य लाभ के लिए सुपर शपेशयलिटी वार्ड में भर्ती है।

## प्रदेश भर में पॉलिटेक्निक काउंसिलिंग आज से

**लखनऊ( पीएनएस )।** प्रदेश भर के पॉलिटेक्निक संस्थानों में दाखिले के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। काउंसलिंग में वही छात्र शामिल होंगेए जिन्हें आमंत्रित किया गया है। इस बार छात्रों को डॉक्यूमेंट्स वैरिफिकेशन के लिए अन्य जनपद जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जनपद स्तर पर ही हेल्पडेस्क बनाई गई है। स्टूडेंट्स राजकीय व एडेड कॉलेजों में बनाया गए हेल्प डेस्क पर डॉक्यूमेंट वेरीफाई करा सकते हैं। कल से शुरू हो रही काउंसलिंग के प्रथम तीन चरण में सभी योग्य 223566 छात्र काउंसलिंग में भाग लेंगे। पहले चरण की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 30 सितंबर से चार अक्टूबर तक होगी। चॉइस फिलिंग 2 से 5 अक्टूबर तक, सीट एलॉटमेंट 6 को और ऑनलाइन फ्रीज, फ्लोट व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 6 से 11 अक्टूबर तक होगी। वहीं ऑनलाइन फीस 12 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। इसी तरह दूसरे चरण की पंजीकरण प्रक्रिया और च्वाइस फिलिंग 8 से 12 अक्टूबर तक होगी। सीट एलॉटमेंट 13 अक्टूबर को फ्रीज, फ्लोट व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 13 से 15 अक्टूबर तक और ऑनलाइन फीस जमा 16 अक्टूबर तक किया जाएगा।

# दिव्यांग छात्रों की मदद के लिए एलयू में विशेषज्ञों की बनेगी कमेटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिव्यांग** छात्रों और कर्मचारियों की मदद के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन एक्सपर्ट का पैनल बनाएगा। यह पैनल दिव्यांग व्यक्तियों के लिए नीति और दिशानिर्देश तैयार करने, लागू करने और संशोधित करने के लिए जिम्मेदार होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कार्यपरिषद की बैठक में दिव्यांगों के लिए इस नई नीति के तहत बनने वाले पैनल के सभी सदस्यों को तीन साल की अवधि के लिए विवि के कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह समिति परिसर में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समग्र पहुंच सुनिश्चित करनाए दिव्यांग व्यक्तियों की शिकायतों को तत्परता के साथ हल करनाए दिव्यांग छात्रों की अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश सुनिश्चित करना, उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं का आकलन करना समेत जिम्मेदारी है। इसके अलावाए विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, दिव्यांगों को उनकी पढ़ाई के सफल समापन के बाद उचित रोजगार आदि का प्रबंध सुनिश्चित करना आदि इस समिति के परिप्रेक्ष्य में शामिल किया जाएगा।

### लविवि और एमजीएनआरई के बीच हुआ अनुबन्ध

**लखनऊ( पीएनएस )।** एजुकेशन मॉड्यूल से लेकर ट्रेनिंग को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को महात्मा गांधी नेशनल आफ रूरल एजुकेशन और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच एक अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किया गया। अनुबन्ध के तहत विवि में रूरल डेवलपमेंट से सम्बंधित कोर्सों के सलेबस को डिजाइन करने में मदद मिलेगी। अनुबन्ध पत्र पर विवि के कुलपति प्रो आलोक राय और एमजीएनआरई के चेयरमैन डॉ डब्ल्यू जी प्रसन्ना कुमार ने हस्ताक्षर किए। अनुबन्ध के मुताबिक स्टूडेंट्स ट्रेनिंग, टीचर्स ट्रेनिंग सहित एजुकेशन मॉड्यूल को इंडस्ट्री के हिसाब से डिजाइन करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा विवि के सम्बद्ध एसोसिएट कालेजों में सेल की स्थापना की जाएगी। सेल के जरिये कालेजों के शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। शिक्षक छात्रों को ट्रेनिंग देंगे।

# चोरी की दस बाइकों के साथ पांच गिरफ्तार

**लखनऊ( पीएनएस )।** सरोजिनी नगर पुलिस ने एक अंतर्जनपदीय वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिल, 5 चोरी के मोबाइल , चोरी के चांदी के जेवरात और 11150 रुपये नकद बरामद हुए हैं। डीसीपी मध्य सोमेन वर्मा ने चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 10000 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल चोरी के मोबाइल विभिन्न कंपनियों के और चांदी के जेवरात और माल सहित नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने सरोजिनी नगर, बख्शी का तालाब, इंदिरा नगर और सफदरगंज बाराबंकी में चोरी के 8 मुकदमों का खुलासा किया है। डीसीपी मध्य ने वाहन चोरों के को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 10,000 रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

## विक्रम की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक विक्रम-टैक्सी की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के दुकानदारों ने बाइक सवार युवक को इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये, चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेन्टर के लिए रिफर कर दिया। थाना क्षेत्र की दरोगाखेड़ा कालोनी में रहने वाला उदित मिश्रा (22) अपनी बाइक से स्कूटर्स इण्डिया चौराहे की तरफजा रहा था। दस दौरान बंथरा की तरफ से आ रही एक टैक्सी ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह बाइक सहित काफी दूर जा गिरा। उदित के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार दौड़ पड़े और उसे इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया।

## यूपीएसआईडीसी ने पटरी दुकानदारों को भेजा नोटिस

**सरोजनीनगर।** प्रदेश सरकार जहां पटरी दुकानदारों के लिए योजना बनाकर उन्हें परिवार के भरण-पोषण के लिए सड़क किनारे दुकानें लगाने के लिए स्थान चिन्हित करके लाइसेंस दे रही है, वहीं उप्र राज्य औद्योगिक विकास निगम नादरगंज के औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे दुकानें लगाकर परिवार चलाने वालों को नोटिस देकर दुकानें हटाने का फरमान जारी कर रहा है। यूपीएसआईडीसी के इस फरमान से स्थानीय पटरी दुकानदारों में भारी आक्रोश है। यहां के दुकानदारों ने सरोजनीनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा व नादरगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष अनीस खान उर्फ बल्लू के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर को ज्ञापन देकर इस कार्रवाई को रोके जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा पटरी दुकानदारों को अमीनाबद में वेंडिंग जोन तय करके उन्हें नियमित दुकानें लगाने के लिए स्थान चिन्हित कर दिया।

# हसनगंज व बाजारखाला में दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ( पीएनएस )।** हसनगंज थाना क्षेत्र में फूल विक्रेता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घरवालों की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बाजारखाला थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी मजदूर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक अमर नाथ वर्मा ने बताया कि थाने पर रमेश पुत्र स्वर्गीय बलदेव सिंह निवासी बरौलिया डालीगंज ने सूचना दी कि मंगलवार की सुबह रोज की तरह वह सो कर उठा और अपने पुत्र रमन कश्यप 30 को जगाने के लिए आवाज लगाई। कई बार आवाज देने पर जब रमन नहीं उठा तो उसके कमरे में जाकर देखा गया तो दरवाजा बंद था। दराज से झांककर देखा तो रमन कमरे के अंदर पंखे के कुंडे में कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगाकर लटक रहा था। पीड़ित ने बताया कि उसका पुत्र नशे का आदी था। वहीं बाजारखाला थाना पर अनामिका उर्फ गोमती पत्नी रवि गौतम निवासी मोती झील ऐशबाग ने सूचना दी कि सोमवार की रात को उसके पति रवि गौतम 35 जो शराब का सेवन करता था। सभी खाना खाकर सो गए थे। मंगलवार की सुबह उसकी सास गीता गौतम ने उठकर देखा तो रवि ने घर के बरामदे में लगी जाली में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिनको नीचे उतारकर नर्सिंग होम ले जाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# सर्विलांस टीमों का किया भौतिक सत्यापन

## त्रिवेणी नगर, अलीगंज सामुदायिक केंद्र पहुंचे मंडलायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडलायुक्त** द्वारा नगरीय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान आरआरटी और सर्विलांस टीमों के कार्यों का भौतिक सत्यापन के लिए मंडलायुक्त व जिलाधिकारी त्रिवेणी नगर पहुंचे और मौके पर जाकर आरआरटी टीम के कार्यों को देखा, लोगों के घर जाकर उनसे बातचीत की गयी। वीडियो कॉल से मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों का हालचाल लिया। मंगलवार को मंडलायुक्त रंजन कुमार और जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य अलीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र पहुँच कर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा आरआरटी टीम और कोविड 19 को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान विशेषकर सर्विलांस, डोर टू डोर सर्वे, होम आईसोलेशन सत्यापन के संबंध में जानकारी हासिल की। साथ ही रोटेशन चार्ट देखकर डॉक्टर्स के बारे में भी जानकारी हासिल की। आरआरटी टीमो के कार्यो का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिन क्षेत्रों में टेस्टिंग की जा रही है, वहां टीमों द्वारा डीएसओ पोर्टल पर उसी समय निगेटिव और पाज़िटिव दोनों तरह के रोगियों का डेटा फीड करना होगा। साथ ही निर्देश दिया कि जो आरआरटी टीमें घर घर जा कर सर्वे कर रही हैं, होम आईसोलेशन वाले रोगियों का वेरिफिकेशन कर रही है उसका डेटा, वेरिफिकेशन स्टेटस आरआरटी लॉगिन पर फीड करें। ताकि उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी की जा सके। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि हाउस आईसोलेशन में रहने वाले सभी लोगों को कवर किया जाए। कवर करने के साथ ही उनकों मेडिकल किट उपलब्ध कराया जाए। साथ ही पाजिटिव रोगी के कांटैक्ट को भी आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोरोना संक्रमण को रोका जा सके। इसके बाद मंडलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा आरआरटी और सर्विलांस टीमों के कार्यो के सत्यापन के लिए त्रिवेणी नगर क्षेत्र का भ्रमण किया गया और पाजिटिव रोगियों के घर और उनके आस पास के घरों पर जाकर लोगों से संवाद किया।

## लिंब सेंटर के कोविड हॉस्पिटल में प्रसव की सुविधा शुरू

**लखनऊ( पीएनएस )।** कोविड 19 के दौर में कोरोना संक्रमित महिलाओं के प्रसव को लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिंब सेंटर स्थित कोविड हॉस्पिटल में प्रसव की सुविधा शुरू हो गई है। यहां सामान्य और सिजेरियन दोनो प्रसव की सुविधा उपलब्ध होगी। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) की विभागाध्यक्ष डॉ. उमा सिंह ने बताया कि कोविड हॉस्पिटल में संक्रमित नवजात को भर्ती करने के लिए एनआईसीयू भी बनाया गया है। कोरोना की शुरुआती जांच के लिए स्क्रीनिंग और होल्डिंग एरिया नहीं बनाया गया है। क्वीनमेरी में होल्डिंग एरिया है। यहां जांच के बाद संक्रमित गर्भवती महिलाओं को कोविड हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा दूसरे अस्पतालों से रेफर संक्रमित गर्भवती महिलाओं की भर्ती सीधे कोविड हॉस्पिटल में होगी।

## एसएमयू में छह कोर्सों की होगी ऑफलाइन काउंसिलिंग

**लखनऊ( पीएनएस )।** नए सत्र में दाखिले को लेकर इस बार डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छह कोर्सों में ऑफ लाइन काउंसलिंग आयोजित कराई जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को परिसर आना होगा। जबकि बाकी कोर्सों की काउंसलिंग पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। विद्यालय के प्रवेश निदेशक डॉ कौशल शर्मा ने बताया कि 28 सितंबर से स्नातक कोर्सो की मेरिट सूची जारी होना शुरू हो गई है। पहली मेरिट सूची बीपीओ और बीएससीएलपी की जारी की गई है। इसके बाद 29 सितंबर को पीडीसीडी एवं बीएड की मेरिट सूची जारी की गई है। उन्होंने बताया इन कोर्सों के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय इस बार दाखिले के लिए स्नातक स्तर में छह कोर्सों की ऑफलाइन काउंसिलिंग कराएगा। इनमें बीपीओ, बीएएसएलपी,पीडीसीडी, डीएड, बीएड और बीकानेर रेलवे कोर्स ऑफलाइन काउंसलिंग में शामिल है। इसके अलावा बीए, बीकॉम सहित सभी गैर व्यवसायिक कोर्सों की काउंसलिंग ऑनलाइन होगी। इसमें विद्यार्थी को फीस भी ऑनलाइन ही जमा करनी होगी।

## धोखाधड़ी के मामले में प्रबंध निदेशक की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ( वि.सं. )।** प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी के दो मामलों में निरुद्ध आर सन्स इन्फ्रालैंड डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक आशीष श्रीवास्तव की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। एडीजे स्वप्ना सिंह ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के इस अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील मुन्ना लाल यादव के मुताबिक मुल्जिम ने विज्ञापन के जरिए लोगों से प्लाट दिलाने के एवज में लाखों रुपए लिए। लेकिन न तो प्लाट दिलाया और न ही रकम वापस की।

# रिटेल स्टोर्स के जरिए योगी सरकार करेगी ओडीओपी की ब्रांडिंग

## कैबिनेट के फैसले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार अब ओडीओपी के उत्पादों की ब्रांडिंग करने के लिए पूरे देश में रिटेल स्टोर्स खोलेगी। यह निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। कैबिनेट निर्णय के अनुसार यूपी से बाहर यह स्टोर्स एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर खोले जाएंगे। राज्य सरकार ब्रांडिंग योजना के तहत स्टोर्स खोलने पर वित्तीय प्रोत्साहन सहायता भी देगी। यह ब्रांडिंग योजना तीन सालों के लिए है। पंचायत क्षेत्र, नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में राज्य सरकार वित्तीय प्रोत्साहन सहायता देगी। पंचायत क्षेत्र में खुलने वाले ओडीओपी स्टोर्स के लिए 40 हजार, नगर पालिका क्षेत्र में स्थापित ओडीओपी स्टोर्स के लिए 60 हजार रुपये तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थापित ओडीओपी स्टोर्स को सरकार एक लाख रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन देगी। दिल्ली और मुंबई के एयरपोर्ट पर स्टोर्स के लिए किराए, विद्युत बिल तथा सजावट के सापेक्ष पांच लाख रुपये तथा इन दोनों शहरों के रेलवे स्टेशनों पर इस मद में दो लाख रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। लखनऊ, वाराणसी, पुणे, कोचीन, बड़ोदरा, अमृतसर, इंदौर, नागपुर, मंगलौर, विशाखापत्तनम, तिरुपति तथा अन्य प्रदेशों की राजधानियों में एयरपोर्ट पर चार लाख रुपये तथा रेलवे स्टेशनों पर 1.5 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। श्रेणी क तथा ख के अलावा अन्य शहरों के एयरपोर्ट के लिए तीन लाख तथा रेलवे स्टेशनों के लिए 75 हजार रुपये वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### स्वयं सहायता समूह करेंगे पुष्टाहार का उत्पादन व आपूर्ति

**लखनऊ।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित होने वाला पुष्टाहार अब स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्पादित और वितरित होगा। इसके लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच एमओयू किया जाएगा। कैबिनेट निर्णय के अनुसार इससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही महिला सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन को बल मिलेगा एवं स्थानीय उत्पादों की खपत भी होगी। स्वयं सहायता समूहों द्वारा पुष्टाहार उत्पादन एवं आपूर्ति शुरू किए जाने तक गेहूं व चावल आदि भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से तथा देशी घी व स्किम्ड मिल्क पाउडर प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड से निर्धारित मानकों के अनुसार स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा। योजना पर प्रतिवर्ष 4190.62 करोड़ रुपये का खर्च संभावित है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार का अंश आधा-आधा है। इस प्रकार राज्य सरकार पर प्रतिवर्ष कुल 2096.31 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा।

### जेवर एयरपोर्ट निर्माण के लिए निविदा अवधि में विस्तार

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर के निर्माण के लिए कंसेशन एग्रीमेंट हस्ताक्षरित किये जाने के लिए बिड अवधि में विस्तार किया है। कैबिनेट निर्णय के अनुसार मलेशिया एवं भारत और स्विट्जरलैण्ड के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानें प्रारम्भ होने (जो भी बाद में हों) से 45 दिनों के समय के साथ ही भारत में मैनडेटरी क्वारंटाइन की अवधि को सम्मिलित करते हुए तथा बिड वैलिडिटी तथा सिक्योरिटी की अवधि जो 24 अक्टूबर 2020 तक थी उसे 31 मार्च 2021 तक बढ़ाये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर की स्थापना के लिए एयरपोर्ट क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले लोक निर्माण विभाग एवं ऊर्जा विभाग की परिसम्पत्तियों, अन्य अवस्थापनाओं के विस्थापन, अवसंरचनाओं की स्थापना से सम्बन्धित कार्यों को उनके विभागीय बजट से वहन किये जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित किया गया।

### उप्र आबादी सर्वेक्षण और अभिलेख संक्रिया विनियमावली मंजूर

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित स्वामित्व योजना के कार्यान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश आबादी सर्वेक्षण और अभिलेख संक्रिया विनियमावली 2020 के प्रख्यापन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्र के विधिमान्यीकरण के लिए ग्रामीण आबादी क्षेत्र के संचित अभिलेख तैयार करने के लिए नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से सर्वेक्षण कर उनके स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख तैयार करने के लिए स्वामित्व नामक योजना का शुभारम्भ राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को किया गया है। इसके तहत ग्रामीण भारत के नागरिकों को ऋण और अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए अपनी संपत्ति को एक वित्तीय परिसंपत्ति के रुप में प्रयोग करने में सक्षम बनाते हुए उन्हें वित्तीय स्थिरता प्रदान करना है।

### सेवानिवृत्त चिकित्सा शिक्षकों को आचार्य के पद पर रखेगी सरकार

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विवि सैफई इटावा, सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान नोएडा, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा तथा उच्चस्तरीय कैंसर संस्थान एवं चिकित्सालय लखनऊ में आचार्य के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर सेवानिवृत्त चिकित्सा शिक्षकों को रखेगी। कैबिनेट निर्णय के अनुसार उक्त नवसृजित विवि में नियमित पदों के सापेक्ष अन्य राजकीय मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सा संस्थानों, चिकित्सा विवि तथा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज से सेवानिवृत्त चिकित्सा शिक्षकों में से ऐसे आचार्य जो अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं को आचार्य के रूप में निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के आधार पर 220000 रुपए प्रतिमाह के नियत पारिश्रमिक पर पुनर्नियोजित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### बिलारी व बनियाखेड़ा विकास खंड के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी

**मंत्रिपरिषद** ने मुरादाबाद के अन्तर्गत बिलारी विकास खण्ड एवं जनपद सम्भल के अन्तर्गत बनियाखेड़ा विकास खण्ड के पुनर्गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। गौतमबुद्धनगर के अन्तर्गत विकास खण्ड दनकौर को समाप्त कर विकास खण्ड बिसरख दादरी एवं जेवर के पुनर्गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबन्धन और विनियमन संशोधन विधेयक 2020 के प्रारूप तथा अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन को यथाप्रक्रिया राज्य विधानमण्डल से पारित कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। देवबन्द-रुड़की रेल लाइन परियोजना एवं डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण के लिए सिंचाई विभाग की सहारनपुर, मेरठ एवं गौतमबुद्धनगर की विभिन्न कुल 4 भूमि को रेल मंत्रालय भारत सरकार को हस्तांतरित किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिये हैं। आईटीआर कंपनी लिमिटेड बरेली के कर्मचारियों व अन्य लम्बित देयताओं के भुगतान के लिए 62.436 करोड़ रुपये में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पक्ष में अस्पताल निर्माण के लिए विक्रय किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अल्पकालीन ई– निविदा सूचना** अनुभवी ठेकेदारों/ फर्मों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें दो भागों में आन–लाईन आमंत्रित की जाती है, आनलाइन निविदा **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक 10.10.2020 को अपरान्ह 11.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है एवं जिसके खुलने की तिथि 10.10.2020 को अपरान्ह 02.00 बजे निर्धारित है। निविदा के प्रथम भाग में निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि, जो कि दिनांक–09.10.2020 तक (आर0टी0जी0एस0/ एन0ई0 एफ0टी0) द्वारा अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर के **बैंक खाता संख्या** 0170002100023127 (IFSC Code-PUNB0017000, Punjab National Bank, Fatehpur) में जमा की जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथायोज्य यू0टी0आर0 संख्या पे–इन–स्लिप की मूलप्रति (इश्यू बैंक के कन्फर्मेशन मेल की प्रति) ई–निविदा प्रपत्रो के साथ ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, एवं सम्बन्धित बैंक से पुष्टि तथा निविदा के प्रथम भाग की शर्तों के पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदा का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा का प्रथम भाग खुलने पर फर्मों द्वारा सभी शर्तें पूरी करने वाले ठेकेदारों/फर्मो के सभी अभिलेखों की सत्यता की जांच इस कार्यालय द्वारा करायी जायेगी। फर्जी अभिलेख/प्रपत्र पाये जाने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस पर निविदा खोली जायेगी। **1. ई–निविदा संख्या–68/वि0वि0मं0फ0/ कार्य/2020–21:– कार्य का विवरण**–विद्युत वितरण खण्ड– तृतीय खागा, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत एस0टी0डब्लू0 मे थ्री फेस इलेक्ट्रानिक मीटरों की स्थापना का कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00+रू0 90.00 जी0एस0टी0) **धरोहर धनराशि:–** 5000.00 (रू0 पॉच हजार) मात्र। **2. ई निविदा संख्या – 69/ वि0वि0मं0फ0/ कार्य/2020–21:–कार्य का विवरण:** विघुत वितरण मण्डल, फतेहपुर के कार्यालय मे 1 वर्ष की अवधि तक विभिन्न रनिंग मेन्टेनेन्स का कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0) **धरोहर धनराशि:** 5000.00 (रू0 पॉच हजार) मात्र। **3. ई–निविदा संख्या 70/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2020–21 :– कार्य का विवरण:–** विघुत वितरण मण्डल, फतेहपुर के कार्यालय मे स्थापित 5 नग कम्प्यूटर सिस्टम, प्रिन्टर आदि का 1 वर्ष की अवधि तक रनिंग मेन्टेनेन्स का कार्य। **निविदा का मूल्य** रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0) **धरोहर धनराशि :–** 5000.00 (रू0 पॉच हजार) मात्र। **शर्ते :–** 1. कार्य एक या कई फर्मो को आवंटित किया जा सकता है। 2. अघोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 4. निविदा की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश या अन्य कारणों से कार्यालय बन्द होने की स्थिति मे अगले कार्य दिवस जिसेमे कार्यालय खुला होगा, खोली जायेगी। 5. सम्बन्धित कार्यो हेतु सिर्फ अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो को ही निविदा से सम्मिलित किया जायेगा। 6. क्रम संख्या:– 1 मे सम्मलित होने वाले निविदादाताओं के लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय से जारी ''क'' श्रेणी का वैघ लाइसेन्स अनिवार्य होगा। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर** R.O No. 2737 Dated- 29-09-2020 ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं''

## मोबाइल एप के जरिए होगा मंडलों में बेसलाइन सर्वे: किंजल सिंह

**लखनऊ।** मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण किंजल सिंह ने कहा है कि एसबीजीएम ग्रामीण फेज.2 अन्तर्गत सभी मण्डलों में मोबाइल एप के जरिये सर्वे कराया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को बेसलाईन सर्वे के संबंध में पंचायतीराज निदेशालय में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रदेश के 18 मण्डलों के सभी उपनिदेशक एवं मण्डलीय कन्सलटेन्ट्स तथा पंचायतीराज निदेशालय के अधिकारियों एवं निदेशालय में विभिन्न योजनान्तर्गत तैनात समस्त कन्सलटेन्ट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि इक्ष्वाकू शर्मा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज.2 अन्तर्गत बेसलाईन सर्वे हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित एप के माध्यम से बेसलाईन सर्वे करने पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्मुखीकरण कार्यशाला में मिशन निदेशक के निर्देशन में निदेशालय से प्रदेश के लखनऊ एवं गोण्डा जनपद से 2-2 ग्रामों में 4 राज्य स्तरीय टीम भेज कर बेसलाईन सर्वे की डेमो एक्सरसाइज की गई।

## एनजीटी में परिवाद की पैरोकारी के लिए नोडल अधिकारी नामित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में विचाराधीन वाद अश्विनी कुमार दुबे बनाम यूनियन आफइण्डिया एवं अन्य के सम्बन्ध में पैरोकारी करने के लिए मुख्य अभियन्ता (सोन) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश वाराणसी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। यह जानकारी विशेष सचिव सिंचाई मुश्ताक अहमद ने दी। यह वाद जनपद सोनभद्र के थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न होने वाली प्रदूषण से सम्बन्धित है। इस मुकदमें में सीपीसीबी द्वारा पेश कि गई रिपोर्ट में रिहन्द जलाशय के डिसिल्टिंग-पुनर्स्थापना, पानी की गुणवत्ता एवं जलाशय की क्षमता के अनुरक्षण के संबंध में बिन्दु उठाये गये हैं। इसमें सिंचाई विभाग का पक्ष प्रस्तुत किया जाना है। यह प्रकरण मुख्य अभियन्ता (सोन) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश वाराणसी से संबंधित है। इस मामले में नोडल अधिकारी द्वारा समय-समय पर भविष्य में आयोजित की जाने वाली बैठकों में प्रतिभाग किया जायेगा।

**ग्राम पंचायत छछूँद वि.ख.अछल्दा, जिला-औरैया**
ग्राम विकास योजना 14वें वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की कार्य योजना हेतु निविदा सूचना

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0 पंचायत छछूँद में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 525360.00 | 5 दिन |

प्रधान, ग्रा0पं0 छछूँद, वि0ख0अछल्दा (औरैया) — ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा0पं0छछूँद, वि0ख0अछल्दा (औरैया)

**ग्राम पंचायत चिमकुनी वि.ख.अछल्दा, जिला-औरैया**
ग्राम पंचायत विकास योजना 14वें वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की कार्य योजना हेतु निविदा सूचना

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत चिमकुनी में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 495003.66 | 5 दिन |

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा0पं0चिमकुनी, वि0ख0अछल्दा (औरैया) — प्रधान, ग्रा0पं0चिमकुनी, वि0ख0अछल्दा (औरैया)

**ग्रा0पं0 भुलईपुर वि0ख0 अछल्दा जिला–औरैया**
निविदा सूचना
ग्राम पंचायत विकास योजना 14 वित्त आयोग 15 वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना हेतु निविदा सूचना।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 भुलईपुर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 525360 | 5 दिन |

प्रधान, ग्राम पंचायत भुलईपुर, वि0ख0 अछल्दा, जिला–औरैया — ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत भुलईपुर, वि0ख0 अछल्दा, जिला–औरैया

**ग्रा0पं0 चन्दपुरा वि0ख0 अछल्दा जिला–औरैया**
निविदा सूचना
ग्राम पंचायत में मनरेगा एवं 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की कार्य योजना हेतु निविदा सूचना।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 चन्दपुरा में सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य। | 5,65,000 | 7 दिन |
| 2 | ग्रा0पं0 चन्दपुरा में पंचायत भवन का निर्माण कार्य। | 11,80,000 | 7 दिन |

प्रधान, ग्राम पंचायत चन्दपुरा, वि0ख0 अछल्दा, जिला–औरैया — सचिव, ग्राम पंचायत चन्दपुरा, वि0ख0 अछल्दा, जिला–औरैया

**ग्राम पंचायत सल्हूपुर वि.ख.अछल्दा, जिला-औरैया**
ग्राम विकास 14वें वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग/मनरेगा की संस्तुतियों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की कार्य योजना हेतु निविदा सूचना

| क्र. | ग्रा0पं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सल्हूपुर | ग्रा0पं0 सल्हूपुर में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 565000.00 | 4 दिन |
| 2 | सल्हूपुर | रजवाहा से प्रा0वि0 सल्हूपुर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 186600.00 | 4 दिन |
| 3 | सल्हूपुर | जगदीश के प्लाट से नीरज के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 186500.00 | 4 दिन |
| 4 | सल्हूपुर | भगत जी के देव स्थल से मालती के प्लाट तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 174600.00 | 4 दिन |

ग्रा0वि0अधिकारी, ग्रा0पं0सल्हूपुर, वि0ख0अछल्दा (औरैया) — प्रधान, ग्रा0पं0सल्हूपुर, वि0ख0अछल्दा (औरैया)

# जलभराव का जायजा लेने पहुंची एसडीएम, नाला निर्माण शुरू

खबर का असर

संवाददाता। मोहनलालगंज



**संकटमोचन** मंदिर के आसपास की बस्ती को जल्द ही जलभराव और गन्दगी की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। बस्ती के लोगों की समस्या को लेकर पायनियर की मुहिम के बाद जायजा लेने पहुंची एसडीएम किंशुक श्रीवास्तव ने पीडब्ल्यूडी से नाला निर्माण की शुरुआत करा दी है। जलभराव की हकीकत देखने के बाद एसडीएम ने ठेकेदार को महीने भर में नाला निर्माण का कार्य हर हाल में पूरा कराने की हिदायत भी दी है।

मोहनलालगंज कस्बे के संकटमोचन मंदिर के आसपास की सैकड़ों लोगों की आबादी जल निकासी के अभाव में पिछले दो साल से जलभराव और गन्दगी की विकराल समस्या झेल रहे हैं। तमाम शिकायतों के बावजूद ब्लाक प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के बीच अटके इस मामले का समाधान अब तक नहीं हो सका था। पायनियर में इसे लेकर लगातार खबरें छपने के बाद एसडीएम किंशुक श्रीवास्तव ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से बातचीत कर ठण्डे बस्ते में पड़े नाला निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दिलाकर नाला निर्माण की शुरुआत भी करा दी। पीडब्ल्यूडी के जेई जावेद खान के साथ बस्ती में जलभराव की समस्या का जायजा लेने पहुंची एसडीएम ने लोगों की परेशानी को देखते हुए ठेकेदार को तेजी से कार्य कराते हुए एक माह में ही नाला निर्माण पूरा कराकर जल निकासी कराने के निर्देश दिए हैं। अवर अभियन्ता ने बताया लगभग 18 लाख की लागत से तीन सौ मीटर नाला निर्माण कराया जाना है।

# धान खरीद पर पड़ सकता है हड़ताल का असर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडी** शुल्क माफ कराने की मांग को लेकर प्रदेश की कई मंडियों में अभी भी हड़ताल जारी है। इसका सीधा असर धान खरीद पर पड़ सकता है। प्रदेश योगी सरकार ने 1 अक्टूबर से पूरी तैयारी के साथ धान खरीद की तिथि निर्धारित की है। हड़ताल पर चल रहे मंडी व्यापारियों का कहना है कि कई प्रदेशों में मंडी शुल्क पूरी तरह से माफ है लेकिन उत्तर प्रदेश में मंडी शुल्क के नाम पर किसानों व व्यापारियों से कुल ढाई प्रतिशत शुल्क वसूला जा रहा है जो कि गलत है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की 45 गल्ला मंडियों में अभी चल रही हड़ताल चल रही है। इस संबंध में निदेशक मंडी का कहना है कि मंडी शुल्क के मामले में शासन स्तर पर विचार होना है उन्होंने कहा कि कई मंडियां खुल चुकी हैं और जो मंडियां बंद है उन्हें भी खोले जाने के लिए विचार विमर्श चल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान खरीद का लक्ष्य 55 लाख मीट्रिक टन निर्धारित करते हुए बीते 15 सितम्बर तक इसके लिये पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त ने बैठक के विपणन वर्ष 2020-21 में किसानों से धान खरीद के लिये 15 सितम्बर तक सम्पूर्ण तैयारी कर लेने के निर्देश खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को दिये थे।

## सीएमएस स्टेशन रोड ने किया पौधरोपण समारोह का आयोजन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा छात्रों में हरी-भरी धरती के प्रति उत्साह जगाने एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'प्लान्टेशन ड्राइव' का ऑनलाइन आयोजन किया गया। यह समारोह मुख्यतः प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के छात्र-छात्राओं हेतु आयोजित किया गया, जिसमें प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपने हाथो से पौधा रोपण किया जबकि शिक्षिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं को पेड़-पौधों के महत्व एवं पौधों की देखभाल से सम्बन्धित जानकारी दी गई। इस अवसर पर लीफपेन्टिंग, वेजीटेबल पेन्टिंग एवं ड्राइंग आदि विभिन्न रोचक गतिविधियाँ सम्पन्न हुई, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह से बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी बाल सुलभ प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। सीएमएस स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या वीरा हजेला कहा कि यह 'प्लान्टेशन ड्राइव' नन्हें-मुन्हें छात्रों के लिए एक बहुत ही व्यावहारिक व सुखद अनुभव साबित हुआ। यही छात्र आगे चलकर पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन के अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी से निभायेंगे।

## सीएमएस शिक्षिका इण्डियाज मोस्ट इनोवेटिव टीचर अवार्ड से सम्मानित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस की शिक्षिका सुश्री निधि ग्रोवर को शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु 'इण्डियाज मोस्ट इनोवेटिव टीचर अवार्ड' से नवाजा गया है। सुश्री ग्रोवर को यह अवार्ड एक प्रतिष्ठित शैक्षिक परामर्श संस्था के तत्वावधान में प्रदान किया गया तथापि अभी हाल ही में आयोजित एक वर्चुअल सम्मान समारोह में सुश्री ग्रोवर को पाँच हजार रूपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित अवार्ड हेतु 3786 प्रतिभागियों में से 10 सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को इस अवार्ड हेतु चयनित किया गया, जिनमें सुश्री ग्रोवर भी शामिल हैं। सुश्री ग्रोवर को कोविड-19 के कारण स्कूल बंदी के दौरान विभिन्न ऑनलाइन रचनात्मक व सृजनात्मक शैक्षणिक गतिविधियों द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित करने एवं छात्रों की प्रतिभा को उभारने के अतुलनीय प्रयासों हेतु इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है।

## वेतन के लिए बजट जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए प्राविधानित चौबीस अरब रुपए में से माह सितंबर 2020 के वेतन हेतु एक अरब 52 करोड़ 58 लाख 76 हजार चार सौ इकहत्तर रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। जारी की गई धनराशि महाविद्यालय की वास्तविक आवश्यकता का आकलन करके ही आहरित की जाएगी और कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के पूर्व प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कर लिया जाएगा कि पद धारक विधिवत चयनित एवं नियुक्त हो तथा सक्षम अधीकारी द्वारा अनुमोदित हो।

## कैब में छेड़छाड़ करने वाला शोहदा गिरफ्तार

**लखनऊ।** नाका पुलिस ने सैलून जा रही है एक महिला को ओला कैब में घूरने, अश्लील गाना बजाने और छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नाका सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि थाने पर एक महिला ने मुकदमा पंजीकृत कराया था कि वह 26 सितंबर की शाम को ओला कैब बुक करके राजाजीपुरम अपने सैलून जा रही थी। तभी ड्राइवर ने रास्ते में रियर व्यू मिरर महिला को घूरा, महिला ने इसका विरोध किया तो अश्लील गाना बजाने लगा और महिला के साथ गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी।

## प्रेमी से धोखा खाई युवती न्याय के लिए लगा रही थानों के चक्कर

**निगोहां।** दो वर्ष से मायके में रह रही एक महिला को पड़ोस के गांव का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया, महिला अपने साथ एटीएम कार्ड जेवर, नकदी आदि ले गई। दो महीने बाद ही युवक उसे चारबाग स्टैंड पर छोड़ भाग निकला। पीड़िता ने युवक पर एटीएम कार्ड, जेवर नकदी हड़पने का आरोप लगाया है। नारायण खेड़ा निगोहां की कांती ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से अपने पति से अलग मायके में रह रही है। इस दौरान उसकी मुलाकात पास के गांव काटा कोरौंदी निगोहां के रहने वाले राधेलाल से हो गई। आरोप है कि युवक ने जिंदगी साथ बिताने का वादा किया, गांव की ही एक महिला उसे लेकर पीजीआई आई, जहां से दोनों पटियाला पंजाब चले गए। कांती का कहना है कि आरोपी ने उसकी नकदी खर्च कर दी, एटीएम कार्ड से 30 हजार रुपए निकाल कर खर्च कर दिए, कोई काम काज नहीं किया, जब विरोध किया तो सब कुछ छीन लिया और बीते 27 सितम्बर को चारबाग स्टेशन के पास स्टैंड पर छोड़ कर भाग गया। महिला का आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर निगोहां थाने पहुंची तो पुलिस ने घटना स्थल पीजीआई क्षेत्र का बता कर उसे पीजीआई थाने भेज दिया। वहीं पीजीआई थाने की पुलिस उन्हें निगोहां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दे रही है।

## रुद्राभिषेक व पूजन-हवन कर की गई कोरोना मुक्ति की प्रार्थना

**मोहनलालगंज।** कोरोना संकट से उबारने के लिए लोगों ने ईश्वर का सहारा लिया है। मोहनलालगंज के दहियर गांव में सोमवार को श्रद्धालु ग्रामीणों ने जन सहयोग से प्राचीन लखनेश्वर महादेव मंदिर पर सामूहिक रुद्राभिषेक और हवन पूजन का आयोजन किया। हैण्डवाश और मास्क की सावधानी का खास ख्याल रखते हुए शिव की पूजा अर्चना कर ग्रामीणों ने देश को कोरोना महामारी से छुटकारा दिलाने की प्रार्थना की।

**DHFL** Changing Rules Changing Lives
**दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड**
**राष्ट्रीय कार्यालय :** एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
**शाखा कार्यालय :** धीरज बाग, बिल्डिंग ''ए'' भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरी निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400602.

**माँग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधिन अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधिन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखीत कर्जदार(रों) (उक्त कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई है। चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों)को एक बार पुन:डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भूगतान , उक्त कर्जदार(रों)द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज / प्रलेख, यदी काई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से भूगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों)द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रुप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई है।

| कर्जदार (रो)/ गारंटर (रो) का नाम | माँग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एल.सी. नं. 00003601)(वाराणसी शाखा), सियाराम आयरन प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार)आशीष कुमार सिंह (सह-कर्जदार1) प्रियंका सिंह (सह-कर्जदार 2) सुशीला सिंह (जमानतदार-1) हरीश चंद्र सिंह (जमानतदार-2) | 19-08-2020 ₹ 24162363/-(रुपए दो करोड़ इकतालीस लाख बासठ हजार तीन सौ तिरसठ) एनपीए (01-03-2020) | अरजी नं. 288, हसनपुर कालोनी, मौजा मंडुआदिह परगना देहत अमानत वाराणसी उत्तर प्रदेश- 221001 |
| (बरेली शाखा का एल.सी. नं. 00000062) किरण गंगवार (कर्जदार) दीपक गंगवार (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 2396530/-(रुपए तेईस लाख छियानबे हजार पांच सौ तीस) एनपीए (01-04-2020) | खसरा नं.133,138,139 का हिस्सा प्लॉट नं.4, ग्राम शेरपुर बरेली बरेली उत्तर प्रदेश- 243001 |
| (लखनऊ-लालबाग शाखा का एल.सी. नं. 00042828) देवेंद्र प्रताप सिंह (कर्जदार)पूनम सिंह (सह-कर्जदार 1) राणा प्रताप सिंह (सह-कर्जदार 2) | 19-08-2020 ₹ 677158/-(रुपए छह लाख सतत्तर हजार एक सौ अठ्ठावन) एनपीए (01-04-2020) | प्लॉट नं.40, खसरा नं.70 का हिस्सा विल्ल-हसमौ परगना और तहसील लखनऊ उत्तर प्रदेश- 226020 |
| (लखनऊ-लालबाग शाखा का एल.सी. नं. 00042693) प्रेम चंद वर्मा (कर्जदार)पंकज कुमार वर्मा (सह-कर्जदार 1) जय श्री (सह-कर्जदार 2) | 19-08-2020 ₹ 448104/- (रुपए चार लाख अड़तालीस हजार एक सौ चार) एनपीए (01-04-2020) | प्लॉट ऑन खसरा नं.290 Sa का हिस्सा विल्ल औरंगाबाद जगीर वार्ड राजा बिजली पासी तहसील और जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश- 226020 |
| (झांसी शाखा का एल.सी. नं. 00000606)नेल्सन मसीह (कर्जदार)रेचल नेल्सन मसीह (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1708928/-(रुपए सत्रह लाख आठ हजार नौ सौ अठ्ठाईस)एनपीए (01-03-2020) | एच.नं.296/2 मौजा गरिया गाँव ब्लॉक बबीना ईसाई टोला काली मंदीर के पास प्रेम नगर झांसी झांसी उत्तर प्रदेश- 284002 |
| (वाराणासी शाखा का एल.सी. नं. 00003825) कमलेश सिंह (कर्जदार) रेणु राधा (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 985533/-(रुपए नौ लाख पचासी हजार पांच सौ तेंतीस)एनपीए (01-04-2020) | अर्जी नं.31 मौजा मढ़वा परगना शिवपुर वाराणसी उत्तर प्रदेश- 221001 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00006801) कामता प्रसाद गौतम (कर्जदार) शिव कुमारी (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1597961/-(रुपए पंद्रह लाख सत्तानवे हजार नौ सौ इकसठ)एनपीए ( 01-05-2020) | प्लॉट नं.111 और प्लॉट नं.130-ए का हिस्सा, खसरा नं. 124 Sa, का हिस्सा, उत्तरधौना परगना तहसील और जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश- 226020 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00007083) मोहम्मद नातिक (कर्जदार) शाहबे आलम (सह-कर्जदार 1) हाफिज़ सादिक हुसैन (सह-कर्जदार 2) | 19-08-2020 ₹ 1924436/-(रुपए उन्नीस लाख चौबीस हजार चार सौ छत्तीस)एनपीए ( 01-05-2020) | हाउस नं.101/17, स्थित बैरुनी खंडक वार्ड-शिवाजी मार्ग,लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 |
| (लखनऊ-लालबाग शाखा का एल.सी नं. LUK31706) योगेंद्र नाथ मिश्रा (कर्जदार) | 19-08-2020 ₹ 951932/- (रुपए नौ लाख इक्यावन हजार नौ सौ बत्तीस)एनपीए (01-02-2020) | एच/फ्लैट नं.4-ए, मंजिल नं.1, प्लॉट नं.326, खेतोरा बांगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश- 208024 |
| (दिल्ली-पीतमपुरा शाखा का एल.सी नं. PTM31740) सुब्रमण्यन कृष्णमूर्ति (कर्जदार) | 19-08-2020 ₹ 1464115/-(रुपए चौदह लाख चौंसठ हजार एक सौ पंद्रह)एनपीए (01-04-2020) | एच/फ्लैट नं.237, मंजिल नं.1, गुलमोहर एसेट, सेक्टर-पीआई, ग्रेटर नोएडा ग्रेटर नोएडा उत्तरप्रदेश-201308 |
| (दिल्ली-सफदरजंग शाखा का एल.सी नं. DEL36008) शूरवीर सिंह (कर्जदार) | 19-08-2020 ₹ 1666291/- (रुपए सोलह लाख छियासठ हजार दो सौ इक्यानबे)एनपीए (01-04-2020) | एच/फ्लैट नं. एम 301बी, मंजिल नं. अपर ग्राउंड मंजिल,प्लॉट नं.41, शालीमार गार्डन एक्स टेंशन 1, गाँव गाजियाबाद उत्तरप्रदेश-201005 |
| (दिल्ली-सफदरजंग शाखा का एल.सी नं. DEL36009) शूरवीर सिंह (कर्जदार) | 19-08-2020 ₹ 563296/-(रुपए पांच लाख तिरसठ हजार दो सौ छियानबे)एनपीए (01-04-2020) | एच/फ्लैट नं. एम 301बी, मंजिल नं. अपर ग्राउंड मंजिल,प्लॉट नं.41, शालीमार गार्डन एक्स टेंशन 1, गाँव गाजियाबाद उत्तरप्रदेश-201005 |
| (नई दिल्ली शाखा का एल.सी नं. 00003507) शंकर शर्मा (कर्जदार)सुनीता (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1142666/-(रुपए ग्यारह लाख बयालीस हजार छे सौ छियासठ)एनपीए (01-04-2020) | प्लॉट नं. एफ-395, इंद्रप्रस्थ फेस-2, गाजियाबाद उत्तरप्रदेश-201102 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00001438) जय प्रकाश पांडे (कर्जदार) उर्मिला पांडे (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 483308/-(रुपए चार लाख तिरासी हजार तीन सौ आठ)एनपीए (01-05-2020) | प्लॉट नं.15, खसरा नं.106 का हिस्सा, अमराई गाँव वार्ड -शहिद भगत सिंह, लखनऊ उत्तरप्रदेश-226001 |
| (गाजियाबाद शाखा का एल.सी. नं. 00001752) आर.के. ब्रिक्स (कर्जदार) लोकेंद्र वर्मा (सह-कर्जदार 1) सविता वर्मा (सह-कर्जदार 2) रजत वर्मा (जमानतदार-1) कुणाल वर्मा (जमानतदार-2) सोहन बीरी (जमानतदार-3) | 19-08-2020 ₹ 6851359/-(रुपए अड़सठ लाख इक्यावन हजार तीन सौ उनसठ)एनपीए (01-04-2020) | प्लॉट नं.28, ब्लॉक नं.डी, कौशाम्बी गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तरप्रदेश-201012 |
| (मेरठ शाखा का एल.सी. नं. 00000839) संगम मॉल प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार)अजय गोयल (सह-कर्जदार 1) गौरव गोयल (सह-कर्जदार 2) मनीष गोयल (जमानतदार-1) शशि गोयल (जमानतदार-2) | 19-08-2020 ₹ 6613860/-(रुपए छियासठ लाख तेरह हजार आठ सौ साठ)एनपीए (01-03-2020) | रेसीडेन्शल कम कमर्शियल प्रॉपर्टी नं.369 और 370, किशनपुरा मलियाना फ्लाईओवर के पास गाँव मलियाना बागपत मार्ग, मेरठ उत्तरप्रदेश-250001 |
| (मेरठ शाखा का एल.सी. नं. 00001919) दीपक (कर्जदार)पूनम (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1374351/-(रुपए तेरह लाख चौहत्तर हजार तीन सौ इक्यावन)एनपीए (01-01-2020) | प्रॉपर्टी नं.630,खसरा नं.192/2, विल औरंगशापुर गोलबार, सरस्वती विहार, फेस-II, परगना तहसील और जिला मेरठ उत्तरप्रदेश-250001 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00009466) जैदी एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार)सैयद मोहम्मद जैदी (सह-कर्जदार 1) सैयद ताकी मेहदी जैदी (सह-कर्जदार 2) सईदा असगरी फातिमा जैदी (जमानतदार-1) | 19-08-2020 ₹ 4315974/-(रुपए तैंतालीस लाख पंद्रह हजार नौ सौ चौहत्तर)एनपीए (01-03-2020) | एच नं. 450/187/1 ऑन प्लॉट नं. 51 और 52ए, खसरा नं.319(एम) रामगंज, हटा मिर्जा अली खान हुसैनाबाद, दौलतगंज लखनऊ उत्तरप्रदेश-226003 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00002193) अमित कुमार (कर्जदार)श्रीमती सोभा(सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1085779/-(रुपए दस लाख पचासी हजार सात सौ उन्यासी)एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं. ई 98, खसरा नं.189 तेराखास परगना तहसील लखनऊ उत्तरप्रदेश-226001 |
| (देहरादून शाखा का एल.सी. नं. 00005117) तसलीम अहमद (कर्जदार)मुस्तकीम अहमद (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1805186/-(रुपए अठारह लाख पांच हजार एक सौ छियासी)एनपीए (01-04-2020) | खसरा नं.178 जीएचए, खाता नं.1823, स्थित मौजा माजरा परगना सेंट्रल दून, देहरादून देहरादून उत्तरांचल-248001 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00004930) जयराम (कर्जदार)रेखा देवी (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1719181/- (रुपए सत्रह लाख उन्नीस हजार एक सौ इक्यासी)एनपीए (01-05-2020) | सेमी फिनिश हाऊस ऑन प्लॉट नं.96 डी, खसरा नं. 66केए मिंजुमला कंचनपुरमतीरी वार्ड शहीद भगत सिंह लखनऊ उत्तरप्रदेश-226020 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00005147 ) तिल बहादुर बिस्वकर्मा (कर्जदार)पूनम देवी (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1506373/- (रुपए पंद्रह लाख छह हजार तीन सौ तिहत्तर)एनपीए (01-03-2020) | हाऊस ऑन खसरा नं.189, मिंजुमला विल भगवंत नगर वार्ड इब्राहिमपुर लखनऊ उत्तरप्रदेश-226020 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नं. 00001828 )सीता राम माथुर (कर्जदार)कुंती देवी माथुर (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1527520/- (रुपए पंद्रह लाख सत्ताईस हजार पांच सौ बीस)एनपीए (01-04-2020 ) | प्लॉट नं.119, ब्लॉक डब्ल्यू-2, स्किम नं.-2, यूनीट नं. एस-2, रुद्रा साई रेसीडेंसी जूही कानपुर कानपुर रुरल उत्तरप्रदेश - 208014 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नं. 00006012 )ध्रुव मल्होत्रा (कर्जदार)मधु मल्होत्रा(सह-कर्जदार 1) सत्यम मल्होत्रा(सह-कर्जदार 2) | 19-08-2020 ₹ 11938402/-(रुपए एक करोड़ उन्नीस लाख अडतीस हजार चार सौ दो) एनपीए (01-04-2020 ) | एच. नं. एस 90, ऑन प्लॉट नं.23, ओवर केएच नं.39, ग्राम-बस्तौली (शक्तिनगर) वार्ड-मैथी शरण गुप्ता लखनऊ उत्तरप्रदेश - 226020 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एल.सी. नं. 00001574 ) ओमबीर सिंह (कर्जदार)रेखा रानी(सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 1083102/- (रुपए दस लाख तिरासी हजार एक सौ दो)एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं. बीएच-261, पहली मंजिल, सेक्टर-12,प्रताप विहार, गाजियाबाद, युपी गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश-201009 |
| (सहारनपुर शाखा का एल.सी. नं. 00000033) अनुज कुमार (कर्जदार)गुड्डन (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 ₹ 2224008/-(रुपए बाईस लाख चौबीस हजार आठ)एनपीए (01-04-2020) | प्लॉट नं.312, खसरा नं.-663, शिव मंदिर के पास वेक दारा पठानपुरा पंजाबी बाग कालोनी सहारनपुर उत्तरप्रदेश - 247001 |
| (आगरा शाखा का एल.सी. नं. 00003534)जितेंद्र सिंह सिसोदिया (कर्जदार)कमलेश सिसोदिया (सह-कर्जदार 1)पप्पू सिंह सिसोदिया (सह-कर्जदार 2) राजेश सिसोदिया (जमानतदार-1) | 19-08-2020 ₹ 1072101/- (रुपए दस लाख बहत्तर हजार एक सौ एक) एनपीए (01-03-2020) | हाऊस ऑन खसरा ऑन 2291, रोशन विहार कालोनी नागला मोहन लाल के पास मौजा नरायच, तहसील-एत्मादपुर आगरा उत्तरप्रदेश - 282006 |

यदी उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पुर्णरुपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई व्यक्ती, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा अर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथी : ३०/०९/२०२०
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

# खान मुबारक के गुर्गों पर भी कसा प्रशासन का शिकंजा

**● रेहान की दो करोड़ की अवैध रूप से अर्जित जमीन कुर्क**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**हंसवर** पुलिस का अपराधियो के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान जारी है।जिले के टाप-10 कुख्यात अपराधी माफिया खान मुबारक के सहयोगी रेहान की दो करोड़ की अवैध तरीकों से अर्जित जमीन को प्रशासन ने कुर्क कर दिया।

माफियाओं के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत माफिया खान मुबारक पर धारा-14(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट अधिनियम की कार्यवाही का आदेश जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी हुआ था जिसके अनुपालन के क्रम में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मंगलवार को माफिया खान मुबारक द्वारा अपने सहयोगी रेहान पुत्र मुस्ताक निवासी अमोला बुजुर्ग थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर की (2 करोड़) की जमीन को कुर्क कर दिया गया। यह जमीन बाउली चौक से माडरमऊ मेन रोड पर मौजा जगदीशपुर थाना जहाँगीरगंज तहसील आलापुर में स्थित है जिसका गाटा सं0-371 रकबा 118 एयर(09 बिस्वा) है। पुलिस बल व उप जिलाधिकारी आलापुर (राजस्व टीम) की मौजूदगी में कुर्की की कार्यवाही की गई। जाँच में पता चला था कि रेहान पुत्र मुस्ताक माफिया खान मुबारक के अपराध के पैसों से अवैध सम्पत्ति अर्जित करता था व खरीद फरोख का काम करता था।'

ज्ञात हो कि पूर्व में ही -27 सितम्बर को माफिया खान मुबारक का अवैध मकान जिसकी कीमत लगभग 01 करोड़ 25 लाख रुपये थी,हंसवर पुलिस द्वारा राजस्व टीम के साथ पैमाइस कराकर ध्वस्त किया गया व गाँव के अन्दर दूसरा मकान जिसकी कीमत लगभग 01 करोड़ रुपये है जिसे शीज करके कब्जे में लिया गया। इससे पूर्व 23 सितम्बर को ग्राम थाना हंसवर में स्थित पौने दो एकड़ जमीन (अनुमानित मूल्य 72 लाख रुपये) मे लगी फसल जिसका अनुमानित मूल्य 01 लाख रुपये था, उसे टैक्टर के द्वारा नष्ट किया गया व जमीन पर सरकारी कब्जा किया गया। 22 सितम्बर को हंसवर बाजार स्थित काम्पलेक्स जिसमें 20 दुकाने थी जिसकी कीमत लगभग 01 करोड़ 40 लाख थी, उसे ध्वस्त किया गया था। माफिया खान मुबारक के विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 35 मुकदमें दर्ज हैं। 'इसके पहले भी लगभग 08 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति जप्त की जा चुकी है। माफिया खान मुबारक के साथी परवेज पुत्र सुबराती, जो कि एक लाख रुपये का इनामियाँ व रूबीना पत्नी परवेज पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित है, की लगभग पचास लाख रुपये की सम्पत्ति जप्त की जा चुकी है।



आलापुर तहसील क्षेत्र में जमीन की कुर्की करते अधिकारी व पुलिस अमला पायनियर

# हाथरस की बेटी को न्याय दो : डॉ. आरपी कौशल

**● जिला मुख्यालय पर किया मार्च**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**हाथरस** मे दलित की बेटी के हैवानियत की पराकाष्ठा पार करके बलात्कार किया गया । उक्त बाते जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष डॉ आर. पी. कौशल ने कही। उन्होंने कहा हाथरस की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, हाथरस की बेटी को न्याय मिलना चाहिए।दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाये। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक रामकुमार पाल ने कहा उत्तर प्रदेश मे दलितों पर बेहताशा अत्याचार, हत्या अपराध चरम पर है, उत्तर प्रदेश मे कानून व्यवस्था लागू की जाये। डॉ विजय शंकर तिवारी ने कहा हाथरस की बेटी के परिवार को 50लाख रूपये दिया जाये, और उसके परिवार को सुरछा दी जाये। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र ''बब्लू ''ने बताया उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के निर्देश पर अम्बेडकरनगर कांग्रेस अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष डॉ आर पी कौशल ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पाल और अन्य कांग्रेस जनों के साथ जिला मुख्यालय पर मार्च करके नायब तहसीलदार अकबरपुर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के नि नगर अध्यक्ष गुलाम रसूल ''छोटू '', सुखीलाल वर्मा, महासचिव अमित जायसवाल, राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र प्रजापति, मंजीत राजभर, अभिषेक दूबे ''अनूप '', बृजेश कुमार, श्याम नारायण, पूर्व प्रधान अमरेश कुमार, देशराज कौशल, श्याम बाबू, इम्तियाज अहमद, सत्य प्रकाश, अवधेश कुमार, राजित राम, सुनील कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।



जिला मुख्यालय पर मार्च करते कांग्रेस नेता पायनियर

# विपक्षी दल किसानों को एमएसपी को लेकर कर रहे गुमराह : भाजपा

संवाददाता। अयोध्या

**भाजपा** ने कृषि बिल के विषय में प्रत्येक किसान को जानकारी देने के लिए व्यापक योजना बनायी है। इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक किसान से सम्पर्क स्थापित करेंगे। इसको योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जायेगा। रणनीति बनाने के लिए एक अक्टूबर की महानगर व जिला की बैठकें आयोजित होगी। कृषि बिल के लिए सम्पर्क व संवाद कार्यक्रम में सांसद, विधायक से लेकर भाजपा का प्रत्येक जनप्रतिनिधि भी शामिल होगा। उक्त बातें सांसद लल्लू सिंह ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बतायी।

उन्होने कहा कि पूरे देश में छोटे व विपक्षी दल किसानों को एमएसपी को लेकर गुमराह कर रहे है। यह वहीं पाटियां है जिन्होंने स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट को कभी लागू नहीं किया। जबकि वास्तविकता यह है कि कृषि बिल से एमएसपी प्रभावित नहीं होगी। बल्कि जारी रहेगी। किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए यह बिल अतिरिक्त व्यापारिक अवसर होगा। किसानों के लिए धान का 2.4 गुना, गेंहू का 1.77 गुना तथा दलहन का 7.5 गुना एमएसपी बढ़ाने का काम सरकार ने किया है। लगात मूल्य का कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी का निर्धारण किया जाता है। कोविड.19 से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी 390 लाख मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया जो कि विगत वर्ष से करीब 15 प्रतिशत ज्यादा है। 75 हजार करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया। उन्होने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पूर्व की भांति निर्धारित होते रहेंगे। रबी फसलों की एमएसपी आगामी सप्ताह में घोषित कर दी जायेगी। सरकार का प्रत्येक कदम किसानां को उनकी उपज का उचित लाभ दिलाने के लिए लिया गया है।

महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सपा के पूर्व मंत्री भूमि अधिग्रहण को लेकर जनता को गुमराह करने में लगे है। नियमों की वजह से कुछ लोगो को दिक्कतें आ रही है। परन्तु सभी को संतुष्ट करके ही कोई कार्यवाही होगी। इसके लिए हर स्तर पर कदम भी उठाये गये है। सपा के बाद कोई मुद्दा शेष नहीं बचा है। इसलिए वह इस प्रकार की ओझी राजनीति कर रहे है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, सह मीडिया प्रभारी अंशुमान मित्रा मौजूद रहे।

## मेगा कैम्प में 17 बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** पावर कारपोरेशन विभाग बकायेदारों को लेकर हरकत में आ गया है विद्युत विभाग द्वारा कई बार सूचना देने के बावजूद भी जो उपभोक्ता बिल नहीं जमा कर रहे है पावर कार्पोरेशन उनके कनेक्शन काट रहा है। मंगलवार को कुमारगंज बाज़ार में मेगा कैंप में उप खण्ड अधिकारी कुमारगंज संतोष कुमार की अगुवाई में कुमारगंज बाज़ार में 102 उपभोक्ताओं का कनेक्शन चेक किया गया जिसमें 17 बड़े बकायेदारों जिस पर लगभग 6.74 हजार बिल बकाया पाया गया। सभी बड़े बकीदारों का कनेक्शन काटा गया। मेगा कैम्प में तीन लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की गई। और 20 उपभोक्ताओं का बिल सुधार भी किया गया। पावर कार्पोरेशन की टीम में सगीर अहमद, अमित कुमार, कृष्ण कुमार, संजय कुमार, शोभनाथ, सतीश कुमार समेत लाइन मेन स्टाफ मौजद रहे। उपखण्ड अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जो उपभोक्ता चेतावनी के बाद भी बिल नहीं जमा कर रहे हैं उनका कनेक्शन काटा जा रहा है।

# कृषि विवि ने विश्व रेबीज दिवस पर वेबिनार कराके किया जागरूक

**● विश्व रेबीज दिवस पर राष्ट्रीय वेबिनार तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सम्पन्न**

**● रेबीज पागल कुत्ते के अलावा बंदर, नेवला, सियार एवं बिल्ली आदि के काटने से भी होता है**

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वारा विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर 2020 को क्षेत्रीय स्तर पर पशुओं में रेबीज की निगरानी को प्रबल बनाने विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें देशभर के पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों एवं छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. सिंह ने समाज में लोगों को रेबीज के बारे में जागरूक होने तथा उससे बचने के लिए टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित किया। डॉक्टर सिंह ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को रेबीज के निदान तथा बचाव की दिशा में शोध करने तथा लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया । पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरके जोशी ने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों तथा क्रियाकलापों की रूपरेखा प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा नाहेप परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. डी नियोगी ने रेबीज पर प्रकाश डालते हुए नाहेप परियोजना द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यो की रूप.रेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर वेबीनार की आयोजक सचिव डॉ0 नमिता जोशी ने बताया कि विश्व रेबीज दिवस पर ऑनलाइन आयोजित राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में देश के कुल 84 पशु चिकित्सा विज्ञान के स्नातक एवं परास्नातक छात्रों ने प्रतिभाग किया तथा 4 छात्रों ने शत.प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अयोध्या जिले के 125 लोगों पर रेबीज जागरूकता सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 80% लोग यह जानते हैं कि रेबीज पागल कुत्ते के काटने से होती है । परंतु अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि यह बीमारी पागल कुत्ते के अलावा सियार नेवला बंदर आदि के काटने से भी यह बीमारी फैलती है तथा लोग इसके प्राथमिक उपचार व टीकाकरण के बारे में अनभिज्ञ थे। अत: उन सभी लोगों को इस बीमारी के फैलावए प्राथमिक उपचार तथा टीकाकरण के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर पर अयोध्या जनपद के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को रेबीज बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। वेबीनार की मुख्य अतिथि वक्ता कर्नाटका पशु चिकित्सा एवं मत्स्य विश्वविद्यालय, हब्बलए बेंगलुरु की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉक्टर शारदा ने अपने व्याख्यान में रेबीज की व्यापकता, कारक, फैलाव, विभिन्न पशुओं एवं मानव में उसके लक्षणए निदान तथा बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वेबीनार के सह संयोजक सचिव डॉक्टर सत्यव्रत सिंह ने क्रायक्रम का संचालन तथा डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह ने धन्यवाद देते हुए अपने-अपने विचार रखे। विश्व विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि वेबीनार के संयुक्त संयोजक सचिव डॉ. देश दीपक सिंह, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ. सोनू जयसवाल, डॉ. एस के मौर्या तथा डॉ. पंकज चौधरी ने राष्ट्र स्तरीय वेबीनार के आयोजन में अहम योगदान दिया।

## निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन, नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**निजीकरण** के विरोध में चल रहे प्रदर्शन के क्रम में केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले गोरखपुर क्षेत्र के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय के प्रांगण में उपस्थित होकर निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की एवं सरकार को आगाह किया कि सरकार कल के मशाल जुलूस से सबक लेते हुए अविलंब प्रस्तावित निजीकरण को वापस लेने की कार्यवाही करें। अन्यथा की स्थिति में हम सभी कर्मचारी जेल भरने से भी पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर वीके चौधरी एवं संचालन इंजीनियर दीपक गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को अशोक कुशवाहा, रूद्र प्रताप सिंह, इंजीनियर सरोजिनी सिंह, नरसिंह मौर्या, इंजीनियर शिवम चौधरी, बृजेश त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया।

# झांसा देकर उचक्कों ने उड़ाए चालीस हजार

**● सीसीटीवी में कैद हुए उचक्के**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**थानाक्षेत्र** जहाँगीर गंज अंतर्गत बैंक से पैसा निकालने आये युवक को धनराशि का बटवारा करने के नाम पर झांसा देकर उचक्के 40 हजार रुपये लेकर फरार हो गए ।सीसीटीवी कैमरे में उचक्कों की तस्वीर कैद होने के बाद भी आरोपी पकड़ से बाहर हैं पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध थाने पर तहरीर दिया है ।मालूम हो जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में स्थित यूनियन बैंक शाखा में थाना क्षेत्र के ही बंगाल पुर गांव निवासी राहुल पुत्र नरसू उक्त बैंक शाखा पर रुपया निकालने आए थे वह 40 हजार रुपए निकाले ही थे इसी दौरान एक उचक्के ने बहाने से राहुल को बाहर ले गया जहां उसका एक अन्य साथी पहले से ही मौजूद था। दोनों राहुल को कहीं से मिली 2 लाख रुपए की धनराशि का बटवारा करने का सब्जबाग दिखाकर बैंक के बाहर कस्बे में कुछ दूर तक ले गए इसी दौरान दोनों उचक्के राहुल का बैंक से निकाला गया 40 हजार रुपया लेकर चंपत हो गए। रुपया हाथ से निकलते ही राहुल के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगी तो उसने शोर मचाया तब तक आरोपी पकड़ से दूर निकल चुके थे। आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पड़ताल के दौरान दोनों आरोपी उचक्कों की तस्वीर साफ तौर पर सामने आई है बावजूद आरोपी पकड़ में नहीं आ सके हैं। पीड़ित ने मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दिया है हालांकि प्राथमिकी अभी दर्ज नहीं हो सकी है ।थानाध्यक्ष नागेंद्र सरोज के मुताबिक मामले में तहरीर मिली है छानबीन की जा रही है।



सीसीटीवी में कैद उचक्के पायनियर

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

**अम्बेडकरनगर।** सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध किसान की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची अकबरपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार अकबरपुर थानान्तर्गत दुल्लापुर निवासी 68 वर्षीय राममोल वर्मा सोमवार की दोपहर में साईकिल से शिव बाबा जा रहे थे।

## सांसद ने जाना एमएलसी और विधायक हाल

**गोरखपुर।** सांसद रवि किशन ने लखनऊ में एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह और विधायक शीतल पांडेय से मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना। बीजेपी विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। लखनऊ से गोरखपुर जाने के दौरान देवेंद्र सिंह को वाहन ने टक्कर मार दी थी। देवेन्द्र सिंह ने सांसद को बताया कि फिलहाल उनकी हालत ठीक है। सहजनवा विधायक शीतल पांडेय की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद लखनऊ में आईसोलेशन है। पॉजिटिव रिपोर्ट आए चौदह दिनों से ज्यादा समय बीत चुका है। सांसद रवि किशन ने उनसे मुलाकात कर उनका हाल जाना।

## हनुमान चालीसा का पाठ किया

भौवापार स्थित मुंन्जेश्वर नाथ शिव मंदिर पर एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह को यथाशीघ्र स्वास्थ होने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी पूर्वांचल उपाध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप शाही व जिला अध्यक्ष राणा देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में गजेन्द्र सिंह, आनन्द सिंह, शिवेन्द्र सिंह, अभय सिंह, अच्युतानन्द सिंह, राधवेन्द्र सिंह, गौरव सिंह, अंकित सिंह, अश्वनी सिंह, विजय सिंह, डा. अजय सिंह, ओमेन्द्र सिंह, सोनू सिंह, विवेक प्रताप शाही आदि ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## क्विक न्यूज

### कोरोना मरीजों की अन्य जांच भी कराई जाय

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने आयुक्त सभागार में नोडल अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर निदेशक स्वास्थ्य, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी व प्रधानाचार्य बी.आर.डी. मेडिकल कालेज व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जनपद में कोरोना संक्रमितों की मृत्यु के कारणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि 60 वर्ष से उपर आयु वर्ग तथा लक्षण वाले कोरोना मरीजो की जांच के समय ही उनकी अन्य जांच जैसे खून, एक्सरे आदि भी कराया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि कोरोना संक्रमितों की जांच के लिए लगने वाले कैम्पों में ही अन्य जांच करने हेतु कार्य योजना बनाकर 30 सितम्बर से जांच किया जाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि 01 अक्टूबर से चलने वाले संचारी रोग/दस्तक अभियान के साथ साथ डोर टू डोर अभियान चलाकर सारी/आईएलआई के मरीजों की पहचान कर उनकी कोरोना संक्रमण की जांच सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने गुणवत्तायुक्त कान्टेक्ट ट्रेसिंग पर बल देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमित के सम्पर्क में आये लोगो कि पहचान करते हुए 24 घण्टे के भीतर उनकी जांच किया जाये। उन्होंने कहा कि कोरोना के बचाव के कार्य में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही भी किया जाये तथा प्रत्येक मृत्यु की कारणो की जांच कर उसकी रिर्पोट भी प्रस्तुत किया जाये।

### धारदार हथियार से वार कर युवक की हत्या

**गोरखपुर।** गोरखपुर में 35 वर्षीय एक लड़के की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। सहजनवां क्षेत्र में हुई इस वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। परिवारवालों ने इस लड़के की पहचान सोशल मीडिया पर उसकी फोटो वायरल होने पर की है। लड़के के भाई संदेश प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर उसकी पहचान की। संदेश ने बताया कि उसके पिता धीरेंद्र सिंह की तबीयत सोमवार को खराब हो गई थी। परिवारवाले उन्हें इलाज के लिए एयरफोर्स हॉस्पिटल ले गए थे। छोटा भाई बालेंद्र घर पर ही था। वह सोमवार दोपहर घर से बाहर निकला था। लड़का शराब पीता था। परिवारवाले उसे बार-बार समझाते थे। गांव के एक लड़के ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम उसने बालेंद्र को अपनी बुआ के लड़के और एक अन्य युवक के साथ खलीलाबाद में मॉडल शॉप में देखा था। संदेश ने बताया कि बालेंद्र ने रात नौ बजे उसे फोन किया था। उन्होंने उससे घर जाने को कहा था। उनके अनुसार बालेंद्र जब बाइक से घर से निकला था तब उसके पास एक मोबाइल फोन भी था। लेकिन घटनास्थल पर न बाइक मिली न मोबाइल। मरने वाला चार भाइयों मे सबसे छोटा था। ग्रेजुएट की पढ़ाई करने के बाद घर पर ही रहता था। लड़के की लाश मिलने की सूचना पर सीओ राहुल भाटी, फोरेंसिक टीम और खोजी कुत्ते के साथ मौके पर पहुंच गए।

### विशेष गाड़ियों का ठहराव एक से

**गोरखपुर ।** आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा धर्मावरम् जं. एवं गुडूर जं. स्टेशन पर गाड़ियों के ठहराव की अनुमति दिये जाने पर दक्षिण मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 01 अक्टूबर से विशेष गाड़ियों का ठहराव धर्मावरम् जं. एवं गुडूर जं. पर प्रदान किया जायेगा।

### पच्चीस हजार पुरस्कार घोषित इनामी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व नितेश सिंह पुलिस उपाधीक्षक बांसगाव के निर्देशन में थानाध्यक्ष राजप्रकाश सिंह के नेतृत्व में मय हमराह व.उ.नि. प्रवेश कुमार सिंह, उ.नि. प्रधान यादव, का. विनीत कुमार यादव, नन्दलाल, दीपू कुँवर ने मुखबिर की सूचना पर पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त अखिलेश पुत्र पाचू निवासी पकड़ी दुबे थाना गगहा को कौडीराम गोला रोड पर शराब की दुकान के पास से गिरफ्तार किया।

# नवागत थाना प्रभारी को बदमाशों ने दी चुनौती

**● बीच बाजार लूट की घटना को दिया अंजाम**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**बसखारी** के नवागत थाना प्रभारी श्रीनिवास पांडे को अज्ञात बदमाशों ने बीच बाजार में एक लूट की वारदात को अंजाम देकर चुनौती पेश की है।हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी प्रकार की घटना से इनकार करते हुए इसे जांच का विषय बताया है।घटना सोमवार की रात दस बजे उस समय की बताई जा रही है।जब नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा निवासी साहिल सोनी पुत्र मानिकचंद अपनी कार से आजमगढ़ की तरफ से अपने घर आ रहे थे। पीड़ित ने बसखारी पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि एक स्विफ्ट डिजायर कार न्योरी से ही उनकी कार का पीछा कर रही थी। जैसे ही वह बसखारी पश्चिमी चौराहे से चंद कदम की ही दूरी पर पहुंचे ही थे कि उनकी कार को ओवरटेक करते हुए अज्ञात बदमाशों के द्वारा उनकी कार को रोक लिया गया और जब तक वह कुछ समझ पाते हैं कार में सवार चार लोगों में से तीन लोग उतरे और उनमें से एक ने उनके ऊपर तमंचा लगाते हुए सोने की चेन,होने की अंगूठी के साथ बीस हजार नगदी लूट लिए और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।वही पीड़ित के द्वारा घटना को लेकर पुलिस में कंप्लेंन करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने की भी बात बताई गई। इस दुस्साहसिक वारदात से सहमें पीड़ित के द्वारा घटना में शामिल स्विफ्ट कार के नंबर की जानकारी लिखित रूप से देते हुए अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। इस संदर्भ में बसखारी के नवांगत थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पांडे ने घटना के संज्ञान में होने व जांच का विषय बताते हुए कहा कि मामला सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# वर्ल्ड हार्ट डे पर लोगों को किया गया जागरूक

**● डॉ. आशुतोष ने कहा, हार्ट अटैक की नहीं होती कोई उम्र**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।

**दिल की** सेहत के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 29 सितम्बर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम यूज हार्ट टू बीट कार्डियो वैस्कुलर डीसीज थीम पर मनाया जा रहा है। विश्व हृदय दिवस पर आयोजित गोष्ठी में नोडल एनसीडी डॉ. आशुतोष सिंह ने बताया कि हार्ट अटैक की उम्र नही होती, यह समस्या जिस तरह बड़ी होती जा रही है उसे देखें तो कई मामले 30 साल की उम्र में भी देखने को मिले। क्योंकि आजकल हाट अटैक बहुत ही कामन सा हो गया है। कई मामलों में सोते समय हार्ट अटैक के केस भी देखे गये। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि यह पता हो कि हार्ट अटैक आने पर क्या करें। हार्ट अटैक के बाद सबसे पहला कदम क्या उठाया जाए, इसके लिए यह हार्ट अटैक के लक्षण को समझ पाना जरूरी है, तो चलिए आपको बताते हैं हार्ट अटैक से बचने के उपाय सबसे पहले समझ लेते हैं कि क्या हो सकते हैं हार्ट अटैक के कारण और इससे बचने के उपाय - स्ट्रेस और तनाव न लें, कम उम्र में सामने आने वाले ज्यादातर हार्ट अटैक के मामलों में वजह तनाव को बताया जाता है, तनाव दिल पर कई तरह से प्रभाव डालता है। यह दिल की धड़कनों और कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। आप तनाव से दूर रहने के लिए ध्यान या मेडिटेशन कर सकते हैं, योगा या एक्सरसाइज से भी तनाव या स्ट्रेस को दूर किया जा सकता है। हार्ट अटैक को लाइफस्टाइल की देन भी कहा जा सकता है क्योंकि एक सक्रिय जीवन शैली को अपना कर आप इससे काफी हद तक बचे रह सकते हैं। मोटापा या बढ़ा हुआ वजन आपके दिल के लिए खतरनाक है। इसलिए अपने वजन को नियंत्रण में रखें। बढ़ा हुआ वजन या मोटापा हाई कोलेस्ट्राल की संभावना को बढ़ाता है जिससे मधुमेह, धमनी रोग का खतरा और रक्तचाप हो सकता है। बीएमआइई (बॉडी मास इंडेक्स) पर भी नजर रखें और इसे उचित स्तर तक बनाए रखें। कोलेस्ट्राल का बढ़ा हुआ स्तर हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकता है, अगर कोलेस्ट्राल का स्तर सामान्य से अधिक है तो यह आपके दिल के लिए अच्छा नही। इससे कार्डियोंवस्क्युलर बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में कोलेस्ट्रोल बढ़ने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है तो अपने आहार यानी डाइट का ध्यान रखें। हाई ब्लड प्रेशर या डायबिटीज भी हार्ट अटैक का कारण बन सकते हैं, हाई बीपी यानी बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर नसों को प्रभावित करता है। इसका सीधी असर दिल पर पड़ता है। उच्च रक्तचाप यानी हाई बीपी आर्टरीज पर भी असर डालती है, जो हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकता है। तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र की काउन्सलर रचना सिंह ने बताया कि तम्बाकू भी हृदय सम्बन्धी रोगों का मुख्य कारण है।



जागरूकता गोष्ठी में मौजूद चिकित्सक पायनियर

# भाजपा का पुनर्गठन

## नए चेहरों को महत्व

**जेपी** नड्डा के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी का पुनर्गठन लंबित था जिसमें संभवत: सरकार द्वारा महामारी से निपटने के कारण देर लगी। आखिरकार नौ महीने बाद पार्टी ने कुछ प्रमुख परिवर्तन किए हैं। लगभग 60 प्रतिशत पदाधिकारी अब नए हैं। इसका अर्थ है कि मोदी-शाह जोड़ी अब पार्टी को अगली पीढ़ी के लिए तैयार कर रही है। नए पदाधिकारी अगले आम चुनाव की तैयारी करेंगे, जबकि कुछ मौजूदा वरिष्ठ नेता सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनको आश्वस्त होना होगा कि नए नेता योजना के अनुसार कठोर मेहनत करते हुए युवा जनसंख्या को अपनी ओर आकर्षित कर अगला लोकसभा चुनाव जीतने में सफल होंगे। इस परिवर्तन से भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी की तरह दिख रही है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र पर विश्वास किया जाता है। अनेक महत्वपूर्ण पद बंगाल व ओडिशा के नेताओं को दिए गए हैं जिससे स्पष्ट है कि पार्टी इन राज्यों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण कदम पार्टी से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के कुछ लोगों को हटाना है। राम माधव को राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटाने के बाद अब आरएसएस के बी.एल. प्रेम ही बचे हैं। राम माधव पार्टी की कश्मीर व पूर्वोत्तर नीतियों के लिए जिम्मेदार थे और उनके कैबिनेट में शामिल होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री स्वयं कार्यकर्ताओं से उभरे हैं, इसलिए आरएसएस को पार्टी के केन्द्रीय संचालन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है और उसे दृश्यमान होने की आवश्यकता नहीं है। नए राष्ट्रीय महासचिवों का चयन अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास है। इनमें दलित नेता दुष्यंत कुमार गौतम, आंध्र प्रदेश से डी. पुरंदेश्वरी, कर्नाटक से विधायक सी.टी. रवि, पंजाब से तरुण चुग तथा असम से दिलीप सैकिया शामिल हैं।



ओडिशा से चार राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं जिससे स्पष्ट है कि भाजपा इस तटीय राज्य को कितना महत्वपूर्ण मानती है। बैजयंत पांडा उपाध्यक्ष हैं तथा पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा व पहली बार चुने गए दो सांसदों को राष्ट्रीय भूमिका मिली है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पिछले वर्ष ओडिशा में 'मिशन 120' पूरा नहीं कर सके थे। ऐसे में यह कदम पार्टी की स्थानीय इकाई को पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रेरणा की तरह है। भाजपा ने पूर्वोत्तर पर काफी जोर देते हुए नगालैंड के एम, चुबाओ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा नगालैंड के विधायक म्होनलुमो किकोन को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है।

लेकिन बंगाल से पालाबदल कर आए नेता मुकुल राय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने से बहुत लोग आश्चर्यचकित हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस के इस पूर्व नेता को एक समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विश्वासपात्र माना जाता था। उनकी पदोन्नति बंगाल के बारे में भाजपा की महत्वाकांक्षा प्रकट करती है। यह ऐसे समय हुआ है जब राय अपने संकुचित स्पेस के कारण परेशान दिख रहे थे। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि पार्टी की स्थानीय इकाई उम्मीद के अनुसार भाजपा के पक्ष में माहौल नहीं बना सकी है और इसी कारण केन्द्रीय नेतृत्व आवश्यकता होने पर आयातित नेता का प्रयोग कर सकता है। राष्ट्रीय सचिव बनाए गए अनुपम हाजरा भी पूर्व टीएमसी नेता हैं। राय निश्चित रूप से टीएमसी की बूथ स्तरीय रणनीतियों से मुकाबला करने और उम्मीदवारों के चयन में सतर्कता बरतने में भाजपा की सहायता कर सकते हैं। पार्टी ने लंबे समय से अपने विश्वासपात्र राहुल सिन्हा को राष्ट्रीय सचिव के पद से हटा कर हाजरा के लिए रास्ता साफकिया है। इससे स्पष्ट है कि वह ममता बनर्जी को कुर्सी से हटाने के लिए टीएमसी विद्रोहियों का प्रयोग करना चाहती है। लेकिन भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद बंगाल के राज्य पार्टी अध्यक्ष दिलीप घोष के अपने चुनाव क्षेत्र में तीन उपचुनाव हार चुकी है। ऐसे में राय के समक्ष 2021 में टीएमसी को पराजित करने की चुनौती है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का पुनर्गठन स्पष्ट रूप से स्थानीय नेताओं को महत्व देने का प्रयास है।

# श्रम कानूनों में महत्वपूर्ण सुधार

**श्रम कानूनों में सुधारों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण दूसरी पीढ़ी के सुधारों की तरह पेश किया जा रहा है। इससे बिजनेस करना सरल हो जाएगा, पर इनसे कामगारों की स्थिति भी कमजोर नहीं होनी चाहिए।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



नरेन्द्र मोदी सरकार ने हाल में श्रम सुधारों पर तीन विधेयक पास किए हैं जो तीन श्रम संहिताओं के रूप में हैं। ये हैं-औद्योगिक संबंध कोड 2020, पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्यस्थितियां कोड 2020 तथा सामाजिक सुरक्षा कोड 2020। इसके साथ ही पिछले साल कोड आन वेजेज़, 2019 को संसद ने पास किया था। इन चार श्रम कानून सुधारों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण दूसरी पीढ़ी के संशोधन माना जा रहा है जिनसे बिजनेस करना सरल हो जाएगा, भारतीय उद्योग की प्रतियोगिता क्षमता बढ़ेगी तथा 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से इसे विनिर्माण केन्द्र बनाने में सफलता मिलेगी। इन विधायनों का दायरा विशाल है। इन चार क्षेत्रों का दूरगामी प्रभाव केन्द्र व राज्यों द्वारा बिजनेसों पर नियमन व कामगारों का कल्याण सुनिश्चित करने के मामलों में होगा। इनके माध्यम से वर्तमान 29 केन्द्रीय श्रम कानूनों को चार संहिताओं में बदला गया है तथा छंटनी, बंदी या बैठकी का विस्तार बिना सरकार की अनुमति के 100 के बजाय 300 कामगारों तक किया गया है। इससे राज्यों को विधायन का ज्यादा अधिकार मिलेगा तथा कामगारों को समान सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होगी। वर्तमान समय में श्रम संविधान की समवर्ती सूची में शामिल है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारें इस पर कानून बना सकती हैं। वर्तमान समय में 200 राज्य कानूनों के साथ 29 केन्द्रीय श्रम कानून लागू थे। इसका अर्थ था कि कंपनी को अनेक प्रकार के लाइसेंसों, पंजीकरणों, अनुमतियों व नवीकरणों की आवश्यकता होती थी तथा उसे विभिन्न कानूनों के अंतर्गत अनेक रिटर्न भरने पड़ते थे।

आश्चर्यजनक रूप से एक एमएसएमई को भी कम से कम 10 प्रकार के वेतन रजिस्टर, चार प्रकार के दुर्घटना रजिस्टर तथा चार प्रकार के मस्टर रोल रखने पड़ते थे। राज्यों के स्तर पर नियम और जटिल थे। प्रत्येक राज्य के नियमों के अनुसार अनेक प्रकार के दस्तावेज तैयार करने पड़ते थे। इसके परिणामस्वरूप अनेक प्रकार की अंतिम तिथियां, फार्म और फार्मेट, रिकार्ड रखने की आवश्यकतायें, जटिल प्रक्रियायें, आदि थीं। इससे विभिन्न राज्यों में काम करने वाली कंपनियों को भारी परेशानी होती थी। इस प्रकार 29 कानूनों को चार संहिताओं में शामिल करने पर इन जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी। इससे कंपनियों पर बोझ घटेगा।

वर्तमान कानूनों के अनुसार खानों, फैक्ट्रियों, प्लांटों आदि कम से कम 100 कर्मचारियों वाले औद्योगिक अवस्थापनाओं के सेवायोजकों को कामगारों की छंटनी या कर्मचारियों को हटाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों की पूर्व अनुमति जरूरी थी। अनेक नियमों व जटिलताओं के कारण कंपनियां अपना आकार बढ़ाने तथा ज्यादा लोगों को रोजगार देने में अनेक बाधाओं का सामना कर रही थीं। इससी बदलती परिस्थितियों के अनुसार श्रमिकों की तैनाती में भी कठिनाई होती थी। इससे खासकर अर्थव्यवस्था में गिरावट के कारण प्रतियोगी बने रहना कठिन हो जाता था। इसके कारण श्रमिकों को ठेके पर रखने की प्रवृत्ति विकसित हुई थी जो सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। इसका प्रभाव अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण पर पड़ता था। 63 मिलियन उद्यमों में से केवल एक मिलियन या 1.5 प्रतिशत ही औपचारिक क्षेत्र में हैं। इन नियंत्रणों के कारण अर्थव्यवस्था के तथाकथित अनौपचारिक क्षेत्र का विस्तार सकल घरेलू उत्पाद के 50 प्रतिशत और कार्यबल के 80-90 प्रतिशत तक है।

औद्योगिक संबंध कोड, 2020 के अंतर्गत फर्मों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि बिजनेस परिवेश को देखते हुए 300 से कम कामगारों वाली कंपनियां परिवर्तन कर सकेंगी। लेकिन सवाल है कि इससे अधिक कामगार संख्या वाले उद्यमों को अभी अनुमति की आवश्यकता क्यों बनाए रखी गई है? समकालीन परिदृश्य में प्रतियोगिता को देखते हुए यह सीमा समाजवादी युग की विरासत है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। इस संहिता में अखिल भारतीय आधार पर ठेका श्रमिकों को 'निश्चित अवधि का रोजगार' देने की व्यवस्था है। वर्तमान समय में कंपनियां ठेकेदारों के माध्यम से भर्ती करती हैं, पर यह व्यवस्था लागू होने के बाद वे सीधे निश्चित अवधि के लिए कामगारों की भर्ती कर सकेंगी। इन कामगारों के साथ नियमित कामगारों जैसा व्यवहार होगा जो दोनों पक्षों के लिए लाभदायक होगा।

संहिता में कामगारों से हड़ताल का अधिकार छीना नहीं गया है। लेकिन इसके लिए 14 दिन की नोटिस तथा इस बीच बातचीत के माध्यम से समस्या समाधान की व्यवस्था की गई है। अनेक यूनियनों से मुक्ति तथा 'बातचीत करने वाली यूनियन' की अवधारणा स्वागत योग्य है। वर्तमान कानून के अंतग्रत राज्यों को फैक्ट्रियों को श्रम कानूनों से बाहर रखने की शक्ति सीमित है। उदाहरणार्थ फैक्ट्री एक्ट, 1948 सार्वजनिक आपातस्थिति होने पर तीन महीने का समय अपवाद के लिए निर्धारित करता है। अब केन्द्र सरकार ने राज्यों को काफी लचीलापन प्रदान किया है। नया कानून राज्यों को नई फैक्ट्रियों को ज्यादा आर्थिक गतिविधियों व रोजगार अवसरों के लिए अपवाद के ज्यादा अवसर देता है। फैक्ट्रियों के लिए इसकी कोई समयसीमा भी नहीं निर्धारित की गई है जो वर्तमान में तीन महीने है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अंतर्गत राज्य एक घोषणा द्वारा ज्यादा फर्मों को छंटनी या बंद करने के मानक आसान कर सकते हैं और इसके लिए उनको केन्द्र की सहमति जरूरी नहीं होगी। अतीत में उनको इसके लिए राष्ट्रपति से अनुमति ले कर विधायिका से कानून पास करवाना पड़ता था। अब कोई राज्य यह काम कार्यकारी आदेश से कर सकता है। राज्य नई अवस्थापनाओं को औद्योगिक विवादों, छंटनी व ट्रेड यूनियन मामलों के 'किसी या सभी प्राविधानों' से मुक्त कर सकते हैं। यह 'बिना शर्त' एक निश्चित समय के लिए हो सकता है जिसे राज्य ठीक समझे। यह काम 'जनहित' में किया जा सकता है। हालांकि, तेजी से औद्यौगीकरण को बढ़ावा देना जरूरी है, पर इन प्रावधानों में राज्य नौकरशाहों को बहुत अधिक विवेकाधीन अधिकार दिए गए हैं। उनको न्यायिक रूप से अपवादों की अनुमति देने के समय कामगारों के हितों का ध्यान रखना होगा।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 कर्मचारी प्रावीडेंट फंड संगठन-ईपीएफओ व कर्मचारी राज्य भारतीय निगम-ईएससीआई का दायरा बढ़ा कर सभी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र कर्मचारियों के लिए लगभग 400 मिलियन का सामाजिक सुरक्षा फंड बनाया गया है। लेकिन यह केवल 10 या अधिक इमारतों के निर्माण वाले स्थलों पर लागू होगा। प्रावीडेंट फंड पाने के लिए केवल 20 या उससे अधिक कामगारों वाली संस्थायें ही सक्षम होंगी। इससे एमएसएमई के लाखों कामगार लाभों से वंचित हो जाएंगे। चिन्ताजनक रूप से संहिता सामाजिक सुरक्षा को अधिकार नहीं मानती है और इसमें देश के संविधान का कोई संदर्भ नहीं दिया गया है। सामाजिक सुरक्षा संरक्षण को सारे देश के कामगारों पर लागू होना चाहिए।

हालांकि, इस संहिता में अनेक श्रेणियों को परिभाषित किया गया है, पर इनमें से अधिकांश अस्पष्ट हैं और उनमें यह देखते हुए संशोधन नहीं किया गया हे कि कामगारों का संबंध संगठित क्षेत्र से है अथवा असंगठित क्षेत्र से। उदाहरण के लिए, प्लेटफार्म व गिग कामगारों को असंगठित कामगारों के रूप में परिभाषित नहीं किया गया है, जबकि लाखों लोग इन क्षेत्रों में काम करते हैं। इसी प्रकार संहिता में 'अवस्थापना' शब्द को बदल कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा संरक्षण के दायरे में लाया जाए।

संक्षेप में कहा जाए तो चार संहितायें लागू होना श्रम सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम है, पर कामगारों को संरक्षण देने के लिए ज्यादा गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। क्रियान्वयन के संबंध में काफी कुछ राज्यों की प्रतिक्रिया पर निर्भर होगा। उनको ही इसे क्रियान्वित करने के लिए ढांचा तथा नियम बनाने और उनका अनुसरण करना होगा। यदि वे इस दिशा में नहीं चलते हैं तथा नियमों को जटिल बनाए रखते हैं तो लक्षित लाभ अंतिम कामगार तक नहीं पहुंचेंगे। ऐसे में केन्द्र व राज्यों को एकजुट होकर काम करना होगा।

# शून्य आय पर भी आईटीआर दाखिल करें!

**लियोनेल चार्ल्स**
(लेखक इंडिया फाइलिंग के सीईओ हैं)



> "इस तथ्य के अलावा कि हमें देश के जिम्मेदार नागरिक होना चाहिए, आयकर रिटर्न दाखिल करने के बहुत से फायदे हैं।"

देश की अर्थव्यवस्था तथा लोगों की निजी आय पर पर कोरोनावायरस महामारी ने जो कहर बरपाया है उसे देखते हुए सरकार ने वित्तीय वर्ष वर्ष 2019-20 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। हालांकि, अधिकतर लोगों को यह पता नहीं है कि यदि उनकी आय वित्तवर्ष 2019-20 में करारोपण की सीमा से कम रहती है तो भी इस बार आयकर रिटर्न दाखिल करना उनकी जिम्मेदारी है। हालांकि ऐसे में हो सकता है कि लोग वेतन कटौती एवं पदच्युति के कारण उनके समक्ष आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए सरकार के इरादों पर सवाल उठाएं, लेकिन यह काम करापवंचकों को पकड़ने के प्रयासों के तहत किया गया है। महामारी फैलने के पूर्व ही धराशाई होती वैश्विक तथा भारतीय अर्थव्यवस्था के कारण मुश्किल में होना कमर तोड़ने वाला अंतिम प्रहार साबित हुआ, सरकार ने पिछले वर्ष वित्तवर्ष 2020 के लिए कुछ मानक लागू किए हैं जिनके चलते आसकर रिटर्न दाखिल करना लोगों की जिम्मकदारी बन जाती है। रिटर्न दाखिल करने के नियमों को संवर्धित करने के पीछे विचार है उन अनैतिक करापवंचकों को पकड़ने का जहां व्यक्ति द्वारा किए गए खर्चों एवं घोषित आय के बीच अंतर दिखाई देता है।

यद्यपि अधिकतर लोगों का मानना है कि आयकर रिटर्न दाखिल करना उन व्यक्तियों के लिए प्रासंगिक होता है जिनकी आय कर स्लैब से ऊपर होती है, इसका बहुस्तरीय महत्व होता है, चाहे आमदनी करारोपण योग्य सीमा से कम हो अथवा कर देयता हो या नहीं। महत्वपूर्ण रूप से, यदि आय करा लगाने योग्य सीमा से कम है अथवा शून्य है तो रिटर्न भी निल रिटर्न कहलाएगा। लेकिन यह बैंक खातों में एकत्रित धन अथवा निवेशों का प्रमाण होता है, भले ही व्यक्ति करारोपण की समीा से कम आय अर्जित करता हो, बीतते वर्षों में ये समग्र निधि निर्मित कर लेते हैं। यदि कुछ वर्षों बाद जांच पड़ताल हो, तो आय के स्रोत को साबित करने की यह बहुत ही थकाऊ और लंबी प्रक्रिया हो जाती है, आयकर रिटर्न के बगैर, जो आय का कानूनी तौर पर स्वीकृत प्रमाण होता है।

साथ ही, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139(1) के सातवें प्रावधान के अंतर्गत, भले ही आमदनी छूट की सीमा से कम हो, तो व्यक्ति को आयकर रिटर्न दाखिल करना पड़ेगा यदि उन्होंने वर्ष के दौरान 1 लाख या उससे अधिक का बिजली बिल भुगतान किया है, एक या एक से अधिक खातों में 1 करोड़ या उससे अधिक पैसा जमा किया है और व्यक्ति ने किसी अन्य देश की यात्रा में 2 लाख रुपए से अधिक खर्च किया है। विदेश की यात्रा करने वाले अथवा यात्रा की योजना बनाने वाले किसी व्यक्ति को आय का विधि प्रमाण देना आवश्यक है। वेतनभोगी लोगों के लिए, नियोक्ता प्रमाण पत्र प्रमाण होता है। हालांकि, स्वरोजगार प्राप्त व्यक्तियों के लिए, आसकर रिटर्न से ही काम चल जाता है। ऐसे मामलों में जहां व्यक्ति को वित्त वर्ष के दौरान पूंजी का घाटा उठाना पड़ा हो, आयकर अधिनियम अन्य किसी भावी प्राप्तियों के विरुद्ध उसे निर्धारित करने के लिए लगातार आठ वर्षों तक आगे ले जाने की अनुमति प्रदान करता है। हालांकि, घाटों का रिकार्ड रखने के लिए, यदि आईटीआर घाटे का रिटर्न हो तो भी निर्धारित तिथि से पूर्व रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। इसके बगैर, वर्ष के घाटों को आगे नहीं ले जाया जा सकता। अत:, अगर दिखाने योग्य कोई भी आमदनी न हो, आयकर विभाग यह कहता है कि आप निर्धारित तिथि के पूर्व पूंजी घाटा अपने रिटर्न में दिखाएं।

यदि ऐसा हो कि किसी व्यक्ति ने देयता से बहुत अधिक कर भगतान कर दिया हो, अनुमत सभी छूटों एवं रियायतों को ध्यान में रखकर, तो व्यक्ति आयकर विभाग से रिफंड का अधिकारी हो जाता है। हालांकि, यह रिफंड प्राप्त करने के लिए, आयकर रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य होता है। वेतनभोगी लोगों का आमतौर पर यह मानना है कि आईटीआर दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उनकी आय पर कर पहले ही लिया जा चुका है। हालांकि, यह संभव है कि काटा गया एवं जमा किया गया कर फार्म 16 के अनुसार जितना काटा जाना चाहिए उससे ज्यादा काट लिया गया हो। हो सकता है कि नियोक्ता ने वास्तविक कर बचत निवेशों, बीमा अथवा वास्तविक किराया को ध्यान में न रखा हो। ऐसी स्थिति में, आईटीआर दाखिल करने से रिफंड का दावा करने में मदद मिलती है। यद्यपि मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विकलांगता अथवा दुर्घटना में मृत्यु होने पर क्षतिपूर्ति मुकदमे के मामले में आईटीआर देना आवश्यक नहीं होता, लेकिन स्वरोजगार में रत लोगों के लिए व्यक्ति की आय को प्रमाणित करना तथा क्षतिपूर्ति राशि तय करना आवश्यक होता है।

जब कोई व्यक्ति कर्ज के लिए आवेदन कर रहा हो, चाहे मकान, कार अथवा निजी ऋण के लिए, अनिवार्य दस्तावेजों में एक जो कर्जदाता इकाई के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है उसमें पिछले दो वर्षों का आईटीआर आय प्रमाण के तौर पर शामिल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आईटीआर कर्ज देने वाले को व्यक्ति की आय, भुगतान आबद्धताएं एवं कर्ज चुकाने की क्षमता निर्धारित करने में मददगार होता है। साथ में जब एक व्यक्ति उच्च जीवन रक्षा कवर खरीदने का इरादा रखता है, ता ऐसे में बीमा कम्पनी द्वारा आय का प्रमाण मांगा जाना आम बात है। प्रारम्भिक रूप से यह उस कवर राशि के मूल्य का परीक्षण करने के लिए किया जाता है जिसकी व्यक्ति को अनुमति दी जा सकती है। आमदनी का स्रोत वेतन पर्ची, बैंक विवरण अथवा पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न हो सकते हैं। अत:, उन मामलों में जहां व्यक्ति व्यक्ति की वेतन पर्ची अथवा प्रतिमाह आय विभिन्न समूहों से निर्गत की जाती हो, आईटीआर आय का एकमात्र ठोस प्रमाण होता है। फिर ऐसे भी लोग होते हैं जिनकी आय बहुत अल्प होती है जो लाभांशों, बैंक ब्याज, पारिवारिक पेंशन अथवा करमुक्त आमदनियों यथा कृषि आय अथवा कर मुक्त बांडों पर ब्याज से होती है। ऐसे लोगों के लिए, यद्यपि आगे की आमदनियां करारोपण सीमा से कम होती हैं, आय प्रमाण के तौर पर आईटीआर दाखिल करना बहुआयामी रूप से काम करता है। इस तथ्य के अलावा कि हमें देश के जिम्मेदार नागरिक होना चाहिए, कर रिटर्न दाखिल करने के बहुत से फायदे हैं।

## आप की बात

### संकट में तकनीक का सहारा

**अन्य** उद्योगों की तुलना में, सूचना तकनीक उद्योग संचार अवसंरचना, भौगोलिक वितरण एवं प्रसार, बिजनेस खंडात्मक विभाजन, वैश्विक डिलीवरी मॉडल एवं आभासी कार्य संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में बेहतर स्थिति में है, जो सुनिश्चित करता है कि देशव्यापी लाकडाउन के दौरान भी कम्पनियां अपने वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं मुहैया कराती हैं। अधिकतर आईटी संगठन बिजनेस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समाधान अपने ग्राहकों को मुहैया कराने में अपनी क्षमता का इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही, जब अधिसंख्य कर्मचारी क्षमता घर बैठकर काम करने वाला मॉडल अपना रही है, यह आम बिजनेस बन गया है और किसी प्रकार के उत्पादकता व्यवधान पैदा नहीं हो रहे हैं। आंकड़ा केंद्रों एवं अन्य मिशन संवेदनशील परियोजनाओं को छोड़कर जहां स्थल पर कर्मचारियों की न्यूनतम तैनाती आवश्यक होती है, अधिकतर सूचना प्रकार्य क्लाउड एकीकृत होते हैं, जिनमें रिमोट संचालन संभव होता है। सरकारी हस्तक्षेपों ने लाकडाउन के बीच ग्राहकों की बिजनेस संबंधी अनिवार्यताओं के अनुरूप काम करने के लिए सूचना तकनीक कम्पनियों को घर से काम करने वाले कर्मचारियों की व्यवस्था दुरस्त करने में तत्परता दिखाने में मदद की है।

\- **सुजीत वर्मा,** कानपुर

### कृषि पर विशेष ध्यान देना होगा

**भारत** की आत्मा गांवों तथा किसानो में बसती है। इसलिए भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है। यहां की 70 -80 प्रतिशत जनता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर करती है। इसलिए कृषि और गांवों को लॉक डाउन के दौरान बचाना हमारा कर्तव्य है। सरकार ने लॉकडाउन के दौरान कृषि कार्यो के लिए छूट दे दी थी। किसानों कई कार्यो को करने की अनुमति थी। तथा इस छूट के दौरान सरकार द्वारा दिशा निर्देश ज़ारी किए गए ताकि किसानों तथा मजदूरों को कोरोना से सुरक्षित रखा जा सके और कृषि गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन इस छूट के दौरान किसानो को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। फसल कटाई के लिए मजदूरों का न मिलना और कृषि उपकरणों का उपलब्ध न होना शामिल है। इसका उपाय ये हो सकता है कि गांव में कृषि सम्बंधित गतिविधियों को पूरा करवाने का काम उसी गांव के सरपंच को देना चाहिए ताकि वो जिला अधिकारी से बात कर कृषि उपकरण मंगवा सके और जो व्यक्ति वो उपकरण गांव में ले के आए, उसकी पहले जांच की जाए, फसलों की कटाई से लेकर अनाज को मंडी तक पहुंचाने का ज़िम्मा सरपंच के नेतृत्व में होना चाहिए।

\- **नीरज वाष्णेय,** वाराणसी


### जीवन शैली बदलनी होगी

**वैश्विक** बीमारी कोरोनावायरस के संक्रमण और उस से हो रही मौतों नें लोगों के मनों मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डाला है। मानदंडों की उपेक्षा, प्रकृति का निरंतर दोहन और अमानवीय भक्षण जैसी वजह सामने आ रही है और लोग इन्हें स्वीकार भी कर रहे हैं। चाहे मानदंड शारीरिक हो या सामाजिक इनकी घोर उपेक्षा हुई है। लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए इसका मनमाना उपयोग किया है. प्रकृति का दोहन तो सदियों से ही होता आया है यही वजह है कि संतुलन के अभाव में हमें प्रकृति से अमृत की बजाय जहर मिला. असंतुलित प्रकृति का ही नतीजा है कि लोग उसके कहर से त्राहिमाम पुकार उठे हैं। लगातार गलतियां दोहराता मनुष्य इसके साथ ही आहार की शुद्धता और इसके फायदों की उपेक्षा कर आदिकालीन सभ्यता को अंगीकार कर बैठा जिसमें भोग लगाकर खाए जाने वाला प्रसाद (भोजन) ही अशुद्ध हो गया। आदमी की यही गलतियां दुनिया के लिए बड़े संकट की सबब बन गई। स्वाद और स्वार्थ के लिए सारी दुनिया की सेहत को ताक पर रखने की सजा निर्दोष लोगों को भी मिल रही है।

\- **निहारिका सिंह**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सर्वाधिक** भरोसेमंद वैक्सीन विकल्पों एवं रणनीतियों की पहचान करने में कोविड-19 कार्यबल व इम्यूनिटी कार्यबल हमारी मदद कर रहे हैं।

\- **जस्टिन ट्रूडो**
कनाडा के प्रधानमंत्री



**पंजाब** जो इन कानूनों से सर्वाधिक बुरी तरह प्रभावित हुआ है वह अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ाई को आगे ले जाएगा।

\- **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**कृषि** संबंधी कानून उन किसानों के लिए मौत का फरमान हैं जिनकी आवाज संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह दबा दी गई है।

\- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# हिंदी संस्कृति व संस्कार की भाषा: हृदय नारायण दीक्षित

## ● एनसीआर मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा का समापन, संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर** मध्य रेलवे मुख्यालय में मंगलवार को महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर राजभाषा पखवाड़ा का समापन किया। इस मौके पर जीएम ने मुख्यालय पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन भी किया। जीएम राजीव चौधरी ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय अस्मिता एवं आत्मसम्मान की परिभाषा है। हिंदी उन राष्ट्रीय मूल्यों की भी प्रतीक है जो हमें अपनी समृद्ध विरासत और राष्ट्रीय आंदोलन से प्राप्त हुए हैं। इन्हीं कारणों से हिंदी पूरे देश की संपर्क भाषा जनभाषा के रूप में विविधता में एकता की भावना को परिलक्षित करती है। हिंदी का सूचना तकनीक के विभिन्न माध्यमों की भाषा के रूप में तेजी से प्रसार हो रहा है। उत्तर मध्य रेलवे का कार्यक्षेत्र सुविख्यात हिंदी साहित्यकारों की जन्मस्थली अथवा कर्मस्थली रही है और इस क्षेत्र में हिंदी समृद्ध और परिष्कृत हुई है। श्री चौधरी ने गाँधी के जीवन कर्म एवं दर्शन पर कहा कि हिंदी महात्मा गाँधी के स्वराज का वास्तविक प्रतीक है। उत्तर मध्य रेलवे में महात्मा गाँधी की 150 वीं वर्षगाँठ को सामुदायिक सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। आगामी दो अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न स्वच्छता कार्यों एवं कार्यक्रमों के द्वारा प्रधानमंत्री के आवाहन पर राष्ट्रपिता के सपनों के भारत की ओर आगे बढ़ने की दिशा में कदम तय कर रहे हैं। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने ऑनलाइन संबोधन में महात्मा गाँधी जीवन दर्शन एवं हिंदी पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी संस्कृति एवं संस्कार की भाषा है। हिंदी राष्ट्रीय आंदोलन एवं स्वतंत्रता संग्राम की भाषा है। हिंदी अपनी शब्द भाव ज्ञान संपदा के बल पर पूरी दुनिया में छा गई है। भारत का समाजिक जीवन रिश्तों एवं संबंधों में संगठित है। हमारे विभिन्न रिश्तों और नातों के नाम और उनमें छिपी प्रेम स्नेह और आशीष एवं आदर की भावनाएं एवं अनुभूतियां हिंदी और भारतीय भाषाओं में जिस तरह व्यक्त होती हैं। हिंदी और भारतीय भाषा की इसी परिकल्पना द्वारा हमारी भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया को पृथ्वी माता और वसुधैव कुटुंबकम मानती है। रामकथा और कृष्णकाव्य परंपरा हमारी भाषायी एकता की सेतु हैं। भारत वर्ष के हर क्षेत्र के निवासी हिंदी बोलते और समझते हैं। श्री दीक्षित ने बल दिया कि हिंदी और भारतीय भाषाओं में अत्यंत श्रेष्ठ साहित्य उपलब्ध है। श्री दीक्षित ने आवाहन किया कि हिंदी के प्रयोग में सभी को गर्व एवं गौरव की अनुभूति होनी चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी महेन्द्र नाथ ओझा ने मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित का स्वागत किया। श्री ओझा ने उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार बढ़ाने के लिए किए गए अभिनव प्रयासों और कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने पत्रिका रेल संगम का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रभूषण पाण्डेय वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक रंजन यादव प्रधान विभागाध्यक्ष अधिकारी एवं कर्मचारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।



कर्मचारियों को सम्मानित करते जीएम राजीव चौधरी — पायनियर

# मिले 222 नये पॉजिटिव, तीन की मौत



## ● जिले में अब तक कोरोना से 216 लोगों की मौत हो चुकी है

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**बीएचयू** एवं मंडलीय अस्पताल लैब से मंगलवार को प्राप्त कुल 222 नये पॉजिटिव मरीज मिले हैं।होम आइसोलेशन के 185 व अस्पताल में भर्ती एक मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आने पर उन्हें ठीक घोषित किया गया।वहीं इलाज के दौरान पिछले 24 घंटे में कोरोना से तीन मरीजोंकी मौत हो गई। कोरोना संक्रमित कुल मरीजों की संख्या बढ़कर अब ने 13224 हो गई है। इनमें से वर्तमान में अब तक 11392 मरीज ठीक होकर अपने घर.परिवार में जा चुके हैं।वर्तमान में कुल 1615 सक्रिय कोरोना मरीज़ हैं।

# क्विक न्यूज

## बीएलओ को दी गई स्टेशनरी किट

**उन्नाव।** हसनगंज तहसील सभागार में मंगलवार को बी एल ओ ;बूथ लेवल अधिकारीद्धको उपजिलाधिकारी प्रदीप वर्मा एवं तहसीलदार हसनगंज के द्वारा तहसील क्षेत्र के समस्त बी एल ओ को स्टेशनरी किट वितरित किया गया। कार्यक्रम में सैकडों बी एल ओ उपस्थित रहें ।

## एमए द्वतीय वर्ष के संस्कृत विषय की मौखिक परीक्षा 3 को

**उन्नाव।** डीएसएन कालेज की संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ बंदना सिंह ने बताया कि एमए द्वितीय वर्ष संस्थागत छात्रों के संस्कृत विषय की मौखिक परीक्षा 3 अक्टूबर को अपरान्ह 12. 30 पर संस्कृत विभाग डीएसएन कालेज में सम्पन्न होगी। बताया कि सभी छात्र नियत तिथि और समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दें।

## निर्माणाधीन व निर्मित आवासों की जांच करने पहुंचे परियोजना प्रबंधक

**बांगरमऊ उन्नाव।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन व निर्मित आवासों की गुणवत्ता व मानक संबंधी जांच परियोजना प्रबंधक विवेक भदोरिया ने की। निरीक्षण के दौरान आवासों में मानक के अनुसार निर्माण सामग्री प्रयोग करने तथा अपूर्ण आवासों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश भी दिए गए। परियोजना प्रबंधक विवेक भदौरिया ने लाभार्थियों को किसी को भी एक पैसा न देने की सख्त हिदायत भी दी। और उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना पूरी तरह से निशुल्क योजना है जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों को आवास मिलेंगे। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी लाभार्थी से पैसे की मांग करता है तो लाभार्थी तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करें और ;कोविड.19द्ध कोरोना को देखते हुए सभी आवश्यक सावधानी बरतते हुए आवासों का निर्माण कराएं। जांच के दौरान बांगरमऊ सर्वेयर विपिन मिश्रा भी साथ में मौजूद रहे।

## चोरों ने खाद की दुकान पर किया हाथ साफ

**चकलवंशी उन्नाव।** उन्नाव.हरदोई मार्ग पर स्थित माखी थाना क्षेत्र के रऊकरना चौराहे के पास चोरो ने खाद की कई दुकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने सटर काट कर गोदाम में रखी एक सौ तेइस बोरी डीएपी खाद व दस झोला जिंक पार कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी हुई पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामला संदिग्ध मान कर जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के पूरा निस्फ्मंसारी निवासी प्रभाकर दीक्षित पुत्र ओमप्रकाश दीक्षित रऊकरना में बजार के पास तिवारी मार्केट में खाद की दुकान करता है। प्रभाकर ने बताया कि इस समय सिविल लाइन उन्नाव में रह रहे हैं। सोमवार को करीब सात बजे दुकान बंद करके उन्नाव चला गया। मंगलवार को सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो सटर कटा देख सन्न रहगया। खाद की दुकान में चोरी की सूचना पर मजमा लग गया। बताया कि स्टाक मिलाने पर गोदाम से 123 बोरी डीएपी और दस झोला जिंक गायब मिली। चोरों ने करीब डेढ़ लाख की खाद पार कर दिया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मुख्य मार्ग पर इतनी खाद की बोरी गायब होना संदिग्ध है मामले की जांच की जा रही है।

## एलआईसी का शेयर मार्केट में लिस्टिंग के खिलाफ प्रदर्शन

**वाराणसी।** आईपीओ मतलब ईनिसियल पब्लिक अफरिंग है। एलआईसी पूर्ण रूप से भारत सरकार की संस्था है। जिसका संसद में इंश्योरेंस बिल के माध्यम से एक राज्य का दर्जा प्राप्त है। उसे शेयर मार्केट में लिस्टिंग कर इसका शेयर बेच इसे एक कंपनी का हैसियत बना देने की तैयारी चल रही है। उक्त बातें एलआईसी संघ के पदाधिकारी नारायण चटर्जी सोमवापर अपराहन आयोजित विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार की श्रम विरोधी नितियो के खिलाफ एलआईसी मजदूर संघ, ऑल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लॉयस एसोसिएशन विरोध कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार अपराहन एलआईसी डिविजन इंश्योरेंस एंप्लॉइज एसोसिएशन के सदस्यों ने एलआईसी, मंडल कार्यालय भेलुपूरा में निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे एलआईसी संघ के सदस्यों ने मानव शृंखला बनाकर निजीकरण का विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि निजीकरण धोखा है। भारत के नीति आयोग के माध्यम से लाखो करोड़ रुपया देश के अर्थ व्यवस्था में लगा चुका है। विरोध करने वालों में नारायण चटर्जी, विनोद श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मेहरोत्रा, राकेश गुजराती, डीसी सिंह, सुमंत, अशोक कुमार, मनीष कुमार, आरती श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, भानु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## निजीकरण के विरोध में मशाल जुलूस निकालने वाले विद्युतकर्मियों पर एफआईआर

**वाराणसी।** बिजली विभाग में निजीकरण के विरोध में मशाल जुलूस के साथ लंका मालवीय प्रतिमा के समक्ष धरना देने वाले विद्युत कर्मियों के खिलाफ मंगलवार को अपराहन लंका थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। धरना प्रदर्शन मामल में पुलिस ने एक अधिशासी अभियंता समेत पांच नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं। लंकाथानाध्यक्ष ने बताया कि पेनडेमिक समेत विभिन्न मामलों में करीब चालिस से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लंका थानाध्यक्ष के मुताबिक मशाल जुलूस के दौरान कोरोना संक्रमण को लेकर सुरक्षा नहीं बरतने और इस सम्बंध कोई जानकारी नहीं देने के चलते मामला दर्ज किया गया है। इस वजह से रात को कानून ०?यवस्?था को लेकर अचानक समस्या पैदा होने के चलते पुलिस ने बिजली कर्मियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। गौरतलब है कि सोमवार को निजीकरण के का विरोध करते हुए विभागीय कर्मचारियों भिखारीपुर से लंका मालवीय प्रतिमा तक मशाल जुलूस निकाला कर प्रदर्शन किया था। रात में ही थाने के उपनिरीक्षक की तहरीर पर अधिशासी अभियंता चन्द्र शेखर चौरसिया, माया शंकर तिवारी, उदय शंकर तिवारी, एके श्रीवास्तव, आरके वाही व अन्य के खिलाफ मुकदमा दायर कर लिया गया। उधर इस मामले पर विद्युत मजदूर सगठन कर्मचारियों के समर्थन में आगे आए है।

# तीन पुलिस उपाधीक्षकों को कप्तान ने दी नई तैनाती

## ● अभिषेक कुमार पाण्डेय को पिंडरा का उपाधीक्षक बनाया गया

**वाराणसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठक द्वारा जनपद में कानून शान्ति व्यवस्था को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाये रखने के लिए तीन पुलिस उपाधीक्षकों को नई तैनाती दी गई है। जमीन विवादों को निस्तारण में लापरवाही बरतने के आरोप में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी पिण्डरा अनिल राय को क्षेत्राधिकारी वीआईपी स्थानांतरण कर दिया गया है। अभिषेक कुमार पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक कार्यालयए भवनए आंकिक से क्षेत्राधिकारी पिण्डरा बनाया गया है। ज्ञान प्रकाश राय क्षेत्राधिकारी वीआईपी से पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय व भवनए रिट की जिम्मेदारी दी गई है। दरअसल आगामी दिनों में त्योहारों की पूरी कतार है ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए काफी प्रयास पुलिस को करना है। लिहाजा पूर्व से ही बदलावों की अपेक्षा हो रही थी ऐसे में मंगलवार को एसएसपी कार्यालय से बदलाव की जानकारी जारी की गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से जारी बदलावों को लेकर यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। तीन नए अधिकारियों की तैनाती से विभाग में काफी समय से लंबित मामलों के जल्द निस्तारण की उम्मीद जगी है।

# बैंककर्मियों की कार्यशैली से उपभोक्ता परेशान

## ● पाटन स्थित स्टेट बैंक शाखा का मामला, बैंक सेवाओं को लेकर नाराजगी, उपभोक्ता बोले घंटों इंतजार के बाद नहीं होता काम

संवाददाता। पाटन, उन्नाव

**भारतीय** स्टेट बैंक की स्थानीय पाटन स्थित बैंक शाखा में कर्मचारियों की लापरवाही ग्राहकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। जमा निकासी की सुचारू व्यवस्था न होने के कारण ग्राहकों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। आरोप है कि कैश के लिए घंटों तक इंतजार के बाद प्राय: बैंक कर्मी उन्हें दूसरे दिन आने की बात कह कर लौटा देते हैं। बैंक कर्मियों की मनमानी के चलते उपभोक्ता तो परेशान हो ही रहे हैं। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग की भी धज्जियां उड़ रही हैं। स्थानीय स्टेट बैंक शाखा में कस्बा सहित क्षेत्र के ग्रामीणों एकर्मचारियों व व्यापारियों के खाते खुले हैं। जिन के संचालन के लिए प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं का आगमन होता है। किंतु जमा.निकासी सहित पासबुक एंट्री, ऋण आदि विभिन्न सेवाएं उन्हें सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक में फैली अव्यवस्थाओं के अलावा कर्मचारियों के बिगड़े रवैये के चलते उन्हें भारी दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उन्हें अपने कार्यों हेतु घंटो तक इंतजार करना पड़ता है। किसी तरह का सवाल करने पर बैंक कर्मी बदसलूकी पर आमादा हो जाते हैं। आये दिन लिंक फेलए प्रिंटर खराब, एटीएम खराब जैसी समस्याएं बताकर उन्हें वापस भेज दिया जाता है। नतीजतन उपभोक्ताओं एवं बैंक कर्मियों के बीच प्राय: तीखी नोकझोंक की स्थित भी बनी रहती है। सोमवार को विभिन्न कार्यों से बैंक शाखा में आए करीब 1 दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को घंटों तक इंतजार करने के बाद निराशा का सामना करना पड़ा। जमा निकासी हेतु सायं करीब 4:30 बजे तक बैंक के बाहर प्रतीक्षा करने के बाद बैंक कर्मियों ने उन्हें अगले दिन आने की बात कहते हुए वापस लौटा दिया। बैंक में मौजूद ग्राहकों में से सुमन तिवारी ने बताया कि पैसे आहरित करने हेतु सुबह 11:00 बजे करीब आकर उन्होंने संबंधित काउंटर से टोकन प्राप्त किया था। करीब 5 घंटे इंतजार करने के बाद बैंक कर्मियों ने आज कार्य न हो पाने की बात कहते हुए अगले दिन आने के लिए कहा। बचत खाते से पैसे निकालने के लिए बैंक के बाहर खड़े रणवीर ने बताया की पूरा पूरा दिन इंतजार करने के बाद भी उनका कार्य नहीं हो सका। जबकि बैंक कर्मियों के जानने वाले कुछ लोगों का कार्य अविलंब कर दिया गया । यहां शाम 4:30 बजे करीब बैंक के बाहर मौजूद रहे महिला एवं पुरुष उपभोक्ताओं का कहना था कि बैंक कर्मियों की लापरवाह कार्यप्रणाली व खराब बर्ताव के कारण उन्हें भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

# बलात्कारियों के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाओं ने किया प्रदर्शन




पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मिर्जामुराद** थाना क्षेत्र के नागेपुर व बीरभानपुर की महिलाओं ने मंगलवार अपराहन बलात्कारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए जूलुस निकाला। जूलुस में शामिल महिलाएं हाथरस में दलित के साथ किए गए सामूहिक दुश्कर्म के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बलात्कार की शिकार पीड़िता के मौत पर दुख जताते हुए दुष्कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की माँग की। लोक समिति की ओर से आयोजित रैली में महिलाओं ने मुँह पर काली पट्टी बाँधकर छेड़खानी, बलात्कार, महिला हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन किया। नंदघर पर पहुँचकर महिलओं ने नारेबाजी किया। गौरतलब हो कि बिगत 14 सितम्बर को हाथरस की 19 वर्षीय दलित लड़की को गाँव के ही चार दरिंदो ने सामूहिक बलात्कार करके जानलेवा हमला कर दिया था इतना ही नही बलात्कारियों ने दुष्कर्म करने के बाद पीड़िता का जीभ काट दिया था। उपचार के दौरान मंगलवार को सफ्दरगंज अस्पताल में मौत हो गयी। लोक समिति के संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि हाथरस की बेटी को हैवानो ने बलात्कार करके मार डाला यह केवल एक घटना नही है बल्कि हर गाँव व शहर में आये दिन लड़कियों और महिलाओं के साथ हिंसा छेड़खानी,व बलात्कार की घटनाएं हो रही है, सरकार को इन हैवानो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन में अनीता, आशा, सोनी, सरोज ,मधुबाला, खुशबू, वर्षा कलावती, अंजली, शमबानो आदि प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

# ऐक्सिस बैंक छोटे किसानों को बेहतर वित्तीय सहायता उपलब्ध करायेगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ऐक्सिस** बैंक भारत में बायर के बेटर लाइफ फार्मिंग अभियान से जुड़ गया है। इस पहल का उद्देश्य छोटे किसानों और ग्रामीण कृषि समुदाय को बेहतर और संपूर्ण वित्तीय समाधान उपलब्ध कराना है। इस साझेदारी के माध्यम से ऐक्सिस बैंक सस्ते दर पर ऋणए जमाए निकासीए भुगतान आदि जैसे तरह.तरह के शुरू से लेकर अंत तक वित्तीय समाधान और सेवाओं की पेशकश करेगा।

इन सेवाओं का डिजिटल वित्तीय समाधान और घर जाकर सेवा उपलब्ध कराना बैंक की पेशकशों का अभिन्न हिस्सा होगा ताकि सुविधाजनक और चिंतामुक्त लेन-देन सुनिश्चित की जा सके इन सेवाओं को बायर के बेटर लाइफ फार्मिंग के केन्द्रों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा जिसका स्वामित्व और संचालन किसान उत्पादक संगठन संघ, कृषि स्नातक या स्थानीय किसान उद्यमी के हाथों में हो।

# भाजपा विधायक ने किया स्वच्छता गीत का विमोचन



**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी नेता व कैण्टोनमेण्ट से विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने मंगलवार दोपरह स्वच्छ भारत पर मिली पाण्डेय के गाने का विमोचन किया। 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस यानि स्वच्छता दिवस के अवसर पर देशभर में स्वच्छता से सम्बंधित कार्यक्रमों की श्रृंखला में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। शिक्षिका मिली पाण्डेय ने बच्चों को जन-जागरूकता एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए वीडियो के साथ एक गाना तैयार किया गया है, जिसका भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने विमोचन कर उपस्थित जनसमूह को स्वच्छाता का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों के साथ सृजन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि गांधीजी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता की अलग जन-जन के मन में जगाई है। विधायक ने मिली पांडे द्वारा रचित गीत की प्रशंसा की। एक शिक्षक की यह पहल अत्यंत सराहनीय एवं औरों के लिये अत्यंत प्रेरणादायक है। इस गाने के बोल एवं संगीत के साथ खुद मिली पाण्डेय ने ही इसको गाया भी है। इस गाने की रिकॉर्डिंग आदि इसी साल जनवरी में ही तैयार हुई थी। मगर कोविड एवं लॉकडाउन के चलते विमोचन नहीं हुआ था, जो आज यानि स्वच्छता दिवस के अवसर पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हेमा त्रिपाठी, अंजलि मिश्रा, शशि अग्रवाल, रेखा चौधरी आदि मौजूद रहीं।

# मालवीय आरोग्य सम्मान के लिये प्रो. जेएस त्रिपाठी का चयन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**अखिल** भारतीय सारस्वत परिषद ने प्रोफेसर जेएस त्रिपाठी को मालवीय आरोग्य सम्मान के लिये चयनित किया है। प्रोफेसर जेएस त्रिपाठी काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के आयुर्वेद संकाय स्थित कायचिकित्सा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष रहे हैं। प्रो. त्रिपाठी को यह सम्मान आगामी दिसम्बर माह में प्रदान किय जाएगा। इस बात की जानकारी बीएचयू जनसम्पर्क विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। बताया है कि अखिल भारतीय सारस्वत परिषद ने भारत रत्न पण्डित मदन मोहन मालवीय जयन्ती पर प्रो. त्रिपाठी को यह पुरस्कार से नवाजा जाएगा। 25 दिसम्बर 2020 को नई दिल्ली मे आयोजित समारोह मे प्रोफेसर जेएस त्रिपाठी को मालवीय आरोग्य सम्मान 2020 प्रदान किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रिय ख्याति प्राप्त आयुर्वेद चिकित्सक प्रोफेसर त्रिपाठी ने चिकित्सा के क्षेत्र में अच्छा काम



किया है। इस सम्मान के अन्तर्गत एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। अखिल भारतीय सारस्वत परिषद देश के साहित्यिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, समाजिक और राजनैतिक क्षेत्र के गणमान्य विभूतियों को उनकी उपलब्धियों एवं कार्यों के दृष्टिगत प्रतिवर्ष पुरस्कृत एवं सम्मानित करती है।

# बाल हित में शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था जरूरी: सिंह

## ● खुली कक्षाएं ब्रिज कोर्स, अनौपचारिक शिक्षा हो सकते हैं विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**वैश्विक** महामारी कोविड 19 के चलते पिछले छ: महीने से स्कूल बंद चल रहे हैं। लंबे समय से शिक्षा से वंचित बच्चों में निराशा हताशा और अवसाद जैसे मनोविकार उत्पन्न रहे हैं। बच्चे घरेलू हिंसा और कई तरह के शोषण का शिकार भी होते दिख रहे हैं। हजारों बच्चे बालश्रम की जोखिम में हैं। जिसमें वंचित समुदाय के बच्चे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ह्यूमन लिबर्टी नेटवर्क ने प्रयागराज में लंबे समय से स्कूल बंद होने के कारण बच्चों की स्थिति के आकलन के लिए सर्वेक्षण किया है। सर्वेक्षण में कई तथ्य सामने उभर कर आए। जो बाल हित को खासा प्रभावित कर रहे हैं और उनके भविष्य के लिए कठिन चुनौती बनकर आ सकते हैं। ह्यूमन लिबर्टी नेटवर्क की सहयोगी संस्था प्रगति ग्राम उद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान प्रयागराज के सूबेदार सिंह ने बताया कि प्रयागराज जिले में 45 फीसद परिवार महंगे व्याज दर पर कर्जदार हैं। उक्त परिवारों के बहुत से बच्चे अपने परिवार पर आधारित कर्ज वापसी के दबाव में बाल श्रम कर रहे हैं। जिसमें वंचित समुदाय के परिवारों के बच्चे अधिक प्रभावित हैं। बच्चों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय है। स्कूल खुले रहने पर इन्हें सेफ्टी नेट की तरह सुरक्षा मिलती थी जो अब नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि बाल विवाह की संभावनाएं बढ़ गई हैं। गरीब परिवारों के पास ई लर्निंग के संसाधन स्मार्ट फोन इन्टरनेट आदि न होने के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से ठप है। 70 प्रतिशत बच्चों को मध्यान्ह भोजन के लिए डीबीटी मिली है। शेष बच्चे अभी भी वंचित हैं। श्री सिंह ने सुझाव दिए कि गांव में वैकल्पिक शिक्षा के मजबूत तंत्र विकसित किया जाए जिसमें कोचिंग कक्षाएं ब्रिज कोर्स अनौपचारिक शिक्षा मजबूत विकल्प हो सकता है।

## कोरोना संक्रमण काल में हुई आर्थिक क्षति

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण काल में आर्थिक तौर पर बहुत सारी समस्याएं आयीं हैं। एमजी में टेक्नोलॉजी डिसरप्शन हमेशा प्रमुख प्राथमिकता रही है। इंडस्ट्री फर्स्ट ऑटोनोमस लेवल एसयूवी के साथ भारत के ऑटो सेक्टर में नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। ग्लोस्टर सिर्फ एक कार नहीं है। यह एक हाईटेक असिस्टेंट है। जो केवल आप के बारे में आपकी सुरक्षा और हर समय आप के आराम के बारे में सोचती है। एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली ऑटोनॉमस प्रीमियम एसयूवी एमजी ग्लोस्टर पेश की है। इससे पहले कंपनी ने भारत की पहली इंटरनेट कार हेक्टर और भारत की पहली इंटरनेट इलेक्ट्रिक एसयूवी जेडएसईवी लॉन्च की थी। प्रेसिडेंट और एमडी राजीव चाबा ने लग्जरियस ऑफरोडर को पेश करते हुए कहा कि बेस्ट इन क्लास सुविधाओं के साथ टॉवरिंग इसके कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्य हैं।

# रक्षा लेखा विभाग के मनोज ने कोरोना पर लिखा गीत, मिली हरओर से सराहना

**प्रयागराज।** रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक पेंशन कार्यालय में कार्यरत मनोज कुमार सिंह मन्नू ने कोरोना पर गीत लिखा है। जिसे तमाम सराहनाएं मिल रहीं हैं। मन्नू का कहना है कि जब व्यक्ति के मन में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की सोच पैदा होती है तो वह रास्ता ढूंढ़ता है और ईश्वर उसे रास्ता अवश्य दिखाता है। भोजपुरी लोकगीत गायक मनोज सिंह गहमरी जिला गाजीपुर के हैं और वर्तमान में जगमल का हाता चौफ्टका पर रहते हैं। उनका कहना है कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक वरिष्ठ अधिकारियों एवं साथी सभी कर्मचारियों का सहयोग मेरे लिए प्रेरणाश्रोत है। संगीत और सेवा भावना से मुझे सदैव आत्मसुख मिला। विश्व स्तरीय महामारी ने जन सामान्य को हिलाकर रख दिया। उन्होंने कहा कि देश के मुखिया प्रधानमंत्री द्वारा इस कोरोना रूपी महामारी से बचाव के लिए चलाये जाने वाले जन अभियान चलाकर जन जन तक पहुंचाऊ और सबको जागृत करूं। इसके लिए गीत लिखा।

# राजनीतिक तनातनी में अटके पनीरसेल्वम

## ● कोविड-19 पर मुख्यमंत्री की बैठक में नहीं हुए शामिल

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के समन्वयक और तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम ने मंगलवार को कुछ नेताओं के साथ बैठक की लेकिन वह मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी की अध्यक्षता में कोविड-19 पर हुई बैठक में शामिल नहीं हुए। राज्य में 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात को लेकर दोनों नेताओं के बीव सोमवार को तलवारें खिंच गई थीं।

पार्टी के भीतर नए सिरे से तनातनी की अटकलों के बीच पनीरसेल्वम के ग्रीनवेज रोड स्थित आवास पर हुई बैठक में उप समन्वयक के.पी. मुनुसामी और राज्य सभा सदस्य आर. वेथिलिंगम सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। वेथिलिंगम ने वहां मौजूद मीडियाकर्मियों से कहा कि इस बैठक का कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। अगले चुनाव में पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के संबंध सवाल करने पर उन्होंने कहा, सात अक्टूबर को देखते हैं। इस बात को लेकर कोई संशय नहीं है कि अन्नाद्रमुक सत्ता में वापसी कर रही है। सोमवार को हुई अन्नाद्रमुक की कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी नेतृत्व को लेकर चर्चा हुई। मुनुसामी ने बैठक के बाद कहा था कि पार्टी के संयुक्त समन्वयक पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी सात अक्टूबर को बताएंगे कि पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा। वेथिलिंगम ने मंगलवार को कहा कि पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी दोनों का ही समर्थन किया।

जे. जयललिता के मंत्रिमंडल में मंत्री रह चुके वेथिलिंगम ने कहा कि उनका लक्ष्य अन्नाद्रमुक को और मजबूत बनाकर पार्टी को अगली बार भी सत्ता में बनाए रखना है। मुनुसामी ने भी कहा कि पार्टी के सामान्य कामकाज से कुछ ज्यादा मतलब निकालने की आवशकता नहीं है। इससे पहले अब अन्नाद्रमुक में बंटवारा हुआ था तो वेथिलिंगम पलानीस्वामी के साथ जबकि मुनुसामी पनीरसेल्वम के साथ थे। दोनों धड़ों का 2017 में विलय हो गया और पलानीस्वामी मुख्यमंत्री तथा पनीरसेल्वम उपमुख्यमंत्री बने।

## जगन्नाथ मंदिर के 351 सेवादार कोविड-19 से संक्रमित पाए गए

**पुरी।** ओडिशा के श्री जगन्नाथ मंदिर के कम से कम 351 सेवादार और 53 कर्मचारी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के प्रशासक अजय जेना ने मंगलवार को बताया कि 12 वीं शताब्दी के इस मंदिर में अब तक कुल 404 लोग संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इतने सारे सेवादारों की अनुपस्थिति के बाद भी भगवान जगन्नाथ की पूजा सामान्य रूप से जारी है। कोविड-19 महामारी के कारण जगन्नाथ मंदिर मार्च से ही श्रद्धालुओं के लिए बंद है। अधिकारी ने कहा कि अधिकांश सेवादार संक्रमण की पुष्टि होने के बाद घर पर ही पृथकवास में हैं और पूजा करने के लिए विद्वानों की कमी है। मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की पूजा के लिए कम से कम 13 पुजारियों की आवश्यकता होती है। इसलिए, अन्य सेवादारों के अलावा 39 पुजारियों की उपस्थिति आवश्यक है।



गुवाहाटी में भारी बारिश के बाद ब्रह्मपुत्र नदी के बढ़े जलस्तर में बीर लच्छित बोरफुकन की मूर्ति के पास खेलते हुए बच्चे।

## पूर्वी लद्दाख में सुरक्षा परिदृश्य असहज, न युद्ध, न शांति की स्थिति: वायुसेना प्रमुख

**भाषा।** नई दिल्ली

**वायुसेना प्रमुख** एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर लंबे समय से चल रहे गतिरोध के संदर्भ में कहा कि हमारी उत्तरी सीमा पर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य असहज है जहां न युद्ध न शांति की स्थिति है।

एक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान एयर चीफ मार्शल भदौरिया ने कहा कि वायुसेना ने स्थिति पर तेजी के साथ प्रतिक्रिया दी है और वह क्षेत्र में किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वायुसेना प्रमुख ने कहा, हमारी उत्तरी सीमा पर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य असहज, न युद्ध न शांति की स्थिति है। जैसा कि आप जानते हैं हमारे सुरक्षा बल किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि पूर्व में हासिल किए गए सी-17 ग्लोबमास्टर, चिनूक और अपाचे हेलीकॉप्टरों के साथ हाल में वायुसेना में शामिल राफेल लड़ाकू विमानों ने वायुसेना की सामरिक और रणनीतिक क्षमता में पर्याप्त बढ़ोतरी की है। भारतीय एरोस्पेस उद्योग से जुड़े एक सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा, भविष्य में होने वाले किसी भी संघर्ष में वायुशक्ति हमारी जीत में अहम कारक रहेगी। इसलिए यह जरूरी है कि वायुसेना अपने दुश्मनों के खिलाफ तकनीक बढ़त हासिल करे और उसे बरकरार रखे।

फ्रांस में निर्मित पांच बहुउद्देशीय राफेल लड़ाकू विमानों को 10 सितंबर को वायुसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया गया। विमानों का यह बेड़ा पिछले कुछ हफ्तों से पूर्वी लद्दाख में उड़ान भर रहा है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हलके लड़ाकू विमान तेजस की दो स्क्वाड्रन और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों में कुछ स्वदेशी हथियारों को बेहद कम समय में लगाया जाना देश के स्वदेशी सैन्य उपकरण बनाने की क्षमता को दर्शाता है।

## कमलनाथ ने कहा, जनता एक चुनी हुई सरकार को गिराने वालों को कड़ा जवाब देगी

**भोपाल।** निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश की 28 सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव कराने की घोषणा का प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि उपचुनाव में प्रदेश की जनता लोकतंत्र की हत्या कर एक चुनी हुई सरकार गिराने वालों को कड़ा जवाब देगी। कमलनाथ ने इस बारे में हिन्दी में ट्वीट किया, चुनाव आयोग द्वारा मध्यप्रदेश की 28 सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव की घोषणा का स्वागत। कांग्रेस इन उपचुनावों को लेकर पूरी तरह से तैयार है। हमने अभी तक 24 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए है, शेष नाम भी हम शीघ्र घोषित करेंगे। अपने अगले ट्वीट में कहा, कांग्रेस का परचम इन सीटों पर निश्चित लहराएगा और हम भाजपा को इन सीटों पर परास्त करेंगे। यह उप चुनाव जनादेश का अपमान , संवैधानिक मूल्यों व लोकतंत्र की हत्या करने वालों को कड़े जवाब के रूप में होगा।

## महबूबा की नजरबंदी के खिलाफ बेटी इल्तिजा की याचिका पर जम्मू कश्मीर प्रशासन से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की लोक सुरक्षा कानून के तहत नजरबंदी को चुनौती देने वाली उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की याचिका पर मंगलवार को कहा कि यह हमेशा के लिए चलती रह सकती और इसका कोई न कोई रास्ता खोजना चाहिए। न्यायालय ने इसके साथ ही इल्तिजा की याचिका पर जम्मू कश्मीर प्रशासन से जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति ऋषिकेष रॉय की पीठ ने जम्मू कश्मीर प्रशासन को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय दिया और जानना चाहा कि इस विशिष्ट कानून के तहत किसी व्यक्ति को कितने समय तक नजरबंद रखा जा सकता है और क्या प्राधिकारियों की योजना पीडीपी की नेता को अभी और नजरबंद रखने की योजना है। पार्टी की बैठकों में शामिल होने की अनुमति के मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने कहा कि पीडीपी की मुखिया को यह अनुरोध संबंधित प्राधिकारियों से करना चाहिए। इस याचिका पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने इल्तिजा की ओर से अधिवक्ता नित्या रामकृष्णन के इस कथन का संज्ञान लिया कि नजरबंद नेता की पुत्री और दूसरे रिश्तेदारों को उनसे मुलाकात करने की अनुमति दी जानी चाहिए। जेल में बंद लोगों को भी अपने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की इजाजत होती है।

पीठ ने कहा कि मुलाकात और बैठकों के लिए संबंधित प्राधिकारियों से अनुरोध करना चाहिए। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने कहा कि वह मुद्दों के बारे में जानना चाहती है। कानून के तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम कितने समय तक नजरबंद रखा जा सकता है और पीठ ने प्राधिकारियों से जानना चाहा कि उन्हें कब तक रखा जा सकता है।

पीठ ने इस याचिका को 15 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा, कोई रास्ता निकाला जाए। नजरबंदी सदैव के लिए नहीं हो सकती है। इस दौरान प्रशासन इल्तिजा की संशोधित याचिका पर अपना जवाब दाखिल करेगा। पीठ ने प्रशासन के पहले के जवाब का जिक्र करते हुए कहा कि वह इसका अवलोकन करेगी और देखेगी कि इसमें क्या किया जाना चाहिए। महबूता को जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने संबंधी संविधान के अनुच्छेद 370 के अनेक प्रावधान समाप्त करने और इस राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशों में विभक्त करने के पिछले साल पांच अगस्त के सरकार के फैसले से पहले गिरफ्तार कर लिया गया था। इल्तिजा मुफ्ती ने पिछले सप्ताह एक आवेदन दायर कर पहले से ही लंबित अपनी याचिका में संशोधन करने का अनुरोध न्यायालय से किया था। वह इसे बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका बनाना चाहती है।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी सेना ने की भारी गोलाबारी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों में मंगलवार को पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की एवं मोर्टार के गोले दागे। रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, आज तड़के करीब साढ़े चार बजे पाकिस्तान की सेना ने बिना किसी उकसावे के संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए नियंत्रण रेखा के करीब मनकोट सेक्टर में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार के गोले दागे। इस महीने पाकिस्तानी सेना 45 बार संघर्षविराम का उल्लंघन कर चुकी है। लगभग दो सप्ताह पहले राजौरी के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए की गई भारी गोलीबारी एवं गोलाबारी में एक जवान शहीद हो गया था तथा एक अधिकारी समेत दो अन्य घायल हो गए थे। दो सितंबर को पाकिस्तान सेना द्वारा राजौरी के केरी सेक्टर में किए गए संघर्ष विराम के उल्लंघन में एक जेसीओ की मौत हो गई।

### कृषि कानून जमाखोरों की मदद करेंगे: ममता

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कृषि कानूनों को लेकर केंद्र पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि ए कानून देश के किसानों को बर्बाद कर देंगे और जमाखोरों की मदद करेंगे। बनर्जी ने यहां शाखा सचिवालय उत्तर कन्या में एक प्रशासनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्य के अधिकारियों से बात करेंगी और किसानों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगी। कृषि कानून देश के किसानों को बर्बाद कर देंगे। ए सिर्फ जमाखोरों की मदद करेंगे। ए कानून किसानों के हितों की पूर्ति नहीं करेंगे। हम जल्द ही अधिकारियों की एक बैठक आहूत करेंगे और देखेंगे कि किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए क्या किया जा सकता है ? बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्षी दल नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए कृषि क्षेत्र के तीन कानूनों का विरोध कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि यह किसान विरोधी कदम है और ए कृषि क्षेत्र को बर्बाद कर देंगे। इस बात पर जोर दिया है कि नए कानून किसानों को बिचौलियों के चंगुल से मुक्त करेंगे और इससे वे अपनी उपज एक लाभकारी मूल्य पर जहां चाहें वहां विक्रय कर पाएंगे।

### महाराष्ट्र में आदिवासियों ने सिर मुंडाकर विरोध-प्रदर्शन किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के चार जिलों में आदिवासी ग्रामीणों ने मंगलवार को काफी समय से लंबित अपनी मांगों के पूरा नहीं होने के विरोध में सिर मुंडाकर प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन आयोजित करने वाले एनजीओ ने कहा कि प्रदर्शनकारी आदिवासियों ने आदिवासी विकास विभाग और आदिवासी विकास निगम पर उनके हितों को नजरअंदाज करने का आरोप भी लगाया। साथ ही विरोध जताने के तहत इन विभागों को मृत घोषित करते हुए अंतएष्टि अनुष्ठान भी किए। एनजीओ ने कहा कि ठाणे, पालघर, रायगढ़ और नासिक जिलों में स्थित आदिवासी विकास निगम के कार्यालयों के बाहर और तालुकाओं में ए प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शन के दौरान आदिवासियों ने अपने सिर भी मुंडाए और राज्य प्रशासन पर उनके हितों के प्रति संवेदनहीन होने का आरोप लगाया। उनके वन अधिकारी दिए जाने के साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा की आवश्यकताओं को भी पूरा किया जाए और सभी आदिवासी परिवारों को राशन कार्ड जारी किए जाएं।

### कर्नाटक ड्रग मामले में एक और व्यक्ति पकड़ा गया

**मेंगलुरु।** डांसर-कोरियोग्राफर किशोर अमर शेट्टी की संलिप्तता वाले ड्रग मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अपराध शाखा पुलिस के कर्मियों ने मुम्बई से इस धंधे में शामिल एक बड़े मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार कल शान नवाज को गिरफ्तार किया गया जो मेंगलुरु के बुंदेर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक वह मोहम्मद शाकिर का दोस्त है जिसे इस मामले में पहले गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों का कहना है कि नवाज मुम्बई और गोवा से शेट्टी और उसके दोस्त तरूण राज के जरिए मादक पदार्थ की आपूर्ति करता था।



मुंबई में राजभवन में अभिनेत्री पायल घोष राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात करती हुईं। साथ में केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले।

## पायल घोष ने महाराष्ट्र के राज्यपाल से की मुलाकात, न्याय मांगा

**भाषा।** मुम्बई

**फिल्म निर्माता** अनुराग कश्यप पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली अभिनेत्री पायल घोष ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात कर कश्यप के खिलाफ कार्वाई की अपील की। राज भवन ने ट्वीट किया, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले के साथ अभिनेत्री पायल घोष ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से राजभवन में मुलाकात की और ज्ञापन दिया।

घोष ने सोमवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के अध्यक्ष आठवले के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया था और कश्यप की गिरफ्तारी की मांग की थी। अभिनेत्री ने कश्यप पर सात साल पहले उनके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया है।

कोश्यारी के साथ आधे घंटे की मुलाकात के बाद आठवले ने पत्रकारों को बताया कि राज्यपाल ने कहा कि वह मामले को लेकर महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख से बात करेंगे। मंत्री ने कहा, मैंने राज्यपाल को बताया कि पायल घोष 10 साल से मुंबई में रह रही हैं। उन्होंने कुछ साल पहले अत्याचार का सामना किया था। उन्होंने इस मामले में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

आठवले ने बताया, पायल घोष ने राज्याल को ज्ञापन दिया है जिसमें सुरक्षा और अनुराग कश्यप की गिरफ्तारी की मांग की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभिनेत्री को मुद्दा उठाए आठ दिन हो गए हैं, लेकिन कश्यप के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई है। आठवले ने सोमवार को मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) विश्वास नांगरे पाटिल से अभिनेत्री के साथ मुलाकात की थी और फिल्मकार के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी।

## आरक्षण नियमों को लेकर उदयनराजे का सुझाव क्रांतिकारी: शिवसेना

**मुंबई।** आरक्षण के योग्यता और आर्थिक मानदंडों पर आधारित होने के भाजपा नेता तथा सांसद उदयनराजे भोसले के सुझाव को मंगलवार को शिवसेना ने क्रांतिकारी व्यवस्था करार दिया है। मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी के वंशज भोसले ने कहा है कि वह जाति आधारित आरक्षण को खत्म करके आर्थिक और योग्यता के मानदंडों पर आधारित आरक्षण के हिमायती हैं। भोसले ने मराठा समुदाय के बीच व्याप्त गहरे असंतोष के विकराल रूप धारण करने की चेतावनी देते हुए रविवार को कहा था कि अगर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार राज्य में मराठा आरक्षण कानून लागू करने में नाकाम रहती है तो सभी समुदायों को मिला आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाना चाहिए। शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा गया है, इन हालात में, सभी समुदायों का आरक्षण समाप्त करके योग्यता आधारित आरक्षण देने की छत्रपति उदयनराजे की अपील क्रांतिकारी है। मुख्यमंत्री तथा शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का विचार है कि मराठा और ढांगर समुदायों को उनके हिस्से का आरक्षण मिलना चाहिए। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के कानून के कार्यान्वयन पर रोक लगा रखी है, जिसे लेकर महाराष्ट्र सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है।

## महाराष्ट्र सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी: संजय राउत

### ● मध्यावधि चुनाव नहीं होंगे

**भाषा।** मुम्बई

**शिवसेना** के सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की संभावना को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य के लोग अभी चुनाव नहीं चाहते हैं। एक दिन पहले ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने राज्य में मध्यावधि चुनाव की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कहा था, कोई भी मध्यावधि चुनाव नहीं चाहता। लेकिन कोई अस्थायित्व का हल भी नहीं बता सकता। सभी कोशिश करेंगे कि कुछ न हो लेकिन यदि यदि कोई गठबंधन काम नहीं करता है तो कोई विकल्प भी नहीं होगा।

राउत ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में तंज कसते हुए कहा कि चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करने वाले चुनाव आयोग ने शायद पाटिल को कुछ जिम्मेदारी दी हो और संभवत: उनके पास इस संबंध में अधिक जानकारी हो। उन्होंने कहा, लेकिन मैं चंद्रकांत पाटिल के बयान को सकारात्मक ढंग से लेता हूं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोग चुनाव नहीं चाहते हैं। मैं भी यही कह रहा हूं कि चुनाव नहीं होना चाहिए। इसलिए ठाकरे सरकार पांच साल चलेगी और चुनाव नहीं होंगे।

बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडेय के पिछले सप्ताह स्वैच्छिक सेवानिवृति के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाले जनता दल यूनाइटेड से जुड़ जाने के बारे में पूछे जाने पर शिवसेना सांसद ने कहा कि व्यक्ति को नौकरी से इस्तीफा देने के बाद राजनीति में आने का हक है। उन्होंने कहा, बिहार के पुलिस महानिदेशक रहे पांडेय साहब से हमारी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। उन्होंने पद पर रहते हुए मुम्बई पुलिस के खिलाफ जो बयान दिए थे, हम उसके खिलाफ थे। आप मुम्बई पुलिस का अपमान मत कीजिए।

सुशांत सिंह राजपूत की मौत की मुम्बई पुलिस द्वारा जांच किए जाने के दौरान जब पांडेय ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी तब शिवसेना नीत महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार के नेताओं ने उनकी आलोचना की थी। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने कहा अब सीबीआई जांच कर रही है। पूरा देश यह देखने का इंतजार कर रहा है कि सीबीआई इस मामले में क्या करती है। मैं समझता हूं कि पांडेय को भी कुछ समय इंतजार करना चाहिए। उन्होंने मुम्बई पुलिस की जांच पर सवाल उठाने वाले चैनलों से अब सीबीआई से सवाल पूछने को कहा।

सीबीआई सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की एक महीने से अधिक समय से जांच कर रही है। राउत ने कहा, चैनल हमसे सवाल पूछ रहे थे। उन्हें अब सीबीआई, पांडेय और नीतीश कुमार से सवाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ए आरोप शिवसेना को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा थे। सीबीआई ने सोमवार को कहा था कि राजपूत की मौत के मामले में अभी वह किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पिछले सप्ताह भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद अटकलों का दौर शुरू होने पर राउत ने कहा कि वह शिवसेना के मुखपत्र सामना के लिए उनके साक्षात्कार के वास्ते कार्यक्रम तय करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री से फिर मिलेंगे।



रांची में भाजपा के नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी और एसअी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर ओरॉन का स्वागत करते कार्यकर्ता

# नए कृषि कानूनों से किसान सशक्त होंगे

**भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रमुख राजकुमार चाहर ने कहा**

भाषा। चंडीगढ़

**भाजपा** के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने मंगलवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे राजनीतिक फायदे के लिए किसानों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि संबंधी कानूनों से किसानों को उन पाबंदियों से आजादी मिलेगी, जिसका वे दशकों से सामना कर रहे थे।

चाहर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ए कानून किसानों को सशक्त बनाने और उन्हें पाबंदियों से मुक्त करने के लिए हैं...लेकिन कुछ राजनीतिक संगठन खासकर कांग्रेस राजनीतिक फायदे के लिए सुधारों का विरोध कर रही है और किसानों को भ्रमित कर रही है। इससे पहले उन्होंने कृषि कानूनों के समर्थन में भाजपा की शहर इकाई द्वारा आयोजित ट्रैक्टर रैली में हिस्सा लिया। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, यह हास्यास्पद है कि पार्टी तीनों कानूनों का विरोध कर रही है, जबकि उसने अपने चुनावी घोषणापत्र में खुले बाजारों की बात कही थी।

उन्होंने कहा कि 2017 के चुनाव के पहले पंजाब में भी कांग्रेस पार्टी ने कुछ बदलाव लाने की बात की थी लेकिन अब वे किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जो झूठ फैलाया जा रहा है वह लंबे समय तक नहीं टिकेगा। उन्होंने कहा कि ये कानून ऐतिहासिक हैं और देश की तकदीर बदल जाएगी। किसानों के लिए चिंता करने की कोई बात नहीं है। मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी। नई व्यवस्था में उन्हें अतिरिक्त विकल्प मिल जाएंगे जिससे उनकी आमदनी बढ़ाने में सहायता मिलेगी। एक सवाल का जवाब देते हुए चाहर ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में पूरी आस्था है और वे उनका विश्वास करते हैं। यह पूछे जाने पर कि किसान कानूनों का क्यों विरोध कर रहे हैं, उन्होंने कहा, कुछ लोग उन्हें भ्रमित कर रहे हैं...। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि कृषि विधेयकों के मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल को विश्वास में लिया गया था।

यह पूछे जाने पर कि शिरोमणि अकाली दल ने विरोध क्यों किया और गठबंधन से अलग होने का रास्ता क्यों अपनाया, उन्होंने कहा, कुछ राजनीतिक कारण हो सकते हैं, इसका जवाब अकाली ही दे सकते हैं। दिल्ली में पंजाब युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा ट्रैक्टर जलाने की घटना पर उन्होंने कहा कि यह किसानों का अपमान है।

## मिजोरम में 30 स्वचालित राइफल और आठ हजार कारतूस बरामद

**आइजोल।** मिजोरम के मामित जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा के समीप बड़ी संख्या में हथियार एवं गोला-बारूद जब्त किया है और तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बीएसफ के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार रात में पश्चिमी फैलेंग तहसील में दक्षिणी फुलदेंगसी गांव के पास दो वाहनों से बीएसएफ के जवानों ने 28 एके-47 राइफल, एक एके-74 एवं अमेरिका निर्मित कार्बाइन एवं 7,894 गोलियां जब्त की। उन्होंने बताया कि 39,020 रूपए नकद और अन्य सामान भी जब्त किए गए। अधिकारी के अनुसार हथियारों को ले जाने के सिलसिले में तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं जो आइजोल के रहने वाले हैं। मिजोरम के पुलिस उपमहानिरीक्षक (मुख्यालय) जॉन नेहलैया ने कहा, बीएसएफ और पुलिस की प्राथमिक पूछताछ से पता चला है कि तीनों आइजोल में किराए के मकान में रहते थे। उनमें से एक म्यामांर का है।



हैदराबाद में बटुकम्मा उत्सव से पहले साड़ियों की दुकान पर फूलों की व्यपस्था करती महिला

# वडोदरा में निर्माणाधीन इमारत के ढहने से तीन मजदूरों की हुई मौत

भाषा। अहमदाबाद



वडोदरा जिले के बवानापुरा इलाके में निर्माणाधीन इमारत ढहने के बाद राहत कार्य करते बचावकर्त्ता

**गुजरात** के वडोदरा शहर में सोमवार की रात तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। दमकल विभाग के अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि एक मजदूर को मलबे में से जिंदा निकाला गया। उन्होंने बताया कि वडोदरा के भवमनपुरा इलाके में देर रात करीब साढ़े 12 बजे एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। अधिकारी ने कहा, एक महिला सहित तीन मजदूरों की हादसे में मौत हो गई। वहीं दमकल विभाग ने एक मजदूर को मलबे से जिंदा निकाला।

## मुंबई, पठानकोट आतंकी हमलों के पीड़ितों को न्याय मिलना अभी बाकी है : भारत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने पाकिस्तान का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा है कि एक विशेष देश की अनिच्छा और असहयोग के कारण मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमले और 2016 में पठानकोट हमले के पीड़ितों को न्याय मिलना अभी बाकी है। आतंकवाद के पीड़ितों के मित्र समूह की मंत्रिस्तरीय डिजिटल बैठक में भारत ने आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए ठोस वैश्विक कार्वाई के लिए मजबूत आधार बनाते हुए कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बीच आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।

सोमवार को हुई बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) विजय ठाकुर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में कमियों को दूर करने का भी आह्वान किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आतंकवाद के दोषियों को सजा मिल सके। सिंह ने कहा, मैं इस बात पर प्रकाश डालना चाहूंगी, उदाहरण के लिए, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और 2016 के पठानकोट आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय मिलना बाकी है। यह केवल एक विशेष देश की अनिच्छा और असहयोगपूर्ण रवैए के कारण है।

सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आतंकवादी गतिविधियां न केवल पीड़ितों के अधिकारों का उल्लंघन करती है बल्कि वे पीड़ितों और समाज की सुख शांति को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि महामारी के बीच आतंकवाद अंतराराष्ट्रीय सुरक्षा और शांति के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार कोरोना वायरस महामारी के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले कुछ महीनों में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को भेजना बंद नहीं किया है। सिंह ने आतंकवादियों द्वारा अपने नापाक मंसूबों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी नेटवर्क का इस्तेमाल बढ़ाने संबंधी खतरे के बारे में भी बात की।

## महाराष्ट्र के आदिवासी अब वनक्षेत्रों के आसपास बना सकते हैं अपना मकान

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 में संशोधन करते हुए मंगलवार को एक अधिसूचना जारी की जिसके तहत अब जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी वन क्षेत्र के आसपास घर बना सकेंगे। राजभवन के एक बयान के अनुसार इससे वनों में निवास करने वालों का पलायन रुकेगा और गांव का आसपास की वन भूमि पर विस्तार करते हुए उन्हें आवसीय क्षेत्र उपलब्ध कराया जा सकेगा। राज्यपाल ने संविधान की पंचम अनुसूची के अनुच्छेद पांच के उपअनुच्छेद (1) के तहत प्राप्त शक्तियों के तहत यह अधिसूचना जारी की है। बयान में कहा गया है कि इससे वनों में रह रहे अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी परिवार वनक्षेत्रों के आसपास घर बना पाएंगे। उसके अनुसार इस फैसले से राज्य के अधिसूचित क्षेत्रों में वनों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति एवं अन्य को बड़ी राहत मिलेगी।

# देश की जमीं से जुड़ी है देश की नई शिक्षा नीतिः नड्डा

भाषा। जयपुर



**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि नई शिक्षा नीति देश की जमीं से जुड़ी हुई है और समाज के सभी वर्गों ने इसका स्वागत किया है। वह यहां के एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए संबोधित कर रहे थे। केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2020 में जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई है, वह भारत के मूल धरती से जुड़ी हुई शिक्षा नीति है। उन्होंने कहा कि ढाई से तीन लाख विचार, सुझाव लेने के बाद और उनको सम्माहित करने के बाद यह नई शिक्षा नीति बनी है जिसको समाज के सभी वर्गों ने ठीक से माना भी है, सराहा भी है और इसका स्वागत भी किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 का आने वाली पीढ़ी लाभ उठाएगी। नई शिक्षा नीति में शिक्षा सबकी पहुंच में हो, सबको उपलब्ध हो तथा यह लचीली हो पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के उन लोगों के जीवन में खुशी लाने के लिए है, जिन्होंने शिक्षा ग्रहण करने के दौरान अहम भूमिका निभाई है। नड्डा ने कहा कि शिक्षा रटने रटाने की चीज नहीं है। हम सब लोग परीक्षा से पहले सारी चीजें याद कर लेते हैं और विश्वविद्यालय के परीक्षा हॉल में जाकर उसको लिख डालते हैं और हम सोचते है कि हम बहुत अच्छे छात्र है...रटने रटाने का जमाना चला गया अब जमाना है एप्लीकेशन का, कांसेप्ट का है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा विश्वगुरु रहा है भारत ने दुनिया को शिक्षा दी है। नालंदा, तक्षशिला इसके उदाहरण है। विश्वविद्यालय का शब्द नालंदा के साथ तब से जुड़ा है।

## क्षेत्र पर अवैध कब्जे को छिपाने का प्रयास है गिलगित बाल्तिस्तान में चुनाव


**विदेश मंत्रालय**

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने मंगलवार को कहा कि अगले महीने तथाकथित गिलगित बाल्तिस्तान विधानसभा क्षेत्र में चुनावों की घोषणा को लेकर उसने पाकिस्तान से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत ने कहा कि इस्लामाबाद द्वारा क्षेत्र पर अवैध कब्जे को छिपाने के लिए दिखावे की कार्वाई की जा रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस्लामाबाद द्वारा क्षेत्र में चुनाव कराने जैसे कार्यों से केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के हिस्से पर अवैध कब्जे को न तो छिपाया जा सकता है न ही पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में लोगों के घोर मानवाधिकार उल्लंघनों और शोषण की बात को ढंका जा सकता है। पाकिस्तान ने घोषणा की है कि गिलगित बाल्तिस्तान के लिए चुनाव 15 नवम्बर को होंगे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, भारत की सरकार ने पाकिस्तान की सरकार से कड़ा विरोध जताया है और कहा है कि संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का पूरा इलाका जिसमें तथाकथित गिलगित और बाल्तिस्तान भी शामिल है, वह 1947 के विलय की संधि के मुताबिक भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का उस क्षेत्र में कोई अधिकार नहीं है जिस पर उसने अवैध और जबरन कब्जा कर रखा है। इसने कहा, इस तरह के कार्यों से संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के हिस्से पर न तो अवैध कब्जे को छिपाया जा सकता है न ही सात दशकों से पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों के गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों, शोषण और स्वतंत्रता से वंचित किए जाने के मामले को ढंका जा सकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये महज दिखावा वाले कार्य हैं ताकि अवैध कब्जे को छिपाया जा सके। हम पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वह अवैध कब्जे वाले सभी क्षेत्रों को तुरंत खाली करे। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान से यह भी कहा कि वह अपने अधीन सभी अवैध कब्जे वाले स्थानों तो तुरंत खाली करे। गिलगित बाल्तिस्तान में 18 अगस्त को चुनाव होने वाले थे लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने कोरोना वायरस महामारी के कारण 11 जुलाई को चुनाव स्थगित कर दिए।

## संदिग्ध हालात में रिवॉल्वर से चली गोली, पति-पत्नी की मौत

**गोंडा ( भाषा )।** गोंडा जिले के वजीरगंज क्षेत्र में मंगलवार को रिवॉल्वर से संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली लगने से एक दंपति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वजीरगंज थाना क्षेत्र के पेड़राही गांव निवासी कुलदीप सिंह (42) आज सुबह अपने घर में लाइसेंसी रिवाल्वर साफ कर रहे थे। पास में उनकी पत्नी नीलम सिंह (40) भी मौजूद थीं। इस बीच संदिग्ध परिस्थितियों में रिवॉल्वर से गोली चल गई, जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने घायल दंपति को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी महावीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया रिवाल्वर साफ करते समय गोली चलने की बात सामने आई है। पूरे मामले की गहन छानबीन की जा रही है। मृतक के भाई की तहरीर पर स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्वाई की जा रही है। दोनों शवों का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।




मनाली में मंगलवार को दुनिया की सबसे लंबी (नौ किमी.) और समुद्र तल से लगभग दस हजार फीट की ऊंचाई वाली सुरंग जो कि मनाली और लेह के बीच की दूरी कम करने वाली सुरंग के गेट का दृश्य

# कोरोना के नए मामलों में लगातार गिरावट

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा-टीके के लिए आवश्यक धन की पूरी व्यवस्था है सरकार के पास**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** में कोरोना के मामलों में पिछले कुछ दिनों में गिरावट दर्ज की जा रही है। 31 जुलाई को कोरोना के 50 हजार से ज्यादा मामले आए। फिर 12 अगस्त को यह आंकड़ा 60 हजार को पार कर गया। वहां से बढ़ते-बढ़ते 12 सितंबर को 90,972 तक पहुंच गया और 22 सितंबर तक लगातार हर दिन 90 हजार से ज्यादा मामले सामने आते रहे। इसके बाद 23 सितंबर से नए मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। पहली बार कोरोना के मामलों में इतने लंबे समय तक लगातार गिरावट देखने को मिली है। खास यह कि इस दौरान प्रतिदिन औसत टेस्ट भी बढ़े हैं, फिर भी नए मामलों में लगातार गिरावट से उम्मीद जगी है। इसी तरह टेस्ट पॉजिटिविटी रेट भी 8.7 प्रतिशत से गिरकर 7.7 प्रतिशत पर आ चुका है। दूसरी तरफ केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि सितंबर महीने में देशभर में करीब तीन करोड़ कोरोना टेस्ट हुए हैं। बीते 28 सितंबर तक कुल 7.31 करोड़ से ज्यादा टेस्ट हो चुके हैं। देश में प्रति 10 लाख आबादी पर टेस्ट की संख्या 50 हजार के आंकड़े को पार कर गई है। राजेश भूषण ने कहा कि प्रति 10 लाख आबादी पर मृतकों की संख्या भारत में पूरी दुनिया में सबसे कम है। मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे में देश में कोरोना के नए मामले 71 हजार से भी कम आए, वहीं मृतकों की संख्या भी 776 रही जो पिछले कई दिनों से काफी कम है। साथ ही देश में अब मरीजों के ठीक होने की दर 83.01 प्रतिशत हो चुकी है। संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की कुल संख्या 51,01,397 हो गई है। देश में अभी 9,47,576 मरीजों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 15.42 प्रतिशत है। दूसरी ओर सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह उस आकलन से सहमत नहीं है कि देश में कोविड-19 के टीका वितरण के लिए 80,000 करोड़ रुपए की जरूरत होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला के एक ट्वीट के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

### देश का हर 15 में से एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली।** देश में 10 साल से ऊपर का हर 15वां शख्स या 8 से 9 करोड़ आबादी कोरोना की चपेट में आ चुकी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के दूसरे सीरो सर्वे में यह बात सामने आई है। देश में कोरोना को लेकर पैदा हुए हालात और वर्तमान स्थिति की जानकारी देने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, आईसीएमआर और नीति आयोग ने मंगलवार को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आईसीएमआर के डीजी बलराम भार्गव ने कहा कि सीरो रिपोर्ट में एक बड़ी आबादी के कोरोना की चपेट में आने की आशंका जताई गई है। हालात पर काबू पाने के लिए उन्होंने 5-टी स्ट्रैटिजी यानी टेस्ट, ट्रैक, ट्रेस, ट्रीट और टेक्नॉलजी को अपनाने की सलाह दी है। दूसरे सीरो सर्वे में लगभग सात प्रतिशत आबादी के कोरोना संक्रमण की चपेट में आने की बात कही गई है। यह आंकड़ा 11 सितंबर को जारी पहले सर्वे से दस गुना अधिक है। इससे पता चलता है दो सर्वे के बीच में संक्रमण बहुत तेजी से फैला है।

# पेज एक का शेष

## राजधानी में...

मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 394856 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 5711 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 336981 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 532, कानपुर में 182, प्रयागराज में 254, गोरखपुर में 210, गाजियाबाद में 225, वाराणसी में 246, नोएडा में 89, बरेली में 104, मेरठ में 160, मुरादाबाद में 60, अलीगढ़ में 90, झांसी में 82, सहारनपुर में 28, बाराबंकी में 48, अयोध्या में 86, बलिया में 35, आगरा में 80, देवरिया में 41, शाहजहांपुर में 44, लखीमपुर खीरी में 107, जौनपुर में 34, कुशीनगर में 31, मुजफ्फरनगर में 68, रामपुर में 9, महाराजगंज में 29, हरदोई में 40, आजमगढ़ में 25, इटावा में 36, मथुरा में 27, गाजीपुर में 16, गोंडा में 36, प्रतापगढ़ में 48, बुलंदशहर में 24, बस्ती में 53, सीतापुर में 19, पीलीभीत में 14, उन्नाव में 34, चंदौली में 23, सुल्तानपुर में 52, सिद्धार्थनगर में 18, बहराइच में 52, बिजनौर में 28, सोनभद्र में 37, बदायूं में 24, फर्रुखाबाद में 90, अमरोहा में 64, मैनपुरी में 15, रायबरेली में 21, हापुड़ में 17, फिरोजाबाद में 21, संत कबीर नगर में 29, कन्नौज में 16, मिर्जापुर में 10, ललितपुर में 17, मऊ में 26, अमेठी में 20, शामली में 13, औरैया में 17, जालौन में 19, संभल में 14, फ्तेहपुर में 11, बांदा में 33, एटा में 14, कानपुर देहात में 14, भदोही में 8, बलरामपुर में 10, कौशांबी में 13, अंबेडकरनगर में 13, कासगंज में 8, चित्रकूट में 6, बागपत में 4, हमीरपुर में 21, हाथरस में 6, श्रावस्ती में 10, महोबा में 9 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## अयोध्या विवादित...

पक्ष की मौखिक बहस पूरी हुई थी। इसके साथ ही करीब तीन साल से रोज-ब-रोज चल रही इस मामले की अंतिम सुनवाई भी पूरी हो गई थी। दो सितंबर से अदालत ने अपना निर्णय लिखवाना शुरू कर दिया था। छह दिसंबर, 1992 को विवादित ढांचा ढंहाए जाने के मामले में कुल 49 एफआईआर दर्ज हुए थे। एक एफआईआर फैजाबाद के थाना रामजन्म भूमि में एसओ प्रियवंदा नाथ शुक्ला जबकि दूसरी एसआई गंगा प्रसाद तिवारी ने दर्ज कराई थी। शेष 47 एफआईआर अलग अलग तारीखों पर अलग अलग पत्रकारों व फोटोग्राफरों ने भी दर्ज कराए थे। पांच अक्टूबर, 1993 को सीबीआई ने जांच के बाद इस मामले में कुल 49 के खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया था। करीब 28 साल की लम्बी कानूनी प्रक्रिया के दौरान 17 मुल्जिमों की मौत हो चुकी है।

## हाथरस गैंगरेप...

की मांग करने की अपील की है। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि सरकार को हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। हम तब तक आराम से नहीं बैठेंगे जब तक दोषियों को फांसी नहीं दी जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीड़ित को अस्पताल में मारा गया है ताकि उसकी आवाज हमेशा के लिए बंद हो जाए और आरोपियों को बचाया जा सके। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महिला भाजपा नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश अब देश की क्राइम कैपिटल बन गया है। कांग्रेस ने विजय चौक पर पीड़ित के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पीएल पुनिया और उदित राज समेत कई पार्टी नेताओं को मंदिर मार्ग थाने में हिरासत में लिया गया। कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हाथरस, शाहजहांपुर और गोरखपुर में बलात्कार की घटनाओं ने राज्य को हिला दिया है। राज्य में महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं। अपराधी बेखौफहोकर वारदात कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाए और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि युवती की मौत पूरे समाज, देश के साथ-साथ सभी सरकारों के लिए शर्म की बात है। केजरीवाल ने कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द फांसी दी जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी मांग की है कि हाथरस के दोषियों को फांस्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा दी जाए। इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और राज्य के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि घटना बहुत दुखद है। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। चारों गिरतार आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार ने कहा कि एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत पीड़िता के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। डीएम ने युवती द्वारा अपनी जीभ काटे जाने की खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि जब आरोपियों ने उसका गला घोंटने की कोशिश की तो लड़की की जीभ कट गई। दूसरी ओर, आईजी अलीगढ़ पीयूष मोर्डिया ने कहा कि 14 सितंबर को पीड़ित के भाई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने गला घोंटकर उसकी बहन की हत्या करने की कोशिश की। तब पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उस समय पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने इसके अलावा कोई अन्य आरोप नहीं लगाया था, लेकिन 22 सितंबर को पीड़िता ने तीन और व्यक्तियों के नाम बताए और बलात्कार के आरोप भी लगाए। मेडिकल जांच में बलात्कार की पुष्टि नहीं हुई है। नमूनों को फारेंसिक लैब भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी।

## सूबे में...

लिए भी जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही जिलों में किसी भी प्रकार के ट्रांसफर पोस्टिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। रामपुर की स्वार सीट पर अभी चुनाव नहीं होगा। यहां से आजम खां के पुत्र अब्दुल्ला आजम खां विधायक थे। गलत आयु प्रमाण पत्र देने के मामले में उनकी विधानसभा सदस्यता रद हो गई है। यहां से कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी हैदर अली खां को घोषित किया है। अब्दुल्ला आजम के 6 साल चुनाव न लड़ने पर रोक लगाने की शिकायत राष्ट्रपति से की गई है। जब तक राष्ट्रपति के पास इस मामले में सुनवाई नहीं हो जाती तब तक चुनाव नहीं कराया जा सकता है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 16 दिसंबर 2018 को अब्दुल्ला आज़म को भ्रष्ट आचरण का दोषी मानते हुए उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी थी। इसे आधार मानते हुए विधानसभा सचिवालय से इस सीट को 16 दिसंबर 2019 से रिक्त घोषित कर दिया गया था। यूपी में 2022 में विधान सभा चुनाव होंगे। अब जो उप चुनाव होगा उसमें निर्वाचित विधायक डेढ़ साल के लिए निर्वाचित होंगे। जिन आठ सीटों पर चुनाव होना है उसमें 2017 के विधान सभा चुनाव में 8 में से 6 पर भाजपा का कब्जा था। उसमें से निर्वाचित विधायक कमल रानी वरुण, पारसनाथ यादव, वीरेंद्र सिरोही, जन्मेजय सिंह, चेतन चौहान का निधन हो चुका है। इस उप चुनाव में बसपा भी लड़ेगी जबकि पहले बसपा उप चुनाव नहीं लड़ती थी। इस चुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भी मैदान में रहेंगे।

## ईपीएल में लीवरपूल की लगातार तीसरी जीत

**लंदन।** लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और सोमवार को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आर्सेनल को 3-1 से हराया। ईपीएल में लीवरपूल के लिए पदार्पण कर रहे डियोगो जोटा ने अपनी नई टीम की ओर से गोल दागा। आर्सेनल के एलेक्सांद्रे लकाजेते ने बढ़त दिलाई लेकिन इसके बाद उन्होंने दो मौके गंवाए।लीवरपूल की ओर से जोटा के अलावा सादियो माने और एंड्रयू रोबर्टसन ने भी गोल दागे।

## किशन थक गया था : जयवर्धने

**दुबई।** आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे इशान किशन को सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिए नही भेजने के मुंबई इंडियन्स के फैसले ने कई लोगों को हैरान किया होगा लेकिन टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने इस रणनीति का बचाव करते हुए कहा है कि उन्हें अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा था कि वे काम पूरा करेंगे।मैच का नतीजा हालांकि सुपर ओवर से निकला जहां गत चैंपियन टीम ने पोलार्ड के साथ हार्दिक पंड्या को भेजने का फैसला किया।

## न्यूजीलैंड ने गर्मियों का कार्यक्रम जारी किया

आक्लैंड। न्यूजीलैंड कोरोना वायरस के कारण ब्रेक के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के साथ करेगा। देश के क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घरेलू सत्र का कार्यक्रम जारी किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने घोषणा की कि नवंबर में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान की मेजबानी के बाद फरवरी में आस्ट्रेलिया जबकि मार्च में बांग्लादेश की मेजबानी की जाएगी।

## खिलाड़ियों पर प्रयोग किए जाएंगे बैटरी संचालित मास्क

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक की तैयारियों में जुटे अपने खिलाड़ियों का कड़ा अभ्यास सुनिश्चित करने के लिए बैटरी से संचालित मास्क का परीक्षण के तौर पर उपयोग करेगा। यह मास्क आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्रों ने तैयार किया है और इसके बारे में दावा किया गया है कि इसको पहनने वाला अधिकतम आक्सीजन ग्रहण करता है।

## क्लार्क ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के पद से इस्तीफा दिया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क ने मंगलवार को घोषणा की कि वह क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) की सामुदायिक क्रिकेट की कार्यकारी महाप्रबंधक के अपने पद से इस्तीफा दे रही है। बेलिंडा की अगुआई में आस्ट्रेलिया ने दो विश्व कप खिताब जीते और इस खिलाड़ी ने अपने देश की ओर से 15 टेस्ट तथा 118 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह पिछले ढाई साल से यह भूमिका निभा रही थी और 30 नवंबर को अपने पद से हट जाएंगी। यह 50 साल की पूर्व खिलाड़ी हालांकि आईसीसी टी20 विश्व कप स्थानीय आयोजन समिति की निदेशक बनी रहेंगी।

# गेंदबाजों के कमाल से सनराइजर्स चमका



## ● दिल्ली कैपिटल्स को 15 रनों से हराया

**भाषा। अबुधाबी**

फिरकी के फनकार राशिद खान की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 15 रन से हराकर इस सत्र में पहली जीत दर्ज की।
इससे पहले दोनों मैच हार चुकी सनराजइर्स ने सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टॉ के अर्धशतक की मदद से धीमी विकेट पर चार विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 147 रन ही बना सकी। सनराइजर्स की जीत के नायक राशिद रहे जिन्होंने चार ओवर में 3 . 50 की औसत से सिर्फ 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए। भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए। दिल्ली के लिए ऋषभ पंत उम्मीद की आखिरी किरण थे जिन्होंने 27 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों के साथ 32 रन बनाए लेकिन 17वें ओवर में राशिद ने उन्हें पवेलियन भेजकर दिल्ली की उम्मीदों पर तुषारापात कर दिया। पंत के अलावा शिखर धवन ने 31 गेंद में 34 और शिमरोन हेटमाएर ने 12 गेंद में 21 रन बनाए। पहले मैच में दिल्ली को जीत दिलाने वाले मार्कस स्टोइनिस 11 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं पृथ्वी साव (दो) और कप्तान श्रेयस अय्यर (17) भी नाकाम रहे। इससे पहले सनराइजर्स के लिए बेयरस्टॉ ने 48 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए। उन्होंने कप्तान डेविड वार्नर के साथ 57 गेंद में 77 रन जोड़े जबकि केन विलियमसन के साथ 38 गेंद में 52 रन की साझेदारी की। टूर्नामेंट में पहला मैच खेल रहे विलियमसन ने 26 गेंद में 41 रन बनाए जबकि वार्नर ने 33 गेंद में 45 रन बनाए। आईपीएल में अपना पहला मैच खेल रहे जम्मू कश्मीर के अब्दुल समाद ने सात गेंद में 12 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सनराइजर्स के लिए वार्नर और बेयरस्टॉ ने ईशांत शर्मा, कैगिसो रबाडा और एनरिच नोर्जे का गेंदों का संभलकर सामना किया। रबाडा ने 21 रन देकर दो विकेट लिए। पावरप्ले में सनराइजर्स के बल्लेबाज 38 रन ही बना सके जिसमें वार्नर ने दो चौके और एक छक्का लगाया। बेयरस्टॉ ने पहला चौका सातवें ओवर में लगाया जबकि लेग स्पिनर अमित मिश्रा को एक छक्का जड़ा। धीमे विकेट पर दोनों बल्लेबाजों ने विकेट के बीच बेहतरीन दौड़ का प्रदर्शन करते हुए रन बंटोरे। वार्नर ने ईशांत को दूसरा छक्का लगाया और मिश्रा की गेंद पर रिवर्स स्वीप से चौका जड़ा। मिश्रा ने उन्हें विकेट के पीछे लपकवाया। सनराइजर्स ने दस ओवर में 82 रन बनाए। मिश्रा ने मनीष पांडे (तीन) को भी सनराइजर्स का सैकड़ा बनने से पहले ही पवेलियन भेज दिया। चोट से उबरकर इस सत्र का पहला मैच खेल रहे विलियमसन ने 16वें ओवर में दो चौके लगाए। इस बीच बेयरस्टॉ ने 18वें ओवर में नोर्जे की गेंद पर विकेट गंवाने से पहले 44 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ओवर में विलियमसन भी पवेलियन लौट गए।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी :** डेविड वार्नर का पंत बो मिश्रा 45, जॉनी बेयरस्टॉ का नोर्जे बो रबाडा 53,मनीष पांडे का रबाडा बो मिश्रा 03,केन विलियमसन का अक्षर बो रबाडा 41, अब्दुल समाद नाबाद 12, अभिषेक शर्मा नाबाद 01, **अतिरिक्त :** 04 रन, **कुल योग :** 20 ओवर मे चार विकेट पर 162 रन, **विकेट पतन :** 1-77, 2-92, 3-144, 4-160 **गेंदबाजी:** इशांत 3-0- 26-0, रबाडा 4-0-21-2,नोर्जे 4- 0-40-0, स्टोइनिस 3-0-22 -0, मिश्रा 4-0-35-2, अक्षर 2- 0-14- 0

# राजस्थान रॉयल्स के सामने होगी केकेआर की कड़ी परीक्षा

**भाषा। दुबई**

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर बनाए रखना है तो उसे बेहतरीन फार्म में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। रॉयल्स को शुरू से छुपा रुस्तम माना जा रहा था और उसने टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना यह लक्षण जगजाहिर कर दिया। पिछले मैच में उसने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 224 रन के रिकार्ड लक्ष्य को हासिल किया। रॉयल्स ने अपने दोनों मैच जीते हैं और उसने बड़ी आसानी से 200 रन की संख्या को पार किया है। उसकी इन सफलताओं में संजू सैमसन और राहुल तेवतिया का योगदान अहम रहा है जो अब तक स्टार खिलाड़ियों पर भारी पड़े हैं। हरियाणा के आलराउंडर तेवतिया ने किंग्स इलेवन के खिलाफ पिछले मैच में 31 गेंदों पर 53 रन बनाकर मैच का पासा पलट दिया था। उनकी इस पारी से रॉयल्स ने तीन गेंद शेष रहते हुए ही 224 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया था। तेवतिया ने एक समय 19 गेंदों पर आठ और फिर 23 गेंदों पर 17 रन बनाए थे लेकिन अचानक ही उनके अंदर का आक्रामक बल्लेबाज जाग उठा और उन्होंने तेज गेंदबाज शेल्डन कोटरेल के एक ओवर में पांच छक्के लगाकर मैच का नक्शा बदल दिया। लेकिन रॉयल्स की पहली दो जीत के नायक केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन रहे। उन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 214.86 है। इससे उन्होंने भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान के लिए फिर से अपना दावा पेश कर दिया है। कप्तान स्टीव स्मिथ ने भरोसमंद की भूमिका निभाई है। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए हैं जबकि सलामी बल्लेबाज जोस बटलर से टीम को धमाकेदार पारी का इंतजार है।
ऐसी स्थिति में अगर केकेआर को रॉयल्स की बराबरी करनी है या उससे आगे निकलना है तो उसके सबसे बड़े स्टार आंद्रे रसेल और इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## हमें छोटी छोटी चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है : कोहली

दुबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली जीत के बाद कहा कि अगर उनकी टीम को आगे इस तरह की परिस्थितियों से बचना है तो क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा और छोटी छोटी चीजों पर ध्यान देना होगा। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। मुंबई ने इसके जवाब में आरसीबी के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाकर आखिरी चार ओवर में 80 रन जोड़कर पांच विकेट पर 201 रन बनाए और मैच को सुपर ओवर तक पहुंचाया। आरसीबी ने सुपर ओवर में जीत दर्ज करके तीन मैचों में दूसरा मैच अपने नाम किया। कोहली ने कहा, मेरे पास मैच को बयां करने के लिए शब्द नहीं है क्योंकि यह बहुत उतार चढ़ाव वाला रहा।

## धोनी की तरह कोई नहीं खेल सकता, किसी को कोशिश भी नहीं करनी चाहिए: सैमसन

**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में शानदार लय में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि भारत के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की तरह कोई नहीं खेल सकता और किसी को इसकी कोशिश भी नहीं करनी चाहिए। सैमसन के सहजता से बड़े शॉट खेलने की क्षमता से टीम ने करीबी मुकाबलों में चेन्नई सुपर किंग्स और किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज की। उनकी इस धमाकेदार पारी के बाद केरल के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उन्हें अगला धोनी करार दिया। सैमसन ने हालांकि इस तुलना को खारिज करते हुए कहा, मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि धोनी की तरह कोई नहीं खेल सकता है, ना ही किसी को उनकी तरह खेलने की कोशिश करनी चाहिए। एमएस धोनी की तरह खेलना बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसलिए इससे अलग छोड़ देना चाहिए। मैं कभी एमएस धोनी की तरह खेलने के बारे में नहीं सोचता।
वह भारतीय क्रिकेट के और इस खेल के दिग्गज हैं। सैमसन ने कहा, मैं सिर्फ अपने खेल पर ध्यान देता हूं कि मैं क्या कर सकता हूं, मैं इसमें सर्वश्रेष्ठ कैसे कर सकता हूं और मैं मैच कैसे जीत सकता हूं।

## महिला पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर 10 अक्टूबर से शुरू होगा

**भाषा। नई दिल्ली**

महिला पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर अंततः 10 अक्टूबर से लखनऊ के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में शुरू होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी और साथ ही चेताया कि जो पहलवान शिविर में हिस्सा नहीं लेंगी उनके नाम पर राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर एक सितंबर से शुरू होना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे टाल दिया गया। स्थिति उस समय और खराब हो गई जब ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके देश के चार पहलवानों में से दो विनेश फोगाट और दीपक पूनिया कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए जिससे कई पहलवान डर गए। स्थिति का आकलन करने और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की सलाह पर डब्ल्यूएफआई ने छह ओलंपिक भार वर्ग में शिविर शुरू करने का मन बना लिया है।

# नडाल फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

*भाषा। पेरिस*

गत चैंपियन रफेल नडाल ने इगोर गेरासिमोव को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के नडाल को 6-4, 6-4, 6-2 की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। दूसरे वरीय नडाल रोलां गैरो पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने वाले 13वें और रोजर फेडरर के कुल 20 ग्रैंडस्लैम खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने के इरादे से उतरे हैं। नडाल को पहले दो सेट में ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन तीसरे सेट की शुरुआत में वह 15-40 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने एक ब्रेक प्वाइंट बचाया लेकिन फिर बाहर शॉट मारकर अपनी सर्विस गंवा दी। गेरासिमोव ने 2-2 के स्कोर पर कई मिनट का मेडिकल टाइमआउट लिया। कोर्ट पर गिरने के बाद उनके दाएं पैर का उपचार किया गया। उनके पैर पर काफी पट्टियां बांधी गई और इससे उनकी मूवमेंट पर भी असर पड़ा। नडाल ने अपनी सर्विस पर पहले ही मैच प्वाइंट पर मुकाबला जीत लिया



जब गेरासिमोव ने शॉट नेट पर मार दिया। दूसरे वरीय नडाल अगले दौर में अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से भिड़ेंगे।

### कर्बर लगातार दूसरे साल पहले दौर में हारी

पेरिस। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर को लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।जर्मनी की 18वीं वरीय खिलाड़ी को 19 साल की स्लोवेनिया की काजा युवान ने 6-3, 6-3 से हराया। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कर्बर ने फ्रेंच ओपन के अलावा तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। रोलां गैरो पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2012 और 2018 में रहा जब वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही।दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा को भी हार का सामना करना पड़ा। फ्रेंच ओपन 2009 की चैंपियन को रूस की हमवतन अनास्तासिया पावलुचेनकोवा ने तीन सेट में 6-1, 2-6, 6-1 से शिकस्त दी। फ्रेंच ओपन 2016 चैंपियन गरबाइन मुगुरुजा भी कर्बर और कुज्नेत्सोवा की सूची में शामिल होने से बच गई। उन्होंने तमारा जिदानसेक को 7-5, 4-6, 8-6 से हराया।

## इंग्लैंड की वेस्टइंडीज पर एक और जीत, क्लीन स्वीप के करीब

**भाषा। डर्बी**

विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स और कप्तान हीथर नाइट की शानदार बल्लेबाजी से इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 44 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला में क्लीन स्वीप की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 166 रन बनाए और इसके बाद वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 122 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड ने इस तरह से शृंखला में 4-0 से बढ़त बना दी है। इंग्लैंड की बल्लेबाजी का आकर्षण एमी जोन्स का अर्धशतक रहा। उन्होंने 37 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 55 रन बनाए और कप्तान हीथर नाइट (30 गेंदों पर 42) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट (27) और कैथरीन ब्रंट (नाबाद 25) ही दोहरे अंक में पहुंच पाई।

# आर्थिक स्थिति में सुधार की गति को लेकर चिंता गहराई

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार वृद्धि और देश में लगाए गए कड़े लॉकडाउन का प्रभाव जारी रहने से अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ जिससे आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता गहरा गई है। डन एण्ड ब्राडस्ट्रीट अर्थव्यवस्था के अनुमान पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक स्थिति में सुधार की गति धीमी बनी हुई है। डअर्थशास्त्री अरुण सिंह ने कहा, संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब लगता है कि सुधार की गति धीमी रहेगी। ऐसे में यदि वृद्धि की अंग्रेजी के वी शब्द के आकार की तरह नीचे आने के बाद तेजी से ऊपर भी जाती है ।तब भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का स्तर काफी अहम होगा। रिण वृद्धि उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जैसा कि सोचा गया था। सिंह ने कहा इसके अलावा लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए रिण गारंटी योजना सरकार की तरफ से पेश की गई है, इसमें भी कर्ज का उठाव जितना इस समय है उससे अधिक मजबूत रहने की उम्मीद की गई थी।

## सेबी ने ब्रिक्वर्क पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने ब्रिकवर्क रेटिंग्स इंडिया पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी पर यह जुर्माना एस्सेल ग्रुप कंपनीज के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों (एनसीडी) को साख निर्धारण के मामले में चूक को लेकर लगाया गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को कहा कि ब्रिकवर्क रेटिंग्स एक अन्य रेटिंग एजेंसी के अप्रैल 2017 में इस प्रतिभूति की रेटिंग घटाए जाने के बाद ग्रेट ईस्टर्न एनर्जी कॉरपोरेशन के एनसीडी की रेटिंग की समीक्षा करने में भी विफल रही। सेबी के अनुसार ब्रिकवर्क रेटिंग्स ने विभिन्न नकारात्मक संकेतों पर सूचना प्राप्त करने को लेकर समय पर कदम नहीं उठाया। इसके उलट उसने सूचना प्राप्त करने का इंतजार किया जिससे चूक को पहचानने में देरी हुई। नियामक ने कहा कि रेटिंग एजेंसी समुचित जांच-पड़ताल करने और निर्गमकर्ता की तरफ से असहयोग का खुलासा करने में देरी की। साथ ही उसने निर्गमकर्ता के निवेशकों ओर अन्य संबंधित पक्षों को एनसीडी के पुनर्भुगतान दायित्व को पूरा करने के लिए इसके क्रेडिट भुगतान की क्षमता के बारे में आगाह करने में देरी की। एस्सेल ग्रुप की कंपनियों के संदर्भ में पाया गया कि एजेंसी ने एस्सेल कॉरपोरेट रिर्सोसेज प्राइवेट लि. (ईसीआरपीएल) और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. (जेडईईएल) के एनसीडी की रेटिंग की थी।

### म्यूचुअल फंड प्रबंधकों के लिए आचार संहिता पेश करेगा सेबी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को म्यूचुअल फंड प्रबंधकों के लिए आचार संहिता जारी करने का फैसला किया है। संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) के मुख्य निवेश अधिकारियों को भी आचार संहिता के दायरे मे लाया जाएगा। सेबी निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वक्तव्य मे यह जानकारी दी गई है। इसमे कहा गया है कि संपति प्रबंधन कंपनियो को स्वयं क्लियरिंग सदस्य बनने की भी अनुमति दी गई है। निदेशक मंडल की बैठक मे विचार विमर्श के बाद संपति प्रबंधन कंपनियो के डीलरों और मुख्य निवेश अधिकारियों सहित कोष प्रबंधको के लिए आचार संहिता की शुरुआत करने का फैसला किया है। इसके लिए म्युचुअल फंड नियमन मे संशोधन को मंजूरी दी गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की यह जिम्मेदारी होगी कि वह यह सुनिश्चित करे कि इन सभी अधिकारियो द्वारा आचार संहिता का पालन किया जाए। वर्तमान मे म्यूचुअल फंड नियमो के तहत एएमसी और ट्रस्टियों को आचार संहिता का पालन करना होता है। इसके साथ ही सीईओ को कई तरह की जिम्मेदारियां दी गई है।

# सेंसेक्स, निफ्टी में दो दिन की तेजी के बाद मामूली गिरावट

**भाषा। मुंबई**

घरेलू और वैश्विक शेयर बाजारों से किसी ठोस संकेत के अभाव में प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दो दिनों की तेजी के बाद मंगलवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में 254 अंक से अधिक बढ़ने के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह 8.41 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 37,973.22 पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 5.15 अंक या 0.05 प्रतिशत गिरकर 11,222.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन प्रतिशत की गिरावट ओएनजीसी में देखने को मिली। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, एनटीपीसी और आईटीसी भी गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, टाटा स्टील, टाइटन




और एचडीएफसी में लाभ रहा। इस दौरान सेंसेक्स के 20 शेयर घाटे के साथ बंद हुए। दूरसंचार, उपयोगिता, एफएमसीजी, बैंकेक्स, रियल्टी और पावर जैसे सूचकांकों में 2.13 प्रतिशत तक गिरावट हुई। दूसरी ओर उपभोक्ता वस्तुओं, धातु, ऊर्जा, बुनियादी धातुओं, आईटी और ऑटो सूचकांक 1.97 प्रतिशत तक बढ़े। इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.16 प्रतिशत की गिरावट हुई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि कारोबार के अंत में प्रमुख सूचकांक अस्थिर हो गए और बाजार सपाट बंद हुए। वैश्विक बाजार भी असुरक्षित और थोड़े नकारात्मक थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण और कुछ खास स्थानों पर लॉकडाउन की आशंका के चलते भारतीय शेयर बाजारों में भी अनिश्चितता रही। बाजार को आर्थिक गतिविधियों में तेजी के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन पैकेज का इंतजार है, जिसके चलते बाजार में तेजी आ सकती है। कारोबारियों के मुताबिक घरेलू और वैश्विक बाजारों से स्पष्ट संकेतों की कमी के चलते सपाट कारोबार हुआ। समीक्षा बैठक स्थगित होने के बाद घरेलू निवेशक सतर्क हो गए। इसके अलावा दुनिया भर के बाजारों में कारोबारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बिडेन के बीच होने वाली पहली राष्ट्रपति पद की बहस का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान शंघाई, टोक्यो और सियोल में बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि हांगकांग में गिरावट हुई। यूरोप में शेयर बाजार शुरुआती सौदों के दौरान गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42.68 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।

## सोना 663 रुपए, चांदी में 1,321 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** डालर के मुकाबले रुपए मे गिरावट और अंतरराष्ट्रीय कीमतो मे तेजी के अनुरूप स्थानीय सर्राफा बाजार मे मंगलवार को सोना 663 रुपए की तेजी के साथ 51,367 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी दिन सोने का बंद भाव 50,704 रुपए प्रति दस ग्राम रहा था।

## डॉलर के मुकाबले रुपए में सात पैसे की गिरावट

मुंबई। डॉलर के मुकाबले एशियाई मुद्राओं के कमजोर पड़ने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 73.86 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। तेल आयातक कंपनियो की मासांत की डॉलर मांग के कारण भी रुपए पर दबाव रहा।

## केयर्न ने 1.4 अरब डॉलर के नुकसान की भरपाई की मांग की

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की तेल खोज कंपनी केयर्न एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वह पूर्व की तथि से कर मांग को लेकर उसके निवेश को जब्त किए जाने से हुए नुकसान को लेकर भारत सरकार से 1.4 अरब डॉलर (करीब 10,300 करोड़ रुपए) की मांग कर रही है। कंपनी ने अपनी छमाही वित्तीय परिणाम से जुड़े बयान मे कहा कि उसे उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण जल्दी ही उसके मामले मे फैसला सुनाएगा। कंपनी ने न्यायाधिकरण के समक्ष भारत सरकार की पूर्व की तिथि से 10,247 करोड़ रुपए की मांग को चुनौती दी है।

## चीनी मिलें 15 तक नए माध्यम से इथेनॉल के प्रस्ताव दे सकती हैं: सरकार

नई दिल्ली। खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने चीनी मिलो के लिए 15 अक्टूबर तक एक महीने के लिए एक नए माध्यम की शुरुआत की है, जिसके जरिए वे देश मे इथेनॉल मिश्रण की क्षमता तैयार करने के लिए घटी ब्याज दरो पर ऋण लेने के लिए प्रस्ताव दाखिल कर सकते है। केंद्र सरकार ने जून 2018 मे घोषित प्रोत्साहन योजना के तहत डिस्टिलरी स्थापित करने या मौजूदा इकाई की क्षमता बढ़ाने के लिए चीनी मिलो को आसान शर्तो पर ऋण देने की पेशकश की थी।

## रिजर्व बैंक ने धनलक्ष्मी बैंक में निदेशक की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने मंगलवार को जानकारी दी कि भारतीय रिजर्व बैंक ने उसके महाप्रबंधक डी. के. कश्यप को दो साल के लिए बैंक के निदेशक मंडल में निदेशक नियुक्त किया है। हालांकि बैंक ने अपने निदेशक मंडल मे रिजर्व बैंक के नामिति की नियुक्ति का कोई कारण नही बताया है। बैंक ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने 28 सितंबर 2020 को एक पत्र लिखकर कश्यप को निदेशक नियुक्त किए जाने की जानकारी दी।

## अमेरिका, अन्य स्थानों पर तेल भंडारण की तलाश कर रहा है भारत: प्रधान

**भाषा। नई दिल्ली**

पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि भारत आपूर्ति पक्ष के जोखिम को कम करने के लिए अमेरिका और वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य अन्य स्थानों में कच्चे तेल का भंडारण करने की संभावनाएं तलाश रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। भारत ने तेल आयात में विविधता लाने के लिए उतार-चढ़ाव भरे पश्चिम एशिया के परंपरागत आपूर्तिकर्ताओं के अलावा अमेरिका, रूस और अंगोला से लंबे समय तक कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। उन्होंने अत्मनिर्भर भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब 30 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात कर रहा है, जिसमें अफ्रीका, उत्तर और दक्षिण अमेरिका के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया भी शामिल हैं।


### सेबी ने राइट इश्यू के लिए आसान नियम अधिसूचित किए

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने पात्रता मानदंड और खुलासा जरूरतों को युक्तिसंगत बनाने के लिए नए राइट इश्यू नियम अधिसूचित किए है। इस पहल का मकसद कोष जुटाने को आसान, त्वरित और लागत प्रभावी बनाना है। नियामक ने सेबी नियमनों में संशोधन किया है। अधिसूचना के अनुसार यह सोमवार से प्रभाव में आ गया है।

## भारत खराब प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में , प्रोत्साहन पैकेज पर्याप्त नहीं: बनर्जी

**नई दिल्ली।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने यह भी कहा कि समस्याओं से निपटने को लेकर सरकार का आर्थिक प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं था। हालांकि बनर्जी ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि दर में जुलाई-सितंबर तिमाही में सुधार देखने को मिलेगा। अर्थशास्त्री ने ऑनलाइन कार्यक्रम में कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि दर कोविड-19 महामारी संकट से पहले से धीमी पड़ रही थी।

## अंबानी की संपत्ति में 73 प्रतिशत का इजाफा, अडाणी देश के चौथे सबसे अमीर



**भाषा। मुंबई**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी की निजी संपत्ति में 73 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। उनकी निजी संपत्ति 6.58 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इसकी बदौलत वह लगातार नौंवे साल देश के सबसे धनाढ्य व्यक्ति बने हुए हैं। वहीं गुजरात स्थित अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की संपत्ति में 48 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है और यह 1.40 लाख करोड़ रुपए हो गई है। देश के धनाढ्यों की मंगलवार को जारी हुरुन की सूची में वह दो स्थान की छलांग लगाकर देश के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। हुरुन ने आईआईएफएल वेल्थ के साथ मिलकर यह सूची तैयार की है। इसके मुताबिक 63 वर्षीय अंबानी वैश्विक स्तर पर पांच सबसे अमीर लोगों में भी शामिल हैं। हुरुन की यह सूची ऐसे समय में आई है जब कोरोना वायरस संकट ने दुनियाभर में लोगों की आजीविका पर कहर बरपाया है। भारत समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ा है। वहीं ग्राफ पर अर्थव्यवस्था में दिखते अंग्रेजी के के अक्षर जैसे सुधार ने समाज में असमानता और बढ़ने को चिंता पैदा की है। इस सूची में 828 ऐसे भारतीयों को शामिल किया गया है जिनकी निजी संपत्ति 31 अगस्त को 1,000 करोड़ रुपए से अधिक थी।

न्यूयार्क टाइम्स के खुलासे के बाद कई विशेषज्ञों की राय

# 'कम टैक्स चुकाने के लिए ट्रंप ने आजमाए पैंतरे'

● विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका ऐसे तरीके धनाड्य में आम हैं

एपी। वाशिंगटन



**टैक्स** देने से बचने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो तौर-तरीके और गुर आजमाए वे आश्चर्यजनक रूप से प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारियों और अभिजात्य अमेरिकी धनाढ्यों में आम हैं। इसके बावजूद ट्रंप ने इन तौर-तरीकों को उनकी अंतिम सीमा तक इस्तेमाल किया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रविवार को रिपोर्ट के बाद विशेषज्ञों का यही कहना है। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2016 और 2017 में ट्रंप ने सिर्फ 750-750 अमेरिकी डॉलर का कर चुकाया। इतना ही नहीं खबर में कहा गया कि ट्रंप ने 18 साल में से 11 साल एक अधेला भी कर के तौर पर नहीं चुकाया। हालांकि ट्रंप की ओर से ऐसी खबरों का खंडन किया जा चुका है। इंस्टीट्यूट ऑन टैक्सेशन ऐंड इकोनोमिक पालिसी में संघीय कर नीति के निदेशक स्टीव वेमहॉफ ने कहा, ट्रंप ने जो चीजें कीं वो विशुद्ध रूप से अमीर व्यापारी लोग करते हैं और खास तौर पर अमीर रियल एस्टेट डेवलपर्स। वेमहॉफ ने कहा, इसके बावजूद ट्रंप दावा करते हैं कि कर संहिता में उपलब्ध विशेष गुंजाइशें और कमियां कभी-कभी उन्हें बस एक बिल्कुल नए स्तर तक ले जाती हैं। अमेरिकी कर कानून काफी समय से बड़े रियल एस्टेट कारोबारियों के प्रति नरम रहा है। वह उन्हें ऐसे मौके देता है कि वे अपनी करदेयता को काफी कम कर सकते हैं। ट्रंप के रिपब्लिकन सहयोगियों द्वारा 2018 मे संसद में 1.5 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का कर सुधार किया गया। इससे रियल एस्टेट कारोबारियों के प्रति कर कानून और नरम हो गया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने 2000 से 2017 तक ट्रंप के कर भुगतान की जांच की थी इसलिए उसकी खबर में 2018 के कानून के प्रभावों को दर्ज नहीं किया गया। टैक्स एनालिस्ट के मुख्य अर्थशास्त्री मार्टिन सूलीवन कहते हैं, रियल एस्टेट कारोबारियों के लिए पांच साल पहले के मुकाबले अब करदेयता से बचना ज्यादा आसान हो गया है।

अमेरिका में 2018 के कानून से पहले भी अन्य कारोबार के मुकाबले रियल एस्टेट का कारोबार करने वाले ज्यादा तेजी और सुगमता से नुकसान का दावा कर सकते थे और कहीं ज्यादा आसानी से आंतरिक राजस्व सेवा के पास अपने लाभ दर्ज कराने से बच सकते थे। भले ही वे कर्ज चुकाने में पीछे रह जाते हैं और अगर उनके देनदार उनके कर्ज माफ कर देते हैं तो भी उन्हें अन्य निवेशकों के मुकाबले कम कर दंड चुकाना होता है। ट्रंप ने 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती सालों में अपने अटलांटिक सिटी कैसीनो के नहीं चलने पर कर चुकाने में नाकाम रहने पर कर व्यवस्था की इन कमियों का पूरा फायदा उठाया था। विशेषज्ञ कहते हैं कि वह भी तब जब यह स्पष्ट नहीं है कि उनके सभी क्रियाकलाप विधिमान्य थे या नहीं। वेमहॉफ ने कहा, ट्रंप ने काफी चीजें की हैं जो हो सकता है उस सीमा से ज्यादा हों जिनकी इजाजत कानून देता है।

## संयुक्त अरब अमीरात 2024 में चांद पर मानव रहित अंतरिक्ष यान भेजेगा

एपी। दुबई

**संयुक्त** अरब अमीरात (यूएई) 2024 में चांद पर एक मानवरहित अंतरिक्ष यान भेजेगा। दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने मंगलवार को ट्विटर पर, चांद पर अंतरिक्ष यान भेजने की घोषणा की। इस साल के शुरू में यूएई ने मंगल मिशन की शुरुआत की थी जिसके बाद अल मकतूम की यह घोषणा आई है।अल मकतूम ने कहा कि यान का नाम उनके दिवंगत पिता राशिद के नाम पर होगा। अगर 2024 में, यूएई को कामयाबी हासिल होती है तो वह अमेरिका, सोवियत संघ और चीन के बाद चौथा देश होगा। भारत ने भी कोशिश की थी, लेकिन वह नाकाम रहा था। इसी तरह इजराइल और जापान भी असफल हुए थे।



इराक के बगदाद शहर में एयरपोर्ट पर हुए रॉकेट हमले मारे गए पांच लोगों के अंतिम संस्कार में भाग लेते लोग

# शांति समझौते से ज्यादा, तालिबान और पाक की अंतरराष्ट्रीय बलों की वापसी में रुचि

● पाक के पूर्व राजनियक की चेतावनी शांतिवार्ता विफलता की ओर अग्रसर

संवाददाता। वाशिंगटन

**पाकिस्तान** के एक पूर्व राजनयिक ने कहा कि शांति समझौते से ज्यादा पाकिस्तान और तालिबान की रुचि अफगानिस्तान से अंतराष्ट्रीय बलों की वापसी में है और साथ ही चेतावनी दी कि दोहा में चल रही मौजूदा शांति वार्ता विफलता की तरफ बढ़ रही है।

अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने सोमवार को कहा, मैं बातचीत के नतीजों को लेकर बहुत आशान्वित नहीं हूं। अमेरिका ने सारी प्रमुख रियायतें सामने रख दी हैं। तालिबान जानता है कि अमेरिका अफगानिस्तान से निकलना चाहता है। वो इसे देख सकते हैं इसलिए विदेशी बलों की वापसी और उसके बाद यथास्थिति को लेकर बातचीत कर रहे है, जब वे अफगानिस्तान पर उसके इस्लामी अमीर के तौर पर शासन करेंगे। ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स की अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं रक्षा समिति के समक्ष डिजिटल रूप से बयान देते हुए हक्कानी ने कहा कि यह अफगानिस्तान के बाकी लोगों को मंजूर नहीं होगा।

तालिबान के साथ अमेरिका की बातचीत की तुलना वियतनाम युद्ध के बाद पेरिस शांति वार्ता से करते हुए उन्होंने कहा कि हेनरी किसिंगर ने कहा था कि वह अमेरिकी सैनिकों की वापसी और दक्षिण वियतनाम में अमेरिका के समर्थन वाली सरकार को गिराए जाने के बीच ठीक-ठाक अंतराल चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की सरकार दक्षिण वियतनाम में अमेरिका के समर्थन वाली सरकार से ज्यादा मजबूत साबित हो सकती है और वह भारत समेत अन्य देशों की मदद से बहुपक्षीय अफगानिस्तान के लिए लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बलों की वापसी अमेरिका की उस प्रवृत्ति का परिचायक है कि ज्यादा लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में उसकी रुचि खत्म होने लगती है।

हक्कानी ने कहा, राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप परिणाम की परवाह किए बिना बलों की वापसी चाहते हैं। अगर यह होता है तो पाकिस्तान के समर्थन से काबुल में तालिबान के आने की संभावना ज्यादा है। क्योंकि यह लगता नहीं कि अफगानिस्तान के लोगों को तालिबान की सत्ता में वापसी मंजूर होगी, ऐसे में एक बार फिर वहां गृहयुद्ध हो सकता है।

## न्यायाधीश नियुक्त करने के ट्रंप के प्रयास न हों निराश: हैरिस

एपी। रेलीघ (अमेरिका)

**अमेरिका** में उप राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने सोमवार को मतदाताओं से चुनाव से पहले सर्वोच्च अदालत की सीट भरने के रिपब्लिकन सरकार के प्रयासों से निराश नहीं होने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिपाब्लिकन पार्टी का मकसद लोगों को यह महसूस कराना है कि उनके वोट मायने नहीं रखते हैं।

हैरिस ने कहा, हम हार नहीं मानेंगे और हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा, हम उस बीमारी को नहीं फैलने देंगे जिसको राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्रपति के पद और कांग्रेस में फैलाने की कोशिश की है, जिसने हमारी राजनीति को अपंग बना दिया है और अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। ट्रम्प अब यह बीमारी यूनाइटेड स्टेट्स सुप्रीम कोर्ट में भी फैला रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी उत्तरी कैरोलिना में की है। गौरतलब है कि इसी महीने न्यायमूर्ति रूथ बेडर गिन्सबर्ग की मृत्यु के बाद सर्वोच्च अदालत में न्यायाधीश की एक सीट खाली हो गई। डेमोक्रेट की ओर से चुनावी मैदान में उतरी हैरिस सीनेट की न्यायिक समिति की सदस्य भी हैं जिसके तौर पर वह न्यायाधीश के पद के लिए नामित उम्मीदवारों की जांच में प्रत्यक्ष भूमिका निभाएगी।

उम्मीद की जा रही है कि चुनाव की तारीख से लगभग तीन सप्ताह पहले 12 अक्टूबर को समिति ट्रम्प द्वारा नामित एमी कोनी बैरेट के लिए प्रक्रिया शुरू करेगी। राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन और उनकी सहयोगी हैरिस का कहना है कि सीट तब तक नहीं भरी जानी चाहिए जब तक अमेरिकी अपना अगला राष्ट्रपति नहीं चुन लेते।

# डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में अमेरिका में सिख सुरक्षित हैं : ढिल्लो

● बाइडेन पर लगाया मनोबल गिराने का आरोप

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के अधीन सिखों के सुरक्षित होने का दावा करते हुए एक प्रमुख सिख-अमेरिकी समूह के नेताओं ने आरोप लगाया कि बाइडेन अभियान समुदाय का मनोबल गिराने और उसे हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है।

जो बाइडेन राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। सिख-अमेरिकी वकील और ट्रम्प के वकीलों में से एक (को-चेयर) हरमीत ढिल्लों ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता और स्वाधीनता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहल के कारण इतने सारे सिख युवा आज अमेरिकी सेना में अपनी पगड़ी और दाढ़ी के साथ सेवा दे रहे हैं। ट्रम्प अभियान से जुड़े सिखों में से एक (को-चेयर) जसदीप सिंह ने बताया कि समुदाय के सदस्य पहले कभी इतने सुरक्षित नहीं थे, जितने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन के अधीन हैं। उन्होंने कहा, हम योद्धा समुदाय हैं, हमें कोई परेशान नहीं कर सकता। ऐसा कहकर (कि सिख समुदाय अमेरिका में सुरक्षित नहीं है) बाइडेन अभियान दल हमारा मनोबल तोड़ने और हमें हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है। बाइडेन अभियान ने अमेरिका में सिख समुदाय के समक्ष पेश हो रही ज़ेनोफोबिया (दूसरे देश के लोगों को नापसंद करना) सहित अनेक चुनौतियों का समाधान करने का संकल्प किया है।

सिंह ने दावा किया कि बाइडेन-हैरिस प्रशासन सिख विरोधी होगा।अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसमें राष्ट्रपति पद के लिए ट्रम्प तथा बाइडेन और उप राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस और माइक पेंस के बीच मुकाबला है।

सिंह ने कहा कि हैरिस कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल में अपने कार्यकाल के दौरान सिख व्यक्ति त्रिलोचन सिंह ओबराय की नौकरी के खिलाफ थीं, जिन्होंने अपनी दाढ़ी हटाने से मना कर दिया था।उन्होंने कहा, हैरिस ने उन्हें दाढ़ी हटाने को कहा था और उनसे धर्म तथा आजीविका के बीच एक का चयन करने को कहा था। भारतीय मूल की होने के बावजूद, वह सिख विरोधी हैं। सिंह ने कहा, हम जो बाइडेन या कमला हैरिस का समर्थन नहीं कर सकते। वे सिखों के लिए सही नहीं हैं।



मनीला में मलकानंग प्रेसिडेंशियल फोटोग्राफर्स डिवीजन की ओर से जारी फोटो में फिलीपीन के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते महल में हुए संक्रामक रोगों पर अधिकारियों से बात करते हुए

## सिंगापुर में कोरोना के 27 नए मामले

**सिंगापुर।** सिंगापुर में मंगलवार को कोविड -19 के 27 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 57,742 पहुंच गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को 26 लोगों को इस बीमारी से स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। देश में इस बीमारी से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 57,393 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में इस समय 36 मरीजों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 259 मरीज सामुदायिक केन्द्रों में पृथक-वास में है।सिंगापुर में कोविड-19 पाबंदियों में कुछ छूट दी गई है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, प्रायोगिक आधार पर कुछ प्रार्थना स्थलों पर 250 लोगों के साथ सेवाएं फिर से शुरू हो सकती है।

## ट्रंप को रिसिन भेजने वाली महिला की जमानत याचिका खारिज

संवाददाता। बफ़ेलो (अमेरिका)

**व्हाइट** हाउस में डाक से जहर रिसिन भेज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए खतरा उत्पन्न करने के मामले में आरोपी एक महिला को यहां की अदालत ने सोमवार को जमानत देने से इनकार कर दिया।

बफ़ेलो के न्यायाधीश ने वाशिंगटन, डी.सी. में एक अभियोग के आधार पर इसे एक बहुत गंभीर मामला बताया। मॉन्ट्रियल उपनगर की पास्कल फेरियर (53) को पिछले सप्ताह फोर्ट एरी, ओंटारियो और बफ़ेलो के बीच एक सीमा पार कर अमेरिका में दाखिल होते समय गिरफ्तार किया गया। उसके वकील ने सोमवार को उनके दोषी नहीं होने की दलील दी।अमेरिकी मजिस्ट्रेट न्यायाधीश एच. केनेथ श्रोएडर जूनियर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की हत्या के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपतियों की हत्या के प्रयास करने के कई मामले सामने आए हैं। फेरियर, राष्ट्रपति और अन्य लोगों के लिए एक खतरा है।

उन्होंने एक पत्र भी पढ़ा जो अभियोजकों के मुताबिक फेरियर ने जहर भेजने के साथ ट्रंप को लिखा था जिसमें उसने कथित तौर पर धमकी दी थी कि वह उनके राष्ट्रपति पद के लिए चलाए जा रहे अभियान को रोकने के लिए और खतरनाक जहर या फिर अपनी बंदूक का इस्तेमाल करेगी।

महिला के पास कनाडा और फ्रांस की नागरिकता है। उन्होंने उस पर मामला चलाने के लिए उसे वाशिंगटन भेजने का आदेश भी दिया। जहरीले पदार्थ से भरा एक लिफाफा और एक धमकी भरा पत्र व्हाइट हाउस भेजा गया था लेकिन उसे 18 सितम्बर को पत्रों की छंटाई करने वाली सेवा ने ही रोक लिया था। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था।

## हत्या की साजिश में तीस साल की सजा

**बोस्टन (अमेरिका)।** ब्लॉगर पामेला गेलर की सिर काटकर हत्या करने की साजिश रचने के दोषी एक व्यक्ति को दूसरी बार सोमवार को 30 साल कारावास की सजा सुनाई गई। यह शख्स इस्लामिक स्टेट समूह की ओर से यह साजिश रच रहा था। डेविड दाऊद राइट को इससे पहले 2017 में 28 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन पिछले साल एक अपीलीय अदालत द्वारा उसके दोषीसिद्धी के एक फैसले को पलट देने के बाद बोस्टन के एक दूसरी संघीय अदालत के न्यायाधीश ने उसे फिर से सजा सुनाई। राइट को आतंकवादी कृत्यों की साजिश रचने और अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है। बोस्टन के उत्तर में स्थित एवरेट के रहने वाला राइट पहले ही टेक्सास के गारलैंड में 2015 में पैगंबर मुहम्मद पर कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले गेलर की हत्या करने की साजिश रचने के सिलसिले में पहले ही लगभग पांच साल कैद की सजा काट चुका है।

# वर्जीनिया से लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के उम्मीदवारों की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी उद्योगपति

● अहलूवालिया रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार

भाषा। वाशिंगटन



**भारतीय** मूल के अमेरिकी उद्योगपति पुनीत अहलूवालिया वर्जीनिया से लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों में शामिल हो गए हैं। आशा, विकास और अवसर के संदेश के साथ वह अपना चुनाव अभियान चला रहे हैं।

पुनीत आहलूवालिया (55) ने पिछले सप्ताह इस पद के लिए दावेदारी पेश करते हुए कहा था, वर्जीनिया अभी मुश्किल में है और समय निकलता जा रहा है क्योंकि डेमोक्रेट पार्टी वहीं पुराने वादे ही कर रही है। उन्होंने कहा, मेरा अभियान वर्जीनिया में हर व्यक्ति, हर परिवार और हर समुदाय के लिए आशा, विकास और अवसर का संदेश लेकर आएगा।

दिल्ली में जन्मे आहलूवालिया 1990 में अमेरिका चले गए थे। उनकी पत्नी नाडिया मूल रूप से अफगानिस्तान की हैं। उन्होंने कहा, एक प्रवासी होने की वजह से, मेरा और मेरी पत्नी का जन्म अमेरिका में नहीं हुआ था। हमने अच्छे कारणों के चलते अमेरिकी बनने का फैसला किया। मैं कोई राजनेता नहीं हूं। मैं एक गौरवान्वित अमेरिकी हूं।

आहलूवालिया ने कहा, मैं अमेरिका और वर्जीनिया करीब 30 साल पहले आया था। मेरी पहली नौकरी खुदरा दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान देना था और फिर मैंने व्यवसाय शुरू किया और दूसरों के लिए नौकरी तथा अवसरों का सृजन किया। आज मैं ग्राहक अभिग्रहण, विपणन और रणनीतिक मामलों पर अंतरराष्ट्रीय व्यवसायों के लिए एक सलाहकार के रूप में काम करता हूं।

अहलूवालिया उत्तरी वर्जीनिया रिपब्लिकन बिजनेस फोरम के लिए काम करते हैं और रिपब्लिकन पार्टी की स्थानीय इकाई के सक्रिय सदस्य हैं।

## कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 10 लाख

**बाल्टीमोर (अमेरिका)।** जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना वायरस महामारी से मरने वालों की संख्या मंगलवार को 10 लाख हो गई। महामारी से रोजाना औसतन 5000 लोगों की मौत हो रही है। उसके अनुसार इससे सबसे अधिक करीब 2,05,000 लोगों की मौत अमेरिका में हुई है। अमेरिका के बाद ब्राजील में करीब 1,42,000 और तीसरे नंबर पर भारत में 95 हजार से अधिक लोगों की मौत वायरस से अभी तक हो चुकी है। इनके बाद इस सूची में मेक्सिको चौथे स्थान पर है, जहां 76,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है।विश्वविद्यालय के अनुसार वायरस से अभी तक 10 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। इसने एड्स से हर साल होने वाली मौत के आंकड़े को भी पीछे छोड़ दिया है, जो पिछले साल करीब 6,90,000 था। वायरस का पहला मामला चीन के वुहान शहर में 2019 के अंत में सामने आया था, जहां इससे पहली मौत जनवरी में हुई थी। मिशिगन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. होवार्ड मर्केल ने कहा, यह सिर्फ एक संख्या नहीं है। यह लोग हैं। यह वे लोग हैं, जिन्हें हम प्यार करते थे। यह हमारे भाई, हमारी बहनें हैं। ए वे लोग हैं, जिन्हें हम जानते थे। उन्होंने कहा, अगर आप मानवीय पहलू का सामना नहीं करते तो आपके लिए अमूर्त बनना बहुत आसान है।




न्यूयार्क शहर के एक स्कूल का दृश्य, जहां पर एक परिवार अपने बच्चे को स्कूल भेजने आया है

# ‘मैं वेब सीरीज़, थियेटर और फिल्में, सब कर सकती हूं’

**शीन दास एसईटी चैनल पर आने वाले शो इंडिया वाली मां, में चिनम्मा का चरित्र कर रही हैं। पायनियर संवाददाता मुज़्बा हाशमी के साथ एक बातचीत में उन्होंने अपनी भूमिका, अभिनय क्षेत्र में आने और किस प्रकार वो हर फिल्म को देखने के बाद अभिनेता और निर्देशक को सोशल मीडिया पर वो फॉलो करती हैं, आदि विषयों पर अपनी राय व्यक्त की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश...**



**■ आपके शो इंडिया वाली मां, में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें चिनम्मा बनी हूं जो मंगलोर की एक लड़की होती है। वो रोशन की गर्लफ्रेंड है। वे अमेरिका चले गए थे और अब भारत वापस आने के बारे में सोच रहे हैं। वो रोहन को चाहती है और उसके बिजनेस में योगदान देना चाहती है। उसके ऊपर बचपन से ही कई जिम्मेदारियां रही हैं। बचपन में ही उसकी मां गुजर गईं और उसे निश्छल प्यार अनुभव करने को नहीं मिला। उसे तब आश्चर्य होता है जब कोई निस्वार्थ प्यार करता है और त्याग भी रकता हो। यद्यपि उसके पिता उसे प्यार करते हैं लेकिन वो उससे परिवार की परंपराओं के अनुसार चलने का आग्रह करते हैं। लेकिन वो अब अपने जीवन में अपने निर्णय के अनुसार चलना चाहती है। वो निस्वार्थ प्यार को अनुभव करना चाहती है।

**■ आपने ये चरित्र क्यों करना स्वीकार किया?**

मैं अक्षय के साथ पहले भी काम कर चुकी हूं। तो जब मैंने उससे इस प्रोजेक्ट के बारे में सुना कि उसने इसे साइन किया है तो मुझे भी ये रोचक लगा। इसकी कहानी ऐसी है कि किसी को भी ये अच्छी लगेगी। आजकल हम सभी अपने माता-पिता और उनके द्वारा हमारे लालन-पालन में किये गए प्रयासों के प्रति कृतघ्न हो चुके हैं। ऐसे परिदृश्य में ये शो एक अलग संदेश देता है और मुझे इसका हिस्सा बनने पर गर्व होता है। ये शो एक प्रकार से भारतीय मां के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**■ अभिनय के क्षेत्र में आने के बारे में आपने कब सोचा?**

मैं सदा से इस क्षेत्र में आना चाहती थी। लेकिन प्रारंभ में मैंने इसे गंभीरता के साथ नहीं लिया। मेरे परिवार से कोई भी इस क्षेत्र में नहीं था अत: मुझे किसी प्रकार को कोई अनुमान नहीं था कि इस क्षेत्र में आने के लिए क्या करना होता है। एक संयोग के कारण ही मैं इसमें आ गई। मैं दिल्ली में एक बैंक में काम करती थी और एक प्रोजेक्ट में छोटा सा रोल करने को मिला। फिर लोग मुझे कुछ और प्रोजेक्ट के लिए अनुशंसा करने लगे फिर मैने ऑडिशन देना प्रारंभ कर दिया। मेरे लिए ये एक श्रंखला जैसी बनती गई।

**■ आपका परिवार आपका कितना समर्थन करता है?**

मेरा परिवार सदा से मेरा समर्थन करता रहा है। उन्होंने कभी हमपर दबाव नहीं बनाया कि हमें क्या करना और क्या नहीं करना है। उन्होंने मुझे और मेरी बहन को अपनी इच्छा के अनुसार कॅरियर चुनने की स्वतंत्रता दी। यदि मेरे परिवार से इस क्षेत्र में कोई होता तो मुझे कुछ सलाह अवश्य मिली होती । लेकिन ऐसा था नहीं। मुझे अपने प्रयासों से ही चलना था। लेकिन परिवार ने मुझे किसी भी काम को करने से रोका नहीं।

**■ क्या इस क्षेत्र में आने से पहले किसी प्रकार की आशंका थी?**

जी हां, थीं। लेकिन आपको धीरे धीरे अनुभव होता जाता है कि हर कला के क्षेत्र में निश्चितता कम होती है। तो या तो आप किसी स्थायी जॉब को करें या फिर वो करने के लिए जोखिम ले जो आप करना चाहती हैं ये आपको ही तय करना होता है।

**■ आपको किस प्रकार की भूमिकाएं आकर्षित करती हैं?**

ऐसी कई भूमिकाएं हैं जो मुझे अच्छी लगती हैं। टीवी में अब बदलाव आ रहा है और कई अच्छे शो प्रारंभ हुए हैं उनमें अच्छे रोल मिल रहे हैं। तो मैं ऐसे शोज़ का हिस्सा बनना पसंद करूंगी जो अलग प्रकार के हों।

**■ क्या डिजिटल प्लेटफॉर्म में जाने की भी इच्छा है?**

जी हां, आज कई प्लेटफॉर्म हैं और अभिनय करने वालों के लिए कई विकल्प हैं। मैं हर क्षेत्र को देखना चाहती हूं। मैंने आजतक अधिक काम नहीं किया है तो ये मेरे लिए प्रारंभ करने जैसा होगा। मैं वेब सीरीज़, थियेटर और फिल्में भी कर सकती हूं।

**■ क्या आप किसी विशेष अभिनेता या निर्देशक के साथ काम करने की इच्छा रखती हैं?**

जी हां, लेकिन किसी एक का नाम लेना कठिन होगा। जब भी मैं कोई फिल्म देखती हूं तो उस अभिनेता या निर्देशक को इंस्टाग्राम पर फॉलो करती हूं और उनके काम को देखती रहती हूं।

**■ स्वयं को टीवी पर देखकर क्या आज भी आप उतनी ही उत्साहित होती हैं?**

जी हां, ये मेरे साथ हर बार होता है जब मैं कुछ नया करती हूं। जब भी में सेट पर होती हूं तो नर्वस हो जाती हूं और उत्साहित भी। लेकिन कुछ सीन करने के बाद मैं सामान्य भी हो जाती हूं।

## ट्रेंड बाजार


### तल्ख रिपोर्टिंग की फरहान अख्तर ने आलोचना की



**अभिनेता** और गायक फरहान अख्तर ने यहां समाचार रिपोर्टिंग के तीखे होने की आलोचना की। उन्होंने अपने एक ट्वीट में कहा, ‘लता जी के जन्मदिन और शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर एक और अच्छा समाचार है। मैं आशा करता हूं कि प्रश्नगत शीर्ष ब्रांड्स तीखी पत्रकारिता और समाचार रिपोर्टिंग के बारे में अपनी चिंता के अनुसार ही कार्य करेंगे।’


उनका ये ट्वीट उस रिपोर्ट पर उनकी प्रतिक्रिया था जिसमें कहा गया था, ‘देश के शीर्ष ब्रांड्स समाचार चैनलों से विषाक्त होने से बचने का आग्रह करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि वे विज्ञापन देने के बारे में भी पुनर्विचार कर सकते हैं।’

### ड्रग्स विवाद पर सोना महापात्रा का तंज
### पुरुष केवल दूध बिस्कुट से ही काम नहीं चलाते



**गायिका** सोना महापात्रा का कहना है कि ‘इस ड्रग संबंधी वाद-विवाद का तभी कोई अर्थ होगा जब वे वास्तविक ड्रग कार्टेल और आपूर्तिकर्ताओं तक पहुंचने में समर्थ हो जाएं। ये देखकर भी आश्चर्य होता है कि यहां भी महिला स्टार्स ही चर्चा में हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म इंडस्ट्री में पुरुष केवल दूध और बिस्कुट से ही काम चलाते हैं। लेकिन मैं साफकर दूं कि मैं किसी भी स्टार के लिए आंसू नहीं बहाने वाली।’

### टाइगर ने प्रशंसकों को दिखाई अपनी सिग्नेचर लाइंग किक



बॉलिवुड स्टार टाइगर श्रॉफ ने अपने प्रशंसकों को इंस्टाग्राम पर अपने एक वीडियो से आश्चर्य में डाल दिया। इस वीडियो में हाल ही में चोट लगने के बाद वो पहली बार अपनी सिग्नेचर लाइंग किक लगाते दिखाई दे रहे थे। अपने एक पोस्ट में उन्होंने कहा, ‘चोट लगने के बाद पुन: ऐसा करना अच्छा लग रहा है। आशा है आपका सप्ताह अच्छा गया होगा और आपने अविश्वसनीय बातों को विश्वसनीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी होगी।’

हाल ही में टाइगर, जिन्हें उनकी शारीरिक फिटनेस के लिए जाना जाता है, ने अपने सुगठित शरीर को सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को दिखाया था।’

### पालोमा फेथ पोस्टपार्टम डिप्रेशन को लेकर मुखर



हाल ही में हॉलिवुड सिंगर पालोमा फेथ जो दूसरी बार गर्भवती हैं, चिंता और अवसाद जैसे विषय पोस्टपार्टम डिप्रेशन को लेकर मुखर हुई हैं। ये अनुभव उन्हें अपने पहले बच्चे के जन्म के समय लगभग तीन साल पहले हुआ था। उन्होंने लिखा, ‘मेरे पहले बच्चे के समय मुझे ऐसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा था। ऐसे में अब मैं चाहती हूं कि इस बार मेरे आस पास ऐसे लोग रहें जिन्हें इस विषय के बारे में जानकारी हो। मुझे तो पता ही नहीं चला कि मैं उस समय इतनी बीमार थी लेकिन जब तक मैंने जाना मैं इससे बाहर आ चुकी थी। ये कठिन होता है क्योंकि आपको लगने लगता है कि क्या आप अब कभी दुबारा प्रसन्न हो भी पाएंगे या नहीं।’




## गूगल ने डूडल बनाकर जोहरा सहगल को किया याद

भाषा। मुंबई

**गूगल** ने दिवंगत अदाकारा एवं नृत्यांगना जोहरा सहगल को मंगलवार को विशेष डूडल बनाकर श्रद्धांजलि दी। जोहरा सहगल की फिल्म नीचा नगर 1946 में आज ही दिन कान्स फिल्म समारोह में रिलीज हुई थी। गूगल के अनुसार यह पहली भारतीय फिल्म थी जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिली थी।डूडल में वह मणिरत्नम द्वारा निर्देशित फिल्म दिल से के गीत जिया जले की नृत्य मुद्रा में दिखाई देती हैं। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 27 अप्रैल, 1912 को एक पारंपरिक मुस्लिम परिवार में जन्मीं सहगल उत्तराखंड के चकराता में पली-बढ़ीं और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए लाहौर भेजा गया। सहगल ने नृत्यांगना के रूप में अपने करियर की शुरुआत 1935 में उदयशंकर के साथ की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ अंग्रेजी

**उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 27 अप्रैल, 1912 को एक पारंपरिक मुस्लिम परिवार में जन्मी सहगल उत्तराखंड के चकराता में पली-बढ़ीं और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए लाहौर भेजा गया।**

भाषा की फिल्मों के अलावा टेलीविजन धारावाहिक और नाटकों में भी काम किया। उन्होंने इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) और पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थिएटर के साथ 14 साल तक काम किया। वह 1962 में एक नाट्य छात्रवृत्ति पर लंदन चली गईं और ब्रिटेन में ‘डॉक्टर हू तथा ‘द ज्वेल इन द क्राउनै जैसे टेलीविजन कार्यक्रमों में काम करने के बाद अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। सहगल 1990 के मध्य में भारत लौट आईं और रंगमंच तथा बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय जारी रखा। उन्होंने चीनी कम , दिल से , वीर जारा और हम दिल दे चुके सनम जैसी फीचर फिल्मों में काम किया। उनकी अंतिम बड़ी फिल्म 2007 में आई संजय लीला भंसाली की फिल्म सावरिया थी। सहगल को कला और सिनेमा में उनके योगदान के लिए पद्म श्री (1998), कालिदास सम्मान (2001) और पद्म विभूषण (2010) से सम्मानित किया गया। वर्ष 2014 में 102 साल की उम्र में दिल्ली में उनका निधन हो गया।

## सनी कौशल ने ‘तारों के शहर’ वीडियो से किया पदार्पण



वर्ष 2019 में भूषण कुमार ने विकी कौशल के साथ एक चार्टबस्टर गाना ‘पछताओगे’ बनाया था और आज तक इसे यूट्यूब पर 450 मिलियन व्यूज़ मिल चुके हैं। एक ही साल बाद टी-सीरीज़ ने सनी कौशल को एक और संगीत वीडियो के लिए साइन किया है। इसका शीर्षक है ‘तारों के शहर’ और ये सिंगल गीत है। इसमें उनके साथ नेहा कक्कड़ हैं। जब आप कलाकारों की बात करें तो नेहा कक्कड़ ने कई सुपर हिट गीत गाए हैं और यूट्यूब, स्ट्रीमिंग साइट तथा सोशल मीडिया पर वो आज भी ट्रेंड करती हैं। लेकिन इस वीडियो ‘तारों के शहर’ में लोगों को नेहा का एक दूसरा पक्ष देखने को मिलने वाला है। दूसरी ओर सनी को भी रफएंड टफस्टाइल में पहली बार देखा जाएगा। इसमें उनके लंबे बाल और स्टाइल भी अलग है। लोगों को उनकी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री भाएगी ऐसा निर्माताओं को भरोसा है। नेहा कक्कड़ और जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया ये रोमांटिक गीत जानी ने लिखा और संगीतबद्ध किया है।

सनी ने अपने ट्वीट में लिखा, ‘जब भूषण सर ने मुझे गाने के लिए बुलाया तो मैं टी-सीरीज़ से जुड़ने पर अत्यंत प्रसन्न था। लेकिन इसे सुनने के बाद तो मैंने इसके लिए तुरंत सहमति दे दी। नेहा और जुबिन ने ये गाना इतना सुंदर गाया है कि आप इसमें खोए बिना नहीं रह सकते। मैं जानी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं और उनके गाने से जुड़कर आप समझ नहीं सकते कि मैं कितना आनंदित अनुभव कर रहा हूं।’ गायिका नेहा भी जानी से दुबारा जुड़कर प्रस्तुति दे रही हैं उन्होंने कहा, ‘जानी की ये रचना अत्यंत सुंदर बन पड़ी है। ऐसा गीत लोग काफी समय के बाद सुन रहे होंगे। इस गाने के बारे में भूषण सर की दृष्टि अप्रतिम है। मैं सनी के साथ इसमें आने से अत्यंत प्रसन्न हूं। मैं और जुबिन इसे शानदार बनाने में कोई कसर नहीं रखेंगे। अरविंद्र खेड़ा सर, जो हमारे निर्देशक हैं ने इस वीडियो को अद्भुत बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया है।’

### अफताब शिवदसानी कोरोना संक्रमण से उबरे

**मुम्बई।** अभिनेता अफताब शिवदसानी ने मंगलवार को कहा कि वह कोविड-19 संक्रमण से उबर गए हैं। वह 11 सितंबर को इस वायरस से संक्रमित पाए गए थे। उन्होंने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर लिखा, सभी को मेरा अभिवादन, मैं



आप सभी से यह सूचना साझा करते हुए खुश एवं राहत महसूस कर रहा हूं कि मैंने फिर कोविड जांच कराई और ईश्वर की कृपया से रिपोर्ट निगेटिव आई। मैं आप सभी को समर्थन एवं शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। शिवदसानी (42) ने कहा, कृपया जान लीजिए कि इस बीमारी का इलाज संभव है और 20 फीसद से भी कम मरीज गंभीर होते हैं और उन्हें अस्पतालों में भर्ती करने की जरूरत होती है। ज्यादातर लोग घर में ही दवा से ठीक हो जाते हैं, इसलिए दुर्भाग्य से आप यदि इसकी गिरफ्त में आ जाते है तो भी घबराइए मत। उन्होंने लिखा, मैं एक बार फिर विनम्र अनुरोध करता हूं और महामारी के खत्म होने तक एक दूसरे से दूरी बनाकर रखने, मास्क लगाने और सैनेटाईजर के इस्तेमाल का महत्व दोहराता हूं। सुरक्षित रहिए एवं अपने प्रियजन को सुरक्षित रखिए।

### आदित्य चोपड़ा ने फिल्म उद्योग का आभार जताया



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के 50 साल पूरे होने के अवसर पर फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा ने भारतीय सिने उद्योग की स्वागत करने की परंपरा को इस फिल्म प्रोडक्शन कपंनी की सफलता का श्रेय दिया। यश राज फिल्म्स स्टूडियो की स्थापना उनके पिता यश चोपड़ा ने 1970 में की थी। यशराज फिल्म्स के इन पांच दशक के सफर को रेखांकित करने के लिए आदित्य चोपड़ा ने एक विशेष नोट लिखा और कहा कि स्टूडियो के आज भी प्रासंगिक होने की वजह इस सफर में साथ रहे अभिनेता, निर्देशक, कोरियोग्राफर सहित हर सदस्य और दर्शक हैं। यशराज फिल्म्स की पहली फिल्म 1973 में आई राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर और राखी अभिनीत दाग: द पोयम ऑफ लव थी। यह एक निर्माता के रूप में यश चोपड़ा की पहली फिल्म थी। यश राज फिल्म्स ने अपने 25 वें वर्ष में 1995 में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे रिलीज की थी। फिल्मकार ने वाईआरएफ को अपनी महान विरासत का हिस्सा बनने का मौका देने के लिए फिल्म जगत को धन्यवाद दिया। यश राज फिल्म्स अनुष्का शर्मा, रणवीर सिंह, परिणीति चोपड़ा और अर्जुन कपूर जैसी नई प्रतिभाएं लेकर आया। वहीं, मनीष शर्मा, शरत कटारिया, विजय कृष्ण आचार्य और कानू बहल के जैसे निर्देशकों को भी पहला मौका दिया। स्टूडियो के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर फिल्म निर्माता ने बैनर का नया लोगो भी जारी किया।

### उत्तराखंड में फिल्मी हस्तियों का रुझान बढ़ा: भाग्यश्री

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री एवं उनके पति हिमालय दासानी ने भेंट की तथा प्रदेश में फिल्म सिटी के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई। भाग्यश्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्मी हस्तियों का रुझान बढ़ा है और राज्य में युवाओं को अगर फिल्म के क्षेत्र में



विभिन्न प्रशिक्षण दिए जाएं तो वे इस क्षेत्र में अच्छा करियर बना सकते हैं। फिल्मकार दंपति ने जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग के मद्देनजर प्रदेश में उन्हें बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि इस क्षेत्र में भी उत्तराखंड में काफी सम्भावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म सिटी बनाने के लिए भूमि तलाशी जा रही है।

उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के लिए भूमि अधिक चाहिए और वह स्थान हवाईअड्डे से भी कम दूरी पर होना चाहिए। रावत ने कहा कि यदि उत्तराखंड के युवाओं को यहां फिल्म के क्षेत्र में प्रशिक्षण मिलता है तो वे इस क्षेत्र में अच्छा भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म सिटी बनने से लोगों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

### कुमार सानू के पुत्र जान बिग बॉस में दिखेंगे



**मुंबई।** टीवी रियलिटी शो बिग बॉस में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे बॉलीवुड के गायक कुमार सानू के बेटे जान ने कहा है कि जब उन्होंने अपने पिता को पहली बार इस बारे में जानकारी दी तो वह हैरान रह गए थे। कलर्स चैनल पर आने वाले बिग बॉस के 14 वें सीजन में हिस्सा लेने वाले जान पहले ऐसे प्रतिभागी हैं, जिनके इसमें भाग लेने की पुष्टि हो चुकी है। इस कार्यक्रम के प्रस्तोता सलमान खान हैं। जान ने पीटीआई-भाषा को बताया, जब मैंने अपने पिता को अपने निर्णय के बारे में बताया तो वह हैरान थे। वह काफी देर तक चुप रहे। हम एक-दूसरे से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं सही मायने में इस शो के लिए तैयार हूं। जान ने कहा, बाद में वह खुश हो गए और मेरे निर्णय का समर्थन किया। उन्होंने इसके लिए मुझे कुछ गुर भी सिखाए। उन्होंने कहा कि बिग बॉस में शामिल होने के प्रस्ताव को स्वीकार करने में उन्हें कोई झिझक नहीं हुई क्योंकि उभरती प्रतिभा के लिए यह बहुत बड़ा मंच है। जान ने कहा कि वह इस शो के प्रशंसक रहे हैं और पहले सीजन से ही इसे देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शो हम जैसे नए प्रतिभावान लोगों एवं प्रतिभागियों को जिस तरह का मंच मुहैया कराता है, उसका कोई जोड़ नहीं है। यह एक बहुत बड़ा अवसर है।

दो दिवसीय दौरे पर आयी नोडल अफसर...

# जिले में बनाया जाए इमरजेंसी मेडिकल प्रोटोकाल: मिनिस्ती एस

● तेजाब की दुकानों की जांच का अभियान चलाने के भी निर्देश, सिधौली के प्रेमनगर का लिया जायजा

संवाददाता। सीतापुर

**जिले की** नोडल अफसर, महानिरीक्षक, निबंधक आयुक्त स्टाम्प मिनिस्ती एस. ने मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर पहुंची। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, कोविड प्रोटोकाल एवं संक्रामक रोगों के नियंत्रण के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान की स्थिति की समीक्षा की। नोडल अधिकारी ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण एवं डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संक्रामक रोगों के प्रसार का भौगोलिक वितरण के अनुसार वितरण प्रस्तुत किया जाय, जिससे क्षेत्रवार इनके नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा सके। नोडल अधिकारी ने ''फोकस्ड इंटेलिजेंट एफर्ट'' करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी ने सीएमओ आलोक वर्मा को निर्देश दिये कि जनपद के लिये 'इमरजेंसी मेडिकल प्रोटोकॉल' तैयार किया जाय एवं आपातकालीन स्थित में इसका शत प्रतिशत पालन किया जाय। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन की उपलब्धता की नियमित तौर पर समीक्षा की जाय। डीएम विशाल भारद्वाज ने कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने एवं संक्रामक रोगों के नियंत्रण के सम्बंध में किये जा रहे प्रयासों और प्रशासन द्वारा की गयी कार्यवाही के विषय मे विस्तारपूर्वक बताया। 'महिलाओं के विरुद्ध अपराध रोकने के लिये विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि तेजाब विक्रय करने वाली दुकानों का अभियान कराकर निरीक्षण किया जाय। किसी भी अपंजीकृत दुकान पर तेजाब का विक्रय न हो एवं विक्रय के समय समस्त निर्देशों का पालन कराया जाय। जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना एवं कन्या सुमंगला योजना के लंबित भुगतान समय से कराये जाने के निर्देश भी दिये। डीडीओ राकेश कुमार पांडेय, एएसपी डॉ राजीव दीक्षित, एसडीएम अमित भट्ट मौजूद रहे। नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने मंगलवार को निर्माणाधीन इलसिया ग्रन्ट स्थित वृहद गौसंरक्षण का निरीक्षण किया।


सीतापुर-निरीक्षण करती नोडल अफसर मिनिस्ती एस

### स्वयं सहायता समूहों को प्रेरित करने पर दिया जोर

**नोडल अधिकारी** ने गोंदलामऊ विकास खण्ड के ग्राम कोरौना में कराये जा रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर बनाये जा रहे सामुदायिक शौचालय को भी देखा। नोडल अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय कोरौना में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बैठक कर उन्हें प्रेरित किया कि दृढ़ इच्छा शक्ति एवं कड़ी मेहनत से सफलता अवश्य प्राप्त होगी। नोडल अधिकारी ने कहा कि गांव में महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिये सरकार प्रयासरत है। इसी क्रम में विद्युत बिल कलेक्शन, कोटा आदि कार्य महिलाओं को दिये जा रहे हैं। एसडीएम मिश्रिख गिरीश कुमार झा, डीपीआरओ मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर की लूटपाट व महिला को किया अगवा

**रेउसा सीतापुर।** थाना रेउसा इलाके के गांव बरौली में घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट करने और महिला को अगवा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि सोमवार रात करीब 2 बजे आधा दर्जन बेखौफ लोगों ने घर पर धावा बोल दिया और 35 वर्षीय बेटे हीरा, 30 वर्षीय बहू ज्योति व 60 वर्षीय पत्नी बलवंत को लाठी-डंडों से मारने लगे। इस दौरान उन्होंने घर में रखी 12 हजार की नकदी व जेवरात लूट लिए और बहू ज्योति को अगवा भी कर ले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया, जहां से बेटे हीरा की हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस वारदात को रिश्तेदारों के बीच मारपीट का मामला बता रही है। थाना प्रभारी रेउसा पुष्पराज सिंह ने बताया कि बहू के मायके पक्ष व ससुराल पक्ष के बीच अनबन के चलते बहू मायके मे रह रही थी, दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

खराब पड़ी हैं कई महीनों से कम्प्यूटर मशीनें...

## मानपुर डाकघर में कई माह से नहीं हो पा रही रजिस्ट्री व स्पीड पोस्ट

● तहसील व जनपद स्तर पर चक्कर काटने को मजबूर है उपभोक्ता

**मानपुर सीतापुर।** मानपुर डाकघर में कई माह से रजिस्ट्री व डाक स्पीड पोस्ट नहीं हो पा रहा है। जिससे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग तहसील व जनपद स्तर पर जाकर उक्त सेवा लेने को मजबूर हैं। इस बावत क्षेत्र के अम्बरपुर निवासी चौधरी मो. अनीस पुत्र मो. खलीक ने एसडीएम. बिसवां को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जबकि उप डाकपाल अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि डाकघर की रजिस्ट्री आदि की मशीन खराब है। मैंने अपने अधिकारियों को पत्र लिखा है जल्द ठीक करवा कर समस्या को बहाल कर दिया जाएगा।

## हत्थे चढ़ा नौकरी का झांसा देने वाला जालसाज

● फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देने का आरोप, डीपीआरओ के दफ्तर का मामला

**संवाददाता।** सावधान! कोरोना काल में फर्जी नियुक्त पत्र बांटकर एक गिरोह धनउगाही का काम कर रहा है। मंगलवार को सीतापुर में इस गिरोह सदस्य महोली के गदनापुर गांव का रफीक पकड़ा है। इसे डीपीआरओ कार्यालय के कर्मचारियों ने पकड़कर पुलिस को दिया है। कर्मचारियों ने सफाई कर्मचारी पद पर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर पर ज्वाइनिंग लेने आए रोहित वर्मा से मिले फोन नम्बर पर फोन करके नौकरी की बात करने का झांसा देकर रफीक को बुलाया था। रफीक लग्जरी कार कैंचीपुल पर आया और यहीं डीपीआरो कार्यालय कर्मचारियों ने धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

## तहसील में बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**महमूदाबाद, सीतापुर।** मंगलवार को तहसील सभागार में महमूदाबाद ब्लॉक के 81 उपस्थित बीएलओ को घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य करने के दौरान परिवर्धन, विलोपन, संशोधन करने में पूरी पारदर्शिता बरतने की सलाह तहसीलदार अशोक कुमार दी गई। इस दौरान बीएलओ द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब भी प्रशिक्षण के दौरान दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि अगर एक ही मतदाता का नाम दो अलग अलग स्थानो पर दर्ज हुआ है तो यह जिम्मेदारी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने वाले की होगी जांच के दौरान यदि ऐसा पाया जाता है कि किसी ने दो स्थानों से मतदाता सूची में नाम दर्ज करा रखा है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। दोपहर दो बजे से विकासखंड पहला के बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। पहला में लगाए गए 72 बीएलओ मौजूद रहे। इस दौरान रजिस्ट्रार कानूनगो राम नरेश वर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी बीएलओ को मतगणना, बुकलेट, मतदाता सूची परिवर्धन, संशोधन व विलोपन की बुक वितरित की। प्रशिक्षण लेने वाले बीएलओ को एक अक्टूबर से अपना काम शुरू करना है। इसके पश्चात समस्त बीएलओ 13 नवंबर से पांच दिसंबर तक अपनी मतदाता सूची को अंतिम रूप प्रदान करेंगे। बीएलओ द्वारा तैयार की गई मतदाता सूची का प्रकाशन छह दिसंबर को होगा।

## वृद्ध व्यापारी की सांड के हमले से मौत



**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मो दौलतपुर निवासी विजयेन्द्र गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ताबाजार मे 17सितम्बर को सब्जी खरीद रहे थे तभी एक सांड ने सींग से उन्हजघायल कर दिया सिर मे अधिक चोट लग जाने के कारण जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया कोमा मे चले जाने के कारण आइकन चिकित्सा लय का इलाज कराया जा रहा था बीती शाम 6बजे 28 सितम्बर को उनहे चिकित्स को ने उनहे मृत घोषित कर दिया मृत्यु की खबर फैलते ही वयापारियो मे शोक की लहर दौड गयी है।

## गुमशुदा भाई बहन के तालाब में मिले शव


मृतक छात्र (फाइल फोटो)


मृतक बच्ची (फाइल फोटो)

**महमूदाबाद सीतापुर।** कोतवाली महमूदाबाद इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव तालाब में उतराता मिला। पास जाकर जब देखने शव के साथ एक बच्ची का शव लिपटे होने ने इलाके में फैली सनसनी में और इजाफा कर दिया। सूचना पाकर मौके पर जब पुलिस पहुंची तो दोनों की शिनाख्त नई बाजार निवासी 20 वर्षीय शिवम व 10 वर्षीय आरोही के रूप में हुई। पुलिस मामले में किसी अज्ञात वाहन से टकराकर तालाब में जा गिरने की आशंका जता रही है। परिजनों के अनुसार सोमवार की रात करीब 8 बजे दोनों साइकिल लेकर घर से टहलने निकले थे। देर रात तक न पहुंचने पर उन्होंने पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस व परिजन पूरी रात से दोनों को तलाश रहे थे। मंगलवार सुबह स्थानीय की सूचना पर पुलिस ने सिधुली मार्ग स्थित छपरतला तालाब से दोनों के शव बरामद हो गए। पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद ने मामले की जानकारी दी।

## संजय नमकीन में लगी आग, 15 लाख का नुकसान

**सीतापुर।** शहर से सटे गांव दामोदरपुर में संजय नमकीन मिल में दोपहर 2 बजे के करीब आग गई। ऊंची-ऊंची लपटे उठने लगी। अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों ने आग को काबू किया। मिल मालिक संजय गुप्ता ने बताया कि बॉयलर, मोटर, पम्प व इंसूलेषन सिस्टम जल गया है, करीब 15 लाख नुकसान हुआ है। एसओ रामकोट बृजेश कुमार राय ने बताया है कि बॉयलर में तेल रिसाव होने से आग लगी थी।

## लीगेज गैस सिलेण्डर से लगी आग, नुकसान

**थानगांव सीतापुर।** थानगांव के सरैयां गांव में लीकेज के चलते सिलेन्डर में आग लग गई और सिलेंडर फट गया। देखते ही देखते आग घर में भी फैल गई। गृहस्वामी राजू ने बताया जेवर, कपड़ा, बर्तन, अनाज व 70 हजार की नगदी समेत लगभग दो लाख की गृहस्थी जलकर नष्ट हो गयी है, सिलेंडर के फटने से दीवाल क्रेक हो गई। परिजनों ने तहसील प्रशासन को सूचना दे दी है।

## नगर विधायक ने बांटी यूनीफार्म


सीतापुर-यूनीफार्म वितरित करते विधायक राकेश राठौर

संवाददाता। सीतापुर

**खैराबाद क्षेत्र** के परिषदीय विद्यालय निजामाबाद में यूनिफॉर्म बांटी गईं। मुख्य अतिथि नगर विधायक राकेश राठौर रहे।

समाजसेवी अनिल द्विवेदी व प्रधानाध्यापिका यशोदा द्विवेदी ने अभिभावकों से बच्चों को घर पर पढ़ाते रहने का आवाहन दिया। कार्यक्रम में ज्योति वर्मा, रचना राठौर, दीक्षा सिंह, विनीता मिश्रा, शालिनी भार्गव, अनुपम मिश्र, ग्राम प्रधान संतोष कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

### यूनीफार्म पाकर बच्चों के खिले चेहरा

**तंबौर सीतापुर।** प्राथमिक विद्यालय रजनापुर विकास क्षेत्र-बेहटा ,में नि:शुल्क यूनिफॉर्म का वितरण प्रधानाध्यापक धीरेंद्र विक्रम सिंह द्वारा किया गया। प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार ने स्कूलों का कायाकल्प कर उनको कान्वेंट स्कूल जैसा बनाने का भरसक प्रयास किया है। इस मौके पर सहायक अध्यापक रवींद्र सिंह, सुशील पांडेय संगठनमंत्री प्रा.शि.संघ बेहटा,सहजराम ,स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा रेशमा खातून, प्रमोद कुमार,व कई गणमान्य अभिभावक उपस्थित रहे।

## डरा रहा कोरोना से मौतों का आंकड़ा

● लगातार मिल रहे मरीजों से बढ़ रही तादात

● विषेषज्ञों ने जताई चिंता


सीतापुर-जांच करते चिकित्सक

संवाददाता। सीतापुर

**जिले में** कोरोना ग्राफमंगलवार को भी समान्य रहा। 19 नए केस मिले। हालांकि कम केस निकलने पर जानकारों की राय सरकारी कार्यशैली से मेल नहीं खाती है। अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार रविराज सिंह कहते हैं केस कम मिल रहे हैं या फिर बताए जा रहे हैं, चिकित्सीय ढांचा इसे क्लीयर नहीं कर पा रहा है, सरकारी मशीनरी आईसीएमआर यानी इण्डियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की गाइडलाइन के मुताबिक कोरोना से जंग लड़ रही है, आइसीएमआर की गाइनलाइन में कई खामियां हैं और जांच बहुत कम हो रही हैं, हकीकत जानने के लिए दक्षिण कोरियाई व सिंगापुर के मॉडल को अपनाना होगा। उन्होंने बताया कि दोनों मुल्कों में जांच की व्यवस्था बहुत ही उदार है, किसी भी समय कहीं भी आसानी से जांच कराई जा सकती है। सीएचसी लहरपुर में एंटीजन किट से 52 लोगों की जांच की गई। अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने पुष्टि करते हुए बताया कि सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। जांच टीम में डॉक्टर खुशनूद आलम, लैब टेक्नीशियन संजय, हेल्थ वर्कर आशुतोश जोशी, कविंद्र बाजपेई, स्टाफ नर्स रूबी मिश्रा, अंजली व आरएस गौतम आदि शामिल रहे। सीतापुर में कोरोना के केस जरूर कम निकल रहे हैं, लेकिन गंभीर रोगियों और मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अब तक 43 मरीजों की मौत हो गई है और इतने ही गंभीर हालत में लखनऊ के एल-3 अस्पताल में भर्ती हैं। मंगलवार को षहर की भार्गव कॉलोनी व आवास विकास में 1-1 केस मिला है। रामपुर मथुरा व सिधौली में 3-3, बिसवा, हरगांव व लहरपुर में 2-2, खैराबाद, महमूदाबाद व रेउसा में 1-1 केस की पहचान की गई है। जबकि 2 केस अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ जनपद में कुल कोरोना केस 3,494 हो गए हैं।

## हादसे का नहीं, पुलिस का डर...


सीतापुर-हेलमेट है मगर जागरूकता नहीं, यह नजारा नेषनल हाइवे के टोल प्लाजा के पास का है, जहां एक बाइक सवार दम्पत्ति हाथ में हेलमेट लेकर गुफ्तगूं में मषगूल है, इन्हें हादसे का डर नहीं बल्कि पुलिस का है, शायद इन्हें तनिक भी अंदाजा नहीं कि हादसे के वक्त यही हेलमेट इनकी जान बचा सकता है, शायद इसीलिए सिर के ताज को हाथ में लिए घूम रहे है। (विपिन राजवंशी)

## शौचालय में धन उगाही का ग्रामीणों ने लगया आरोप

● डीएम को शपथ पत्र देने पहुंचे ग्रामीण

संवाददाता। तंबौर सीतापुर

**पंचायत चुनाव** का शंखनाद अभी भले नहीं हुआ हो परंतु ग्राम प्रधानो पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है मंगलवार को ब्लाक रेउसा की ग्राम पंचायत पचरुखी के दर्जनों ग्रामीण जिला मुख्यालय शिकायत करने पहुंचे, ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान श्याम लाल यादव ने शौचालयों का पैसा निकाल कर हजम कर लिया है और जो शौचालय बने भी हैं वह आधे अधूरे ही हैं अगर कोई ग्रामीण शौचालय की मांग करता है तो प्रधान 2000 की मांग करते हैं आइए जानते हैं क्या कहते हैं ग्रामीण।


सीतापुर-शपथ पत्र लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

## हाथरस में हैवानियत सीतापुर में गुस्सा

● दामिनी को इंसाफ, दरिंदो को फांसी देने की मांग

संवाददाता। सीतापुर

**हाथरस में** हैवानियत की सारी हदे पार हो गई वहशी दरिंदो ने युवती को अपनी हवश का शिकार बना डाला, हद तो तब हो गई जब राज खुलने के डर से जुबान तक काट डाली। रीढ़ की हड्डी भी तोड़ दी। 9 दिन बाद होश में आयी पीड़ितो ने दो पन्नो के बयान में जो शब्द लिखे वो घुट्टी इंसानियत की इबारत है, सियासी हवाओं के बाद गुस्से का सैलाब आया है, सीतापुर में सबसे पहले समाजवादी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष गीता सिंह की अगुवाई में आशुतोष सिंह यादव, सुमन भार्गव आदि महिला कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से लालबाग चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। सरकार विरोधी नारे लगाए। सिटी मजि. पूजा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही कांग्रेसियों ने कैंडिल मार्च निकाला, रेहाना खातून, हसीना खातून, विमलेश, अनुराग कनौजिया, वीरेन्द्र, गुफरान आदि ने दरिंदो को फांसी देने की मांग की है। आजाद समाज पार्टी के सर्वसमाज सभा संगम के जिलाध्यक्ष धीरज पांडेय ने घटना की निंदा की। इस दौरान श्रीकृष्ण जाटव, रोहित राठौर, दिलावर, अमित, बबलू, पंकज, अमित, विजय, सुपेन्द्र सिंह, सुनील, संजय, आकाश ने कैंडल जलाकर श्रद्धाजंलि दी।


सीतापुर-कैंडल मार्च निकालती सपा नेत्री गीता सिंह व अन्य

## शिक्षक समाज व राष्ट्र का करता निर्माण: एसडीएम

● मिशन प्रेरणा को लेकर हुई कार्यशाला

**लहरपुर सीतापुर।** मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र में मिशन प्रेरणा कार्यशाला एवं मॉड्यूल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम राम दरस राम ने कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें अच्छे संस्कार और अनुशासन भी सिखाएं क्योंकी व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है। मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा और लगन से करें। खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि मिशन प्रेरणा को सफल बनाने में शिक्षक, अभिभावक, साहित्यकार, समाज सेवी, लेखक आदि अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम का सफल संचालन केआरपी अनवर अली ने किया। इस मौके पर शिक्षिका रीता मिश्रा, संतोष कश्यप, ए.आर.पी. पुष्पेंद्र कुमार मौर्य, केआरपी योगेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह ने माडयूल के विषय वस्तु के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक फुरकानअली अंसारी,, रामचंद्र वर्मा ने मिशन प्रेरणा के महत्व पर चर्चा की।

### बीआरसी पर हुआ कार्यक्रम

**मछरेहटा सीतापुर।** विकास खण्ड मछरेहटा में गतिमान शिक्षक अभिमुखीकरण कार्यक्रम में मिरचौडी संकुल के शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के अभिमुखीकरण कार्यक्रम वेबीनार के माध्यम से सोमवार को सम्पन्न हुआ। वेबीनार में खंड शिक्षा अधिकारी प्रभास कुंवर श्रीवास्तव ने मिशन प्रेरणा के अन्तर्गत गतिमान शासन की योजनाओं प्रतियोगिताओ व भविष्य के लक्ष्यों के विषय में बताया। एसआरजी करूणेश मिश्रा, पवन शुक्ला व गणित एसआरपी जगदीश दीक्षित ने दीक्षा एप की मानव संपदा से मर्जिंग, ई-पाठशाला, आनलाइन गतिमान प्रतियोगिताओं एवं 29 सितम्बर से प्रस्तावित नई शिक्षा नीति से सम्बन्धित चार दिवसीय वेबीनार पर चर्चा की। कार्यक्रम में सुकेश पांडे, ऋषभ जैन, इस्तियाक अहमद, प्रिया दीक्षित, निशांत मिश्रा, रौहित वर्मा आदि ने अपने विचार व सुझाव व्यक्त किए।

# भारत में 17 लाख व्यक्ति प्रतिवर्ष होती है हृदय संबंधी रोगों से मृत्युः डॉ. रविंद्र

● एनसीडी सेल द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**अनियमित** दिनचर्या और खानपान से लगातार हृदय संबंधी रोगों में हो रही वृद्धि को लेकर जागरुकता फैलाने के उद्देश से स्वास्थ्य विभाग एनसीडी सेल द्वारा एक जागरुकता कार्यक्रम जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत पहले प्रांगण में मानव श्रृंखला बनाई गई और उसके बाद सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के नोडल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रविंद्र शर्मा ने




बताया कि सन 1999 में वर्ड हार्ड फेडरेशन एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त रुप से हृदय दिवस का प्रारंभ किया थाए तब से अब तक हर वर्ष 29 सितंबर को हृदय दिवस मनाया जा रहा है। इसे मनाए जाने के पीछे सबसे बड़ा कारण हृदय रोगों से बढ़ती मृत्यु दर है। 2016 के एक सर्वे के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग 545 लाख व्यक्ति किसी न किसी रूप में हृदय संबंधी रोग से पीड़ित हैं। जिसमें से लगभग 17 लाख व्यक्ति प्रतिवर्ष इस बीमारी के चलते काल कवलित हो जाते हैं जबकि विश्व में इससे होने वाली प्रतिवर्ष मौत लगभग 179 लाख है जोकि विश्व में कुल मृत्यु का 31 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि इस का मूल कारण हमारी तेजी से बदलती हुई जीवन शैली है। स्वस्थ भोजनए शरीर को क्रियाशील रखकर नियमित व्यायाम करके, मानसिक तनाव को कम करके, धूम्रपान से बचकर तथा हरी साग, सब्जियों का सेवन करके इस बीमारी को कम किया जा सकता है। इस दौरान जिला चिकित्सालय के फिजिशियन व कार्यक्रम के नोडल चिकित्सक डा. आरएस मधोरिया ने बताया कि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने रक्तचाप बढ़ने तथा मानसिक तनाव आदि बढ़ने से हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसीलिए आवश्यक है कि हम बाजार की तली हुई चीजें जैसे फास्ट फूड, डिब्बा बंद फूड, पिज्जा व पेस्टी आदि के सेवन से बचें। इस दौरान डॉक्टर मधोरिया ने उपस्थित व्यक्तियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी तकलीफें सुनकर समाधान हेतु बताया कि अगर किसी को हार्टअटैक आदि की संभावना लगती है तो उसे हिलने डुलने न देंए लंबी सांस लेने को कहें और शीघ्र अस्पताल पहुचाएं।

# पत्रकार को भ्रात शोक

**मोहम्मदी-खीरी।** दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार व युवा प्रेस कलब के संरक्षक हरवंश सिंह के बड़े पुत्र व युवा प्रेस क्लब के वरिष्ठ साथी के बड़े भाई चरनजीत सिंह पप्पू का बरेली के एक अस्पताल में लीवर और किडनी में इंफेक्शन की वजह से निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बरेली में ही परिवार वालों ने कर दिया। चरणजीत सिंह अपने परिवार में सबसे बड़े भाई थे। आकस्मिक मृत्यु की सूचना पर सभी ने दुख प्रकट किया। वहीं युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष अब्बास नकवी के निवास स्थान पर एक शोक सभा आयोजित की गई। इसमें सभी ने आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के घर जाकर शोक व्यक्त किया। ईश्वर से



आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की शोक सभा में प्रमुख रूप से सुखविंदर सिंह, कमल गुप्ता, रवि शुक्ला, इरफान अहमद शिबलू, आकाश सैनी, जैड खान, दिलीप शुक्ला, देव रंजन मिश्रा, सिदाक़त मंसूरी, जिया उल्ला खान, मोहम्मद आरिफ, सुजीत सिंह, रब उल्ला खां, शावेज खां, मुन्ना, आदेश गुप्ता व आनंद गुप्ता सहित सभी संगठन के लोग मौजूद थे।

## सड़क हादसे में युवक घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के भगवान सिंह का पुरवा गांव निवासी बुधा का पुत्र सुरेश कल शाम शहर किसी काम से आया था। वापस गांव जाने के लिए वह लखनऊ बाईपास चौराहा पार कर रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# रेलिंग से टकराई बाइक, युवक नहर में गिरकर लापता

● बाइक चालक हुआ घायल

संवाददाता। मैलानी-खीरी

**बीती रात** लगभग नौ बजे मैलानी भीरा रोड पर चार किलोमीटर आगे सेन्चुरी फारेस्ट बैरियर के निकट दो बाइक सवार राम लखन (18) पुत्र रतन लाल निवासी बनवीरपुर थाना तिकुनियां जिला खीरी तथा उसका साथी अमन पुत्र राधेश्याम (22) निवासी खैरहानी थाना पलिया जोकि टनकपुर (उत्तराखंड) से दवा लेकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही यह बाइक सवार नहर पर पहुंचे कि अचानक सामने से आ रही बाइक की रोशनी पड़ने से बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ गया। इससे बाइक नहर पर बनी रेलिंग से टकरा गई। इससे बाइक चालक अमन के पैर हाथों व सिर में चोटें आईं। तत्काल निकटवर्ती फारेस्ट कर्मियों ने एम्बुलेंस से भीरा वनवीट हास्पिटल में भर्ती कराया गया



जहां से उनके परिजनों ने अमन को परिवार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। परन्तु रेलिंग टक्कर लगने से पीछे बैठा राम लखन उछल कर नहर जा गिरा। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस व फारेस्ट कर्मियों द्वारा काफी तलाश की गई परंतु अंधेरा होने के कारण कुछ पता नहीं चला। आज सुबह थाना प्रभारी निरिक्षक विद्याशंकर शुक्ला, उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र व तमाम पुलिस कर्मी ने परिजनों की तलाश शुरू कर दी। ग़ोताख़ोरों को भी बुलाया तथा पीआर2866 के पुलिस कर्मी ने कड़ी मशक्कत के सर्च आपरेशन लगातार जारी है। नहर के बहाव को भी बंद करा दिया गया। घटना की सूचना पाकर लापता युवक परिजन व पड़ोसी काफी मात्रा में घटना स्थल पर पहुंच गए। परंतु समाचार लिखे जाने तक लापता का कोई भी पता नहीं लग सका था जबकि सर्च अभियान निरन्तर जारी था। वहीं परिजनों भी रो-रो कर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि लापता युवक के पिता का देहांत कुछ वर्षों पूर्व हो गया था। लापता युवक की दो बहनें हैं तथा भाइयों में अकेला था। घटना से क्षेत्र में काफी गमगीन माहौल बना हुआ है।

# गायब हुई किशोरी को पुलिस ने सक्रियता से कुछ ही देर में खोज निकाला

● किशोरी के गायब होने के बाद परिजनों में मचा हड़कंप, पुलिस से की गई थी शिकायत

**बिंदकी (फतेहपुर)।** पुलिस की सक्रियता का परिणाम रहा कि घर के समीप से गायब हुई खुशी को पुलिस ने कुछ ही समय के अंतराल में नगर के ही एक दूसरे मोहल्ले से बरामद कर लिया और कोतवाली में पूछताछ करने के बाद कानूनी कार्रवाई कर परिजनों को सौंप दिया।

नगर के मोहल्ला कजियाना से एक किशोरी सुबह करीब 8:30 बजे घर के समीप से ही अचानक गायब हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चला। तब किशोरी की बड़ी बहन कोतवाली पहुंची और रिश्तेदारी के ही एक युवक के ऊपर छोटी बहन को ले जाने का आरोप लगाया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह तथा कस्बा इंचार्ज मुकेश सिंह के निर्देश पर कांस्टेबल आशीष कुमार तथा विवेक कुमार मोहल्ला कजियाना पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की और परिजनों के बताए अनुसार उसे स्थान तथा मोबाइल से पता करना शुरू किया जिसके चलते कुछ समय बाद ही पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में किशोरी से कोतवाली में पूछताछ किया और परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज ने बताया कि दोनों बहनों के बीच कहासुनी और मारपीट हुई थी जिसके चलते किशोरी कस्बे के ही एक रिश्तेदार के यहां चली गई थी।

# एचटी लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला मियां टोला अपनी ससुराल आये एक लगभग तीस वर्षीय युवक देर शाम छत पर कपड़ा फैलाते समय एचटी लाइन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कानपुर देहात के थाना अकबरपुर गांव मटिया मऊ निवासी छोट्टन का पुत्र एहसान जिसकी ससुराल जहानाबाद कस्बा के मियां टोला में है। बताते हैं कि कल दोपहर वह अपनी ससुराल आया था। देर शाम लगभग सात बजे वह नहाने के बाद छत पर कपड़ा फैलाने गया था। वहीं करीब से गयी एचटी लाइन गयी थी। जैसे ही एहसान ने कपड़ा फैलाने के लिए झटका तो करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके में मौत हो गयी। वहीं सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

## पुलिस ने गैंगेस्टर की एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त की

**शाहजहांपुर।** शासन की मंशा के अनुसार जिला अधिकारी इंद्र विक्रम के आदेश के उपरांत पुलिस ने एक गैंगस्टर के खिलाफकार्यवाही करते हुए उसकी एक करोड़ से ज्यादा की संपति जब कर ली। पुलिस अधिकसह एस आनंद ने मीडिया को जानकारी देते



हुए बताया थाना तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम खनपुरा का रहने वाला सर्वेश पुत्र बैजनाथ पर जैतीपुर, कटरा और तिलहर में अलग अलग मुकदमे दर्ज थे। उसके खिलाफगैंगेस्टर एक्ट की भी कार्यवाही की जा चुकी हैं। सर्वेश ने अपराध से एक करोड़ दस लाख 60 हजार की संपत्ति इकट्ठा की गई थीं। जिला अधिकारी के आदेश के उपरांत , सीओ तिलहर के साथ जैतीपुर, कटरा और तिलहर की पुलिस टीम ने अपराधी की दुकान, प्लाट, मकान के साथ उसका ट्रेक्टर, बाइक और कार को जब्त कर कब्जे में ले लिया। इस दौरान गैंगेस्टर के खिलाफहुई इस बड़ी कार्यवाही को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद थी। पुलिस टीम भी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। पुलिस टीम ने सर्वेश की संपत्ति पर प्रशासन का बोर्ड भी लगा दिया।

## पुलिस का छापा आईपीएल मैच में सट्टा लगवाते दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर ।** सदर बाजार पुलिस ने खिरनीबाग मोहल्ले में एक मकान से मैच में सट्टा लगवाने वाले दो सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने छापेमारी में इनके पास से मोबाइल, नगदी व सट्टे की पर्ची बरामद की मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना



पर खिरनीबाग मोहल्ले में एक मकान पर दबिश देकर आईपीएल मैच का सट्टा लगवाते दो लोगो को गिरफ्तार किया इस दौरान पुलिस को छापेमारी में इनके पास से मोबाइल, नगदी व सट्टे की पर्ची बरामद हुई पुलिस की दबिश में एक सटोरिया मनोज चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने दो सटोरियों विक्रांत पुत्र संजय तथा तारीन टिकली निवासी ऋषिपाल पुत्र मोहनलाल को गिरफ्तार किया ।

## पूर्व सीएम के निधन पर कांग्रेसियों ने की शोकसभा

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में असम की मुख्यमंत्री रहीं सैयदा अनवर तैमूर के कल दिल का दौरा पड़ने से इलाज के दौरान 83 साल की उम्र में निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया। इस शोक सभा मे कांग्रेस के विभिन्न फ्रंटल संगठन, माइनारिटी, धर्म परायण सम्भ्रांत नागरिक, युवाओं ने भाग लिया और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि वे बतौर मुख्यमंत्री कड़ी मेहनत, निःस्वार्थ जनता की सेवा और शोषित समाज की प्रखर आवाज रही। उदित अवस्थी ने कहा कि वे जिस समाज का नेतृत्व कर रही थी उनके बीच की वे स्वयं रही और जीवन के अंतिम समय मे मोदी सरकार के नागरिकता कानून का शिकार हुई। ऑस्ट्रेलिया में अपने बेटे के संग इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मिस्बाहुल हक ने कहा कि सैयदा अनवर तैमूर 4 बार कांग्रेस की विधायक, 6 दिसम्बर 1980 से 30 जून 1981 तक असम की एक मात्र महिला मुस्लिम मुख्यमंत्री रहीं।

# ग्रामीण इलाकों की स्वास्थ्य सेवाएं गड़बड़ जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ी भीड़

● भारी भरकम वेतन लेने वाले चिकित्सक भी इलाज में नहीं ले रहे रुचि

**फतेहपुर।** ग्रामीण इलाकों की लड़खड़ाई सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के बाद ही जिला मुख्यालय के इकलौते अस्पताल में मरीजों की भीड़ नजर आती है। यूं कहें की जिला अस्पताल को क्षमता से अधिक मरीजों का बोझ उठाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों की आने वाली भीड़ के बाद भी हरसंभव इलाज करने की कोशिश की जा रही है। भले ही एक्सरे जैसी व्यवस्था जिला अस्पताल में उपलब्ध न हो पा रही हो। जिला मुख्यालय में स्थित जिला अस्पताल का बोझ कम करने के उद्देश्य से ही ग्रामीण इलाकों में छोटे बड़े सरकारी अस्पताल खुलवाए गए हैं। इन अस्पतालों में चिकित्सकों के अलावा स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति भी की गई है। अस्पतालों का सही संचालन ना होने के कारण ही छोटी-छोटी बीमारियों के बाद मरीज जिला अस्पताल की ओर भागने को मजबूर हो रहा है। मरीजों की संख्या जिला मुख्यालय के अस्पताल में बढ़ जाती है। जिसके चलते चिकित्सक चाह कर भी मरीजों के इलाज में अपना भरपूर समय नहीं दे पा रहे। यदि ग्रामीण इलाकों में संचालित स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक नजर डाली जाए तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 10 है। जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 11 है। इनके अलावा 16 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 20 है। जब स्वास्थ्य केंद्रों का जाल पूरे जनपद में फैला हुआ है तो फिर जिला मुख्यालय के इकलौते अस्पताल में मरीजों की बढ़ रही भीड़ इस बात का सबूत है कि कहीं ना कहीं कुछ गड़बड़ है। 30 लाख की आबादी वाले इस जनपद के ग्रामीण इलाकों में जितनी भी स्वास्थ्य सुविधा संचालित की जा रही है वह काफी है। ग्रमीण इलाकों में संचालित होने वाले स्वास्थ्य केंद्रो में करीब 154 चिकित्सकों की नियुक्ति भी की गई है। सब कुछ सरकार द्वारा मुहैया करवा दिया गया है फिर भी इलाज के नाम पर मरीजों को सारी सुविधाएं आखिर क्या नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण इलाकों में संचालित होने वाली स्वास्थ सुविधाओं की यदि समीक्षा की जाए तो मात्र बीस प्रतिशत स्वास्थ्य केंद्र अपने मूल रूप में संचालित ही पाए जाएंगे। जबकि भारी-भरकम वेतन लेने वाले चिकित्सक इन स्वास्थ्य केंद्रों को चलाने में कोई खास रुचि नहीं ले रहे। सवाल तो ऐसे चिकित्सकों से ही पूछना चाहिए कि जब सरकार ग्रामीण इलाकों की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है तो फिर इनका सहयोग क्यों नहीं पा रहा। जबकि ग्रामीण इलाकों में ही गरीब बेसहारा लोग अधिक रहते है।

## क्विक न्यूज

### दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत

**संडीला (हरदोई)।** दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी। पहला हादसा बरौनी चुंगी के पास हुआ। बताया जाता है कि ग्राम मौलवी खेड़ा निवासी तीस वर्षीय हरिपाल उन्नाव रोड पर एक बैट्री की दुकान में काम करता था। दोपहर में वह बैट्री लेकर हरदोई रोड पर किसी को देने के लिए जा रहा था। बरौनी चुंगी के पास मुड़ते समय पीछे की तरफसे आ रही कार ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि हरिपाल जाकर रोड पर जा गिरा तथा उसकी स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। लोगों ने इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल हरिपाल को उठाकर सीएचसी ले गयी। इलाज के दौरान हरिपाल की मौत हो गयी। इस हादसे को अंजाम देने वाला कार चालक कार लेकर फरार हो गया। दूसरा हादसा थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम अलीपुर मोड़ पर हुआ। बताया जाता है कि जनपद उन्नाव के ग्राम गोरिया कलां निवासी यासीन अली तथा अपनी पत्नी के भाई जान मोहम्मद पुत्र सुलेमान निवासी सौकतखेड़ा के साथ ग्राम सरेहरी स्थित एक प्राइवेट अस्पताल जा रहे थे। यहां यासीन अली की पत्नी का ऑपरेशन हुआ था। वापस लौटते समय जब दोनों लोग ग्राम अलीपुर मोड़ पर पहुंचे तो एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने इस बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार यासीन अली तथा जान मोहम्मद बुरी तरह घायल हो गए। दोनों को घायल अवस्था में सीएचसी बेंहदर ले जाया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी।

### नीम के चार हरे पेड़ों पर चला आरा, रिपोर्ट दर्ज

**संडीला (हरदोई)।** क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी माफिया के लोगों ने रातों रात चार नीम के हरे पेड़ काट लिए और उनकी लकड़ी उठा ले गए। वन विभाग ने घटना की एफआइआर दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेरेमऊ में नीम के चार पेड़ ग्राम निवासी अनन्त कुमार ने काट लिए और उनकी लकड़ी उठा ले गए। वन प्रसारकर्ता इरफान अहमद को जब मामले की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे। मौके पर उन्हें पेड़ों के खूट मिले। इरफान अहमद की तहरीर पर इस घटना की रिपोर्ट अनंत कुमार को नामजद करते हुए दर्ज कर ली गयी है।

### प्रेस क्लब अध्यक्ष सम्मानित

**मोहम्मदी-खीरी।** एचडीएफसी बैंक ने वरिष्ठ पत्रकार युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी को लाकडाउन में सकारात्मक, अच्छी पत्रकारिता, लेखन के साथ-



साथ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर बैंक के मैनेजर विवेक कुमार अवस्थी, सेल्स आफिसर कुलदीप कुमार सिंह ने बैंक की तरफ से सम्मान पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### वरिष्ठ व्यापारी का निधन

**मैगलगंज-खीरी।** नगर के वरिष्ठ व्यापारी की बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलते ही व्यापारियों में शोक फैल गया। कस्बे थोक के किराना कारोबारी व व्यापार मंडल के संरक्षक ज्ञान प्रकाश गुप्ता उर्फ गुरु बीमारी के चलते निधन हो गया। काफी दिनों से वह से पीड़ित चल रहे थे। लखनऊ में उनका



इलाज चल रहा था। लम्बी बीमारी के बाद सोमवार की 4:30 बजे दिन में उनकी सांसे थम गई। व्यापारी के मौत की जानकारी होते ही नगर में शोक फैल गया। ज्ञान प्रकाश गुप्ता के अंतिम संस्कार में नगर के समाजसेवी व्यापारी नेता व पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### बलात्कार पीड़िता की मौत के विरोध में सपाइयों ने निकाला कैंडल मार्च

**फतेहपुर।** विगत 14 सितंबर को हाथरस में दलित मनीषा बाल्मीकि के साथ हुई बलात्कार की घटना के बाद उसकी मृत्यु से आक्रोशित समाजवादी पार्टी की महिला विंग ने पार्टी कार्यालय से पटेल नगर चौराहे तक कैंडल मार्च निकालकर इस घटना की निंदा की और सरकार से महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग की। कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रही जिला उपाध्यक्ष रीता प्रजापति ने कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं के साथ घटनाएं बढ़ी हैं जिन्हें रोकने के बाबत सरकार और नौकरशाह गंभीर नहीं है। इस मौके पर नफीसा बानोए संगीता राज पासवान आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### आग से झुलसी युवती ने एक माह बाद तोड़ा दम

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहियापुर में एक माह पूर्व खाना बनाते समय झुलसी 27 वर्षीय युवती की इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह जिला चिकित्सालय में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बहियापुर गांव निवासी महेश की पत्नी लक्ष्मी विगत 29 अगस्त को खाना बनाते समय आग लग जाने से गम्भीर रूप से झुलस गयी थी। जिसे परिजनों ने आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया था। जहां जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष करते-करते लक्ष्मी आखिर जिन्दगी से हार गयी और उसकी मौत हो गयी। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### सीडीओ के निर्देश पर समीक्षा बैठक का आयोजन

**फतेहपुर।** तेलियानी ब्लाक परिसर में आज मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों के साथ साथ आवास प्लस योजनाए वाटर हार्वेस्टिंग एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सहायक विकास अधिकारी अशोक तिवारी द्वारा समीक्षा के दौरान उपरोक्त योजनाओं के बारे में आवश्यक जानकारी फुरकान अंसारी ने दी। इस मौके पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंहए सहायक विकास अधिकारी रामखेलावन व दिनेश शर्माए ग्राम पंचायत अधिकारी स्वप्निल मिश्राए इरशाद आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहर खा दी जान

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी सुन्दरलाल का पुत्र गोरेलाल की शादी तीन वर्ष पूर्व मथैयापुर गांव निवासी शिवशंकर की पुत्री शशि के साथ हुई थी। बताते हैं कि कल गोरेलाल अपनी ससुराल आया था और शाम को उसने संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मर्चुरी पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। उधर पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का पिता सुन्दरलाल ने बताया कि शादी के बाद से ही बहू ज्यादातर अपने मायके में ही रहती थी। महीने-दो महीने बाद आती और हफ्ता दस दिन रहने के बाद वापस अपने मायके चली जाती है। इधर दो माह पूर्व वह अपने मायके गयी थी। कल उसका पुत्र उसे लिवाने के लिए ससुराल पहुंचा। जहां किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का भांजा दिलीप कुमार ने बताया कि उसके मामा ने फोन करके बताया कि उसकी पत्नी व ससुराल वालों ने उसे जबरन जहर खिलाकर एक कमरे में बंद कर दिया है। आकर उसे बचा लो। बाद में ससुरालीजन जब काफी समय बीत गया तो पुलिस को सूचना दिया। जिस पर मौके पर पहुंची पीआरवी ने मौके पर पहुंच तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा युवक को उपचार को लिए जिला चिकित्सालय भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद वह बहू समेत ससुरालीजनों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करायेगा।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के दुर्गागंज के समीप हाईवे पर शनिवार की दोपहर बाइकों की सीधी भिड़न्त में तीन लोग घायल हो गये थे। जिनमे एक की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया था। जबकि दूसरे का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। वहीं तीसरे घायल के परिजन इलाज कराने के बाद उसे वापस गांव ले गये। जहां आज सुबह उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भवानीदीन का पुरवा गांव निवासी रमेश का 20 वर्षीय पुत्र विजय कल दोपहर अपने अन्य दो साथियों के साथ मोटर साइकिल से पेट्रोल लेने गया था। वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग दुर्गा मंदिर के समीप हाईवे पर पहुंचे तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही मोटर साइकिल से भिड़न्त हो गयी। जिससे तीनो गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया। वहीं विजय के परिजन इलाज के बाद घर वापस ले गये। आज सुबह अचानक तबियत बिगड जाने पर मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### खुले में मांस बेचने की शिकायत

**फतेहपुर।** शहर के शांति नगर मोहल्ले के निवासियों ने सदर कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि विज्ञान भवन के सामने अवैध रूप से मांस की दुकानों का संचालन किया जा रहा है जिसका मुखिया इदरीश कुरैशी एवं अन्य खुले में पशु पक्षियों को काटतें हैं और उनका अवशेष वहीं फेंक देतें हैं। जिससे गन्दगी फैलने के साथ बीमारियां भी फैल रहीं हैं। साथ ही गुजरने वालों लोंगो से बेजा हरकत भी की जाती है। इस मौके पर दिनेश विश्वकर्मा, दीपक स्वर्णकार, सुशील कुमार, सुनील कुमार, रामशरण, शैलेंद्र कुशवाहा, रूपम मिश्रा, मनोज लोधी, हीरालाल, आलोक, संतोष बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट में पर्यावरणीय लॉन का लोकार्पण किया



संवाददाता। शाहजहांपुर

**जनपद प्रभारी** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट में विकसित पर्यावरणीय लॉन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं जिलाधिकारी तथा विधायकगण द्वारा संयुक्त रूप से लॉन में वृक्षारोपण किया । प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रट में स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेन्टर का निरीक्षण कर कर्मचारियों के कार्य दायित्वों का फीडबैक लिया । प्रभारी मंत्री ने कहा है कि कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी हमेशा अपडेट रहे। उन्होंने कहा है कि पटल कर्मचारी प्रत्येक घण्टा निमयमित रूप से कोरोना पॉजिटिव मरीजों से वार्ता करें। उन्होंने कहा है कि कोविड हॉस्पिटल में भर्ती कोरोना पॉजिटीव मरीज से सफाई व्यवस्था, बेडसीट व्यवस्था, उपचार व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि के बारे में आवष्य पूछें। कोविड मरीज द्वारा अगर किसी प्रकार की षिकायत की जा रही है तो उसे सम्बन्धित को अवगत कराते हुए निस्तारित कराएं।

इसके उपरान्त व्यावसायिक षिक्षा मंत्री ने निर्माणाधीन संकुल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देष दिए कि सूचना संकुल भवन निर्माण कार्यों में गति लाई जाए। उन्होंने कहा है कि सूचना संकुल भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण समयावधि में कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा है कि सूचना संकुल भवन के निर्माण कार्यो में किसी प्रकार की अनियमितता संज्ञान में आयी तो सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रषासन, सहायक नगर आयुक्त आषुतोष दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा कर फरमान जारी किया

**शाहजहांपुर ।** जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं में गतिशीलता लेन के आदेश दिए इस दौरान सत्ता के विधायक ने प्रस्ताव रखा गया कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि में हुए फर्जीवाड़ें की सीबीआई जांच कराई जाए। बैठक में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी आष्वासन दिया गया कि जांच के लिए षासन में प्रस्ताव रखा जायेगा।

विधायक मानवेन्द्र सिहं ने चांदा पुर नागर गांव में एप्रोच तथा विधायक वीर विक्रम सिंह ने कटरा, खुदा गंज मार्ग रोड पीडब्ल्यूडी, एनएच से टेकअप काम षुरू होने का समय की जानकारी चाही तथा नवादा मोड़ का मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करने हेतु कहा। जिसपर प्रभारी मंत्री ने संज्ञान लेते अधिकारियों को निर्देष दिए कि उक्त निर्माण कार्य में आवष्यक कार्यवाही करना सुनिष्चित करें। प्रभारी मंत्री ने कायाकल्प, भू-जल संरक्षण, निषुल्क बोरिंग की समीक्षा के दौरान कहा , कि नहरों का पानी टेलों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा इस कार्य में अगर लापरवाही संज्ञान में आई सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बिजली बिल भुगतान के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देष दिए है कि बिलों का सत्यापन कराकर बिजली का बिल भुगतान कराना सुनिष्चित करें। प्रभारी मंत्री ने कहा है कि जनपद में सभी प्रकार के 17 सेतु बन रहें है जिसमें 4 का कार्य पूर्ण तथा कनेक्टिंग रोड बननी है। उन्होंने उक्त कार्य में गति लाने के निर्देष दिए।

श्री कपिल देव अग्रवाल ने निराश्रित गोवंष के संरक्षण सुव्यवस्थित करने तथा पषु टीकाकरण 53 प्रतिषत प्रगति पर टीकाकरण के कार्यों में गति लाने के निर्देष दिए। उन्होंने एन0आर0एल0एम 202 समूह की संख्या बढ़ाने के निर्देष दिए। उन्होंने श्रम विभाग को निर्देष दिए है कि श्रम सम्मान निधि योजना से अधिक से अधिक श्रमिकों को उक्त स्कीम से जोडे। बैठक में मा0 विधायक मानवेन्द्र सिंह, मा0 विधायक वीर विक्रम सिंह, विधायक रोषन लाल वर्मा, जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह , पुलिस अधीक्षक एस आनन्द सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# कृषक बिल किसानों के पैरों की बेड़ियां तोड़ेगाः सांसद

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**भाजपा** सांसद एवं रेलवे स्थायी संसदीय समिति सदस्य मुकेश राजपूत ने कहा कि कांग्रेस 60 वर्षों के शासन में जो नहीं कर पायी, वह भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने 6 वर्ष के शासन में कर दिखाया, कृषि विधेयक किसान विरोधी नहीं है।

श्री राजपूत मंगलवार दोपहर फर्रूखाबाद शहर के आवास विकास कालोनी स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होने बताया कि विपक्षी दल कृषि विधेयक का विरोध कर रहे हैं जबकि कृषि विधेयक किसान विरोधी नहीं बल्कि किसानों को उनकी फसल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लेकर जाकर अच्छे मूल्य दिलाने वाला है। उन्होने कहा कि कांग्रेस 60 वर्षों के शासन में जो नहीं कर पायी, वह भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने 6 वर्ष के शासन में कर दिखाया। भाजपा शासन ने किसानों के लिये सिंचाई, बिजली आदि की लाभकारी योजनाएं चलायीं और शहरी व ग्रामीण फीडर अलग-अलग किये, यूरिया के दाम घटाए, नीम कोटेड यूरिया किसानों को उपलब्ध करायी गयी। श्री राजपूत ने बताया कि भाजपा ने स्वामी नाथन रिपोर्ट लागू करके किसानों को लाभ पहुँचाया, उनकी फसलों की मूल्य वृद्धि करके वाजिब मूल्य दिलाने के प्रयास चल रहे हैं। किसान को सम्मान निधि का भी लाभ पहुँचाया गया। किसानों कोभाजपा शासन जैसी सुविधाएं कांग्रेस सरकार में नहीं मिली और कृषि विधेयक पारित होने के बाद अब किसान देश में कोई भी फसल का उत्पाद कहीं भी ले जाकर बेच सकता है। जहां उसे ज्यादा मूल्य मिल सके। इस पर सरकार कोई टैक्स नहीं लेगी, इसके अलावा राज्य में जिले के किसान निर्धारित मूल्य पर अपने यहां भी फसल बेच सकेंगे। आज कृषि विधेयक का विरोध करने वाली कांग्रेस किसान समर्थन घोषणा पत्र भूल गयी और कृषि विधेयक का विरोध कर रही है। आज किसान बहार के व्यापारी को भी अपनी फसलें जैसे आलू आदि को सीधे बेच सकेगा। जिससे किसान को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कायमगंज विधायक अमर सिंह खटिक, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## घाटमपुर सीट उपचुनाव में तीन नवम्बर को होगा मतदान

**घाटमपुर।** क्षेत्रीय बिधायक व कैबनिट मंत्री कमलरानी वरुण के निधन से रिक्त हुई घाटमपुर बिधान सभा सीट पर होने जा रहे उप चुनाव की घोयाणा होते ही नगर पालिका परिषद के दस्ते ने नगर के मुख्य चौराहे और गलियों में लगे बिभिन्न दलों के दावेदारो की होर्डिगों को आज दोपहर बाद अभियान चलाकर उतरवा लिये। मालुम हो कि आज निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश की जिन सीटों पर उप चुनाव होने हैं उनके साथ ही यहा भी 3 नवम्बर को बोट पड़ेंगे तथा 10 नवम्बर को बोटों की गिनती होगी। मतदानचुनाव कार्यक्रम आते ही उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने पालिका को आवश्यक आदेश दिये जिसपर पालिका ने दो दस्ते बनाकर होर्डिग और बैनर उतरवा लिये।

# भरथना में दो कोरोना पॉजिटिव मिले

संवाददाता। इटावा



**भरथना** में मंगलवार को मुख्यालय से प्राप्त कोरोना जांच रिपोर्ट में एक नगर के मोहल्ला सिंघी कालौनी व एक ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कुँअरा समेत कुल दो लोगों के लोग कोरोना पॉजिटिव घोषित किये गए है। कोरोना जांच रिपोर्ट की खबर मिलते ही भरथना की उपजिलाधिकारी नम्रता सिंहवके आदेश पर भरथना नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल के निर्देश पर कोविड.19 भरथना के प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया की देखरेख में उनकी टीम ने घोषित हॉटस्पॉट केन्द्रों पर पहुँचकर बैरीकेटिंग व सैनिटाइजेशन कराते हुए कोविड.19 प्रभारी भदौरिया ने बताया कि भरथना नगर के मोहल्ला सिंधी कॉलोनी में 75 वर्षीय एक महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। जबकि ग्रामीण अंचल ग्राम कुँअरा में 56 बर्षीय एक अन्य महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। साथ ही भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अमित दीक्षित के निर्देश पर डॉ. रवि राजपूत ने लैबटेक्नीशियन विजय कुमार गुप्ता व टीम सहयोगियों के साथ नगर में अस्थाई कैम्प लगाकर 10 व्यक्तियों की कोरोना जांच की गई है। कोरोना जांच के दौरान वार्ड सभासद शशांक यादवए सफाई नायक राजकुमार समेत कई अन्य कर्मचारियों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

### कोरोना से चौथी मौत

**भरथना** विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम कुँअरा में मंगलवार की दोपहर एक कोरोना पॉजिटिव मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोरोना मरीज की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार के बीच कोहराम मच गया। जबकि भारत मे कोरोना वायरस की दशतक के बाद से लगातार चौथी मौत से भरथना में कोरोना को लेकर दहशत फैली हुई है।भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अमित दीक्षित ने बताया कि बीते तीन दिनों पूर्व ग्राम कुँअरा के एक ही परिवार के तीन सदस्य माता पिता व उनका एक पुत्र कोरोना पॉजिटव था। जिसमे कोरोना पॉजिटव पंकज उम्र चालीस वर्ष पुत्र बालकदास दौहरे कुँअरा की इलाज के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार पंकज पूर्व से हार्ड रोग से ग्रसित था और कोरोना पॉजिटव होने पर उसे सांस लेने में काफी तकलीफ थी जिसपर नियमानुसार पंकज को उचित इलाज हेतु सैफई चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर श्री दीक्षित के अनुसार भारत मे कोरोना वायरस की दस्तक के बाद से अब तक भरथना क्षेत्र के चार लोगों की कोरोना वायरस की चपेट में आने से मौत हो चुकीं है। जबकि स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन लोगों को जागरूक करने में पूरा प्रयास कर रहा है। बावजूद इसके आम जनता प्रशासन का भरपूर सहयोग नही कर रही।

# सहारनपुर गैंगरेप के विरोध में सपा महिला सभा ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। एरवाकटरा औरैया



**सहारनपुर** में एक लड़की की गैंगरेप के बाद हुई नृशंस हत्या के खिलाफ आज समाजवादी पार्टी महिला सभा ने जिला अध्यक्ष धन देवी यादव के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान योगी सरकार मुर्दाबाद के नारे फिज़ाओं में गूंजते रहे। समाजवादी पार्टी महिला सभा ने आज सहारनपुर में एक लड़की की गैंगरेप के बाद हत्या कर दिए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदेश विरोधी नारे लगाए। महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव के नेतृत्व में आज एरवाकटरा में जिले भर की महिलाएं इकट्ठी हुई और सहारनपुर की घटना के लिए योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने कहा कि योगी सरकार में महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। एक के बाद एक गैंगरेप की घटनाएं इसका जीता जागता प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रही है। महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने कहा कि प्रदेश भर में महिला उत्पीड़न की सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन फिर भी योगी सरकार की नींद नहीं टूट रही। उन्होंने कहा कि आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में योगी सरकार को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को आए दिन हो रही महिला उत्पीड़न की घटनाओं का संज्ञान लेना चाहिए और योगी सरकार को इस बाबत नोटिस जारी करना चाहिए। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप नहीं बैठेगी और प्रदेश सरकार की ईट से ईट बजा देगी।

# पंचायत चुनाव को प्रशासन ने कसी कमर

संवाददाता। इटावा



**बसरेहर** विकासखंड परिसर में बने नए आधुनिक सभागार में मंगलवार की सुबह 10 बजे आने वाले पंचायत चुनाव के लिए वोटर लिस्ट को लेकर इटावा जिले के सदर एसडीएम सिद्धार्थएसदर तहसीलदार एन राम अभ्यासी अभियंता लघु सिंचाई विभाग डीप्पी वर्मा व एडीओ पंचायत जमाल अहमद व सदर नायब तहसीलदार अवनीश कुमार ने पहली मीटिंग विकासखंड क्षेत्र की 8 न्याय पंचायतों के 67 पंचायतों में होने वाले चुनाव को लेकर आठ पर्यवेक्षक और 88 बीएलओ को ट्रेनिंग दी। जिसमें उन्होंने वोटर लिस्ट में तीन अहम बातों को लेकर सभी टीमों को अवगत कराया सबसे मुख्य बात उन्होंने यह बताइए कि एक जनवरी 2020 से जितने भी 18 वर्ष या 18 वर्ष की आयु से अधिक हो चुके हैं और उनके वोट नहीं बने हैं उनके नाम तत्काल वोटर लिस्ट में शामिल किए जाएं वही जो लोग वोटर लिस्ट में शामिल है और उनकी मृत्यु या या अन्य किसी कारण से कहीं और जाकर निवास करने लगे हैं उनकी सूची बनाकर उन वोटों को काट दिया जाए।वहीं तीसरी एवं वोटर लिस्ट में बदलाव की बात को लेकर अधिकारियों ने सभी टीमों को अवगत कराया कि जिस किसी व्यक्ति को संशोधन या अन्य कोई भी बदलाव वोटर लिस्ट में अपने नाम का करवाना है उनके दस्तावेजों के आधार पर उसको सही कर दिया जाए।सदर एसडीएम सिद्धार्थ ने बताया कि 88 बीएलओ का 8 पर्यवेक्षक की टीमें सक्रिय रहेंगे और रिजर्व में 22 बीएलओ और दो पर्यवेक्षक रखे गए।इन्हें एक अक्टूबर से लेकर 20 नवंबर तक अपने अपने क्षेत्र की वोटर लिस्ट तैयार कर प्रशासन को देनी है।वहीं उन्होंने यह भी बताया कि मीटिंग के दौरान 5 बीएलओ अनुपस्थित रहे जिन्हें बुधवार को विकासखंड में उपस्थित होना पड़ेगा ना आने पर इन अनुपस्थित बीएलओ के खिलाफ लिखित कार्रवाई की जाएगी।

# सहायक अध्यापिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**● परिजनों ने किसी पर भी नहीं जताया कोई शकः पुलिस**

**बीती** रात किराये में मकान में रह रही सहायक अध्यापिका नें कमरे के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना जहानगंज क्षेत्र के कस्बा स्थित कटियार मोहल्ला निवासी कल्लू कटियार के मकान में कई वर्षों से कानपुर देहात रसुलाबाद अंगदपुर निवासी राजेश यादव की 28 वर्षीय पुत्री आरती अकेली रह रही थी। वह विकास खंड कमालगंज के प्राथमिक वि ालय झसी में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थी। पता चला कि बीते लगभग तीन दिन पूर्व उसको शादी के लिए लड़के वाले देखने आये थे।बीती रात उसे 9 बजे तक अपने कमरे में देखा गया। सुबह जब आठ बजे तक दरवाजा नही खुला तो मकान मालिक के पुत्र नें दरवाजा खटखटाया। लेकिन दरवाजा ना खुलने पर देखा तो आरती फांसी के फंदे पर झूल रही थी। आरती को फांसी के फंदे पर झूलता देख चीखपुकार मच गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी।

सूचना मिलने पर दारोगा दलवीर सिंह मौके पर पंहुचे। उन्होंने पड़ताल की। कुछ घंटों बाद उसके पिता राजेश यादव आदि परिजन भी आ गये। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम नें बताया कि परिजनों नें किसी के ऊपर आरोप नही लगाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होगी।

# पुत्र पर लगा मोबाइल चोरी का आरोप तो दुखी होकर महिला ने लगा ली फांसी

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**महिला** के पुत्र और उसके साथी पर कुछ ग्रामीणों नें मोबाइल चोरी का आरोप लगाया। यह बात महिला को अपमानित करने वाली लगी। इससे आक्रोशित होकर उसने घर के भीतर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम आसम पुर के मजरा तौफीक निवासी सियाराम नें पुलिस को तहरीर दी। जिसमे आरोप लगाया कि उसके नाबालिक पुत्र पवन व गाँव के वेदराम के नाबालिक पुत्र सुधीर पर ग्राम ताजपुर निवासी रामफेरे और उनके पुत्र गौरव नें मोबाइल चोरी का आरोप लगाया और घर से पकड़ कर थाने ले गये। उन्होंने थाने में मारपीट कराने की चेतावनी दी। सियाराम का आरोप है कि जब उसकी 35 वर्षीय पत्नी मालती नें जब बेटे और उसके साथी को लेजाने का विरोध किया तो आरोपियों नें उन्हें फांसी लगा लेंने के लिए उकसाया। जिससे खफा होकर मालती नें झोपड़ी में साड़ी से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गयी। पुलिस उसे लोहिया अस्पताल ले गयी। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।थानाध्यक्ष जसबंत सिंह नें बताया कि तहरीर मिल गयी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जाँच के बाद कानूनी कार्यवाही होगी।

### रिटायर्ड दारोगा नें कोर्ट से दर्ज कराया केस

**फर्रूखाबाद।** पुलिस में शिकायत दर्ज कराना कितनी टेढ़ी खीर है यह रिटायर्ड दारोगा को तब समझ में आया जब नौकरी पर ना रहने के बाद अपनी फरियाद लेकर पुलिस के पास गये। पूरी जिन्दगी जिस खाकी को बदन पर पहने आम जनता पर रौब दिखाने वाले दारोगा जी को उनके ही विभाग से धोका मिला। न्याय ना मिलते देख कोर्ट की शरण की। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर उसकी शिकायत पर 5 के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के रोहिला के मूल निवासी रिटायर्ड दारोगा श्रीकृष्ण यादव वर्तमान में शहर कोतवाली के मोहल्ला नरकसा में परिवार के साथ रह रहे है। उन्होंने कोर्ट के माध्यम से शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे कहा कि उनकी पुत्रबधू आरती उर्फ पूनम पत्नी सुनील उर्फ आशू के पिता शिवप्रकाश व ताऊ रामप्रकाश उसे 16 नबंवर 2019 को अपने साथ एक विवाह में शामिल होंने के लिए ले गये। 17 नवम्बर को पूनम के भाई रजत का विवाह था। पुत्रबधू के पिता शिवप्रकाश नें श्रीकृष्ण यादव से विवाह में खर्च करने के लिए 1 लाख रूपये और पुत्रबधू पहनने के लिए पुस्तैनी जेबरात भी ले गयी। पैसे वापस करने के लिए शिव प्रकाश नें तीन महीने का समय माँगा था। लेकिन वह तीन महीने गुजर जाने के बाद भी पैसे और गहने नही लौटा रहे। पुत्रबधू भी जेबरात मांगने पर अपने मायके चली गयी और वहीं रह रही है।

नकदी मांगने पर दहेज उत्पीडन के मामले में फंसाने की धमकी दे रहे है। आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर अमानत में खयानत कर रहे है। कोर्ट नें मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पुत्रबधू आरती उर्फ पूनम, शिवप्रकाश, रामप्रकाश, रजत आदित्य के खिलाफ पुलिस नें कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मौसम बदलते ही ओपीडी में मरीजों की संख्या में हुआ भारी इजाफा

**इटावा।** बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर मौसम बदलते ही आसपास क्षेत्र में वायरल फीवरएखांसी.जुखाम व खुजली के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। लगातार पांच दिनों से स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में दो सौ के ऊपर मरीजों की संख्या जा पहुंची है। वहीं कस्बा बसरेहर में वायरल फीवर के मरीजों को 5 दिन से उपचार में मिलने की बात पर सीएससी प्रभारी डॉ विकास सचान ने बताया कि मौसम बदलने के कारण आमतौर पर व्यक्ति वायरल फीवर या खांसी जुखाम से पीड़ित हो जाता है और उसके शरीर में दर्द होने लगता है और उसके शरीर में जकड़न होने लगती है। ऐसे में घबराने की कोई बात नहीं इस तरीके की तकलीफ होने पर तत्काल बसरेहर सामुदायिक अस्पताल आए और अपना चेकअप करवा कर दवाइयां लेए हालांकि यह तकलीफ4 से 6 दिन के अंदर समाप्त हो जाती है। इससे डरने की कोई बात नहीं है वहीं उन्होंने यह भी बताया कि मौसम बदलने के कारण ओपीडी की मरीजों में काफी बढ़ोतरी हुई है जहां पिछले दिनों मात्र सौ या डेढ़ सौ मरीजों तक ओपीडी पहुंचती थी वही अब इस समय दो सौ और ढाई सौ तक जा पहुंची है।

# जहरखुरानी करने वाले चार गिरफ्तार

संवाददाता। कानपुर देहात



**एसपी** केशव कुमार चौधरी के निर्देशन में गजनेर पुलिस ने जहरखुरानी गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।पहले मामले में ठाकुरदास पुत्र गेहीराम नि0 स्टेशन रोड तुलसीनगर उरई को रामादेवी कानपुर से कार मे बैठाकर अभियुक्तगणों द्वारा रास्ते मे कोल्डड्रिंक मे नशीली पदार्थ मिलाकर पिला दिया जिसमे वादी के मोबाइल व पैसे लेकर अहमदपुर के पास छोड दिया था सम्वन्धित पंजीकृत किया गया व वादी श्री दशरथ लाल पुत्र अमृतलाल नि0 हरीरामपुर थाना पूरामुक्ती जनपद प्रयागराज रामादेवी कानपुर से कार मे बैठाकर रास्ते मे कोल्डड्रिंक मे नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया जिसमे वादी के पैसे लेकर तिलौंची रेलवे क्रासिंग के पास छोड दिया था सम्वन्धित का अभियोग पंजीकृत कराया था व थाना भोगनीपुर पर पंजीकृत मे अभुयिक्तगणों द्वारा वादी के जेवरात व मोबाइल लेकर वादी को छोड दिया था इन अपराधियों का एक संगठित गिरोह है जो लोगो को कार मे बैठाकर उन्हे रास्ते मे नशीला पर्दाथ पिलाकर उनके रूपये व अन्य कीमती सामान छीनकर रास्ते मे छोडकर भाग जाते थे इसी क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय कानपुर देहात के निर्देशन में व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन मे अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु क्षेत्राधिकारी अकबरपुर के कुशल नेतृत्व में थाना गजनेर पुलिस द्वारा अनावरण हेतु गोगूमऊ रेलवे क्रासिग पर संदिग्घ वाहनो की चेकिंग कर रहे थे अभियुक्तो द्वारा नेशनल हाइवे पर कानपुर नगर सवारी बनाकर अपनी कार मे बैठाना रास्ते मे कोल्डड्रिन्क व चाय मे नशीली गोलिया मिलाकर पिला देने सवारियो के बेहोश होने पर उनसे रुपये मोबाइल जेवरात चोरी कर लेना व बेहाश व्यक्तियो का अंगूठा फिगर प्रिन्ट स्कैनर मे लगाकर खाते मे रुपये ट्रान्सफर कर लेते थे।

# हत्यारों के लिए फांसी की मांग को लेकर निकाला कैंडिल मार्च

संवाददाता। इटावा



**भीम आर्मी** के संस्थापक एवं आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नुमाइश चौराहे से पक्का तालाब चौराहा ईदगाह चौराहा होते हुए बुद्ध बिहार तक कैण्डल मार्च निकाला ।आज़ाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अभिषेक आज़ाद कानपुर मण्डल मीडिया प्रभारी मोहम्मद आमीन और भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मोहित गौतम के नेतृत्व में आज हाथरस की रहने वाली बहन मनीषा जो कि बाल्मीकि समाज की थी ।कुछ दिन पहले वहशी दरिंदें चार लड़कों ने मनीषा के साथ बलात्कार किया ओर उसकी जीभ भी काट ली जिससे उसकी हालत बहुत खराब हो गयी थी ।जिसका आज एम्स दिल्ली में मृत्यु हो गयी।

जिलाध्यक्ष अभिषेक आज़ाद ने कहा इस समय देश के हालात बहुत खराब है ए।जो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारो के साथ सत्ता में आई है ।उसी सरकार में आज बहन बेटियों की की रक्षा तक नही कर पा रही है ।उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तो इस्तीफा दे देना चाहिए। कैण्डल मार्च में कौमी तहफ़्फ़ुज़ कमेटी के संयोजक ख़ादिम अब्बास ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गुंडाराज एजंगलराज के साथ रावण राज स्थापित हो गया हैं जिसमे माँ बहन बहू व बेटियों की इज़्ज़त आबरू पर सार्वजनिक रूप से डाका डाला जा रहा है एऔर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ चैन की बंशी बजाकर प्रदेश को नफरत की भट्टी में झोंककर बढ़ावा दे रहे है ।कैंडल मार्च में कानपुर समभाग प्रभारी राजेश पटेल ने कहा भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी मोदी और योगी की जालिम सरकारों को सडको पर आकर मुहतोड़ जबाब देगी ।कानपुर समभाग प्रभारी गोविंद गौतम कानपुर सह प्रभारी अशोक जाटव सुबोध गौतम अभी गौतम जिलाकोषाध्यक्ष लखना एसंदीप चौधरी आज़ाद जितेंद्र बौद्ध रामनरायन आज़ाद देव जाटव आँशु भाई पंकज अमर चौधरी धीरेंद्र जाटव अभिषेक जाटव, सनी अम्बेडरवादी आदि मौजूद रहे।

## गौकशी का आरोपी 15 हजार का ईनामी शानू कुरैशी गिरफ्तार

**कायमगंज फर्रूखाबाद।** बीते दिनों से फरार चल रहे 15 हजार ईनामी आरोपी शानू कुरैशी को एक अबैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया।कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाका में गौकशी बीते 15 सितम्बर को की गयी थी। जब पुलिस मौके पर पंहुची तो आरोपी शानू कुरैशी पुत्र इदरीश निवासी चिलाका मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक नें आरोपी शानू पर 15 हजार का ईनाम रखा। जिसके बाद आखिर पुलिस को सफलता मिली। पुलिस नें आरोपी को गालिव पुलिया पर वाहन के इंतजार में खड़े होंने के दौरान दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी कोर्ट में आत्मसमर्पण करने जा रहा था। आरोपी के पास एक अबैध चाकू मिला। आरोपी एक अरसे से फरार चल रहा था जिसकी तलाश लंबे समय से पुलिस को थी। पंद्रह हजार का ईनामी पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। आरोपी की गिरफ्तारी के पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घाटमपुर में फिर आठ संक्रमित मिले




**घाटमपुर।** सोमवार की तरह आज भी तहसील मुख्यालय की सीएचसी घाटमपुर में 4 कोरोना वाायरस संक्रमित निकले जबकि बिकास खंण्ड पतारा सीएचसी की मेडिकल टीम ने गांव धरमंगदपुर में कैम्प लगा कर 51 लोगों की जॉंच की, चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि जॉंच में 2 संक्रमित ?निकले जिनको होम आइसो लोशन कर दिया गया है। उधर घाटमपुर सीएचसी की मेडिकल टीम ने 59 संदिग्दों की जॉंच में 4 कोरोना वायरस संक्रमित पाये गये इनमें दो कस्बे के आछीमोहाल उत्तरी तथा पावर प्लांट व संभुई गांव के एक-एक हैं।

### न्याय दिलाने के लिए उठ़े हजारों हाथ

**फर्रूखाबाद**।हाथरस रेप पीड़िता की मंगलवार को दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गयी। पीड़िता की मौत की खबर आते ही लोग आक्रोशित हुए और मृतका को श्रद्धांजलि देंने के साथ ही उसके हत्यारों को फांसी दिलानें तक आन्दोलन जारी रखने की आवाज बुलंद की।मंगलवार को पीड़िता की मौत की खबर मिलने के बाद आम या खास सभी को धक्का लगा है। पहले पीड़िता के साथ गैंग रेप और उसके बाद उसकी जीभ भी काट लेनें वाले आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग तेज हो गयी है।

# ज्ञापन न लेने पर कार्यालय के बाहर चस्पा किया



संवाददाता। जसवंतनगर

**कांग्रेस** पार्टी की ओर से यहां तहसील मुख्यालय पर हाल ही में संसद में पास किए गए किसान बिल के खिलाफधरना दिया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर चस्पा किया गया। धरने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए बिल पूरी तरह किसान विरोधी बताते हुए किसानों से अपील की कि वे इस बिल के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि इस बिल से कालाबाजारी और जमाखोरी को बढ़ावा मिलेगा व इस बिल से सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा होगा और किसानों का बड़ा नुकसान होगा। इस बिल में अनाज दलहन तिलहन खाद्य तेल आलू प्याज आदि को आवश्यक सूची से हटाने का प्रावधान है इसलिए इसे रोका जाना आवश्यक है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष उदय भान सिंह यादवए विधानसभा जसवंत नगर प्रभारी अरुण यादव, कोमल सिंह कुशवाहा, लख्मीचंद दीक्षित, सरवर अली, आलोक यादव, संजय दोहरे, रामनरेश यादव, बृजकिशोर शाक्य, शेषपाल यादव, बलवीर कठेरिया आदि शामिल रहे। बाद में कांग्रेस के लोग ज्ञापन देने के लि, उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे लेकिन वहां पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार कोई भी उपस्थित नहीं मिला और ना ही किसी अन्य कर्मचारी ने ज्ञापन लिया। इस पर कांग्रेसियों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर ज्ञापन चस्पा कर दिया।

# पचास वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोरोना से बचना बहुत जरुरीः नोडल अधिकारी

## ● नोडल अधिकारी ने टीम 11 के साथ की समीक्षा बैठक

संवाददाता। हमीरपुर

**जनपद** के नोडल अधिकारी महानिदेशक पर्यटन रवि कुमार एनजी ने आज स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता एवं सेनेटाइजेशन पर जनपद की टीम -11 के साथ मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में समीक्षा की। नोडल अधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर के कोरोना के डेटा को एनालाइज किया जाय तथा उसके अनुसार इसके रोकथाम हेतु रणनीति बनाकर प्रभावी प्रयास किया जाय। बुखार, जुकाम, खांसी के सभी मरीजो को ट्रैक कर उनका कोविड टेस्ट किया जाय तथा उनपर निगरानी रखी जाए। डेंगू तथा अन्य संक्रामक रोगों से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके नियंत्रण हेतु किये गए प्रयासों का विवरण तलब किया तथा इसके नियंत्रण हेतु सभी सम्भव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले से ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोगोंध मरीजो यथा अस्थमा, हार्ट के मरीज, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज व हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को चिन्हित कर उनको अलर्ट करें तथा उनमें कोविड-19 के जरा सा भी लक्षण आने पर तत्काल उनकी जांच की जाए तथा पॉजिटिव आने पर उनका इलाज प्राथमिकता से किया जाए। ज्ञात हो कि कोविड-19 महामारी का शुरुआत में ही पता चलने पर इसका इलाज संभव है देर होने पर इसमें मृत्यु दर बढ़ जाती है।

नोडल अधिकारी ने कहा कि मरीजों की समय-समय पर काउंसलिंग कर उनको मानसिक तौर पर मजबूत किया जाए। 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को इस महामारी से अधिक प्रभावित होने की आशंका है अतः ऐसे लोग विशेष तौर पर सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि जनपद में कोविड की मृत्यु दर न्यूनतम करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी संभव प्रयास किया जाए। जनपद में आरटीपीसीआर, एंटीजन व ट्रूनेट के माध्यम से अधिक से अधिक टेस्ट किया जाए।

### प्रधान के वित्तीय पावर सीज कर लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही के आदेश

**हमीरपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी रवि कुमार एनजी ने आज कुरारा विकासखंड के जखेला ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर गांव के मॉडल तालाब में ग्राम प्रधान द्वारा मनमाने तरीके से सिंघाड़ा लगवाकर उसमे केमिकल आदि डालकर पानी प्रदूषित करने व गौशाला का प्रबंधन ठीक ढंग से न करने पर नोडल अधिकारी ने ग्राम प्रधान का वित्तीय अधिकार सीज करने निर्देश दिए हैं। कई दिनों से गांव में लेखपाल के न आने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा किये जाने पर नोडल अधिकारी ने लेखपाल पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। तदोपरांत नोडल अधिकारी ने कुरारा लेवल वन हॉस्पिटल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रोगियों को समय समय पर दी जा रही दवा, भोजन तथा अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। नोडल अधिकारी ने किचन में पहुँचकर साफ सफाई देखी व बनाये जाने वाले भोजन के बारे में पूछताछ की। एक्टिव कोरेन्टीन स्थल का भी निरीक्षण किया। डीएम डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर जॉइंट मजिस्ट्रेट संजय कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी, सीएमओ तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पीआरडी जवानों को हफ्ते में एक दिन सिखाया जायेगा शिष्टाचार

## ● हरेक ब्लाक को मिला सिर्फ तीन हजार रुपये का बजट

संवाददाता। हमीरपुर

**शासन** ने पहली मर्तबा जिले में पीआरडी जवानों को हफ्ते में एक दिन सिर्फ चालिस मिनट ब्लाक में रिफ्रेशर कोर्स यानी परेड कराये जाने का फैसला किया है। इस परेड में शिष्टाचार सम्बंधी बाते बतायी जायेगी।

जानकारी के मुताबिक शासन ने पहली मर्तबा जिले में पीआरडी जवानों की तरफ ध्यान दिया है। सरकारी विभाग में डेली बेजेज पर काम कर रहे इन कर्मियों ने खाकी वर्दी तो पहन रखी थी मगर शिष्टाचार का अभाव बराबर देखा जा रहा था। जिले में 309 पीआरडी जवान है जिसमे नब्बे फीसदी लोग सरकारी दफ्तरो में डियूटी कर रहे है। जब से शासन ने जवानों का मानदेय 250 से बढ़ाकर 375 रुपये कर दिया है तब से काफी लोग डियूटी में रूचि लेने लगे है हालाकि हरेक ब्लाक में विभाग के एक एक बीओ होना चाहिये मगर किसी भी ब्लाक में एक भी बीओ नही है जिससे काम काज सब प्रभावित हो रहा है।

इसके लिये बांदा से एक बीओ को सम्बद्ध कर दिया गया है। वही बीओ पीआरडी जवानों को हफ्ते मे एक दिन रिफ्रेशर कोर्स करायेगे। शासन ने इसके लिये एक ब्लाक में तीन हजार रुपये बजट आवंटन किया है। इसी धनराशि से परेड के लिये साफ सफई व चाय नाश्ता के लिये प्रबंध किया जायेगा। जिले में सात ब्लाक है माह में एक दिन एक ब्लाक में ही परेड संभव हो पायेगी क्योकि एक ही बीओ है वह भी बांदा से संबद्ध किये गये है। इसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं की जा रही है।

## विवक न्यूज

### बीएलओ अपना काम बिना दबाव में करें: एसडीएम

**सरीला (हमीरपुर)।** पंचायत चुनाव में लगे बीएलओ व पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड के सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि बीएलओ अपना काम बिना किसी दबाव के करें। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। विकासखंड के सभागार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में लगे बीएलओ व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एसडीएम जुबेर बेग ने कहा कि बीएलओ अपना काम बिना किसी दबाव के निष्पक्ष होकर करें। और घर-घर जाकर सर्वे करें। 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवक व युवतियों को वोटर बनाये। गांव से पूरी तरह पलायन कर चुके परिवारों को वोटर लिस्ट से अलग करें। तहसीलदार हेमंत चौधरी ने कहा कि कोई भी समस्या आने पर बीएलओ सीधे उनसे संपर्क कर सकते है। प्रशिक्षण में बीएलओ द्वारा सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। एसडीएम ने पूरी तरह प्रशासनिक सहयोग देने की बात कही है। प्रशिक्षण में खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह सहित तहसील क्षेत्र के सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

### हमीरपुर में मिले 10 कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** मंगलवार को दस लोग कोरोना जंग जीतकर अपने घर पहुंचे। वहीं अलग अलग स्थानों में स्वास्थ्य टीम के द्वारा की गई जांचों में सेवानिवृत्त जजी कर्मचारी सहित परिवार के तीन सदस्यों को कोरोना की पुष्टि हुई है। वहीं सात अन्य लोग भी कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। कुल 10 लोग संक्रमित मिले हैं। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसबीआई बैंक में 12 और उद्यान विभाग के 18 कर्मचारियों की जांच की है। इन दोनों विभागों में कोरोना पॉजिटिव मरीजों के मिलने के बाद मंगलवार को टीम जांच करने को पहुँची थी। यहां कोई नया मरीज नहीं मिला है। चौरा देवी मोहल्ला निवासी सेवानिवृत्त (78) जजी कर्मचारी (70) इनकी पत्नी और (29) पुत्री को कोरोना की पुष्टि हुई है। इसी तरह पुराना बेतवा घाट मोहल्ला निवासी (62), सूफीगंज मोहल्ला की (55) महिला राठ के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी (20) युवक, धमना का (43), अतरौलिया राठ की (20) और (24) दो युवतियां खरौंच की (25) युवती में कोरोना की पुष्टि हुई है।

### कोरोना संक्रमित नौ लोग लापता

**हमीरपुर।** कोरोना संक्रमित नौ लोगों के लापता होने से स्वास्थ्य विभाग में बेचैनी है। उनकी ट्रैसिंग न होने के कारण मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरके सचान ने एसपी को पत्र लिखते हुए उनके ट्रैसिंग करने की मांग की है। सीएमओ ने एसपी को भेजे गए पत्र में बताया है कि जिले के अलग अलग स्थानों के कुल नौ लोग ऐसे हैं जो कोरोना संक्रमित हैं। उनके द्वारा गलत मोबाइल नंबर व पता अंकित कराया गया। जिसके कारण उनकी ट्रैसिंग नहीं हो पा रही है।

### नदी में डूबे किशोर का शव 25 घण्टे बाद हुआ बरामद

**माधौगढ़(जालौन)।** रामपुरा थाना के अन्तर्गत ग्राम गुढ़ा निवासी गिरवर सिंह सेंगर का 14 वर्षीय पुत्र अंकित की नदी मे डूबने से मौत हो गयी करीब 25 घण्टे की कड़ी मसक्कद के बाद शव को 5 किलोमीटर दूर जालौन मन्दिर के पास बरामद किया गया । अंकित शौकवश भैस चराने के लिए नदी किनारे ले गया करीब दोपहर दो बजे वह नदी में भैस के सहारे नदी में तैरने का प्रयास करने लगा इसी प्रयास में डूबने से उसकी मौत हो गयी इस घटना की सूचना पुलिस को दी गयी जिसमें रामपुरा थाना प्रभारी व सीओ माधौगढ़ मौके पर पहुँच गये और किशोर की शिनाख्त शुरू कर दी रात गुजरने के उपरांत करीबन 25 घण्टे बाद शव को 5 किलोमीटर की दूरी पर जालौन माता मन्दिर के पास शव को बरामद किया गया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिये भेजा है।

### मोदी ने लोक कल्याणकारी नीतियों का किया क्रियान्वयन

**चित्रकूट।** भाजपा के प्रदेश मंत्री देवेश कोरी के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में मऊ मंडल, कर्वी नगर मंडल, गनीवां मंडल के सभी सेक्टर प्रमुखों, प्रभारियो, मंडल पदाधिकारियों की बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि डायरी बनाकर बूथ की पूरी संरचना जातीय समीकरण अन्य दलों व प्रभावशाली लोगों के नाम लिखें। आगामी समय में होने वाले मंडलों के प्रशिक्षणों की कार्य योजना बनाकर सभी को समय से मौजूद रहने को कहा। मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री देवेश कोरी ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को समय पर प्रशिक्षण देती है। मंडलों के प्रशिक्षण होने हैं। प्रदेश मंत्री ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने लोक कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के क्रियान्वयन से पं दीनदयाल के विचारों को क्रियान्वित किया है। किसानों की आय दुगुनी करने को महत्वपूर्ण विधेयकों को पास किया है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता के लिए कार्य की अपनी कार्य पद्धति का अनुपालन करके मण्डल प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बना सकते है।

### कोंच ब्लॉक कार्यालय का डीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**कोंच(जालौन)।** सरकारी विभागों, कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों की निर्धारित समय पर उपस्थिति जाँचने के लिये जिला विकास अधिकारी मिथलेश सचान ने मंगलवार को सुबह ठीक 10.15 बजे कोंच खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीओ विपिन गुप्ता, जेईआरईएस वीरसिंह यादव, राजकुमार पटैरिया, मनोज श्रीवास्तव, प्रशान्त श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, प्रवीण जैन, सुनील कुमार हरिश्चंद्र, योगेश कुमार, विजयलक्ष्मी, राजीव रेजा, हरिशंकर दुनेरिया अनुपस्थित पाये गये और उक्त लोगों के नाम के आगे जिला विकास अधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर में अपने हांथों से अनुपस्थिति दर्ज कर दी।वहीं प्रशांत कुमार लिखित रूप से अवकाश पर पाये गये और प्रशांत कुमार को छोड़कर शेष अनुपस्थित कर्मचारियों से जिला विकास अधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है।जिला विकास अधिकारी ने कहा की स्पष्टीकरण मिलने के बाद ही उक्त लोगों पर कार्यवाही करने का फैंसला लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान बीडीओ शुभम बरनबाल मौजूद रहे।

### लेखपाल को हटाने की मांग की

**कोंच(जालौन)।** नदीगांव विकास खंड के ग्राम गोबर्धनपुरा निवासी राममनोहर पुत्र रामनाथ ने मंगलवार को एसडीएम अशोक कुमार को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की गांव में स्थित आराजी को लेकर विपक्षी लोगों से उसका न्यायालय में मुकदमा चल रहा है गांव में पदस्थ लेखपाल सांठगांठ कर फर्जी अभिलेखों के आधार पर उक्त विवादित आराजी विपक्षी लोगों के नाम दर्ज कराना चाहता है और लेखपाल अनावश्यक लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न कर रहा है। राममनोहर ने एसडीएम से उक्त लेखपाल की जांच कराकर उसका स्थानांतरण किये जाने की मांग की है।

### ईओ ने तालाब के सौंदर्यीकरण योजना बनाने के दिये निर्देश

**जालौन (उरई)।** नगर के प्रमुख तालाब के सौन्दर्यीकरण को लेकर ईओ ने तालाब पर जाकर निरीक्षण किया तथा तालाब के सौन्दर्यीकरण की योजना बनाने के साथ उसकी शीघ्र परणीत करने के निर्देश दिए। ईओ डीडी सिंह ने मुरलीमनोहर तालाब पर पहुंच कर तालाब में चल रहे सौन्दर्यीकरण की व्यवस्थाओं को देखा। नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण की कड़ी में नपा ने तालाब पर ट्यूबवेल लगवाया है जिससे तालाब के गांधी पानी को निकाल कर साफ पानी भरा जा सके। तालाब को पिकनिक स्पॉट बनाने का प्रस्ताव हैं जिसके तहत तालाब बोटिंग की व्यवस्था के साथ तालाब पट्टी पर खाने पीने की सामग्री व बैठने की व्यवस्था की जायेगी।

# गार्ड व गल्ला व्यापारी से विवाद पुलिस ने शुरु की जांच

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर की मंडी समिति में आज गल्ला व्यापारी द्वारा अपना ट्रैक्टर बाहर निकालने को लेकर गेट में तैनात गार्ड से विवाद हो गया। इस मामले में आढ़तिया का कहना है कि गार्ड उससे ट्रैक्टर निकालने के एवज में घूस मांग रहा था जबकि गार्ड का कहना है कि ट्रैक्टर में लदे अनाज की गेट से बाहर ले जाने की निकासी का कोई कागज नहीं था फ्लिहाल मामला कोतवाली पुलिस तक पहुंचने के बाद कोतवाली पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। कृषि उत्पादन मंडी समिति में मुन्ना लाल कुशवाहा गार्ड पर के पद पर तैनात है। मंगलवार को जब वह अपनी ड्यूटी पर था तभी मंडी का आढ़ती पप्पू साहू अपने ट्रैक्टर में चना लाद मंडी से बाहर ले जा रहा था तो मुन्ना लाल ने उससे अनाज बाहर ले जाने का गेट पास मांगा। जिस पर आढ़ती द्वारा गेट पास ना दिखाने और जबरन ट्रैक्टर बाहर ले जाने के प्रयास में दोनों में विवाद होने लगा जो हाथापाई तक पहुंच गया जिसमे पप्पू का पुत्र सौरभ भी मारपीट में शामिल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जहां पप्पू ने पुलिस को बताया कि उसके पास गेट पास मौजूद था लेकिन मुन्नालाल उससे अवैध रूप से रुपए उगाही करने के प्रयास में ट्रैक्टर रोके था फ्लिहाल कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेने के बाद घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वही पूर्व सैनिक के संगठन ने कोतवाली पहुंच इस घटना पर आक्रोश जता आरोपी आढ़ती पिता-पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बाप-बेटे के हत्यारे तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास

संवाददाता। चित्रकूट

**मानिकपुर** थाने के हनुवा गांव के मजरा पथरहाई में बाप-बेटे के हत्यारे तीन सगे भाइयों को एडीजे दीपनारायण तिवारी ने आजीवन कारावास समेत 22-22 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। मानिकपुर थाने के हनुवा गांव के मजरा पथरहाई के नरेन्द्र पुत्र रामसंवारे ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि सात नवम्बर 2014 को उसका भाई सोनू डेरा में खेत में सिंचाई को पाइप बिछाये था। लगभग तीन फुट पाइप जगन्नाथ चौबे के खेत में खिसक जाने पर उसके पुत्र मोहित उर्फ पुष्पेन्द्र, रोहित उर्फ महेन्द्र व सोहित उर्फ अखिलेश चतुर्वेदी लाइसेंसी राइफल व दोनाली बन्दूक लेकर आ गये। जबरन पाइप फाडने लगे। सोनू के विरोध पर मोहित ने लाइसेंसी बन्दूक से गोली मारकर उसकी मौके पर ही हत्या कर दी। सोनू को जमीन पर गिरते देख बचाने गये नरेन्द्र को सोहित ने कट्टे से गोली मारकर घायल कर दिया। पिता रामसंवारे को राहित ने अपने दरवाजे के सामने लाइसेंसी बन्दूक से गोली मारकर हत्या कर दी।

शाम पांच बजे हुई इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपियों को के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर सत्र न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मोहित, रोहित और सोहित पुत्रगण जगन्नाथ चतुर्वेदी को आजीवन कारावास समेत 22-22 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। मृतक रामसंवारे की पत्नी अशोक देवी व मृतक सोनू की पत्नी आभा को दस-दस हजार रुपये तथा घायल नरेन्द्र को पांच हजार रुपये बतौर प्रतिकर देने के आदेश दिये हैं।

# पांच कुपोषित परिवारों की दी गयी गायें

संवाददाता। सरीला (हमीरपुर)

**गाय के** दूध से कुपोषण सहित तमाम बीमारियां दूर होती हैं। यह बात खंड विकास अधिकारी ने क्षेत्र के पुरैनी गांव में कुपोषित बच्चों के परिवारी जनों को दुधारू गाय सौंपते समय कही है। इस मौके पर पाँच परिवारों को पूजा अर्चन के बाद गाय सुपुर्द की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा कुपोषित बच्चों के परिवारों को दुधारू गाय देने की योजना संचालित की गई है। मंगलवार को क्षेत्र के पुरैनी गांव में खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने कहा कि गाय का दूध अमृत के समान है। इससे कुपोषण सहित विभिन्न बीमारी दूर होती हैं। वेद पुराणों में भी गाय को पुनीत माना गया है।

पशु चिकित्सा अधिकारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की गाय हिंदू धर्म में पवित्र है। लेकिन जागरूकता के अभाव में इनकी उपेक्षा हो रही है। इस मौके पर पर पांच कुपोषित बच्चों के परिवारी जनों को पूजा अर्चन के बाद दुधारू गाय सुपुर्द की गई। इस मौके पर बाल विकास की सुपरवाइजर गीता विश्वकर्मा, प्रभारी विकास अधिकारी अमरसिंह व रामस्वरूप ओमरे, ग्राम पंचायत सचिव दिनेश त्रिपाठी, ग्राम प्रधान व जयपाल, राजेंद्र, देवकरण, रामनारायण, परमेश्वरीदयाल, सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिला की पिटायी का कोतवाल हमीरपुर का वीडियो वायरल

**हमीरपुर।** कोतवाली हमीरपुर का प्रभारी निरीक्षक एसके पटेल का महिला की पिटाई करते हुये पुराना वीडीओ वायरल होने के बाद हड़कंप मच गय है पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जांच सीओ को सौपी है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली हमीरपुर में महिला की लात घूसो से पिटाई करते हुये कोतवाल हमीरपुर का आज सुवह बीडीओ वायरल हो गया है। जिससे सोशल मीडिया में तीखी प्रतिक्रियाए आना शुरु हो गयी। मामला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह तक पहुचा इस पर उन्होने मामला संज्ञान मे लेते हुये उन्होने मामले को सीओ सदर अनुराग सिंह यादव को सौप दिया है हालाकि पुलिस विभाग का कहना है कि वीडीओ पुराना है जो पहले भी वायरल किया जा चुका है। इस बीडीओ को लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है। जांच में ही कोई बात स्पष्ट हो पायेगी।

# निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों ने दिया धरना



प्रदर्शन करते विद्युत कर्मी।

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले केन्द्रीय कार्यकारिणी के आवाहन पर अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए निजीकरण के विरोध में कार्य बहिष्कार हुआ। मंगलवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने निजीकरण का पुरजोर विरोध करते हुए कार्य बहिष्कार किया। चेताया कि ये विरोध सभा चार अक्टूबर तक जारी रहेगी। पांच अक्टूबर को पूरी तरह कार्य बहिष्कार किया जायेगा। संघर्ष समिति के संयोजक अधिशाषी अभियंता अनिल दुबे,मंत्री अनुपम कुमार आदि वक्ताओं ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किए जाने की दशा में निगम में कार्यरत कार्मिकों की सेवा शर्त बुरी तरह प्रभावित होगी। जिससे उनके भविष्य पर बुरा असर पड़ने के साथ-साथ उनका आर्थिक, मानसिक एवं सामाजिक शोषण होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता। जो विद्युत सुधार अधि.-1999 एवं विद्युत अधि.-2003 के आर्टिकल-27(7) में उल्लिखित व्यवस्थाओं का उल्लंघन होने के साथ ही वर्ष-2000 में तत्कालीन उप्रराविप परिषद विघटन के समय उत्तर प्रदेश सरकार ऊर्जा प्रबन्धन एवं विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के साथ लिखित समझौते की राज्य विद्युत परिषद के विघटन के पश्चात् कार्मिकों की सेवा शर्तें कदापि कमतर नहीं होंगी, का खुला उल्लंघन होगा। वक्ताओं ने कहा कि निजीकरण किसी भी प्रकार जनहित में नहीं है। इसे तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही कोविड-19 महामारी के बीच प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने वाले बिजली कर्मचारियों पर सरकार भरोसा रखकर सुधार के कार्यक्रम चलाए। जिससे हम सदा की तरह पूर्ण सहयोग करते रहेंगे।कार्य बहिष्कार की पूर्व संध्या पर संघर्ष समिति ने मशाल जुलूस निकालकर सरकार को चेताया था। इसके बाद भी सरकार ने निजीकरण बन्द नहीं किया। निजीकरण के विरोध में इं अनिल दुबे, इं हमेन्द्र जाटव, इं रामचरन, इं अनुपम कुमार, इं अनिल सिंह, इं शैलेश, इं रंजीत, इं विजय कुमार, इं संजीव, इं राजेश गुप्ता, उमतलाल, वकीलराम, लक्ष्मीपाल समेत तमाम कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## बन्दियों के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क है प्रशासनः जनपद न्यायाधीश

**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश रामपाल सिंह, जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल अधीक्षक प्रकाश त्रिपाठी से सजायाफ्ता बन्दी पुरुष-महिला, अल्प वयस्क, विचाराधीन बन्दी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कोरोना को देखते हुए बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिये। मंगलवार को जनपद न्यायाधीश समेत अधिकारियों ने जिला जेल के निरीक्षण में बन्दियों को वायरस से बचाव को काढा देने के निर्देश दिये। डॉ सुजीत सिंह को निर्देश दिये कि साफ-सफाई व्यवस्था व दवाओं की उपलब्धता में कोई कमी न रहे। संक्रमित बंदियों के मिलने पर इलाज की तत्काल व्यवस्था कराई जाये। किसी भी बन्दी को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर पाकशाला व पृथक वाश का निरीक्षण कर बन्दियों से भोजन, पानी, स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# गंदगी से कराह रही मंदाकिनी ठंडे बस्ते में पड़ी सीवर योजना

**चित्रकूट।** नयागांव में बना सीवर प्लांट वर्षों से निष्प्रयोज्य और योजना ठण्डे बस्ते में है। सीवर शुरू न होने से मप्र की गंदगी से मंदाकिनी कराह रही है। घाटों की मिट्टी निकालने व अधिकारियों को नयागांव रपटा के फाटक बंद होने का इंतजार है। मंगलवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कई वर्षों से सरयू नाले के किनारे मप्र नयागांव का सीवर प्लांट सफेद हाथी की भांति खड़ा है। योजना को अधिकारियों के ठण्डे बस्ते में डालने से सीवर प्लांट चालू होने से लाखों लीटर गंदगी नदी में गिरने से रुक जाएगी। अभी नगर पालिका कर्वी को मप्र की गंदगी ढोनी पड़ रही है। पुल के बगल में बना सुलभ काम्प्लेक्स अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। एक विशाल कुंड में गंदगी भरी रहती है, जो किसी धब्बे से कम नहीं है। स्वच्छता मिशन के बड़े-बड़े दावे कर अफसर आंख मूंदे बैठे हैं। नयागांव के घाट मिट्टी से पटे पड़े हैं। जब तक नयागांव रपटा के फाटक बंद नहीं होते, तब तक मजदूर लगाकर घाटों से मिट्टी निकलवाई जा सकती है। इंतजार है कि कब फाटक बंद हो और सब कुछ नदी में छिप जाये।


घाटों के मलबे की सफाई को पिछले महीना नयागांव नगर पंचायत ने एक पोकलैंड मशीन घाट में उतारी थी। बिना मलबा निकाले मशीन खुद कीचड़ में फंस गई। किसी तरह दूसरी मशीन बुलाकर उसे निकाला गया। फिर घाटों की मिट्टी और मलबा निकालने को लेकर कोई पहल नहीं हुई। अजीत सिंह ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय के पास से नदी में एक नाला गिरता था। बतौर मुख्यमंत्री गंगा आरती करने आये सीएम शिवराज सिंह चौहान से नाला रोकने की मांग पर रुका था। बुन्देली सेना ने सीएम के दरबार तक सीवर प्लांट और तमाम समस्याओं को पहुंचाने का मन बनाया है।

## बीडीओ ने गौशालाओं के निरीक्षण में साफ-सफाई के दिए निर्देश

**कदौरा ( जालौन )।** मंगलवार को बीडीओ अतिरंजन सिंह ने क्षेत्र के ग्राम आटा उसरगांव व पिपरांया की गौशालाओं का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूसा स्टॉक, लिलोरी व हौद सहित सफाई व्यवस्था को देखा उन्होंने सबसे पहले आटा में पहुच कर गौशाला का निरीक्षण किया उन्होंने गौवंशो की देख रेख खानपान व स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश सचिव व प्रधान को दिए उसके बाद उन्होंने उसरगांव स्थित गौशाला में पहुच कर व्यवस्था देखी और सफाई कर्मियों को साफसफाई के निर्देश दिए वही पिपरांया गौशाला में सफाई न होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव को सख्त चेतावनी दी और नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि क्षेत्र की सभी गौशालाओं में खड़ंजा बिछवाया जा रहा है ये काम अधिकतर गौशालाओं में शुरू हो गया है जिन गौशालाओ में अभी तक कार्य शुरू नही हुआ है उनमें जल्द शुरू करा दिया जाएगा गौशालाओं में साफ सफाई व्यवस्था के लिए जल्द कर्मियों की टीमें गठित होगी।

# गोवंशों की देखरेख में न बरतें लापरवाहीः मीनू सिंह

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)



अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करती ईओ मीनू सिंह

**प्रदेश शासन** द्वारा विगत कई माह से पालिका के रुके विकास कार्यो को गति देने के उद्देश्य से अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह को स्थानीय पालिका में तैनाती दी गई है। पालिका का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत ही उन्होंने पालिका कर्मियों सहित सभासदों का परिचय लेकर नगर के विकास कार्यों सहित नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए थे।

मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद पहुंची अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने अधीनस्थ कर्मियों की बैठक लेते हुए पालिका के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पालिका कर्मी अपने कार्य को सही तरीके से एवं समयानुसार करें। इसके उपरांत उन्होंने पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केयरटेकर उधन सिंह से गौशाला में आनें बाले चिकित्सक की जानकारी लेने के उपरान्त कहा कि गौशाला में जो भी कमी हो उसे सुधार लिया जाए अन्यथा वे संबंधित कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही करेंगी और गौशाला में चारे पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिये।

### पालिकाध्यक्ष व सभासदों के मध्य मतभेद हुए समाप्त

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** वैश्विक महामारी कोरोना को परास्त करने के पश्चात पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य ने पालिका के सभी सभासदों के साथ प्रतिष्ठान कार्यालय पर बैठक कर आपसी गिले-शिकवे दूर किए। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण काल में पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य के कोरोना की चपेट में आने से नगर के विकास कार्य लगभग रुक चुके थे जिससे सभासदों व पालिकाध्यक्ष के मध्य मेल मिलाप न होने से मतभेद गहरा गए थे। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष के प्रतिष्ठान कार्यालय पर सभी सभासदों की बैठक का आयोजन किया गया। पालिकाध्यक्ष ने सभी रूठे सभासदों के गिले शिकवे सुनकर सभासदों के सहयोग से पारदर्शिता पूर्ण विकास कार्य कराने पर चर्चा की।

पालिकाध्यक्ष एवं सभासदों के सहयोग से पालिका में विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

## सीएम की मुहिम को आप ने बढ़ाया

संवाददाता। चित्रकूट

**आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सूबे की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री की दुराचार और बलात्कारी की तस्वीर चौराहे-चौराहे पर लगाने की मुहिम के तहत पटेल तिराहे पर बलात्कारी भाजपा नेताओं की फोटो लगाकर मुख्यमंत्री की मुहिम को आगे बढाया। आम आदमी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की जारी दुराचारी, बलात्कारी की चौराहों पर फोटो लगाने की मुहिम को आगे बढाते हुए जिले के पटेल तिराहे पर बलात्कारी भाजपा नेता स्वामी चिन्मयानन्द, कुलदीप सेंगर, रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी, श्याम प्रकाश द्विवेदी, नरेन्द्र उपाध्याय आदि की फोटो लगाकर मुख्यमंत्री की मुहिम को जिम्मेदारी के साथ आगे बढाया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के रामजी चौरसिया, सूरज श्रीवास्तव, रामचरन यादव, राजेश, चउवा, अशोक मिस्त्री, निजामुद्दीन, शान मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# उच्च रक्तचाप की न करें अनदेखीः सीएमओ

## ● जागरूक बनें-हृदय रोग से बचें

संवाददाता। कन्नौज

**अनियमित** दिनचर्या, तनाव, गलत खान-पान, पर्यावरण प्रदूषण एवं अन्य कारणों के चलते हृदय की समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। कम उम्र के लोगों से लेकर बुजर्गों तक में हृदय से जुड़ी समस्याएं होना अब आम बात हो गई है। पूरे विश्व में हृदय के प्रति जागरूकता पैदा करने और हृदय संबंधी समस्याओं से बचने के लिए विभिन्न उपायों पर प्रकाश डालने के मकसद से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।

इसी के उपलक्ष्य में हृदयवाहिका रोग और आघात रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, संयुक्त जिला चिकित्सालय कन्नौज,100 शैय्या चिकित्सालय कन्नौज में विश्व हृदय दिवस पर स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत मरीजो के शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.के. स्वरूप ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखना हमारे लंबे जीवन के लिए आवश्यक ही नहीं बल्कि निहायत ही जरूरी है। लेकिन अपने आप को स्वस्थ रखने की चाह रखने वाला व्यक्ति अपने रहन-सहन और खान-पान, तैलीय भोज्य पदार्थों के कारण हृदय रोगी बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह बताना है कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिये दिनचर्या में कैसे बदलाब लाया जाये ताकि हृदय की बीमारी से बचा जा सके ।इसके लिये सबसे पहले समाज के हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा।

आदतों में रात में जल्दी सोने, सुबह जल्दी उठने, रात में भोजन के बाद कम से कम 100 मीटर टहलने, फास्टफूड व जंकफूड से परहेज, तली भुनी चीजों का कम से कम प्रयोग, अधिक मात्रा में मांसाहार भोजन व धूम्रपान एवं मद्यपान से दूरी, उम्र के हिसाब से सुबह उठ कर योग करना, टहलना, खेलना, व्यायाम करना आदि को शामिल करना चाहिए।

इस अवसर पर एक दिवसीय तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा.राम मोहन तिवारी ने कहा कि हृदय रोग से होने वाली असामयिक मृत्यु पर नियंत्रण मुख्य कारकों को नियंत्रित करके किया जा सकता है। उन्होने बताया कि तंबाकू के सेवन से दिल पर कई प्रकार के प्रभाव हो सकते हैं। इसमें मौजूद केमिकल दिल की बीमारी को बढ़ाने और पूरे शरीर में रक्त वाहिकाओं को कसकर हृदय रोग या स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा देता है। इसके अलावा खराब रक्त परिसंचरण के कारण कई प्रकार के अन्य प्रभाव हो सकते है। इस अवसर पर तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ रवि प्रताप, वित्तीय सलाहकार एनसीडी हुमा खान व पियूषा आदि लोग मौजूद रहे।

# ड्यूटी से नदारद सिपाही को एसपी ने किया निलंबित

- लापरवाही बरतने वाले सात सिपाही लाइन हाजिर
- कप्तान की कार्रवाई से गैर जिम्मेदार पुलिस कर्मियों में मचा हड़कंप

संवाददाता। सुलतानपुर

**दायित्वों** व कर्तव्यों के निर्वाहन में लापरवाही बरतने वाले एक सिपाही को एसपी ने सस्पेंड करते हुए सात को लाइन हाजिर कर दिया। कप्तान ने यह कार्यवाही फरीदीपुर स्थिति अस्थायी जेल व एल-1 अस्पताल फरीदीपुर के औचक निरीक्षण के दौरान की। एसपी की इस कार्यवाही से लापरवाह और गैर जिम्मेदार पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने अपर पुलिस अधीक्षक के साथ फरीदीपुर स्थित अस्थायी जेल व एल-1 अस्पताल फरीदीपुर का औचक निरीक्षण किया गया। एसपी ने इस दौरान जेल में बैरक, सामाजिक दूरी व कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य के प्रति घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता करने के आरोप में सिपाही स्वतंत्र कुमार जो ड्यूटी से नदारद थे एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके साथ ही ड्यूटी प्रति लापरवाही व बावर्दी दुरुस्त न होने के कारण सिपाही शिवापाल, डगपाल, अक्षान्त बाबू, मोहित कुमार, विशाल राठौर, सद्दाम हुसैन व अनूप कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। एसपी से इस कार्यवाही से लापरवाह पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक लापरवाह व कर्तव्यों के प्रति गैर जिम्मेदार अन्य पुलिस कर्मियों को अल्टीमेटम दिया है।

## दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने किया फेरबदल

**पुलिस अधीक्षक** ने शिवहरि मीणा ने बल्दीराय थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह को थाना बल्दीराय से स्थानान्तरित कर वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना चाँदा बनाया है। इसके साथ ही चौकी प्रभारी शास्त्री नगर अमरेन्द्र सिंह को बल्दीराय थाने का प्रभार सौंपा है। इसके साथ ही कप्तान ने निरीक्षक यादवेन्द्र बहादुर पाल को अपराध शखा उनि पवन कुमार मिश्रा को दोस्तपुर से पुलिस लाइन,उनि मो. खुर्शीद अहमद प्रा. चौकी देहली बाजार से उनि दोस्तपुर, उनि हरिश्चन्द्र पुलिस लाइन से प्रा. चौकी देहली बाजार थाना-बल्दीराय, उनि सीताराम यादव प्रा. चौकी अमहट थाना कोतवाली नगर से प्रा. चौकी बन्धुआ कला,थाना कुड़वार, उनि रामकिशोर रावत प्रा. चौकी राहुल नगर, थाना-अखण्डनगर से प्रा. चौकी शास्त्री नगर, थाना कोतवाली नगर, उनि मो. तनवीर खाँ, पुलिस लाइन से प्रा. चौकी राहुल नगर, थाना-अखण्डनगर, उनि शैलेन्द्र मणि द्विवेदी प्रा. चौकी बेलवाई थाना अखण्डनगर, से प्रा. चौकी केएनआईटी थाना कोतवीली नगर, उनि रामेश यादव थाना कूरेभार से प्रा. चौकी बेलवाई थाना अखण्डनगर, उनि प्रभाकान्त तिवारी प्रा. चौकी शाहगंज, थाना कोतवीली नगर, प्रा. चौकी अमहट,थाना-कोतवाली नगर व उनि शैलेन्द्र कुमार गुप्ता पीआरओ पुलिस अधीक्षक को प्रा. चौकी शाहगंज, थाना कोतवीली नगर का प्रभार सौंपा गया है।

## मनमाने ढंग से रोका जा रहा सामुदायिक शौचालय निर्माण

**चाँदा, सुलतानपुर।** सरकार की योजनाओं को फलीभूत होने में रोक रहे हैं मनमानी अधिकारी एक तरफ योगी सरकार सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करना चाहती है जिसके चलते लगभग सभी ग्राम सभाओं में निर्माण के लिए पैसे को भेज दिया गया है परंतु शेरपुर परसरामपुर में बन रहे शौचालय निर्माण को भवन और छत बनने के बाद आगे के काम के लिए रोक लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि ग्राम के ही किसी व्यक्ति द्वारा इसके संबंध में बताया गया निर्माण हो रहे भूखण्ड में मुकदमा लम्बित है और वह जमीन उसके नाम है जबकि इस कार्य को संज्ञान लेकर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा शौचालय निर्माण के कार्य पर रोक लगा दी गयी है। जानकारी के अनुसार स्थलीय सत्यापन में ना ही वह भूखंड किसी के नाम है और न ही उस पर कोई मुकदमें के सम्बंध में साक्ष्य ही मिला है। इसके सापेक्ष में खंड विकास अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए भूखंड के संदर्भ में आख्या मांगी गई है।

# अंचल अभियान प्रमुख ने किया एकल विद्यालयों का औचक निरीक्षण

- दो अक्टूबर को लेकर आचार्या बहनों को दिए निर्देश

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)



**भारत** लोक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित एकल विद्यालयों का अंचल अभियान प्रमुख संतोष कुमार ने औचक कर, आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले श्ग्राम स्वराज अभियान के तहत कार्यक्रम को लेकर आचार्या बहनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान संतोष कुमार ने शिवगढ़ क्षेत्र में एकल विद्यालय बैंती, शिवली,जयचंदपुर, खजुरों,पहाड़पुर ! बछरावां में एकल विद्यालय इचौली, राजामऊ,महरावां ! महराजगंज में अलीपुर,जमुरावां आदि एकल विद्यालयों का निरीक्षण किया। एकल विद्यालयों का निरीक्षण करते समय अंचल अभियान प्रमुख संतोष कुमार ने आचार्या बहनों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को एकल विद्यालय अभियान द्वारा ग्राम स्वराज अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित होना है। जिसकी समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम को पूरी तरह से सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी आचार्या बहनें ग्रामीणों को प्रेरित करें 2 अक्टूबर को सभी लोग अपने-अपने घरों की साफ सफाई करने के साथ ही तुलसी का पौधा लगाकर दीप प्रज्ज्वलित करें, उसकी पूजा अर्चना करें। भारतीय संस्कृति के अनुसार तुलसी के पौधे का दैविक महत्व होने के साथ ही वैज्ञानिक तौर पर इसका पौधा बहुत लाभकारी है। पूछे जाने पर संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में देश में 1 लाख, 21 हजार से अधिक एकल विद्यालय संचालित हैं। किन्तु कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण के चलते एकल विद्यालय संगठन ने अग्रिम आदेशों तक एकल विद्यालयों में शिक्षण कार्य पर रोक लगा दी है। कोरोना संकटकाल में एकल विद्यालयों की आचार्या बहनें विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की उनके घर पर ही अभिभावकों की देखरेख में खेल, शारीरिक योग, व्यायाम एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा रही हैं। इस मौके पर अंचल कार्यालय प्रमुख अवनीश, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख प्रमोद साहू, अंचल गतिविधि प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, शिवगढ़ संच प्रमुख जितेंद्र सिंह, महराजगंज संच प्रमुख अमित कुमार त्रिपाठी, अंशुमान, अनुराधा, बंसीलाल अरुण कुमारी आचार्या बहन सारिका रावत, अनीता ,सुनीता अंशू तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# लम्बित आवेदनों का निस्तारण कराएं बैंक अधिकारीः डीएम

- एक व दस रूपए का सिक्का न लेने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

संवाददाता। गोंडा



जिला स्तरीय उद्योगबन्धु की बैठक करते डीएम डा. नितिन बंसल पायनियर

**जिलाधिकारी** डा. नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न जिला स्तरीय उद्योगबन्धु की बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बेरोजगारी दूर करने की सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना तथा एक जनपद-एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का लक्ष्य के सापेक्ष निस्तारण कराकर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाय ताकि रोजगार सृजन की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकें। उन्होंने इन तीनों योजनाओं में प्राप्त आवेदनों पत्रों को आगामी एक सप्ताह में निस्तारण कराने के निर्देश देते हुए कहा है कि एलडीएम यह सुनिश्चित करें कि उद्योग स्थापन हेतु लम्बित आवेदन पत्रों पर बैंक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। जिलाधिकारी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से सम्बन्धित आवेदन पत्रों को 72 घन्टे के अन्दर स्वीकृत किए जाने के शासन के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनपद स्तर पर लोगों को दिए जा रहे रोजगार के प्रगति की निरन्तर समीक्षा की जाय तथा पात्र व्यक्ति के आवेदन पत्र को स्वीकृत करने से वंचित करने पर सम्बन्धित बैंक के विरूद्ध कार्यवाही कराई जाएगी। उन्होंने जनपद में ऋण स्वीकृति हेतु बैंकों को भेजे गए लम्बित आवेदन पत्रों को नियमानुसार समय से स्वीकृत कराकर लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि बैंकों द्वारा एक रूपए व दस रूपए के सिक्के लेने में आनाकानी की जाती है जिससे लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक रूपए और 10 रूपए के सिक्के पूरी तरह वैध हैं। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिए कि वे सभी बैंकों को इस बावत सूचित कर दें कि कोई भी बैंक एक रूपए और 10 रूपए के सिक्के लेने से कतई मना न करें। उद्यमियों द्वारा उद्यम स्थापन की फाइलें किसान प्रगति केन्द्र पर ज्यादा समय तक लम्बित रहने की शिकायत भी की गई जिस पर एलडीएम द्वारा समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ओडी-ओपी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुद्रा योजना, स्टैण्डअप योजना, जैम पोर्टल, हस्तशिल्प विपणन प्रोत्साहन योजना, क्रेडिट गारन्टी निधि ट्रस्ट, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडी-ओपी टूल किट प्रशिक्षण योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति सब प्लान, अन्य पिछड़वर्ग के व्यक्तियों के प्रशिक्षण हेतु योजना, निवेशमित्र पोर्टल आदि की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ शशांक त्रिपाठी, उपायुक्त उद्यम अश्वनि पटेल, श्रम प्रर्वतन अधिकारी योगेश दीक्षित, डिप्टी आरएमओ लाल बहादुर गुप्ता, एलडीएम दशरथी बेहरा, सहायक नगरीय विकास अभिकरण अखिलेश सिंह, जगदीश रायतानी, भूपेन्द्र आर्य तथा अन्य उद्यमी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएचसी से तीन कोरोना संदिग्ध लापता

**ऊंचाहार,रायबरेली।** सीएचसी में जांच के लिए आए तीन संदिग्ध कोरोना मरीज गायब हो गए है। इससे पहले भी एक महिला अस्पताल से भाग गई थी। मंगलवार को सीएचसी ऊंचाहार में एनटीपीसी में काम कर रही एक निजी कंपनी में काम करने वाला झारखंड निवासी श्रमिक जांच के लिए आया हुआ था । प्रारंभिक जांच में उसमे कोरोना के लक्षण पाए गए थे। इसी प्रकार ऊंचाहार कस्बा निवासी एक व्यक्ति में भी कोरोना के लक्षण मिले थे। उधर फरीदपुर गांव निवासी एक व्यक्ति को भी कोरोना के लक्षण मिलने पर अस्पताल में रोका गया था। तीनो सदिग्ध मरीज को सीएचसी में एक स्थान पर बैठा दिया गया था। उसके बाद जिम्मेदार लोग बेपरवाह होकर दूसरा कामकाज निपटाने लगे। इधर संदिग्ध मरीजों को मौका मिला तो वह एक एक करके अस्पताल से भाग गए। तीन संदिग्ध मरीजों के भाग जाने के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया।

# घर से बाहर निकलने पर मास्क अवश्य लगाएं : जिलाधिकारी



**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आमजनमानस से कहा है कि कोविड-19 कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी रोकथाम एवं बचाव हेतु कोविड-19 कोरोना वायरस की गम्भीरता के दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य प्रोटोकाल का पालन करते हुए घर से बाहर निकलने पर मास्क अवश्य लगाए व सोशल डिस्टेसिंग का ध्यान रखें। लापरवाही के कारण ही कोरोना संक्रमण का प्रसार बढ़ता है, सभी से अपील है कि डरे नहीं, संयम रखें और उचित सावधानियों का कठोर रूप से पालन करें, इस बीमारी से लड़ने का क्वॉरन्टाइन और ऑइसोलेशन ही सबसे बेहतर तरीका है। यदि आपको, आपके परिवारजनों या आपके आसपास के किसी भी व्यक्ति को खाँसी, बुखार, साँस लेने में तकलीफ हो तो तत्काल जनपद में स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेन्टर के दूरभाष नंबर 0535-2203214, 2203320, 9532748340, 9532511074, 9532647079, 0535-2208145, 2701703, 2203214, 2701702 पर अविलम्ब सूचना दें।

# जर्जर पुलिया से गुजरते समय राख से लदा ट्रक नाले में पलटा

- ग्रामीणों व ड्राइवर व क्लीनर को बचाया

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**लोक** निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण पुलिया मरमतीकरण के नाम पर चार बार बनाए जाने के बाद भी आखिर मंगलवार देर रात को पुलिया टूट ही गयी। फतेहपुर से कोयले की राख लादकर डलमऊ की ओर आ रहे ट्रक डलमऊ फतेहपुर मार्ग पर निवास गंज गांव के पास नाले पर बनी जर्जर पुलिया से गुजरते समय अनियंत्रित होकर नाले में पलट गया जिससे हजारों रुपए कीमत की राख नाले में बह गई वहीं ट्रक पलटते ही ड्राइवर और क्लीनर की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा ट्रक का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया और प्राइवेट क्लीनिक पर उनका उपचार कराया गया। यही नहीं सूचना के बावजूद भी घटना के घंटों बाद तक डलमऊ पुलिस मौके पर नहीं पहुंची डलमऊ कस्बा क्षेत्र से गुजरने वाली डलमऊ फतेहपुर राज्य मार्ग गंगापुर डलमऊ से मुराई बाग तक जर्जर स्थित पर होने के कारण तथा डलमऊ माइनर और पड़वा नाला पर बनी पुलिया जीवन सिंह अवस्था में होने के बावजूद भी क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन और बिचौलियों की सांठगांठ से ओवरलोड ट्रक धड़ल्ले से बेखौफहोकर गुजारे जा रहे हैं जिसका खामियाजा लोगों को इस प्रकार की घटनाओं से भुगतना पड़ रहा है गंगापुर डलमऊ से मुराई बाग तक 3 किलोमीटर की दूरी में डलमऊ पुलिस की 2 पुलिस चौकियां होने के बावजूद भी धड़ल्ले से और लोड ट्रकों के गुजरने पर डलमऊ पुलिस पर सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं यही नहीं कस्बे में पुलिस और बिचौलियों के बीच आपसी लेनदेन कर ओवरलोड ट्रक गुजारने की चर्चाएं आम हो रही हैं।

# मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन की डीएम ने की समीक्षा

संवाददाता। गोंडा



मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों की बैठक करते डीएम डा. नितिन बंसल पायनियर

**जिलाधिकारी** डा. नितिन बंसल ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर कार्यवाही के क्रम में प्रस्तावों से सम्बन्धित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के अन्दर सभी प्रस्तावों का आगणन तैयार कराकर उचित माध्यम से वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन को भेजें।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री की वीसी के दौरान दिए गए प्रस्तावों की जनप्रतिनिधिवार समीक्षा की तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि विगत सप्ताह मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से देवीपाटन मण्डल के विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान मण्डल के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों पर अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इस बावत जिलाधिकारी ने मुगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों द्वारा समीक्षा के दौरान दिए गए प्रस्तावों पर सम्बन्धित विभागों द्वारा की गई अद्यतन कार्यवाही की समीक्षा की और सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याणमंत्री द्वारा मनकापुर-नवाबगंज मार्ग के निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा एनओसी दिलाए जाने के प्रस्ताव, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह द्वारा लखनऊ-फैजाबाद रोड बाईपास बनवाने के प्रस्ताव, विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी द्वारा राजकीय विद्यालय इटियाथोक के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने व धनावंटन कराए जाने के प्रस्ताव व जयप्रभा ग्राम में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना हेतु जमीन उपलब्ध कराने, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह द्वारा चन्दवतपुर घाट पर पुल बनवाने तथा रूपईडीह में सीएचसी व ट्रामा सेन्टर बनवाने के प्रस्ताव, विधायक गौरा प्रभात वर्मा द्वारा 23 किलोमीटर लम्बे सड़क मार्ग, कुआनों नदी पर पुल के निर्माण, कूक नगर ग्रन्ट में राजकीय विद्यालय, तरबगंज में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना व अग्नि शमन केन्द्र की स्थापना के प्रस्ताव सहित विभिन्न प्रस्तावों के सम्बन्ध में आगणन कराकर वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, एडीएम राकेश सिंह, सीआरओ आरआर प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, अधिशासी अभिन्ता पीडब्लूडी-प्रान्तीय खण्ड, खण्ड-1 व खण्ड-2, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसों में व्यापारी समेत तीन की मौत

**सुलतानपुर।** जिले के दो थानाक्षेत्र करौंदीकला व कादीपुर में हुए अलग-अलग हादसों में व्यापारी सहित तीन की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जौनपुर जिले के सद्दोपुर निवासी अजय सिंह अपने बाइक द्वारा सुरापुर से करौदीकला की तरफसे घर जा रहा थे। करौदीकला से सुरापुर की तरफ बुलेट से जा रहर जौनपुर जिले के बदलापुर थानाक्षेत्र निवासी जुमई ऊर्फ जुम्मन व सज्जाद अली शाह की करौंदीकला थानाक्षेत्र के विश्वनाथगंज गांव के पास आमने सामने भिड़ंत हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों वाहन इतने रफ्तार में थे कि टक्कर के बाद उस पर सवार काफी दूर जा गिरे। स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से सभी को सीएचसी कादीपुर पहुंचाया गया, जहां सज्जाद उर्फ साकिर व अजय सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल जुम्मन की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। उधर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सूरापुर कस्बे में शाहगंज से मछली लेकर जा रही पिकअप कस्बे के बाजार में अनियंत्रित हो गई। इसी बीच सड़क किनारे लगे हैंडपंप पर मिठाई दुकानदार रमेश मोदनवाल अपनी कढ़ाई धुल रहा था। पिकअप उसी के ऊपर जा कर पलट गई। लोगों की मदद से पिकअप को बांस बल्ली के सहारे उठाकर बाहर निकाल कर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### डेंगू की चपेट आने से चिकित्सक की मौत

**करनैलगंज( गोंडा )।** नगर के निजी चिकित्सक व समाजसेवी 75 वर्षीय डॉ. एखलाक अहमद लारी का डेंगू की चपेट आने से इलाज के दौरान निधन हो गया। डॉ. लारी के बेटे डॉ.अवसाफ अहमद लारी ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी तबियत खराब हुई तो लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां जाँच में उनको डेंगू पॉजिटिव पाया गया। इलाज चलता रहा उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। मौत के बाद उनको करनैलगंज लाया गया। जहां लारी रोड स्थित लारी दवाखाना में अंतिम दर्शन के लिए लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

### बाइक सवार बदमाशों ने चेन व मोबाइल छीना

**ऊंचाहार,रायबरेली।** बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर उससे सोने की चेन व उसका मोबाइल फोन छीन लिया है । मामले की शिकायत कोतवाली में की गई है । मामला इंदिरा नगर चौराहा का है । क्षेत्र के कंदरावा गांव निवासी विजय कुमार का कहना है कि वह बाइक से ऊंचाहार आ रहे थे । तभी इंदिरा नगर चौराहा स्थित गैस एजेंसी के पास बाइक सवार तीन युवक आए और उनको रोककर तमंचे के बल पर उनसे मोबाइल फोन और उनके गले से सोने की चेन को छीन लिया। उसके बाद बदमाश तेजी के साथ भाग गए । पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है । कोतवाल पंकज तिवारी का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है और बदमाशों का पता लगाया जा रहा है ।

### शिकायत से खफा दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

**सुलतानपुर।** सरकारी जमीन पर घर बनाकर अवैध रूप से निर्माण करने की शिकायत से बौखलाए विपक्षियों ने शिकायतकर्ता के घर पर हमला बोल दिया। घर में घुसकर महिला व युवक को पीटा और टीन शेड गिराकर सामान उठा ले गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। सेमरी पुरुषोत्तमपुर गांव में पंचायत की बंजर जमीन पर 20 सितंबर को गांव के ही एक व्यक्ति द्वार निर्माण किया जा रहा था। गांव के रविशंकर शुक्ल ने इसकी शिकायत लेखपाल, कानूनगो तथा पुलिस से की थी। शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य बंद करा दिया था। इसी बात से नाराज विपक्षी कई लोगों के साथ शिकायतकर्ता के घर लाठी डंडे से लैश होकर हमला बोल दिया। दबंगों ने उनको व उनकी माता को लाठी डंडा से पीटा तथा बरामदे में रखा सामान उठा ले गए। युवक ने कोतवाली देहात में तहरीर दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# मानक विपरीत कार्य कराने पर पैक्सफेड संस्था से होगी रिकवरीः आयुक्त

- बिना ई-निविदा प्रकाशन के ही कराया निर्माण कार्य

संवाददाता। गोंडा

**देवीपाटन** मण्डल के आयुक्त एसवीएस रंगाराव ने जनपद के विकास खण्ड मनकापुर व वजीरगंज में उप्र राज्य निर्माण सहकारी लिमिटेड (पैक्सफेड) इकाई गोण्डा द्वारा कराए गए इन्टरलाकिंग कार्यों में गड़बड़ी मिलने पर कार्यदायी संस्था के प्रबन्धक निदेशक, मुख्य अभियन्ता तथा अधिशासी अभियन्ता को सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदार से रिबकरी हेतु पत्र लिखा है। साथ ही आगामी 09 अक्टूबर तक रिकबरी की धनराशि जमा न करने पर 10 अक्टूबर को प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराते हुए अधिकारियों से रिकबरी की चेतावनी दी है। आयुक्त श्री रंगाराव ने मण्डल में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की तकनीकी जांच हेतु मण्डल स्तरीय समिति का गठन किया है ताकि जांच में कमी पाए जाने पर खराब काम करने वाली कार्यादायी संस्थाओं के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। इसी क्रम में मण्डलीय समिति ने कार्यदायी संस्था पैकफेड इकाई गोण्डा द्वारा कराए गए कार्यों गोण्डा में विकासखण्ड वजीरगंज के ग्राम करनीपुर में, विकासखण्ड मनकापुर के ग्राम पचपुती जगतापुर व ग्राम हड़हवा में हुई इन्टर लाकिंग रोड व नाली निर्माण की कार्य की जांच की, जिसमें बड़ी अनियमितता सामने आई है। आयुक्त ने बताया कि जांच में पाया गया है कि कार्य हेतु निकाली ई-निविदा में अंकित एस्टीमेटेड कॉस्ट प्राक्कलन में अंकित लागत से अलग है तथा ई-निविदा को किसी भी राष्ट्रीय या स्थानीय समाचार पत्र में नहीं छपवाया गया और न ही इसका प्रचार-प्रसार किया गया। इसी के साथ परियोजना के पूर्ण होने की तिथि मई-जून 2020 है जबकि अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। प्राक्कलन में प्रयोग किए ड्राई स्टोन बैलास्ट की दर में भिन्नता पाई गई है। उन्होंने बताया कि जांच में आई रिपोर्ट के अनुसार कार्य स्थल की स्थिति, प्राक्कलन तथा अन्य अभिलेखों की जांच के सापेक्ष तीनों परियोजनाओं में तकनीकी समिति द्वारा 07 लाख 45 हजार 836 रूपए की रिकबरी प्रस्तावित की गई है। आयुक्त ने इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी व ठेकेदार का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आगामी 09 अक्टूबर तक रिकबरी कराकर धनराशि जमा कराने के लिए कार्यदायी संस्था पैक्सफेड के प्रबन्ध निदेशक, धीरेन्द्र सिंह, मुख्य अभियन्ता अशोक कुमार तथा अधिशासी अभियन्ता संतोष कुमार पाण्डेय को पत्र लिख कर निर्धारित समयावधि में रिकबरी कराने के निर्देश दिए हैं।

## डीएम ने किया बीएसए कार्यालय का निरीक्षण

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। इस कार्यालय में राजकीय तथा परिषदीय कर्मचारियों को मिलाकर कुल 09 लिपिक तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व ड्राइवर कार्यरत हैं। एक कर्मचारी नीरज श्रीवास्तव कार्यालय में नहीं थे, इनके हस्ताक्षर समय के अंकन के साथ उपस्थिति पंजिका में कराया जाय। अजीत कुमार श्रीवास्तव अवकाश पर हैं इनका अवकाश प्रार्थना पत्र 25 सितम्बर को उपस्थिति पंजिका में रखा गया है, जिसे बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने कार्यालय में उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्टेनों जेपी तिवारी को निर्देशित किया गया कि कोई भी अवकाश प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर उसी तिथि में ही स्वीकृत कराया जाय। बीएसए चौम्बर साफ था, परन्तु और साफ-सफाई अपेक्षित है।

# आधारकार्ड बनवाने उमड़ी भीड़ ने तोड़े कांच, पुलिस ने खदेड़ा

**लालगंज रायबरेली।** प्रधानडाकघर में आधारकार्ड बनवाने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। समय से काम शुरू न हुआ तो लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। खिड़कियों के शीशे तोड़दिए। बाद में पीएसी ने उन्हें खदेड़ा तो नाराज लोग डाकघर के इर्दगिर्द इस उम्मीद में दोपहर तक एकत्र रहे कि शायद काम शुरू हो और उनके आधार कार्ड बन जाएं।दरअसल लालगंज क्षेत्र में केवल प्रधानडाकघर लालगंज में ही आधार कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। जिसके चलते यहां प्रतिदिन भारी भीड़ उमड़ती है।आधार कार्ड बनाने के लिए पहले से लोगों को टोकेन बांट दिए जाते हैं। उसी के आधार पर लोग प्रतिदिन आते हैं और लाइन में घंटो खड़े होकर अपने आधार कार्ड बनवाते हैं। लेकिन उन लोगों के आधार कार्ड आते ही बन जाते हैं जिनका ठेका वहां मौजूद दलाल लिए रहते हैं। सुविधा शुल्क देने वालों के लिए न तो टोकेन जारी होता है और न कोई लाईन ही लगती है। एक माह पहले टोकेन बांटे गए थे। उसके बाद से जब भी कोई आधारकार्ड बनवाने या अपडेट कराने जाता था तो उसे 29 सितंबर को टोकेन लेने के लिए बुलाया जाता था।यही कारण था कि आज सुबह 4 बजे से ही प्रधान डाकघर में टोकेन लेने वालों की लाइन लगना शुरू हुई। कुछ देर में ही हजारों की संख्या में लोग वहां पहुंचे तो लाइन सड़क पर भी लगनी शुरू हो गई। एक किलोमीटर दूर तक लाइन लगने से सड़क पर जाम की समस्या शुरू हो गई। कुछ देर बाद लाइन में खड़े लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। डाकघर की खिड़कियों में लगे कांच तोड़ दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दंगाइयों को वहां से खदेड़ दिया।आधार कार्ड का तो छोड़ो प्रधानडाकघर का काम भी बंद रहा।कार्यवाहक पोस्टमास्टर कमल मिश्रा ने बताया कि अन्य किसी भी जगह आधार कार्ड न बनने की वजह से यहां भीड़ हो रही है। टोकेन के आधार पर आधार कार्ड बनवाए जा रहे हैं। प्रतिदिन अस्सी से सौ आधार कार्ड ही बन पाते हैं।

# उद्योग को बढ़ावा देने में बैंकों की अहम भूमिका: डीएम

## बैंकों द्वारा विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं में प्रगति नहीं होने पर जताई कड़ी नाराजगी

**संवाददाता** । मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि स्व-रोजगार योजनाओं में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें, जिस बैंक की प्रगति खराब होगी, उसके विरूद्ध कार्रवाई हेतु उनके उच्चाधिकारियों को पत्राचार अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों को बढावा देने में बैकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है अतएव उद्योग विभाग द्वारा जो आवेदन पत्र बैंकों ऋण के लिए भेजा जाये उसमें अपेक्षित प्रगति लाएं। जिलाधिकारी श्री सुशील कुमार पटेल आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु के बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उद्योग विभाग के प्रबन्ध उद्योग के द्वारा अवगत कराया गया है कि विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योयजना अन्तर्गत शासन द्वारा भौतिक लक्ष्य 60 तथा वित्तीय लक्ष्य 116.4.0 लाख आवंटित किया गया जिसके सापेक्ष भौतिक 208 एवं वित्तीय 334.58 लाख आवेदन पत्र आन लाइन बैंक शाखाओं को प्रेषित कर दिया गया है तथा यूजर आईडी एवं पावर्ड जिला अग्रणी प्रबन्धक के माध्यस सम समस्त शाखा प्रबन्धोंक को प्रेषित किया गया है, परन्तु अभी तक मात्र 10 अआवेदनपों की स्वीकृति करते हुए चार आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्रवाई किया गया है। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत् शासन द्वारा जनपद को भौतिक लद्वय 110 एवं वित्तीय 275 लाख आवंटित किया गया, जिसके सापेक्ष सोक्षात्कार के माध्यम से पात्र पाये गये 108/297.43 लाख का आवेन पत्र आन लाइन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किया जिसमें अभी तक छह आवेदप पत्र स्वीकृति करते हुए तीन आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्रवाई की गयी है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम 2019-20 के अन्तर्गत भौथ्तक लक्ष्य 44 एवं वित्तीय लक्ष्य 132 लाख आवंटन के सापेक्ष पात्र गये 150/506.35 लाख का आवेदन पत्र सम्बंधित बैंक शाखाओं को भेजा गया।

## दो मोटरसाइकिलें भिंड़ीं एक की मौत, दो घायल

बीजपुर (**सोनभद**)। स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा जरहां के टोला पोथी पाथर में सोमवार की देर सायं दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। दुर्घटना के पश्चात आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बीजपुर पुलिस ने घायलों को एनटीपीसी रिहन्द स्टेशन के धनवंतरी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया, वहीं दो घायलों का भर्ती कर लिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर यादव ने बताया कि ग्राम सभा जरहां के टोला पोथीपथर में दो मोटर साइकिल सवार आपस में भिड़ गए जिसमें स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा झीलों निवासी 35 वर्षीय धनराज पुत्र राम बदन की मौत हो गई है। वहीं मृतक का लड़का छह वर्षीय सोनू घायल हो घायल हो गया तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार घायल हो गया।

# कोविड-19: प्रोटोकाल का अनुपालन कराएंगे जिला स्तरीय अधिकारी

## निजी चिकित्सालयों में प्रोटोकाल अनुपालन व सुविधाओं के निरीक्षण के लिए की गई तैनाती

**संवाददाता** । बस्ती

**निजी** चिकित्सालयों में कोविड-19 के प्रोटोकाल का अनुपालन कराने के लिए 25 जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। यह अधिकारी ओपीडी के दौरान अस्पताल जाकर शारीरिक दूरी, मास्क लगाने,व्यक्तिगत स्वच्छता के पालन के लिए हाथ धोने की सुविधा का निरीक्षण करेंगे।प्रत्येक निजी चिकित्सालय पर जिला स्तरीय अधिकारी ओपीडी के समय में जाएंगे, कोविड-19 के प्रोटोकाल, मरीजों का विवरण दर्ज करने का रजिस्टर, हेल्प डेस्क, प्रचार-प्रसार के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जांच कर अपनी रिपोर्ट डीएम को उपलब्ध कराएंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अधिकारियों की बैठक में डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि निजी चिकित्सालय में पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा कोविड-19 से बचाव के बारे में जागरूकता फैलाने वाले संदेश अवश्य प्रसारित होना चाहिए। एंटीजन किट की उपलब्धता, कोविड-19 के लिए सैम्पलिंग, टेस्टिंग के लिए लगाई गई टीमों की संख्या, क्रमिक सैम्पलिंग की स्थिति, तत्कालिक टेस्टिंग, रेफरल की स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा।निर्देश दिया है कि प्रत्येक निजी चिकित्सालय में एक आईसोलेशन वार्ड भी तैयार किया जाए, जिसमें पाजिटिव पाए गए मरीज को रखकर बेसिक इलाज किया जाए। जांच में पाजिटिव पाए जाने पर मरीज के बारे में एकीकृत कमाण्ड सेण्टर एवं कंट्रोल के फोन नम्बर- 05542-245672 पर सूचित किया जाए। इससे पूर्व पुलिस लाइन सभागार में आईएमए के पदाधिकारी डाक्टरों, निजी चिकित्सालयों के संचालको के साथ बैठक कर कोविड-19 के प्रोटोकाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अन्होने सभी से अपील किया है कि उनके यहां इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों का कोविड-19 का एंटीजन टेस्ट कराएं। पाजिटिव पाए गए मरीजों की जानकारी एकीकृत कमांड सेंटर एवं कंट्रोल के फोन पर सूचित करें। किसी भी दशा में कोविड-19 पाजिटिव पेशेंट को होम आइसोलेशन में न भेजें और न ही उसको घर जाने दें। कहा कि सभी चिकित्सालय में सीएमओ कार्यालय से एंटीजन टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है।

## कोरोना संक्रमित मिले नौ न्यायालय कर्मी

**बस्ती**। जनपद न्यायालय के 9 अधिकारी, कर्मचारी कोविड-19 संक्रमित पाए गए है। एंटीजेन जांच में उनमें कोविड-19 पाजिटिव होने की पुष्टि हुई है। इसे देखते हुए न्यायाधीश अमरजीत त्रिपाठी ने कोरोना वायरस महामारी के संक्रमण की रोकथाम के लिए न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों व कार्यालयों को 30 सितम्बर तक बन्द करने का आदेश दिया है। न्यायिक अधिष्ठान के न्यायालय सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायालय (एससी/एसटी एक्ट), विशेष न्यायालय (ईसी एक्ट), विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय (पाक्सो एक्ट), विशेष न्यायालय (गैंगेस्टर एक्ट), विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट), मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट, सिविल जज (सीडि), सिविल जज (जूडि), सिविल जज (जूडि) खलीलाबाद में न्यायालय वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से कार्य करने के लिए संचालित रहेंगे।

## होम क्वारंटाइन मरीजों की निगरानी करने का निर्देश

**संवाददाता** । मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने ट्रामा सेन्टर में कोविड-19 के दृष्टिगत कोरोना के रोकथाम व बचाव के लिये किये जा रहे उपायों के बारे में अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि होम क्रंटाइन किये मरीजों की निगरानी के लिये प्रति दिन उनके बारे में जानकारी लेकर टम्परेचर आदि के बारे में जानकारी ली जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने पाजटिव आये मरीजों के किस-किस अस्पताल में कितने व कितनों को होम क्वरंटाइन किया गया है के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 27-9-2020 को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल 22 मरीज पाजिटव आये जिनमें 16 पुरूष एवं 06 महिलाएं शामिल है।

# हिन्दी के प्रचार-प्रसार में गति लाने की जरूरत

## 67वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** । सोनभद्र

**एनटीपीसी** विंध्याचल में वैश्विक महामारी में सोशल डिस्टेन्सिंग को ध्यान में रखते हुए मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा माइक्रोसॉफ्ट टीम के माध्यम से 67वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य परियोजना के अंतर्गत विभागों अनुभागों में राजभाषा अधिनियम नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना एवं इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन करना है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक कार्यकारी निदेशक विंध्याचल, मुनीश जौहरी की अध्यक्षता में जुलाई से सितंबर की तिमाही हेतु आयोजित की गई। इस ऑनलाइन बैठक में मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण आरके राऊत, अन्य महा प्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं उप महाप्रबंधक राजभाषा केन्द्रीय कार्यालय के साथ साथ समिति के अन्य सदस्य जुड़े । राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कार्यकारी निदेशक विंध्याचल मुनीश जौहरी ने सभी विभागाध्यक्षों को हिंदी के प्रचार प्रसार में गति लाने, हिंदी पत्राचार को बढ़ाने के साथ साथ राजभाषा कार्यान्वयन समिति में लिए गए निर्णयों एवं राजभाषा कार्यान्वयन से संबन्धित संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करने और अधिकाधिक कार्य राजभाषा हिंदी के माध्यम से किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि इस समय में राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु माइक्रोसॉफ्ट टीम के माध्यम से बैठक का आयोजन सराहनीय है।

## दूसरी पुण्यतिथि पर याद किए जाएंगे शिक्षाविद सूर्य नारायण

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**शिक्षा** की अलख जगाने वाले पूर्वांचल के मालवीय स्व. पण्डित सूर्य नारायण चतुर्वेदी की दूसरी पुण्यतिथि तीन अक्टूबर को मनाई जाएगी। महुली क्षेत्र के भिटहा में आयोजित दूसरे पुण्यतिथि के अवसर पर चतुर्वेदी परिवार के सदस्य गरीबों में वस्त्र इत्यादि दान कर अपने दादा स्व. चतुर्वेदी की दूसरी पुण्यतिथि मनाएंगे। दूसरे पुण्यतिथि के अवसर पर जिले ही नही बल्कि पूरे पूर्वांचल के जाने माने शिक्षाविद, समाजसेवी और राजनैतिक जगत से जुड़ी हस्तियां उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के लिए भिटहा पर्वता गांव पहुंचेंगे। जिले के एक छोटे से गांव भिटहा पर्वता से 'शिक्षा की अलख जगाने वाले स्व. पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी के जीवन के उपलब्धियों की यदि हम यहां बखान करे तो लिखने के लिए शब्द ही कम जाएंगे।

# प्रधान का फरमान, दोबारा जीताओ, तब बनेगा मकान

## कुदरहा ब्लॉक के ग्राम बगही उर्फ बेनीपुर का मामला

## फर्जी मकान की नींव की जिओ टैगिंग करके कर लिया 1.20 लाख का बंदरबांट

**संवाददाता** । बस्ती

**कुदरहा** ब्लॉक के ग्राम बगही उर्फ बेनीपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ है। प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर धन हड़पने की नीयत से पहले फर्जी मकान की नींव का फोटो खींचकर उसे जिओ टैग किया, उसके बाद तीन किश्तों में मिले एक लाख 20 हजार का बंदरबांट कर लिया। मकान बनाने के लिए जब प्रधान से लाभार्थी कहता तो उससे कहा जाता कि दुबारा जीताओ तक मकान बनवा देंगे। मजबूर होकर प्रधान के खिलाफ कलवारी थाने में मुकदमा दर्ज की तहरीर दी गई। शिकायत में फर्जीवाड़ा पाए जाने पर जियो टैग करने वाले सेक्रेटरी वीरेंद्र कुमार को नोटिस जारी हुआ है। कुदरहा ब्लॉक के ग्राम बगही उर्फ बेनीपुर के छोपड़ पटटी में रहकर गुजर बसर करने वाले राम नरेष उर्फ अगरदी पुत्र दुखरन को प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत वर्ष 19-20 में क्रम संख्या 33 पर आवास आवंटित हुआ। आवास पाकर मानो रामनरेश के परिवार को कोई खजाना मिल गया। परिवार ने प्रधामंत्री सहित अन्य का धन्यवाद ज्ञापित किया। मगर उसे क्या मालूम था कि मकान का सपना, सपना ही रह जाएगा। थाने में दी गई तहरीर में कहा गया कि प्रधान और एक अन्य व्यक्ति ने मकान बनाने के नाम पर उससे एक लाख 20 हजार निकलवा कर रख लिया। जब काफी दिन हो गया और मकान नहीं बना तो वह प्रधान से मकान बनाने की जिद करने लगा। इस पर प्रधान ने कहा कि दोबारा प्रधान बनाओ तो मकान बनवा देंगे। इस पूरे मामले में सबसे खराब भूमिका सेक्रेटरी की रही, जिसने फर्जी मकान के नींव की जिओ टैगिंग कर दी। इसकी षिकायत विकास भवन में की गई। छानबीन हुई, सेक्रेटरी को नोटिस दिया गया। चूंकि इस योजना में सरकारी रुप में प्रधान की कहीं भी कोई भूमिका नहीं हैं, इस लिए प्रधान के खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई नहीं हो सकती। एफआईआर के जरिए ही प्रधान के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

## गुमशुदा मोबाइल वापस पाकर खिल उठे 66 लोगों के चेहरे

**बस्ती( सं. )**। गुमशुदा 66 मोबाइलों की पुलिस सर्विलांस सेल ने बरामदगी की है। बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सौपा गया। अपनी गुमशुदा मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल गए। इसके लिए गायब मोबाइल वापस पाए लोगों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

विभिन्न कम्पनियों के बरामद 66 मोबाइल गुम होने के बारे में सर्विलांस सेल में सूचना दर्ज कराई गई थी। एसपी हेमराज मीणा ने मोबाइलों की बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल टीम को निर्देशित किया था। सर्विलांस सेल ने गुमशुदा मोबाइलों को खोज निकाला। इसके बाद एसपी आफिस में बुलाकर उसके वास्तविक स्वामियों को उसे सौपा गया। जो मोबाइल बरामद की गई उसमें सैमसंग, रियल मी, रेडमी, ओप्पो, वीवो, वीवीआई, वाई, एमआई,स्पार्क गो प्लस, आनर, वाई मेक के मोबाइल शामिल है।

# कोविड-19: नोडल अधिकारी ने सीएमओ को दिया निर्देश

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**अपर** मुख्य सचिव व के नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार मे कोविड-19, संचारी रोग नियंत्रण, स्वच्छता अभियान एवं पेयजल सहित जनपद के कानून व्यवस्था की समीक्षा के पहले चरण में नोडल अधिकारी श्री कुमार ने कोविड-19 संक्रमण की स्थित, बचाव हेतु किये जा रहे प्रशासनिक प्रयासों आदि की समीक्षा मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 हरगोविन्द सिंह से आंकड़ों की जानकारी प्राप्त करते हुये किया। श्री कुमार ने जनपद में कोविड-19 के कारण अबतक हुये कुल मृत्यु (कुल 36) एवं वर्तमान माह में हुये कुल 13 लोगों के मृत्यु के बिन्दु पर एक-एक केस के बारे में सी.एम.ओ. से पूछताछ करते हुये निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा कोरोना टेस्ट करके संक्रमण के प्राथमिक अवस्था में ही पहचान कर आवश्यक सुविधायें



प्रदान की जाये। शहरी क्षेत्रों में संक्रमण की अधिक संभावना के दृष्टिगत उन्होंने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल नें जनपद में कोविड-19 के रोकथाम एवं बचाव हेतु प्रशासनिक स्तर पर चुस्त दुरुस्त व्यवस्था, सुरक्षात्मक उपायों का प्रचार प्रसार तथा कोरोना संक्रमित को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया।

## प्रतिभागियों को डीएम ने किया सम्मानित

**संवाददाता** । बस्ती

**राष्ट्रीय** पोषण माह के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को डीएम आशुतोष निरंजन ने सम्मानित किया। बस्ती सदर, कुदरहा, साऊंघाट, कप्तानगंज परियोजनाओं द्वारा आयोजित पोषण वस्तुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पांच गर्भवती महिलाओं का गोदभराई करते हुए पोषण किट प्रदान किया। इसके अलावा पांच बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्रासन किया।

निबन्ध प्रतियोगिता सीनियर में दिव्यांशी पाण्डेय, तमन्ना चौहान, मयंक तिवारी, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिमा गुप्ता, आलोक पाण्डेय, स्वाति, शिखा मोदनवाल, चित्रकला में अमीशा जायसवाल, श्रद्धा मिश्रा, शिवा, निबन्ध प्रतियोगिता जूनियर में चित्रा पाण्डेय, धम्म आदित्य, रेहान खान, स्लोगन प्रतियोगिता में वैष्णवी गुप्ता आदि को सम्मानित किया।

# हाथरस की घटना को लेकर जनवादी महिला समिति ने सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता** । बस्ती

**हाथरस** जिले के बाल्मीकि समाज की बेटी के साथ बलात्कार और बीभत्स हिंसा के कारण अस्पताल में हुई मौत पर जनवादी महिला समिति ने आक्रोश व्यक्त किया है। दोषियों की गिरफ्तारी, परिजनों को 20 लाख रूपया मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जनवादी महिला समिति की रेणु बाला, वंदना चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं का समूह न्यायमार्ग स्थित कार्यालय से डीएम कार्यालय पहुंचा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन सौपने वालों में पूनम देवी, सोनी, इंद्रावती, दिलराजी, तिरपति, धर्मा, नइका, अनारा देवी, वंशराजी, कलावती, मालती, ऊषा देवी, बेबी ,नीलू, शीला आदि शामिल रहीं।

# जिला जज व डीएम ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता** । मीरजापुर

**जनपद** न्यायाधीश लाल चन्द्र गुप्ता और जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ने मंडलीय कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश महोदय के द्वारा जेल विभिन्न स्थलों एवं बैरकों में लगाये गये सीसी कैमरा के फुटेज का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों के द्वारा जेल के सभी आवश्यक रजिस्टरों एवं पत्रावलियों का भी गहन जांच की गयी। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट एवं सीजेएम इंद्र जीत सिंह ने सभी बैरकों में, किचन व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस मौके पर न्यायाधीश ने जेल के कैदियों को खाना व नाश्ता आदि देने के समय के बारे में जानकारी ली और कहा कि कैदियों को खाना व नाश्ता समय से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जेल में कैदियों के कोरोना पाजटिव के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और कहा समय-समय पर कैदियों के टम्परेचर आदि की जांच की जाए तथा बैरकों में सोशल डिस्टेंस का पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने कलेक्ट्रेट के मालखाना का भी निरीक्षण किया गया। कारागार अधीक्षक अनिल कुमार राय जेल में निरूद्ध बंन्दियों के विवरण के सम्बन्ध में बताया कि विचाराधीन बन्दियों की संख्या में पुरुष 446 महिला बन्दी 31, तथा किशेर बन्दी 41 कुल 519 बन्दी है।। इसी प्रकार सिद्धदोष बन्दियों में 136 पुरूष, आठ महिला कुल 144 तथा प्रशासनिक आधार पर प्राप्त बन्दियों में 21 पुरूष, एवं अस्थाई जेल राजकी पालीटेक्निक कालेज चुनार में 70 पुरुष बन्दी निरूद्ध किये गये हैं इस प्रकार कुल जिला कारागार में 673 पुरुष, 40 महिला 41 किशोर बन्दी को मिला कुल 754 बन्दी वर्तमान में निरूद्ध किये गये हैं।

# सचेत रहने पर स्वस्थ रह सकते हैं हृदय रोगी: डा. मोहन झा

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**विश्व** हृदय दिवस स्वास्थ्य प्रशासन ने मंगलवार को बघौली विकास खण्ड के बीआरसी बघौली पर मनाया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गो को स्वास्थ्य के विषय में जागरूक करते हुए जानकारी दी। इस आयोजन में स्थानीय शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित रहीं। उनके माध्यम से भी जागरूक करने के लिए अपेक्षा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मोहन झा ने बताया कि भोजन पर हृदय रोगी को विशेष ध्यान देने की जरुरत होती है।




वह खाने में प्रोटीन की मात्रा बढ़ा दें। दालें और हरी सब्जी, ताजे फल खाए जाने चाहिए। रोटी-चावल कम कर दें। नमक का सेवन कम करें, दवा नियमित और समय पर लें। जिला अस्पताल की मनोचिकित्सक डॉ. तन्वंगी मणि शुक्ला कहती हैं कि हृदय रोगियों के लिए सबसे अहम बात यह है कि वह विभिन्न न्यूज चौनल्स पर लगातार कोरोना के समाचारों को कतई न देखें। समाचार पत्र बहुत देर तक न पढ़े तथा परिवार के बीच अधिकतर समय सामान्य दिनचर्या के हिसाब से बिताएं। किसी भी दशा में अतिरिक्त तनाव लेने की कोशिश कतई न करें। दवाओं के सेवन में लापरवाही कदापि न बरतें। कोरोना के बारे में सोचें ही नहीं। सब कुछ सामान्य रहेगा। इस अवसर पर कोरोना से सम्बन्धित भी विषयों पर जागरूक किया गया।

## मगरमच्छ के हमले में युवती की मौत

घोरावल (**सोनभद्र**)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पड़वनिया गांव में मंगलवार की सुबह तालाब के किनारे गई युवती को मगरमच्छ ने झपटकर पानी में खींच लिया। इससे पानी में डूबने से युवती की मौत हो गई। बताया गया कि संजू (19 वर्ष) पुत्री रामविलास आदिवासी निवासी पड़वनिया सुबह नित्य क्रिया के लिए गांव में तालाब के किनारे गई थी। उसी दौरान अचानक पानी से निकले मगरमच्छ ने उसके पैर को खींच लिया। उसकी चीख पुकार सुनकर वहां नजदीक में रहे युवकों ने दौड़ लगाई। जहां पहुचे ग्रामीणों की तेज आवाज तथा शोरगुल सुनकर अपनी ओर आते हुए देख मगरमच्छ ने संजू को तलाब के बीच ले जाकर छोड़ दिया। जब तक बाकी ग्रामीणों को जानकारी होती वह गहरे पानी में असहाय होकर डूब गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से लगभग घंटे भर बाद जब तक उसे पानी से बाहर निकाला गया। वह काफी पानी पी चुकी थी उसकी मौत हो गई।

# दंपतियों को अपना पसंदीदा गर्भनिरोधक चुनने के लिए किया गया प्रोत्साहित

## गर्भ निरोधक दिवस पर 2306 लोग हुए लाभान्वित

**संवाददाता** । सोनभद्र

**परिवार** नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय सहित जनपद के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप केंद्रों पर गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भ निरोधक स्टाल लगाए गए और दंपतियों को बास्केट ऑफ च्वाइस के जरिए अपना पसंदीदा गर्भ निरोधक चुनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा 2306 लाभार्थियों को गर्भनिरोधक साधनों का निशुल्क वितरण कर उन्हें लाभान्वित कराया गया। फैमिली प्लानिंग के प्रभारी डॉ आरजी यादव ने बताया कि बीते 26 सितंबर 2020 को सभी स्वास्थ्य के इकाइयों पर गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। आशा, एएनएम व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले लाभार्थियों को गर्भ निरोधक साधनों के प्रति जागरूक किया गया और बच्चों में अंतर रखने तथा अनचाहे गर्भ से बचने हेतु गर्भ निरोधक साधनों को अपनाने के लिए सुझाव भी दिया गया। उन्होंने बताया कि फैमिली प्लानिंग के मुताबिक दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर होना चाहिए ।शादी के दो वर्ष बाद पहला बच्चा होने पर उसका पालन पोषण भी अच्छी तरह से हो पाता है।

दंपति को एक दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है इसलिए सबसे जरूरी है कि अपने पसंद के अनुसार गर्भ निरोधक साधन चयन कर पूरी तरह सोच समझकर भविष्य की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बेहतर फैमिली प्लानिंग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रति वर्ष सितंबर माह में गर्भ निरोधक दिवस मनाया जाता है।

जिसमें लाभार्थियों को निशुल्क गर्भ निरोधक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। डॉक्टर आर जी यादव के मुताबिक इस वर्ष 26 सितंबर को गर्भनिरोधक दिवस पर 55 लोगों को अंतरा इंजेक्शन, 300 लोगों को छाया गोली, 745 लोगों को कंडोम, 960 को माला एन, 140 लोगों को आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली तथा 106 को कापर टी का नि:शुल्क वितरण कर उन्हें लाभान्वित कराया गया।

इसके अतिरिक्त गर्भ निरोधक साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि आशा, एएनएम तथा स्वास्थ्य संयुक्त इकाइयों का सहयोग सराहनीय रहा है।

## गांधी जयंती पर सपाई रखेंगे दो घंटा मौन: गौहर

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**आगामी** दो अक्टूबर को गांधी की जयन्ती जिला मुख्यालय पीडब्ल्यूडी डाक बंगले के सामने खलीलाबाद में जिलाध्यक्ष गौहर अली खां की अध्यक्षता में मनायी जाएगी। भाजपा राज में युवाओं का भविष्य अंधेरे में है। शिक्षा संस्थान बंद है। आनलाइन पढ़ाई के नाम पर गांवो में रहने वाले छात्र-छात्राओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय है। अपराध बढ़ रहे है, भाजपा सरकार उसके आगे बेदम दिख रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, श्रमिक, अधिवक्ता और विपक्ष का दमन कर सत्तारूढ़ दल द्वारा की जा रही लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी, नेता एवं कार्यकर्ता गांधी के चित्र के सामने दो घंटे का मौन व्रत रखकर सत्याग्रह करेंगे। इस अवसर पर जिला संगठन के समस्त पदाधिकारी, पूर्व सांसद, विधायक, विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष आदि मौजूद रहेंगे।

# किसानों को गुमराह करने में लगे विपक्षी : रमापति

संवाददाता। देवरिया



**विपक्षी** दल अपने राजनीतिक स्वार्थ मैं किसानों को गुमराह करने के लिए मिथ्या एवं अनर्गल प्रचार कर रहे हैंए जबकि एमएसपी की व्यवस्था जारी रहेगी। सरकारी खरीद और मंडी व्यवस्था भी जारी रहेगीए लेकिन इसके साथ.साथ किसानों को वैकल्पिक बाजार की व्यवस्था मिलेगी तथा कृषि क्षेत्र में बहुत बड़ा निवेश किया गया है। उक्त बातें सदर सांसद डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी ने जिला पंचायत के सभागार में पत्रकारों के साथ वार्ता में कही।
उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाये गए हैं। प्रधानमंत्री ने एमएसपी निर्धारण में स्वामीनाथन समितियों की सिफारिश को लागू किया हैए जिससे लागत मूल्य में कम से कम 50 मुनाफा जोड़कर एमएसपी का निर्धारण किया जाता है। कहा कि एमएसपी को बढ़ाने के साथ.साथ उपार्जन प्रक्रिया को दुरुस्त किया गया हैए ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसका लाभ मिल सके। कहा कि कोविद.19 से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद 390 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गयाए जोकि विगत वर्ष से लगभग 15: ज्यादा है एवं 75 हजार करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया। गेहूं के उपार्जन केंद्रों को डेढ़ गुना तथा दलहन.तिलहन के उपार्जन केंद्रों को 3 गुना बढ़ाया गया है।सभी कृषि संबंधित गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित होती रहे। इस हेतु सरकार ने सभी सुविधाएं एवं रियायतें प्रदान की है। कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कृषि अवसंरचना फंड के रूप में 1 लाख करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान केंद्र सरकार द्वारा ने किया गया है। वही पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अभी तक लगभग 10 करोड किसान लाभान्वित हुए हैं। कोविड.19 के दौरान पीएम किसान में लगभग 9 करोड़ किसानों को लगभग 38 हजार करोड रुपए जारी किए गए। पिछले 6 माह में 1०29 करोड़ नए केसीसी जारी किए गए एवं 1 लाख 12 हजार करोड़ की क्रेडिट लिमिट केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई है। कहाँ कि एमएसपी पूर्व की तरह जारी रहेगी। एमएसपी पर किसान अपनी उपज विक्रय कर सकेंगे। रवि की एमएसपी अगले सप्ताह घोषित की जाएगी। मंडियों में इनाम ट्रेडिंग व्यवस्था भी जारी रहेगी देश में 10 हजार कृषक उत्पादक समूह निर्मित किए जा रहे हैं। ये उत्पाद समूह छोटे किसानों को जोड़कर उनकी फसल को बाजार में उचित लाभ दिलाने की दिशा में कार्य करेंगे।

## अन्तर्राजीय वाहन व ट्रक चोर गिरोह का भंडाफोड़



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया डा. श्रीपति मिश्र के निर्देशन में एसओजी प्रभारी मय टीम वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए पूरवा तिराहा पर मौजूद थे कि मुखबिर की सूचना पर एक जीप कम्पॉस वाहन संख्या 06 ,0999 को रोकने का प्रयास किया गया कि वह एसओजी टीम पर जान से मारने की नीयत से वाहन आगे बढ़ाते हुए देवरिया शहर की तरफ बढ़ने लगेए जिसपर एसओजी टीम देवरिया द्वारा वाहन से उक्त वाहन का पीछा कर कॉपरेटिव चैराहे के पास अभियुक्तों द्वारा अपने आप को पुलिस से घिरा पाकर फायर किया गया जिसपर पुलिस टीम द्वारा हवाई फायर कर रोक लिया गया तथा वाहन में से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनके द्वारा अपना नाम पता डब्लू सिंह उर्फ चन्द्रभूषण सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी,छितनपुर थाना असावं जनपद सीवान बिहार, बृजेश सिंह पुत्र वशिष्ट सिंह निवासी छितनपुर थाना असावं जनपद सीवान बिहार, विशाल सिंह पुत्र हृदयानन्द सिंह निवासी,पिपरा थाना आंदर जनपद सीवान बिहार, 04 राहुल कुमार सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी रैपुरा जीरादेई सीवान बिहार बताया गया। अभियुक्त डब्लू सिंह उर्फ चन्द्रभूषण सिंह के पास से एक अदद देशी तमंचा जिसमें एक अदद खोखा कारतूस व एक अदद जिंदा कारतूस मिलर है।

## डीएम व सीडीओ ने किया जिला उद्यान कार्यालय निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा जिला उद्यान कार्यालयए सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा उपस्थिति रजिस्टर को देखा गया। इसके साथ ही साथ उद्यान कार्यालय के समस्त पटलों को निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि निष्प्रयोज्य सामानों की नीलामी कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ उद्यान कार्यालय के सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भारत सरकारध्उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये जा रहे अनुदान नियमानुसार समय से किसानों के खाते में प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आप लोग अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों पर किसान ने लगाए धोखाधड़ी का आरोप

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** जिले के एचडीएफसी बैंक शाखा डुमरियागंज के कर्मचारियों पर किसान ने लगाए धोखाधड़ी का आरोप।डुमरियागंज के थानाध्यक्ष के डी सिंह को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।डुमरियागंज के सिकटा गांव निवासी धर्म प्रकाश सिंह उर्फ फुल्लूर ने डुमरियागंज थाने पर तहरीर दी है जिसमें उन्होंने लिखा है कि प्रार्थी के द्वारा एचडीएफसी बैंक डुमरियागंज से करीब चार साल पहले केसीसी रुपए 578000 का बनवाया था।जिसका कुल देय भुगतान 622753 बनाए, जिसका भुगतान वर्ष 2017 में किस्तों में 698000 कर दिया। उसके बाद प्रार्थी ने बीमारी के कारण कई महीनों तक बैंक नहीं जा सका। तबियत ठीक होने पर? किसान अपने बकाया राशि से रु 45647 अधिक किए गए भुगतान को वापस कर खाता बंद करवाने के लिए बैंक गए तो वहां के कर्मचारी आनाकानी करते रहे।आज प्रार्थी फिर से एचडीएफसी बैंक डुमरियागंज गया और पता किया तो पता चला कि आपका अभी भी तीन लाख बकाया है। उसे जमा कीजिए इतना सुन किसान हक्का बक्का हो गया। थानाध्यक्ष डुमरियागंज को प्रार्थना पत्र देकर पूर्व शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक शाखा डुमरियागंज मोण्शोयब वर्तमान शाखा प्रबंधक ऐश्वर्य विक्रम सिंह और आमिर अली के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।किसान पुल्लूर सिंह की बेटी शिखा सिंह ने बताया कि पिता जी की तबियत खराब रहने की वजह से मैं कई बार बैंक का चक्कर लगा चुकी हूं ।पर बैंक कर्मियों द्वारा कोई निष्कर्ष नही निकल पा रहा है।इस संबंध में थानाध्यक्ष डुमरियागंज कृष्ण देव सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है। बैंक पर जाकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डूबने से युवक की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**थानागद्दी, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा छतरीपुर में एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गयी जिसकी जानकारी होने पर परिवार सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ग्रामसभा की निवासिनी सीमा देवी का बड़ा पुत्र सूरज कुमार 25 वर्ष की मंगलवार को पानी में डूबने से मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने की आगे की कार्रवाई की जा रही थी।

### संस्थापक रामचन्द्र शुक्ल की मनायी गयी पुण्यतिथि

**जौनपुर।** शकुन्तला सेण्ट्रल एकेडमी सिविल लाइन के संस्थापक रामचन्द्र शुक्ल की 7वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय शंकर दुबे ने संस्थापक जी के जीवन मूल्यों व आदर्शों पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित प्रबन्धक शकुन्तला शुक्ला जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता अनूप शुक्लए आशीष शुक्ल एडवोकेटए अविनाश शुक्ल एडवोकेटए निदेशक इंण् अवनीश शुक्ल सहित अन्य लोगों ने स्वण् शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफए अभिभावकए बच्चे आदि उपस्थित रहे।

### सोशल डिस्टेंसिंग के साथ होगी क्षेत्र पंचायत की बैठक

**धानापुर,चन्दौली।** ब्लॉक प्रमुख के अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आगामी 9 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से ब्लॉक सभागार में कई गयी है। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति स्वयं की होगी प्रतिनिधि बैठक में भाग नही लेंगें साथ में परिचय पत्र लाना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क लगाना अनिवार्य होगा। बैठक में क्षेत्र निधि केंद्रीय वित्त योजना पर चर्चाए चतुर्थ राज्य वित्तए पंचम राज्य वित्त पर चर्चाए मनरेगा के अनुमोदनए आवास योजनाए एनआरएलएम योजना पर चर्चा करते हुए पिछली कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी।

### नजीकरण के विरोध में 5 अक्टूबर से होगा पूर्ण कार्य बहिष्कार

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजली के निजीकरण के विरोध में मंगलवार 29 सितंबर को पूरे जनपद में उपखंड स्तर पर 09 जगह चिन्हित कर विरोध सभा सायं 2 बजे से 5 तक आयोजित की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण के प्रस्ताव पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुवे जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने लालदरवाजा स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पर संबोधित करते हुवे बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के विघटन व निजीकरण के विरोध मे 5 अक्टूबर से पूरे दिन हर स्तर की वीडियो कांफ्रेंसिंग सहित पूर्ण कार्य बहिष्कार व विरोध प्रदर्शन होगाए जूनियर इंजीनियर व अभियंता उसी क्षण अनिश्चितकालीन हड़ताल और सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारंभ कर देंगे।

### पीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** फेसबुक पर पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने के मामलें वांछित आरोपी जामवंत यादव निवासी पटकनियां को पुलिस ने मुकदमा लिखे जाने के चौबीस घंटे ने अन्दर ही उसके घर से दबोचने में सफलता हासिल की है। मालूम हो कि सोमवार की देर शाम को करीब पांच बजे प्रभारी निरीक्षक बिन्द कुमार सिंह उपनिरीक्षक राजेश गिरी, उपनिरीक्षक देवेन्द्र बहादुर सिंह हेड कांस्टेबल ओंमवीर सिंहए दिलीप कुमार के साथ कालूपुर त्रमुहानी के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थेए इसी दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली कि मामले में वांछित युवक अपने घर पटकनियां से कहकर जाने की फिराक में हैए इसी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल के साथ बताएं गये स्थान के लिए रवाना हुए । वहां पहुंच पुलिस ने आरोपी के घर को चारो तरफसे घेर लिया।

## न्यायाधीशों ने किया राजकीय बालगृह का निरीक्षण

संवाददाता। देवरिया

मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय बाल गिरी देवरिया में वैश्विक महामारी कोरोनासे बचाव एवं जन जागरूकता हेतु साफसफाई शुद्ध पेयजल खानपान तथा रहन.सहन हेतु निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश गणों द्वारा उपस्थिति पंजिका का जांच किया गया जिसमें सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार द्वारा बताया गया कि इस समय बच्चों को कोरोना से बचाव हेतु उत्तम भोजन एवं शुद्ध जल की व्यवस्था की जाए जिससे उनके यूम्युनिटी पावर बनी रहे एवं समय.समय पर काढ़ा का भी सेवन कराया जाए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेंद्र प्रताप ने बच्चों के भोजन हेतु उनके खाद्य सूची का निरीक्षण करते हुए भोजन में पौष्टिक आहार रखने का निर्देश दिया।

## मेडिकल कालेज, कोविड-19 एल-1 एवं एल-2 अस्पताल का औचक निरीक्षण

संवाददाता। देवरिया



जनपद के नोडल अधिकारी, अपर मुख्य सचिव नागरिक सुरक्षा राजन शुक्ला आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय के एसवीईविंग में स्थापित कोविड-19 अस्पताल, निर्माणाधीन मेडिकल कालेज, न्यू पीएचसी मझौलीराज एवं खामपार में निर्माणाधीन 50 शैय्या के आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पाये कमियों के लिये आवश्यक निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला सबसे पहले एमसीएचविंग कोविड-19 अस्पताल का निरीक्षण करने पहुँचें। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को इस अस्पताल में एल.1 तथा एल-2 में भर्ती मरीजों से सीसीटीवी कैमरा के कन्ट्रोल कक्ष से बात कर उनसे साफसफाई, खान-पीने की सुविधा एवं दवा-इलाज के बारे में जानकारी करने को कहा। अपर मुख्य सचिव निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर कराये जाने का निर्देश कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर अखिलेश सिंह को दिया। श्री सिंह द्वारा यह बताया गया कि एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लाक में 7000 क्यूबिक घन मीटर मिट्टी की आवश्यकता है। इसके लिये उन्होंने जिलाधिकारी को मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा गया। भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में अपर मुख्य सचिव न्यू पीएचसी मझौलीराज का औचक निरीक्षण किया। इस अस्पताल में डा. आलोक भारती,फर्मासिष्ट नागेन्द्र कुमार मिश्रा,एएनएम पार्वती देवी एवं स्वीपर मौजूद मिले। उन्होंने इस अस्पताल में बाथरूमए फीमेल वार्डए लेबर रुमए स्टोर रुम पैथलॉजी आदि को खुलवाकर देखा। बाथरूम की टोटी टूटी पाये जाने व मग को व्यवस्था नही होने पर नाराजगी जताई। फीमेल वार्ड में एक भी मरीज नही होने एवं पैथलॉजी में टेस्टिंग नही किये जाने के संबंध में जानकारी किये। उन्होने प्रभारी चिकित्सक डा.आलोक भारती को चिकित्साध्इलाज कार्यो में सक्रियता सहित सुधार लाये जाने की हिदायत दिये।

## 20 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ( पीएनएस )।** जौनपुर जिले में सर्राफ व्यापारी की हत्या कर लूटपाट करने की घटना में वांछित 20 हजार के इनामी अपराधी विपिन सिंह को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। विपिन धोखाधड़ी के मामले में थाना वालिवए पालघर (महाराष्ट्र) से भी वांछित चल रहा था। एसटीएफ को अभिसूचना संकलन के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि बीती 5 जून को जनपद जौनपुर के थाना नेवढ़िया क्षेत्रान्तर्गत परमलपट्टी के पास सर्राफ व्यापारी शिवजीत की हत्या कर लूट करने वाला 20 हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी नीरज सिंह थाना नेवढ़िया क्षेत्रान्तर्गत बेनीपुर तिराहा के पास अपने किसी साथी से मिलने आएगा। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर विपिन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसका जौनपुर में एक अपराधिक गैंग है। 5.6.2020 को सायंकाल एक पोखरे पर अपने गैंग के लव सिंह उर्फ नीरज उर्फ पहलवानए दीपकए अभिषेक पाण्डेय उर्फ मोगली एवं शिवानन्द उर्फबाबा को बुलाया था।

## आहार पुस्तिका से घर-घर बच्चों को सुपोषित करेंगे



**गाजीपुर।** जनपद में चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग बच्चोंए किशोरियोंए गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहा है। इसी क्रम जिले में बच्चों के पोषण पर खास ध्यान आकर्षित करने के लिए पूरक आहार आधारित पोस्टर तैयार किए गए हैं। आहार पुस्तिका के संदेशों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं घर.घर पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अरुण दूबे ने बताया कि आहार पुस्तिका को देखकर आसानी से समझा जा सकता है कि किस उम्र के बच्चे को कब और क्या खिलाएंघ् इस आहार पुस्तिका की थीम है श्स्तनपान के साथ सही आहारए स्वस्थ तन और मन का आधार श् उन्होने बताया कि यह आहार पुस्तिका लोगों को खूब भा रही है । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर.घर जाकर बच्चों को खानपान के बारे में सलाह देती रहती हैंए लेकिन कई बार देखा गया कि उनके द्वारा दिये गये टिप्स माताओं और घर की अन्य सदस्यों को ध्यान नहीं रहते थे। इस वजह से कई बार बच्चों के आहार में कुछ कमी रह जाती थी। अब हमने इसके लिए जानकारीपरक चार्ट तैयार कराया है। इस चार्ट के माध्यम से छह माह से दो वर्ष तक के बच्चे को कब और क्या खिलाना हैए बहुत ही आसान तरीके से समझाया जा सकता है। सदर ब्लॉक के आंगनबाड़ी केन्द्र कटैला.द्वितीय की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीरा सिंह ने बताया कि आहार पुस्तिका से उन्हें काफी लाभ हुआ है। पोषण के बारे में बच्चों की माताएं समझती तो पहले भी थीं लेकिन वह उनके द्वारा बताई हुई सभी कुछ याद नहीं रख पातीं थीं। अब पोस्टर घर में ही लगा दिया जाता है और अलग से समझा भी दिया जाता है। अब बच्चों की माताएं इसे देख कर बच्चों का सही पोषण कर रही हैं। पोस्टर की खास बात यह है कि जो महिला बिल्कुल भी पढ़ी.लिखी नहीं हैंए वह भी इसमें बनी तस्वीरों से क्या और कितना खिलाएं समझ जाती हैं।

## सेनापुर शहीद पार्क का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

### शहीद स्तम्भ में तिरंगे झण्डे का पोल बनकर तैयार

**केराकत,जौनपुर।** शहीद स्तम्भ में 51 फुट ऊंचे लगने वाले तिरंगे झंडे का पोल बनकर तैयार हो गया। उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में किया गया तिरंगे झंडे का ट्रायल। बता दें कि 2 अक्टूबर को जिलाधिकारी दिनेश सिंह द्वारा शहीद स्तम्भ में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा।

संवाददाता। केराकत, जौनपुर

स्थानीय तहसील क्षेत्र के सेनापुर गांव में बन रहे शहीद पार्क व शहीद स्तम्भ का कार्य अंतिम चरण युद्ध स्तर पर जारी है। इस बाबत जब ग्राम प्रधान रमेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 15वां वित्त आयोग,मनरेगा से चल रहा है शहीद पार्क का कार्य। जनरेटर लगाकर रात.दिन काम किया जा रहा हैए ताकि शेष बचे कार्य को अतिशीघ्र पूरा किया जा सके। देखा गया कि केराकत ब्लॉक से खंड विकास अधिकारी राम दरस चौधरीए ग्राम विकास अधिकारी आसिफ अंसारीए साजिद अंसारीए जेई आरएस सरजू प्रसाद सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी 50 सफाईकर्मियों का जमावड़ा शहीद पार्क में लगा हुआ है।

### घरेलू हिंसा व अत्याचार निवारण के लिये विधिक सहायता शिविर आयोजित

**मछलीशहर,जौनपुर।** घरेलू हिंसा और सामाजिक अत्याचार की शिकार महिलाओं के लिए बनाये गए कानूनों की जानकारी देने के लिए एक विधिक शिविर का आयोजन शंकर मीटिंग हाल सैयदबाड़ा में किया गया। इस मौके पर मछलीशहर ब्लाक के 9 ग्राम पंचायतों जमालपुरए रसूलपुरए कोठारीए छाछोए उमापुरए करौदीए अमाराए जमुहर से आयी महिलाओं ने अपनी समस्या को रखा जिन्हें विधिक जानकारी दी गयी। जन विकास संस्थान द्वारा आयोजित शिविर में विनय कुमार एडवोकेट ने महिला कानूनों के बारे में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं की शिकायत निवारण पर भी चर्चा की।

## तहसील के मुख्य द्वार पर घंटों लगता है जाम

संवाददाता। मछलीशहर,जौनपुर



स्थानीय तहसील के मुख्य द्वार के सामने मंगलवार को भीषण जाम लग गया जिसके कारण घंटों अधिवक्ताए वादकारी व आम नागरिक फंसे रहे। बताया जाता है कि मछलीशहर सब्जी मंडी से मडियाहूं चौराहे पर जाने वाली तहसील के सामने से होकर गुजरने वाली सड़क पर भीषण जाम लग गया। जाम की चपेट में पूरा मछलीशहर कस्बा रहा। मंगलवार को दिन में साढ़े 10 से दोपहर 1 बजे तक लगे भीषण जाम के कारण तहसील सहित अन्य जगहों पर दोए चार पहिया व पैदल राहगीरों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। तहसील कार्यालय होने के बाद भी मौके पर न ही कोई पुलिसकर्मी पहुंचा और न ही कोई अधिकारी। धूप में घंटों राहगीरए मरीजए बच्चे आदि परेशान रहेए क्योंकि इसी मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए भारतीय स्टेट बैंकए इलाहाबाद बैंकए पंजाब नेशनल बैंकए कई कार्यालयए शिक्षण संस्थान आदि स्थित हैं।

## हुनर विकास कार्यक्रम के तहत किशोरियों को वितरण हुआ प्रमाण पत्र



**सकलडीहा,चन्दौली।** अमर ज्योति सेवा केंद्र मनिहरा में मंगलवार को हुनर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरियों का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्र और महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर संस्था के निदेशक फादर ज्ञान प्रकाश और डायसिस ऑप वाराणसी सोशल वेलफेयर सोसाइटी के डायरेक्टर फादर जूलियन कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।अमर ज्योति केन्द्र के निदेशक फादर ज्ञान प्रकाश और फादर जूलियन ने कहा कि हमारी बेटियों के अंदर प्रतिभा का अम्बार है। लेकिन सामाजिक प्रतिबंध के कारण हम अपने बच्चों की प्रतिभा को समझ नही पाते है। आज बेटिया चांद तक पहुंचकर देश ही नही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाया है। हुनर विकास कार्यक्रम के तहत 31 किशोरियों को प्रमाण पत्र संस्स्था द्वारा वितरण किया गया। इस दौरान किशोरियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर किशोरियों द्वारा बनायी गयी कढ़ाई और सिलाई सहित अन्य वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाया गया।

### केले की खेती से लाखों मुनाफा कमाये किसान ने किया प्रोत्साहित



**जलालपुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा कुसियां में केले की खेती से लाखों रुपए कमाकर किसान का चेहरा खिलखिला उठा। ज्ञात हो कि जलालपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्रामसभा कुसियां बहरिया निवासी जगदीश सिंह ने लगातार 5 वर्षों से केले की खेती करके लाखों रुपया मुनाफा कमा रहे हैं। इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि एक एकड़ केले की खेती में ढाई लाख का मुनाफा हुआ है खर्च काटकर। केले की खेती में उनका बड़ा बेटा देवेंद्र प्रताप उनके साथ सहयोग करते हैं। साथ ही ग्रामसभा के युवाओं को प्रोत्साहित करते हुये उन्होंने कहा कि उचित आमदनी के लिये केले की खेती कीजिये।

## लॉकडाउन में इण्टरलाकिंग ईंट उद्योगों पर पड़ी भारी मार

संवाददाता। मछलीशहर,जौनपुर

स्थानीय तहसील क्षेत्र में ईंट का विकल्प बना इंटरलाकिंग ब्रिक उद्योग तेजी से फलने.फूलने लगा। कस्बे के सादीगंज में एसकेपीके इंटर प्राइजेजए मां वैष्णव इंटर प्राइजेज घघरियाए प्रसाद इंटरलाकिंग ईंट उद्योग जमालपुरए इंटरलाकिंग ब्रिक उद्योग अरुवांवा जैसे दर्जनों ईंट उद्योगों की स्थापना हुई। व्यवसाइयों ने काफी लाभ भी कमाया लेकिन लॉक डाउन और कोरोना संक्रमण के दौरान लाखों का कारोबार करने वाले इंटरलाकिंग ईंट व्यवसाइयों को काफी घाटा लगा। कई प्लाण्ट तो बन्द हो गये और कई बन्दी के कगार पर हैं। कुछ प्लाण्ट में प्रोडक्शन शुरु तो हुआ लेकिन डिमांड कम होने से उद्योग लाभ की स्थिति में नहीं हैं। इंटरलाकिंग ब्रिक उद्योग से जुड़े व्यवसाइयों की व्यथा है कि लॉक डाउन की वजह से जो मजदूर गयेए अभी तक वापस नहीं आये जिसकी वजह से काम रोकना पड़ा। वही जो रुके भी थेए उनको उद्योग बन्द होने के दौरान भी वेतन देना पड़ा। ब्रिक बनाने के उपयोग में आने वाली सैकड़ों बोरी सीमेंट बारिश के कारण जमकर नष्ट हो गई।

### पूविवि ने गोद लिये गांव में बांटे मास्क, साबुन व विटामिन गोली

**जौनपुर।** श्रीमती आनंदीबेन पटेल कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश के निर्देश पर प्रो. निर्मला एस मौर्य कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकल्प के अनुपालन एवं कार्यक्रम समन्वयक डाण् राकेश यादव के मार्गदर्शन में सहकारी पीजी कालेज मिंहरावां द्वारा गोद लिए गए गांव उड़ली विकास खंड सोंधी, शाहगंज में दलित बस्ती में एक हजार मास्क, पांच सौ साबुनए पांच सौ विटामिन सी की गोलियां गरीबोंए बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं में वितरित की गई।

### सोशल डिस्टेंस का तहसील कार्यालयों में नही हो रहा पालन

**सकलडीहा,चन्दौली।** कोविड महामारी का प्रभाव थमने का नाम नही ले रहा है। इसके बाद भी लोग लापरवाह दिख रहे है। एसडीएम प्रदीप कुमार के निर्देश के बाद भी तहसील कार्यालयों में बगैर मास्क और सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए राजस्व कर्मी काम कर रहे है। जबकि तहसील के एक दर्जन से अधिक राजस्व कर्मी की रिपोर्ट कोरोना पाजीटिव आने पर खलबली मच गया था। कोरोना वारियर्स ने तहसील कर्मीयों की लारवाही पर कड़ा एतेराज जताया है। तहसील में एक लेखपाल की रिपोर्ट पाजीटिव आने पर तहसील के 102 कर्मचारियों की जांच हुई थी। जांच में लेखपाल सहित 11 कर्मचारियों की रिपोर्ट पाजीटिव आने पर खलबली मच गया था। इसके अलावा तीन अन्य कर्मचारियों की रिपोर्ट पाजीटिव आया हुआ था।

## सपा महिला सभा ने हाथरस में युवती की मौत पर कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**देवरिया ।** हाथरस में युवती के साथ गैंग रेप के बाद गंभीर रूप से घायल करने के मामले में जहां आज युक्ति की मौत हो गई जिसको लेकर समाजवादी पार्टी महिला सभा के जिला अध्यक्ष शोभा यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने सुभाष चौक पर कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की । वही अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की औरसपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शोभा यादव ने कहा कि योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा में विफल है इस सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए आज पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा अपराध महिलाओं के खिलाफ हो रहे हैं जिनको रोकने में पुलिस तक विफल है जहां पुलिस राजनीतिक द्वेष के कारण मासूमों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है वही बलात्कार के आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है इस दौरान मीना शीला शबाना गीता सहित आदि महिलाएं उपस्थित थी।

### दो ट्रक और एक पिकअप के साथ 9 पशु तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** बिहार प्रांत गौ तस्करी के लिए ले जा रहे दो ट्रक के साथ करीब तीन दर्जन गोवंश को बरामद करते हुए गहमर पुलिस को 6 तस्करो को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। बताया जा रहा है कि चेकिंग के दौरान एक ट्रक गहमर की तरफसे आता हुआ दिखा। पुलिस ने जब उसको रुकवाकर उसकी तलाशी ली तो उसके अंदर से 17 गायए 5 बछड़े एवं चार बछिया बरामद हुआ। इसके साथ साथ गाड़ी में बैठे विशाल यादवए प्रदीप यादव एवं राधेश्याम यादव को गिरफ्तार किया गया।

## मऊ की डा. ऐरम नाहिद ने आल इंडिया 45वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया मान



**मऊ ।** नगर क्षेत्र के मुहल्ला डोमनपुरा जरी धागा व्यवसायी व वरिष्ठ समाजसेवी हाजी शफ ीक अहमद डायमण्ड की बेटी डॉ. ऐरम नाहिद ने प्रथम प्रयास में डीएम इंडोक्रिनोलॉजी, में आल इंडिया 45 वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। उसके चयन होने पर परिजनों, शुभचिंतकों व प्रशंसकों में खुशी की लहर है। वर्तमान समय में उनका चयन सीनियर रेसिडेंस इंडोक्रिनोलॉजी बीएचयू में भी हुआ है। डॉ. ऐरम ने कहा कि जीवन मे कोई कार्य मुश्किल नहीं है। बशर्ते उस कार्य को लगनए मेहनत व ईमानदारी से किया जाए। इनकी प्रारंभिक शिक्षा अलफारूक माडल स्कूल से हुईए उसके बाद हाईस्कूल सेंट्रल अकादमी से की। इन्होंने बीएचयू से एमबीबीएस किया और 17 गोल्ड मेडल हासिल किया। एमडी मेडिसिन बीएचयू टॉपर रही।

### व्यापारियों पर फर्जी मुकदमे वापस लिया जाएं : कंछल

**मऊ ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल का आगमन सोमवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से स्थानीय मऊ डाकबंगले में हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाई अजय साहू के नेतृत्व में व्यापारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से मांग किया कि लॉकडाउन के दौरान व्यापारियों को गलत व फर्जी तरीके से दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाय। वरिष्ठ प्रदेश मंत्री गोपालकृष्ण बरनवाल ने कहा कि वाणिज्यकर विभाग द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठान पर प्रस्तावित सर्वे के आदेश को निरस्त किया जाय। व्यापारियों के सभी लाइसेन्स आनलाइन एवं आजीवन किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मऊ के व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल मिलेगा।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 30 सितंबर 2020



# पराली जलने पर ग्राम प्रधान होंगे जिम्मेदारः डीएम

### जिलाधिकारी ने बैठक की संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कहा कि किसी भी दशा में फसलों के अवशेष ना जलाए जाएं। उन्होंने कृषकों के मध्य फसल अवशेष जलाने से मिट्टी, जलवायु एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि के विषय में व्यापक रूप से जागरूक कराए जाने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के मध्य इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए कि फसल अवशेष जलाना दण्डनीय है। कैम्प कार्यालय में खरीफ मौसम की फसलों के अवशेषों को जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के सम्बंध में बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित ग्राम के ग्राम प्रधान एवं लेखपाल तथा पंचायत सचिव एवं कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों का यह दायित्व होगा कि फसल अवशेष ना जलने पाए, इसके लिए जो भी आवश्यक कदम उठानें हो, उसको उठाया जाये। फसल अवशेष जलाने की घटनाएं सामने आने पर सम्बंधित ग्राम प्रधानए पंचायत सचिव व लेखपाल इसके लिए जिम्मेदार होंगे और उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों के खेत में पराली संग्रह कर निराश्रित गौशालाओं में रखा जाए तथा पराली का गौशाला स्थल में पशुओं के बिछावनए चारे या अन्य उपयोग में लाया जाए। इसके लिए धनराशि की व्यवस्था मनरेगा अथवा वित्त विभाग द्वारा की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में फसल अवशेष जलाये जाने की घटनायें रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी दशा में अपने क्षेत्र में फसल अवशेष जलाये जाने की घटनायें बिल्कुल न होने दें। कोई किसान पराली जलाता है तो उसके विरूद्ध आईपीसी तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रावधानों के तहत जुर्माना लगाया जाये। घटना की पुनरावृत्ति होने पर एफआईआर दर्ज करायी जाए। सभी थाना प्रभारियों को पराली जलाने की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। साथ ही अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाए नगर पंचायत सुनिश्चित करेंगे कि कूड़ा जलाने की घटना भी ना हो। उन्होंने बताया कि कृषि भूमि का क्षेत्रफल दो एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 2500, दो एकड़ से अधिक , पांच एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 5000 तथा पांच एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड रुपये 15000 प्रति घटना लगाया जायेगा। जनपद में चलने वाली प्रत्येक कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ एक कृषि विभाग का कर्मचारी नामित रहे जो कि अपनी देख.रेख में कटाई का कार्य कराएं।

### डीएम ने जन समस्याओं के निवारण को दिए निर्देश

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान दें, कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 47 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत भूमि की पैमाइश शौचालय राशन आदि से संबंधित शिकायतें थी।

### सांसद ने की पीएम आवास योजना की समीक्षा

संवाददाता। ललितपुर

**सांसद** झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों एवं किसानों की समस्याओं के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सांसद का स्वागत किया, तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में सांसद ने कहा कि रबी की फसल के लिए जनपद ललितपुर का किसान नहरी सिंचाई पर निर्भर है। किसानों द्वारा प्रायः यह शिकायत की जाती है कि नहर का पानी टेल तक नहीं पहुंचता है। टेल तक पानी पहुंचाने के लिए जरुरी है कि नहरों की सिल्ट सफाई करायी जाये। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि नहरों की सिल्ट सफाई कराकर उसकी फोटो उपलब्ध करायें। इसके लिए मनरेगा कन्वर्जेस के माध्यम से धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी।

## कछुआ तस्करों का बोलबाला, वन्य जीवों की हो रही निर्मम हत्याएं

संवाददाता। जगदीशपुर (अमेठी)

**चंद** पैसों की लालच व भूख मिटाने की हवस में वनजीवों का शिकार कर निर्मम हत्या करने व कछुआ तस्करी में लिप्त लोग चोरी छीपे इन्हें एकत्र कर बाहर भेजने में लगे हुए हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आस पास स्थित गांवों में वनजीवों की हत्या करने वाले अपनी टोली बना कर नुकीले हथियार व लाठी डंडे से लैस होकर बागों झाड़ियों में जाल लगा कर खरगोश लोमड़ी सियार आदि वनजीवों की हत्या करके अपनी भूख मिटा रहे हैं तथा पैसे कमाने के चक्कर में गांव के आसपास स्थित तालाब नाला नाली में रहने वाले कछुओं को पकड़ कर एकान्त स्थान पर एकत्र करते रहते हैं वहीं सूत्रों की माने तो निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के निकट ही कछुआ तस्करी में लिप्त लोग चोरी छीपे इन्हें बाहर भेजते रहते हैं यह अबैध कारोबार आज कोई नया नहीं है बल्कि काफी समय से फल फूल रहा है पूर्व में वन विभाग व पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को कछुआ तस्करी में जेल भेज कर अपनी पीठ थपथपाई परन्तु इस अबैध धन्धे पर अंकुश लगाने की कोशिश अभी तक नहीं की गई पूर्व कोतवाल श्याम सुंदर व अंगद सिंह ने इस धन्धे पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में कामयाब रहे लेकिन उन दोनों लोगों का तबादला होने के बाद यह धन्धा पहले की अपेक्षा और अधिक तेज हो गया है जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

## स्पीक ऐंड विन के प्री फिनाले में 10 का चयन

**अमेठी**। जिले के निवासी व रिबूटिंग माइंड्स यू ट्यूब चैनल के संस्थापक तथा मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. प्रवीण सिंह दीपक ने तीन सिंतबर को अपने पिता स्व. डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक आन लाइन स्पीच प्रतियोगिता स्पीक ऐंड विन की घोषणा किया था। जिसकी लांचिंग मशहूर गीतकार एवं संवाद लेखक मनोज मुंतशिर के कर कमलों द्वारा हुई थी। इस आनलाइन स्पीच प्रतियोगिता मे कक्षा नौ से 12 के देशभर से 1100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने मेरा पसंदीदा कॅरियर विषय पर ऑनलाइन अपनी स्पीच पोस्ट किया।

डॉ. प्रवीण सिंह ने बताया की रिबूटिंग माइंड्स यू ट्यूब चैनल पर 27 सिंतबर को आयोजित प्री फिनाले में 10 प्रतिभागी ग्रैंड फिनाले के लिये चुने गए।

## निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाईः सीडीओ

संवाददाता। प्रतापगढ़

**मुख्य** विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में कहा कि अपने मोबाइल पर आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड रखना होगा, कोई कार्मिक जब क्षेत्र में जाये फेस मास्क लगाये रखे, किसी भी घर के एक या दो सदस्यों से ही सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए दो गज की दूरी से वार्ता की जायेगी, अनावश्यक भीड़ इकठ्ठा करके एक साथ कई परिवारों का विवरण दर्ज नही किया जायेगा। सैनिटाइजर की शीशी साथ रखना होगा और किसी भी अभिलेख को देखने या हस्ताक्षर कराने के पश्चात हाथों को सैनिटाइज किया जायेगा, कार्मिक कन्टेनमेन्ट जोन भी नहीं जायेगें, कन्टेनमेन्ट जोन समाप्त होने पर उनके द्वारा सत्यापन कार्य किया जायेगा तथा यदि किसी कार्मिक को कोविड-19 के लक्षण हो या कोविड पाजिटिव हो तो उसे इसकी सूचना तत्काल यथास्थिति अपने उच्चाधिकारियों को दिया जाना आवश्यक है। उन्होने बताया कि अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा समस्त तहसीलदार को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार समस्त खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि एक अक्टूबर से 12 नवम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण कार्य किया जायेगा, आनलाइन आवेदन एक अक्टूबर से पांच नवम्बर तक किया जायेगा, आनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों का 06 नवम्बर से 12 नवम्बर तक घर-घर जाकर जांच की जायेगी, ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि 13 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक तैयार की जायेगी, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन छह दिसम्बर तक किया जायेगा, ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण छह दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक किया जायेगा, दावे एवं आपत्तियां छह दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक प्राप्त की जायेगी, दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक किया जायेगा, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही 20 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक की जायेगी

### उत्तम पोषण से भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य की हो सकेगी मजबूतः एसडीएम

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। स्थानीय ब्लाक सभागार मे मंगलवार को विशेष पोषण माह अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न विभागो की समन्वय बैठक मे कार्ययोजना पर मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम राम नारायण ने कहा कि उत्तम पोषण से ही भावी पीढ़ी को उत्तम स्वास्थ्य की संरक्षा प्रदान की जा सकती है। उन्होने कहा कि कुपोषण के चलते शिशुओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास बाधित हुआ करता है। ऐसे मे समाज तथा प्रशासन से जुड़े लोगों को बच्चों तथा महिलाओं को सुपोषित किये जाने के लिए मिशन के रूप मे योगदान देना होगा। एसडीएम ने संचारी रोग पर भी नियंत्रण के लिए सभी विभागों द्वारा संयुक्त अभियान मे कारगर भूमिका निभाए जाने पर जोर दिया। एसडीएम ने प्रतिभागी कार्यकत्रियों से कार्ययोजना के बिंदुओं पर सार्थक संवाद भी किया।

## सिपाही आत्महत्या मामले में कोतवाल नपे

### जांच अधिकारी लालगंज के सीओ जगमोहन को मिला अल्टीमेटम

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**कोतवाली** की बैरिक मे संदेहास्पद परिस्थितियों मे एके 47 की गोली से सिपाही की मौत को लेकर कोतवाल पर आखिरकार निलंबन की गाज गिर ही गई। घटना के पांच दिनों तक बीत जाने के बावजूद जांच कार्रवाई मे अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं आ पाने पर अफसरों की भृकुटी भी अब टेढ़ी हुई बतायी जाती है। सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज के आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह की नाराजगी के कोपभाजन के शिकार कोतवाल राकेश भारती हुए हैं। वहीं जांच अधिकारी लालगंज के सीओ जगमोहन को भी अफसरों ने ढिलाई बरते जाने के प्रति अल्टीमेटम भी दे रखा है। बीते 25 सितंबर को कोतवाली मे तैनात गाजीपुर जिले के सिपाही आशुतोष यादव की एके 47 गोली लगने से बैरिक मे मौत हो गयी। उसी दिन से यह सवाल उठने लगा था कि आखिर जब दिन मे ग्यारह बजे के बाद से मृतक सिपाही जो निलंबित कोतवाल का हमराह था। यदि गायब हुआ तो घंटो जिम्मेदार कोतवाल ने उसकी तलाश क्यों नही कराई। सवाल यह भी उठा है कि एके 47 जैसे पुलिस हथियार के साथ सिपाही का गायब होना कोतवाली महकमे ने इतने हल्के मे क्यों ले रखा था। दबीजुबान से कोतवाली की दहलीज मे मंगलवार को यह भी कानाफूसी सुनी गई कि मृतक सिपाही की मौत की जानकारी के बाद ही पुलिस जीडी मे किसी तरह उसके लापता होने का तस्किरा डाला गया। प्रयागराज के आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह पुलिस की इस लापरवाही से काफी खफा बताए जाते है। मंगलवार को निलंबन आदेश मिलने के बाद राकेश भारती पुलिस लाइन के लिए रवाना हुए। वहीं नये कोतवाल संजय यादव ने घटना की गंभीरता को देखते हुए दोपहर मे ही यहां अपना कामकाज संभाल लिया। कोतवाल के निलंबन को लेकर एसपी अनुराग आर्य ने भी मीडिया से इसका कारण मृतक सिपाही का छः घंटे तक हमराह डयूटी मे होने के बावजूद गायब होना तथा उसकी मनोदशा को न समझ पाने के लिए राकेश भारती की लापरवाही सामने आयी है। इधर सिपाही की मौत का केस अब धीरे धीरे कई दिशाओ की ओर तूल पकडने लगा है। मंगलवार को अधिवक्ताओ के संगठन ने भी इस मामले की एसआईटी जांच की मांग उठाकर पुलिस महकमे की बेचौनी बढ़ा भी दी है। वहीं मृतक सिपाही के परिजन भी उसकी मौत अब पूरी तरह से आत्महत्या से इंकार कर रहे है। सीओ जगमोहन यादव का कहना है अभी मृतक सिपाही का कॉल डिटेल नही मिल सका है, सीओ के मुताबिक कॉल डिटेल के तहत नंबरो की पहचान तथा मृतक के ज्यादातर संपर्क मे रहने वाले नंबरो की खोजबीन के बाद ही इस बिंदु पर जांच की दिशा आगे बढ़ सकेगी।

## विश्व हृदय दिवस पर जन जागरूकता अभियान का आयोजन




संवाददाता। बाराबंकी

**नेशनल** प्रोग्राम फॉर प्रीवेन्शन एण्ड कन्ट्रोल ऑफ कैंसरए डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीज एण्ड स्ट्रोक कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व हृदय दिवस पर जनजागरूकता अभियान का आयोजन बाराबंकी में किया गया। इसका शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी डॉ. बीकेएस चौहान ने किया। इस अवसर पर डा. चहान द्वारा नॉन कम्यूनीकेबल डिसीज जैसे.शुगरए उच्चए रक्तचाप आदि रोगो से होने वाली शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सतीश चन्द्रा ने नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रीवेन्शन एण्ड कन्ट्रोल ऑफ कैंसर, डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज एण्ड स्ट्रोक कार्यक्रम के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। इस अवसर पर समस्त कर्मचारी व एनसीडी कार्यक्रम के कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्नातक चुनाव के मद्देनजर विधानसभा बैठकों का दौर शुरू

**बाराबंकी**। स्नातक शिक्षक एमएलसी का चुनाव पहली बार लड़ने जा रही भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी बिसात बिछाने के लिए विधानसभा वार बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। मंगलवार को कोऑपरेटिव सभागार में आयोजित सदर विधानसभा की बैठक में रणनीतिक मंथन हुआ। राजनीतिक एवं सांगठनिक मोर्चो पर कार्यकर्ताओ को चुनावी गणित समझाया गया। एमएलसी चुनावों के तौर-तरीकों के गुर भी सिखाये गए।

मुख्य अतिथि कोऑपरेटिव के चैयरमैन धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि स्नातक चुनाव के सभी मतदाताओं से भाजपा सीधा संपर्क स्थापित करेगी। कहा कि बेहतर चुनावी प्रबंधन के चलते भाजपा के लिए यह चुनाव एकतरफा हो गया है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ पर लगे प्रतिबंधः किसान यूनियन

संवाददाता। ललितपुर

**बुंदेलखंड** किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया जिसमें जनपद ललितपुर में दुग्ध उत्पादक किसानों का खाद्य विभाग द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है सैंपल के नाम पर बसों में या टैक्सियों में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली पशुधन से दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों का और छोटे दुकानदारों का खाद विभाग द्वारा सैंपल भरने का और माल जब्तीएनष्ट करने का भय दिखाकर विभाग द्वारा जबरन वसूली की जा रही है जबकि मैं ललितपुर जिला में फूड सेफ्टी एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग की स्थापना करीब सन 1980 से पर आज तक कोई मामला किसानों से संबंधित नकली या सिंथेटिक दूध का जिला में नहीं आया है, पर फिर भी खाद्य विभाग द्वारा गरीब किसानों का शोषण किया जा रहा है जबकि मैं मिलावटखोर माफिया, डेरीसंचालक पर जो नकली पनीर सिंथेटिक दूध या नकली मावा बना रहे हैं, उन पर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रहीए देशभर में प्रतिबंधित खुला खाद्यतेल भी जिला में धड़ल्ले से खुलेआम खाद्य विमाग की सांठगांठ और मिलीभगत से बिक रहा हैए कई बार शिकायत होने पर भी खाद्य विभाग द्वारा माफियाओं पर कार्रवाई करने की जगह लीपापोती में लगा रहता है, जबकि में पिछले साल मिलावटी खाद्यतेल के सेवन से एक व्यक्ति की मौत भी जिले में हुई थी। उसके बावजूद विभाग ने केवल छोटे दुकानदार और गरीब किसानों पर अपनी कार्रवाई कर इतिश्री कर ली।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता। बाराबंकी

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी, जिला स्वच्छता समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर के खाते में उपलब्ध धनराशि को ग्राम पंचायतों के खातों में धनराशि हस्तान्तरित करने हेतु समयानुसार कार्य पूरे कर लिये जाये। बैठक के दौरान पीआईजीएफ फण्ड को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए हस्तान्तरित किये जाने एवं शौचालय निर्माण के लिए जनपद स्तर के खाते में उपलब्ध धनराशि को ग्राम पंचायतों के खातों में हस्तान्तरित करने आदि पर चर्चा की गयी।

## भूमाफिया पर दलित किसान की जमीन कब्जा करने का आरोप

### डीएम से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता। बाराबंकी

**एक** ओर जहां प्रदेश की सरकार माफियाओं का सफाया करने में लगी है तो वही माफिया इसकी परवाह किए बगैर अपने अवैध कारोबार को बखूबी अंजाम दे रहे हैं । ठीक ऐसा ही एक मामला जनपद के विकासखंड देवा के ग्राम चंदौली का प्रकाश में आया है । पीड़ित दलित किसान ने शासन प्रशासन को शिकायती पत्र देकर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है। मामला नवाबगंज तहसील के अन्तरगत देवा विकास खण्ड का है ।जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित दलित किसान श्यामलाल पुत्र लखई निवासी ग्राम चंदौली का आरोप है कि भूमाफिया आरपी ग्रीन स्टेट के डायरेक्टर राज प्रताप सिंह से उसकी भूमि संख्या 558 रकबा 2.829 हेक्टेयर का 45 लाख रुपया प्रति बीघा के हिसाब से सौदा हुआ था परंतु बगैर पैसा जमा दिये जमीन पर निर्माण करा रहा है जबकि कई बार पैसे की मांग की गयी लेकिन पैसा देने के बजाय जानमाल की धमकी दे रहा है जिससे पीड़ित का परिवार भयभीत है। शिकायती पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया है कि बावजूद इसके शासन का भी खौफ नही है और वह इस कारोबार को बखूबी अंजाम दे रहा है। पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है इसी के साथ ऑपरेशन माफिया की पोल भी खुल कर सामने आ गई है।

## यूपी सरकार कोरोना पीड़ित अधिवक्ताओं के लिए 15 करोड़ का दे आर्थिक पैकेज

### बार कौंसिल के सदस्य व पूर्व चेयरमैन ने लालगंज के वकीलों की सहायता मे सौंपा चेक

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**यूपी** बार कौंसिल के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल ने प्रदेश सरकार से कोरोनाकाल मे पीडित अधिवक्ताओं की सहायता के लिए पन्द्रह सौ करोड़ रुपये आर्थिक पैकेज दिये जाने की मांग की है। वहीं उन्होने बार कौंसिल की ओर से तहसील लालगंज के अधिवक्ताओं के लिए आर्थिक सहायता के तहत 98976 रुपये का चेक भी यहां संघ के पदाधिकारियो को सौपा है। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की विशेष बैठक को संबोधित करते हुए बार कौसिल के सदस्य श्री अजय ने कहा कि प्रदेश मे अधिवक्ताओं के मान सम्मान तथा उनके प्रत्येक संघर्ष मे बार कौसिल कारगर भूमिका निभा रही है। बैठक के दौरान संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे अधिवक्ताओ ने उन्हे सीओ लालगंज पर लगाए गये आरोपो के साथ निलंबित एसडीएम विनीत उपाध्याय से जुड़े स्थानीय अधिवक्ताओं की मांगो से संबंधित ज्ञापन भी सौपा। बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन अजय शुक्ल ने इन मांगो पर विचार करते हुए प्रयागराज के आयुक्त से वार्ता कर समाधान का साथियों को भरोसा भी दिलाया। इससे पूर्व अनिल महेश व पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव के संयुक्त नेतृत्व मे अजय शुक्ल को संयुक्त अधिवक्ता संघ की ओर से सम्मानित भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संचालन अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, उदयराज पाल, रामलगन यादव, जयवीर सिंह, कुलदीप तिवारी, राजेश पाण्डेय, विजय दुबे, राजेश मौर्य, प्रदीप वर्मा, चंद्रभाल पाण्डेय, रविशंकर मिश्र, सुरेश मिश्र मदन, मनीष दुबे आदि मौजूद थे।

### अनियन्त्रित डीसीएम ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

संवाददाता। जगदीशपुर(अमेठी)

**अनियन्त्रित** डीसीएम ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेन्स की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया । कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुकुल बाजार रोड स्थित सौना मोड़ के पास अनियन्त्रित डीसीएम ने बाइक सवार इरफान (उम्र 18) निवासी पूरे गय्यन थाना कमरौली व आशिफ (उम्र 20) निवासी पूरे गनेशी थाना शुकुल बाजार को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एम्बुलेन्स की मदद से जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया। जहां दोनों इलाज चल रहा है।

## भगहर झील को संवारने का काम शुरू

संवाददाता। फतेहपुर (बाराबंकी)



**एक** दशक से धीरे-धीरे अस्तित्व को खो रही भगहर झील को सवारने का जिम्मा रामनगर उपजिलाधिकारी राजीव शुक्ला ने उठाया,तो विभागीय बजट का अभाव भी दिखा। ऐसे में उन्होंने भगहर को ग्रीन व क्लीन बनाने के लिए श्रमदान का सहारा लेते हुए विभागीय बैठक कर रुपरेखा तैयार की। मंगलवार को सुबह क्षेत्रीय विधायक शरद कुमार अवस्थी, जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मेधा रुपमा, पुलिस अधीक्षक डा.अरविंद चतुर्वेदी आदि विभाग के आलाधिकारी भगहर झील के किनारे पहुंचे। एसडीएम ने मैपिंग चार्ट को दिखाते हुए बताया कि भगहर झील 84 हेक्टेयर में फैली हुई, इसकी गहराई करीब आठ मीटर है। यह झील पर्यटन स्थल के रुप में चयनित है। पिछले काफी समय से देखरेख के अभाव में इसका अस्तित्व समाप्त हो रहा है। विधायक, डीएम व अन्य विभाग के अधिकारियों ने करीब आधे घंटे तक समीक्षा बैठक कर आगे की कार्ययोजना तैयार की। डीएम ने बाढ़ खण्ड के अधिकारी उत्कर्ष सिंह व खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार यादव को झील के दोनों छोर से होकर निकले नाले की सफाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। नालों की सफाई मनरेगा व बाढ़ खण्ड से होगी। कजियापुरए मुकौली व शाहपुर तीन ग्राम पंचायत में फैली झील की सफाई तीन हिस्सों में होगी। जिसकी देखरेख वन विभाग करेगा। इससे पार्क की सुंदरता निखरेगी। पुलिस अधीक्षक ने भी झील को सवारने के लिए पुलिसकर्मियों को श्रमदान करने के लिए प्रेरेरित करने की बात कही है। पुलिसकर्मी सप्ताह में एक दिन श्रमदान करेंगे। उसके बाद सीढियों पर पहुंचे विधायक डीएमए एसपी व सीडीओ को तहसीलदार रामदेव निषाद के बेटे आर्यन निषाद व बेटी शैलजा निषाद ने टोपी पहनाई। उसके बाद सभी ने श्रमदान करते हुए डोर से जलकुंभी खीचकर एक किनारे लगाई। सूरतगंज ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों ने श्रमदान में सहयोग दिया।

इस मौके पर नायाब तहसीलदार आकाश संत, वन क्षेत्राधिकारी रमेशचंद्र भट्ट, सीओ दिनेश कुमार दूबे, आदि उपस्थित रहे।

### टूटते परिवारों का सहारा बना पुलिस अधीक्षक का प्रोजेक्ट किरण

**ललितपुर**। स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक कैप्टन एमएम बेग की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में एक मामले में दोनों पक्ष के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। परिवार खुशी- खुशी साथ दृसाथ रहने को तैयार हो गये व चार मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन प्रत्येक सोमवार को पुलिस लाइन सभागार ललितपुर में आयोजित किया जाता है। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ. दीपक चौब, डॉ. संजीव शर्मा मनोवैज्ञानिक नई किरण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात एमका अर्चना राजपूत, एमका दिव्या विश्वकर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा ।